बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

लेखांकन समूह, प्रथम प्रश्नपत्र

निगमीय लेखांकन

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय – भोपाल

MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY-BHOPAL

Reviewer Committee

1. Dr. (Prof.) Ajay Agrawal
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.
2. Dr. (Prof.) Anil Shivani
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.
3. Dr. J.K. Parmar
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.

Advisory Committee

1. Dr. Jayant Sonwalkar
   Hon'ble Vice Chancellor,
   Madhya Pradesh Bhoj (Open) University,
   Bhopal.
2. Dr. L.S. Solanki
   Registrar,
   Madhya Pradesh Bhoj (Open) University,
   Bhopal.
3. Dr. B.M.S. Bhadoriya
   Professor & Head,
   Govt. MLB PG Autonomous College,
   Bhopal.
4. Dr. (Prof.) Ajay Agrawal
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.
5. Dr. (Prof.) J.K. Parmar
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.
6. Dr. (Prof.) Anil Shivani
   Professor,
   Govt. Hamidia Arts & Commerce College,
   Bhopal.

COURSE WRITER

Dr. Sharda Gangwar, Professor of Commerce, Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal.

Copyright © Reserved, Madhya Pradesh Bhoj (Open) University, Bhopal.

All rights reserved. No part of this publication which is material protected by this copyright notice may be reproduced or transmitted or utilized or stored in any form or by any means now known or hereinafter invented, electronic, digital or mechanical, including photocopying, scanning, recording or by any information storage or retrieval system, without prior written permission from the Registrar, Madhya Pradesh Bhoj (Open) University, Bhopal.

Information contained in this book has been published by VIKAS® Publishing House Pvt. Ltd. (Developed by Himalaya Publishing House Pvt. Ltd.) and has been obtained by its Authors from sources believed to be reliable and are correct to the best of their knowledge. However, the Madhya Pradesh Bhoj (Open) University, Bhopal, Publisher and its Authors shall in no event be liable for any errors, omissions or damages arising out of use of this information and specifically disclaim any implied warranties or merchantability or fitness for any particular use.

Published by Registrar, MP Bhoj (Open) University, Bhopal in 2020

VIKAS®

Vikas® is the registered trademark of Vikas® Publishing House Pvt. Ltd.

VIKAS® PUBLISHING HOUSE PVT. LTD.
E-28, Sector-8, Noida - 201301 (UP)
Phone: 0120-4078900 • Fax: 0120-4078999
Regd. Office: A-27, 2nd Floor, Mohan Co-operative Industrial Estate, New Delhi 1100 44
• Website: www.vikaspublishing.com • Email: helpline@vikaspublishing.com

SYLLABI-BOOK MAPPING TABLE

निगमीय लेखांकन

Syllabi	Mapping in Book
इकाई–1 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित) लाभांश की घोषणा। लाभ-हानि नियोजन खाता एवं लाभों का निपटारा। समामेलन के पूर्व एवं पश्चात् के लाभ-हानि की गणना।	**इकाई 1** : कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित) **(पृष्ठ 3–86)**
इकाई–2 ख्याति और अंशो का मूल्यांकन, मूल्यांकन की विधियाँ। सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियों के खाते (विद्युत कम्पनी)।	**इकाई 2** : ख्याति और अंशों का मूल्यांकन एवं सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियाँ के खाते **(पृष्ठ 87–254)**
इकाई–3 सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी का अर्थ। सुत्रधारी कम्पनी का समेकित चिट्ठा तैयार करना (एक सहायक कम्पनी के साथ), कम्पनियों के परिसमापन के लिए लेखांकन।	**इकाई 3** : सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी **(पृष्ठ 255–346)**
इकाई–4 लेखा मानक 14 के अनुसार कम्पनियों सम्मिश्रण के लिए लेखांकन। आन्तरिक पुनःनिर्माण, (अर्न्तकम्पनी सूत्रधारी एवं बाह्य पुनःनिर्माण को छोडकर)	**इकाई 4** : लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन एवं आन्तरिक पुनर्निर्माण **(पृष्ठ 347–454)**
इकाई–5 बैंकिंग कम्पनियों के खाते बीमा कम्पनियों के लेखे – दावा समझौते के साथ।	**इकाई 5** : बैंकिंग कम्पनियों के खाते तथा कम्पनियों के लेखे **(पृष्ठ 455–520)**

विषय–सूची

परिचय **1**

इकाई 1 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित) **3–86**

1.0 परिचय
1.1 उद्देश्य
1.2 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित)
1.2.1 कम्पनी के वार्षिक खाते
1.2.2 प्रबन्धकीय पारिश्रमिक के लिए लाभ की गणना
1.2.3 प्रबन्धक का पारिश्रमिक
1.2.4 निदेशकों का पारिश्रमिक
1.2.5 स्थिति विवरण
1.2.6 चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखायी जाने वाली मदें
1.3 लाभांश की घोषणा
1.4 लाभ-हानि नियोजन खाता एवं लाभों का निपटारा
1.5 समामेलन के पूर्व एवं पश्चात के लाभ-हानि की गणनाऐं
1.6 अंश पूँजी व्यवहार का लेखांकन
1.6.1 अंशों के प्रकार
1.6.2 पूर्वाधिकार अंश
1.6.3 साधारण अंश
1.6.4 अंश पूँजी के प्रकार
1.6.5 अंशों का निर्गमन
1.6.6 अंशों के निर्गमन की विधियाँ
1.6.7 अंशों का हरण
1.6.8 पूर्वाधिकार अंशों का शोधन
1.6.9 शोधन हेतु प्रावधानों का उद्देश्य
1.6.10 नये अंशों के निर्गमन से आशय
1.6.11 अंशधारियों का विभाज्य लाभ
1.6.12 पूँजी शोधन संचय खाता
1.6.13 अंशतः पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान सम्बन्ध प्रावधान
1.6.14 पूर्वाधिकार अंशों का प्रीमियम पर शोधनी
1.7 बोनस अंश
1.8 अधिकार अंश
1.9 कर्मचारी स्टॉक वाई बैंक
1.10 अंशों के अन्तर्गत विकल्प
1.11 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
1.12 सारांश
1.13 मुख्य शब्दावली
1.14 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
1.15 सहायक पाठ्य सामग्री

इकाईः 2 ख्याति और अंशों का मूल्यांकन एवं सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियाँ के खाते 87–254

2.0 परिचय
2.1 उद्देश्य
2.2 ख्याति का मूल्यांकन
2.2.1 ख्याति की विचारधारा
2.2.2 ख्याति निर्माण के कारण
2.2.3 ख्याति की परिभाषा
2.2.4 ख्याति के विशेष तत्व
2.2.5 ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्व
2.2.6 ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता
2.2.7 ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ
2.3 अंशों का मूल्यांकन
2.3.1 अंशों के मूल्यों को प्रभावित करने वाले तत्व
2.3.2 अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता
2.3.3 अंश मूल्यांकन की विधियाँ
2.3.4 पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन
2.3.5 आय के आधार पर मूल्यांकन
2.3.6 वास्तविक आय की दर के आधार पर मूल्यांकन
2.3.7 वास्तविक आय दर
2.3.8 लाभ की सामान्य दर
2.3.9 अंश का चुकता मूल्य
2.4 सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियों के खाते (विद्युत कम्पनी)
2.4.1 दोहरा खाता प्रणाली की परिभाषाऐं
2.4.2 दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताऐं
2.4.3 दोहरा प्रविष्टि प्रणाली एवं दोहरा खाता प्रणाली में अन्तर
2.4.4 दोहरा खाता प्रणाली का प्रारूप
2.4.5 दोहरा खाता प्रणाली के उद्देश्य
2.4.6 दोहरा लेखा प्रणाली के दोष
2.4.7 दोहरा खाता प्रणाली की लेखांकन विधि
2.4.8 पूँजी खाता व सामान्य चिट्ठे में अन्तर
2.4.9 सार्वजनिक कम्पनियों के खातों से सम्बन्धित प्रारूप
2.4.10 दोहरा लेखा प्रणाली के लाभ
2.4.11 दोहरा लेखा प्रणाली की हानियाँ
2.4.12 बिजली पूर्ति कम्पनियों के खाते
2.5 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
2.6 सारांश
2.7 मुख्य शब्दावली
2.8 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
2.9 सहायक पाठ्य सामग्री

इकाईः 3 सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी 255—346

3.0 परिचय
3.1 उद्देश्य
3.2 सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी का अर्थ
3.2.1 परिभाषा
3.2.2 सहायक कम्पनी पर अंशतः एवं पूर्णतः अधिकार
3.2.3 लेखांकन से सम्बन्धित सूत्रधारी कम्पनी के वैधानिक प्रावधान
3.2.4 सूत्रधारी कम्पनी को लाभ
3.2.5 सूत्रधारी कम्पनी को हानि
3.2.6 मिश्रित वित्तीय विवरण—लेखांकन प्रमाप—21
3.2.7 मिश्रित वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति
3.3 सूत्रधारी कम्पनी का समेकित चिट्ठा तैयार करना
3.3.1 समेकित सिद्धान्त
3.3.2 पूर्वाधिकार लाभांश
3.3.3 कम्पनियों के आपसी लेन-देन
3.3.4 सूत्रधारी कम्पनी की एक से अधिक सहायक कम्पनी होना
3.3.5 सूत्रधारी कम्पनी द्वारा अंशों का पुनः क्रय या धीरे-धीरे क्रय
3.3.6 सूत्रधारी कम्पनी द्वारा क्रय किये गये अंशों का विक्रय
3.3.7 सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के अंशों का क्रय
3.3.8 मिश्रित लाभ-हानि खाता
3.4 कम्पनियों के परिसमापन के लिए लेखांकन
3.4.1 कम्पनी के समापन की विधियाँ
3.4.2 पूर्वाधिकार के आधार पर देय राशि का भुगतान
3.4.3 समापक के खाते का अन्तिम विवरण
3.4.4 'ब' तालिका के योगदायी का दायित्व
3.4.5 ऋण-पत्रधारियों के लिए प्राप्तकर्ता
3.4.6 कम्पनी का स्थिति विवरण
3.4.7 स्थिति विवरण बनाने की विधि
3.4.8 कमी/आधिक्य खाता
3.4.9 समापक का रोकड़ खाता
3.5 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
3.6 सारांश
3.7 मुख्य शब्दावली
3.8 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
3.9 सहायक पाठ्य सामग्री

इकाईः 4 लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन एवं आन्तरिक पुनर्निर्माण 347—454

4.0 परिचय
4.1 उद्देश्य
4.2 लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन
4.2.1 कम्पनियों का मिश्रण
4.2.2 लेखांकन प्रक्रिया

4.2.3 अंशों के भाग के सम्बन्ध में लेखा
4.2.4 कम्पनियों के आपसी सौदे
4.2.5 कम्पनियों के पास आपसी अंशों का होना
4.2.6 दो कम्पनियों का संविलयन क्यों होता है?
4.3 आन्तरिक पुनर्निर्माण
4.3.1 अंश पूँजी में परिवर्तन
4.3.2 अंश पूँजी में कमी
4.3.3 पूँजी की कमी का कम्पनी की पुस्तकों में लेखांकन
4.3.4 पूँजी पुनर्निर्माण की राशि का प्रयोग
4.3.5 ब्याज एवं लाभांश की दर में समायोजन
4.3.6 कटौती की राशि की गणना
4.3.7 अंशों का किसी अन्य प्रतिभूति में परिवर्तन
4.4 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
4.5 सारांश
4.6 मुख्य शब्दावली
4.7 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
4.8 सहायक पाठ्य सामग्री

इकाई 5 बैंकिंग कम्पनियों के खाते तथा कम्पनियों के लेखे **455–520**

5.0 परिचय
5.1 उद्देश्य
5.2 बैंकिंग कम्पनियों के खाते – परिभाषा
5.2.1 बैंको के कार्य एवं सेवाएं
5.2.2 पुरजी पद्धति
5.2.3 पुरजी पद्धति के लाभ
5.2.4 पुरजी पद्धति की हानियाँ
5.2.5 लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठे का प्रारूप
5.3 बैंकिंग कम्पनियों के खाते – आशय
5.3.1 बीमा अनुबन्ध के प्रकार
5.3.2 बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 के प्रावधान
5.3.3 बीमा कम्पनियों के वित्तीय विवरण
5.3.4 सामान्य बीमा व्यवसाय के वित्तीय विवरण
5.3.5 अनुसूचियों में दर्शित मदों का आशय एवं गणना
5.3.6 असमाप्त जोखिम के लिए संचय
5.4 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
5.5 सारांश
5.6 मुख्य शब्दावली
5.7 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
5.8 सहायक पाठ्य सामग्री

परिचय

टिप्पणी

निगमीय लेखांकन विभिन्न कम्पनियों के लेखांकन करने को विधि पर आधारित है। कम्पनियों की पूँजी अंशों में विभाजित होती है एवं अशों का निर्गमिन कम्पनी पब्लिक के लिए करती है। कम्पनी केवल निजी ही नही होती अपितु सरकारी या शासन के अधीन कार्य करने वाली होती है। अतः इस लेखांकन समूह के अन्तर्गत, निगमीय लेखांकन पुस्तक में निम्न कम्पनीयों के लेखों का समावेश किया गया है—

1. सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियों के खाते
2. सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनियों के खाते
3. बैंकिंग कम्पनियों के खाते एवं
4. बीमा कम्पनियों के खाते

विभिन्न प्रकार की कम्पनियों के खाते बनाते समय इन कम्पनियों के अन्तिम खाते किस प्रकार बनाते है को पुस्तक में उचित स्थान पर समझाया गया है। इतना ही नही कम्पनियों में अंशों के मूल्यों का आकलन कैसे किया जाता है उसे भी ख्याति मूल्यांकन के साथ समझाया गया है। कम्पनी अधिनियम 2013 को ध्यान में रखते हुए पुस्तक का निर्माण किया गया है। यह पुस्तक सभी प्रकार की कम्पनियों के अन्तिम खातों के बारें में अध्ययन योग्य है।

इस पुस्तक का निर्माण विशेषतः भोज विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु किया गया है। इस पुस्तक में पाठ्यक्रम को पाँच इकाईयाँ में विभाजित किया गया है एवं कुल 9 अध्याय है। पुस्तक की प्रत्येक इकाई का प्रारम्भ परिचय, उद्देश्य तथा अर्थ एवं परिभाषाओं से किया गया है। पुस्तक की प्रत्येक इकाई के अन्त में अपनी प्रगति जाँचिए अर्थात वस्तुनिष्ठ प्रश्न, सारांश, मुख्य शब्दावली, स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास तथा सहायक पाठ्य सामग्री से किया गया है। पुस्तक भोज विश्वविद्यालय के छात्रों के स्वंय अध्ययन करने हेतु अति उपयोगी है।

डॉ. शारदा गंगवार

टिप्पणी

इकाई 1 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित) (Calculation of Managerial Remuneration)

संरचना (Structure)

1.0 परिचय
1.1 उद्देश्य
1.2 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित)
  1.2.1 कम्पनी के वार्षिक खाते
  1.2.2 प्रबन्धकीय पारिश्रमिक के लिए लाभ की गणना
  1.2.3 प्रबन्धक का पारिश्रमिक
  1.2.4 निदेशकों का पारिश्रमिक
  1.2.5 स्थिति विवरण
  1.2.6 चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखायी जाने वाली मदें
1.3 लाभांश की घोषणा
1.4 लाभ-हानि नियोजन खाता एवं लाभों का निपटारा
1.5 समामेलन के पूर्व एवं पश्चात के लाभ-हानि की गणनाऐं
1.6 अंश पूँजी व्यवहार का लेखांकन
  1.6.1 अंशों के प्रकार
  1.6.2 पूर्वाधिकार अंश
  1.6.3 साधारण अंश
  1.6.4 अंश पूँजी के प्रकार
  1.6.5 अंशों का निर्गमन
  1.6.6 अंशों के निर्गमन की विधियाँ
  1.6.7 अंशों का हरण
  1.6.8 पूर्वाधिकार अंशों का शोधन
  1.6.9 शोधन हेतु प्रावधानों का उद्देश्य
  1.6.10 नये अंशों के निर्गमन से आशय
  1.6.11 अंशधारियों का विभाज्य लाभ
  1.6.12 पूँजी शोधन संचय खाता
  1.6.13 अंशतः पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान सम्बन्ध प्रावधान
  1.6.14 पूर्वाधिकार अंशों का प्रीमियम पर शोधनी
1.7 बोनस अंश
1.8 अधिकार अंश
1.9 कर्मचारी स्टॉक वाई बैंक
1.10 अंशों के अन्तर्गत विकल्प
1.11 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
1.12 सारांश
1.13 मुख्य शब्दावली
1.14 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
1.15 सहायक पाठ्य सामग्री

1.0 परिचय (Introduction)

कम्पनी का आशय (Meaning of Company)

टिप्पणी

अधिनियम के अन्तर्गत गठित एक कम्पनी व्यक्तियों की ऐच्छिक संस्था होती है, जो व्यापारिक लाभ के लिए स्थापित की जाती है। कम्पनी की पूँजी संयुक्त होती है तथा हस्तांतरणीय अंशों में विभाजित होती है। इसका एक वैधानिक अस्तित्व होता है। कम्पनी का समामेलन किसी अधिनियम के अन्तर्गत होता है। वैधानिक दृष्टि से कम्पनी अपने सदस्यों से पृथक् अस्तित्व रखती है और यह अस्तित्व स्थायी होता है। इस प्रकार कम्पनी एक कृत्रिम व्यक्ति होती है, जिसके कार्य एक सार्वमुद्रा (Common seal) के माध्यम से सम्पादित होते हैं।

कम्पनी की परिभाषा (Definition of Company)

हैने के शब्दों में, ''कम्पनी लाभ हेतु निर्मित एक ऐच्छिक संस्था है जिसकी पूँजी हस्तांतरणीय अंशों में विभाजित होती है तथा जिसमें स्वामित्व के लिए सदस्यता अनिवार्य है।''



चित्र क्र. 1.1

न्यायाधीश जेम्स के शब्दों में, ''कम्पनी का आशय किसी सामान्य उद्देश्य के लिए निर्मित बहुत से व्यक्तियों का एक संघ है।''

न्यायाधीश लिब्डले के शब्दों में, ''कम्पनी का आशय बहुत से व्यक्तियों का एक संघ है, जिसमें कि वे एक संयुक्त पूँजी में द्रव्य अथवा कोई अन्य सम्पत्ति देते हैं और किसी सामान्य उद्देश्य के लिए उसका प्रयोग करते हैं। इस प्रकार एकत्रित की गयी पूँजी द्रव्य में सम्बोधित की जाती है और यही कम्पनी की पूँजी होती है। वे व्यक्ति जो उसका अंशदान करते हैं, कम्पनी के सदस्य अथवा अंशधारी होते हैं। पूँजी का वह आनुपातिक भाग जिसका प्रत्येक सदस्य अधिकारी है, उसका अंश कहलाता है।''

वैधानिक दृष्टिकोण (Scientific Approach)

भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 3 द्वारा दी गयी परिभाषा–

(i) कम्पनी का आशय ऐसी कम्पनी से होता है, जो कि वर्तमान कम्पनी अधिनियम 1956 के अधीन निर्मित एवं पंजीकृत हो या किसी विद्यमान कम्पनी से होता है।

(ii) विद्यमान कम्पनी से आशय एक ऐसी कम्पनी से होता है, जिसका निर्माण एवं पंजीकरण पूर्व किसी कम्पनी अधिनियम की व्यवस्था के अधीन हुआ हो।

1. सीमित दायित्व वाली कम्पनियाँ (Companies of Limited Liability)

(अ) अंशों द्वारा सीमित कम्पनी (Company Limited by Shares)– ऐसी कम्पनी के प्रत्येक अंशधारी का दायित्व उसके द्वारा दिये गये अंशों पर दी गयी राशि के बराबर होता है।

(ब) गारण्टी द्वारा सीमित कम्पनी (Company Limited by Guarantee)– गारण्टी द्वारा सीमित कम्पनी में कम्पनी के सदस्य कम्पनी को इस बात की गारण्टी देते हैं कि यदि कम्पनी का उनकी सदस्यता काल में अथवा सदस्यता की समाप्ति के एक वर्ष के भीतर समापन हो जाये तो वे कम्पनी को एक निश्चित धनराशि का भुगतान कर देंगे।

2. असीमित दायित्व वाली कम्पनियाँ (Companies of Unlimited Liabilities)

ऐसी कम्पनियाँ जिनके सदस्यों का दायित्व साझेदारी फर्म की तरह असीमित हो, असीमित दायित्व वाली कम्पनियाँ कहलाती हैं।

सीमित अथवा असीमित दायित्व वाली कम्पनियों को उनके निर्माण एवं सदस्यों की संख्या के आधार पर निम्न दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(i) निजी कम्पनी (Private Company)

(ii) पब्लिक या लोक कम्पनी (Public Company)

(i) निजी कम्पनी (Private Company)– भारतीय कम्पनी अधिनियम की धारा 3(i)(iii) के अनुसार– प्राइवेट निजी कम्पनी से आशय एक ऐसी कम्पनी से है, जो अपने अन्तर्नियमों द्वारा–

(1) अपने अंशों के (यदि कोई हो तो) हस्तांतरण पर प्रतिबन्ध लगाती है।

(2) अपने सदस्यों की संख्या 50 तक सीमित रखती है।

(3) अपने अंशों और ऋणपत्रों के क्रय के लिए जनता को आमंत्रित नहीं करती।

50 सदस्यों की संख्या में संयुक्त अंशधारी को एक सदस्य माना जाता है तथा कम्पनी के वर्तमान तथा पुराने कर्मचारी व अंशधारियों को सम्मिलित नहीं किया जाता।

(ii) लोक कम्पनी (Public Company)– कम्पनी अधिनियम की धारा 3(i)(iv) के अनुसार– ''लोक कम्पनी से आशय ऐसी कम्पनी से है जो प्राइवेट (निजी) कम्पनी नहीं है।''



चित्र क्र. 1.2

कम्पनी का निर्माण (Formation of a Company)

कम्पनी का निर्माण करने व इसे वैधानिक स्वरूप प्रदान करने का कार्य प्रवर्तक (Promoter) करते हैं। कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत कम्पनी का पंजीयन (Registration) कराने के लिए प्रवर्तक कम्पनी रजिस्ट्रार के कार्यालय में कम्पनी से सबन्धित निम्नलिखित प्रलेख प्रस्तुत करती है–

1. पार्शद सीमा नियम (Memorandum of Association)
2. पार्शद अन्तर्नियम (Articles of Association)
3. संचालकों की सूची (List of Directors)
4. संचालकों की लिखित सहमति तथा योग्यता अंश लेने की उनकी लिखित स्वीकृति
5. प्रबन्ध अभिकर्ता, सचिव व कोषाध्यक्ष के साथ किया हुआ अनुबन्ध।
6. वैधानिक घोषणा कि समामेलन के पूर्व की सभी वैधानिक कार्यवाही पूरी की जा चुकी है।

इस प्रकार उपरोक्त प्रलेखों के आधार पर रजिस्ट्रार कम्पनी को पंजीकृत कर लेता है और समामेलन का प्रमाण पत्र निर्गमित कर देता है। एक निजी कम्पनी इसके पश्चात

अपना कार्य प्रारम्भ कर सकती है, किन्तु एक पब्लिक कम्पनी को इसके बाद कम्पनी के अंशों और ऋणपत्रों (Debenture) को खरीदने के लिए जनता को आमंत्रित करना होता है, इसके लिए कम्पनी प्रविवरण (Prospectus) निर्गमित करती है। इसके पश्चात् अंशों के आबंटन तथा न्यूनतम अभिदान (Minimum subscription) राशि प्राप्त होने पर कम्पनी के रजिस्ट्रार को इस आशय की सूचना दी जाती है कि व्यापार प्रारम्भ करने की सभी वैधानिक कार्यवाहियाँ पूरी कर ली गई हैं। रजिस्ट्रार तब व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण पत्र देता है, जिसके पश्चात् ही कम्पनी कार्य प्रारम्भ कर सकती है।

हिसाब की पुस्तकें (Books of Accounts)

कम्पनी के लेखों से सम्बन्धित विधान कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 209 से 223 तक दिये हुए हैं। प्रत्येक कम्पनी को अपने रजिस्टर्ड कार्यालय पर निम्न लेखों के सम्बन्ध में उचित हिसाब की पुस्तकें रखना आवश्यक है–

(i) कम्पनी द्वारा प्राप्य तथा भुगतान किये धन की राशि तथा उनके पूर्ण विवरण के सम्बन्ध में।

(ii) कम्पनी द्वारा समस्त माल के क्रय-विक्रय के सम्बन्ध में।

(iii) कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों और दायित्वों के सम्बन्ध में।

(iv) कम्पनी द्वारा माल के उत्पादन व निर्माण की लागत का विवरण।

हिसाब-किताब की उक्त पुस्तकों के अतिरिक्त एक कम्पनी के लिए निम्नलिखित पुस्तकों तथा रजिस्टरों का रखना अनिवार्य है–

(1) ऐसे विनियोगों के रजिस्टर जो स्वयं कम्पनी के नाम न हों।

(2) प्रभारों का रजिस्टर

(3) सदस्यों का रजिस्टर

(4) ऋणपत्र धारियों का रजिस्टर

(5) वार्षिक विवरण

(6) कार्य-जप्त पुस्तक

(7) अनुबन्धों का रजिस्टर

(8) संचालकों व अन्य अधिकारियों के रजिस्टर

(9) संचालकों आदि की अंश सम्पत्ति का रजिस्टर

(10) अन्तर्कम्पनी ऋणों का रजिस्टर

(11) अन्तर्कम्पनी विनियोग का रजिस्टर

निगमीय खाते (Corporate Accounts)

कम्पनियों एवं निगम से सम्बन्धित व्यवहारों को मुख्यतः निम्न भागों में विभाजित किया जा सकता है–

(अ) सामान्य व्यापारिक व्यवहार

(ब) कम्पनी के निर्माण आदि से सम्बन्धित व्यवहार–

  (i) अंशों का निर्गमन तथा उन्हें जप्त करना

  (ii) अधिमान अंशों का शोधन

  (iii) ऋण-पत्रों का निर्गमन तथा शोधन

  (iv) कम्पनी द्वारा चालू व्यापार का क्रय

टिप्पणी

(स) वार्षिक खाते तथा लाभों का समायोजन–
   (i) बोनस अंश
   (ii) समामेलन के पूर्व लाभ-हानि
   (iii) चिट्ठा तथा लाभ-हानि खाता।

(द) एडवांन्स कम्पनी लेखे–
   (i) कम्पनी का पुनर्निर्माण तथा एकीकरण
   (ii) कम्पनी का समापन
   (iii) सूत्रधारी कम्पनियों के खाते

अन्तिम खाते जैसा कि हम जानते हैं, वित्तीय वर्ष के अन्त में तैयार किये जाते हैं। एक व्यापारी एवं साझेदारी फर्म के लिए अन्तिम खाते तैयार करना इतना आवश्यक नहीं होता, जितना कि कम्पनी के लिए, प्रत्येक रजिस्टर्ड कम्पनी के लिए अन्तिम खाते तैयार करना अनिवार्य है। अन्तिम खातों में व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता एवं कम्पनी का चिट्ठा सम्मिलित होता है। वैसे तो कम्पनी के अन्तिम खाते भी एकल व्यापारी एवं साझेदारी फर्म के जैसे ही तैयार किये जाते हैं, लेकिन फिर भी कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 के अनुसार समस्त प्राप्तियाँ, मुद्रा का भुगतान, विक्रय, क्रय, सम्पत्ति, दायित्व एवं अन्य सामग्रियों का उपयोग कर उचित लेखा किया जाना चाहिए। कम्पनी के अन्तिम खाते से सम्बन्धित नियम कम्पनी अधिनियम की धारा 209 से 233 के मध्य दिये गये हैं।

1.1 उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- निगमों के अन्तिम खाते कैसे बनाये जाते हैं, सीख पाएंगे।
- लाभांश की घोषणा कब और क्यों की जाती है, समझ पाएंगे।
- समामेलन क पूर्व एवं बाद का लाभ कैसे निकाला जाता है, समझ पाएंगे।
- प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना कर पाएंगे।

1.2 कम्पनियों के अन्तिम लेखे (प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना सहित) (Final Articles of Companies (Including Calculation of Managerial Remuneration))

1.2.1 कम्पनी के वार्षिक खाते (Annual Accounts of Company)

कम्पनी अधिनियम की धारा 209 के अनुसार प्रत्येक कम्पनी को निम्नलिखित तथ्यों के सम्बन्ध में उचित लेखा पुस्तकें रखना अनिवार्य है–

1. कम्पनी द्वारा प्राप्त आय एवं व्यय की गयी समस्त राशि एवं इससे सम्बन्धित विषय।
2. कम्पनी द्वारा माल के सम्बन्ध में किया गया समस्त क्रय एवं विक्रय।
3. कम्पनी के दायित्वों एवं सम्पत्तियों से सम्बन्धित समस्त जानकारी का लेखा।

4. उत्पादन, निर्माण या खान सम्बन्धी क्रियाओं में संलग्न कम्पनियों के सम्बन्ध में, उसके द्वारा उपयोग किये गये पदार्थ, श्रम एवं कीमत सम्बन्धी अन्य बातों का विवरण लेखा पुस्तकों में देना आवश्यक है।

अतः लेखा पुस्तकें भारत में किसी अन्य ऐसे स्थान पर रखी जा सकती हैं, जिसे संचालक मण्डल उचित समझता है।

लाभ-हानि खाता (Profit and Loss Account)

लाभ-हानि खाते से सम्बन्धित जानकारी प्राप्ति एवं भुगतान मदों की सूची शामिल करते हुए भाग-दो, सूची छठे में दी गयी है। किसी भी व्यापार का लाभ-हानि खाता वित्तीय वर्ष के सही लाभ/हानि को दर्शाता है ठीक वैसे ही कम्पनी का लाभ-हानि खाता भी कम्पनी के उचित एवं सही लाभ/हानि को दर्शाना चाहिए। ऐसी कम्पनी जो लाभ अर्जन हेतु नहीं बनायी जाती है का प्राप्ति भुगतान खाता ही लाभ-हानि खाते का स्वरूप ले लेता है।

वह अवधि जिससे लाभ-हानि खाता सम्बन्धित होता है, वित्तीय वर्ष कहलाता है, एवं ऐसे वित्तीय वर्ष की उवधि 15 माह से अधिक नहीं हो सकती है, परन्तु रजिस्ट्रार की विशेष आज्ञा से इस अवधि को 18 माह तक बढ़ाया जा सकता है।

लाभ-हानि खाते से सम्बन्धित मुख्य प्रावधान निम्न प्रकार हैं–

1. कम्पनी के प्रत्येक लाभ-हानि खाते में कम्पनी के आर्थिक/वित्तीय वर्ष की लाभ-हानि का 'सत्य एवं उचित' दर्शन होना चाहिए।
2. कम्पनी के विक्रय का विभिन्न श्रेणियों में जिससे वह प्रभावित होती है का सही विवरण दिया जाना आवश्यक है।
3. अधिनियम की धारा 294 के अन्तर्गत एकल विक्रय अभिकर्ता का अभियोजन भुगतान किया जाता है।
4. एक निर्माणी संस्था के कच्चे माल का क्रय उपभोग को शामिल करते हुए एवं प्रारम्भिक व अन्तिम रहतिया के साथ उत्पाद मात्रा को दर्शाया जाना चाहिए।
5. ऐसी कम्पनी जो सेवाऐं प्रदान करती हैं के सम्बन्ध में सकल आय सेवा प्रदान करने की आय होगी।
6. कम्पनी के ऋणपत्रों या स्थायी ऋण पर ब्याज को अन्य ब्याज के अतिरिक्त दिखाया जाता है।
7. भारतीय आयकर एवं भारतीय करारोपण में अन्तर किया जाना चाहिए।
8. अंश पूँजी का भुगतान एवं ऋणों के भुगतान सम्बन्धी संचय का निर्धारण किया जाता है।
9. स्टोर्स का प्रयोग, इंधन एवं शक्ति, किराया, भवन की मरम्मत, वेतन, मजदूरी, बीमा, दर एवं कर तथा विविध व्ययों को भी कम्पनी के लाभ-हानि खाते में दिखाया जाता है।

उपरोक्त व्ययों के अतिरिक्त कम्पनी की आयों का लेखा भी लाभ-हानि खाते में किया जाता है, वह इस प्रकार है–

1. विनियोग से प्राप्त आय
2. ब्याज के रूप में प्राप्त आय
3. सहायक कम्पनी से प्राप्त लाभांश की राशि
4. हानियों के लिए सहायक कम्पनियों द्वारा किये गये प्रावधान
5. विविध आय आदि।

1.2.2 प्रबन्धकीय पारिश्रमिक के लिए लाभ की गणना (To Calculate Profit for Managerial Remuneration)

टिप्पणी

प्रबन्धकीय पारिश्रमिक यदि लाभ पर आधारित होता है तब कम्पनी अधिनियम की धारा 349 के अनुसार लाभ की गणना की जाती है। इस अधिनियम के अनुसार लाभ-हानि खाते में सकल लाभ के अतिरिक्त सरकार से प्राप्त अधिदान या उपदान की राशि भी लिखी जाती है। परन्तु केन्द्रीय सरकार इसके विपरीत भी आदेश दे सकती है।

निम्नलिखित आयों को लाभ-हानि खाते के जमा पत्र में नहीं लिखा जाना चाहिए–

1. अंशों या ऋणपत्रों को जारी करने पर प्राप्त प्रब्याजि की राशि
2. हरण किये हुए अंशों को पुनःनिर्गमन करने पर लाभ की राशि
3. पूँजीगत आय की राशि
4. कम्पनी की स्थायी सम्पत्तियों को विक्रय करने पर प्राप्त राशि
5. व्यापार या उसके किसी महत्त्वपूर्ण भाग को बेचने से प्राप्त राशि।

लाभ-हानि खाते में निम्नलिखित व्ययों को प्रबन्धकीय पारिश्रमिक ज्ञात करने के लिए आयों में से घटाया जायेगा–

1. सभी प्रकार के व्यय जो व्यवसाय संचालित करने के लिए किये गये हों।
2. कम्पनी के कर्मचारियों को दिया गया बोनस या कमीशन।
3. केन्द्रीय सरकार द्वारा असाधारण या अति लाभ पर आधारित घोषित किया गया कर।
4. केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर व्यापारिक लाभ पर अन्य कर जो विशेष कारण से लगाया गया हो।
5. कम्पनी द्वारा निर्गमित ऋणपत्रों पर ब्याज की राशि।
6. असुरक्षित ऋणों पर ब्याज की राशि।
7. स्थायी या चल सम्पत्ति की मरम्मत पर किया गया व्यय (आयगत)।
8. कम्पनी द्वारा सम्पत्ति गिरवी रखकर लिये गये ऋण पर ब्याज।
9. धारा 293 के अन्तर्गत दान में दी गयी राशि।
10. धारा (अ) 150 के अनुसार ह्रास की राशि।
11. सम्पत्ति को बेचने, नष्ट होने एवं उपयोग से हटा देने पर हानि की राशि।
12. किसी संविदा के तोड़ने पर कानून द्वारा निर्धारित मुआवजे की राशि
13. अप्राप्य ऋण जो अपलिखित किये गये हों।
14. अधिनियम के लागू होने के बाद किसी गत वर्ष के व्यय और आय का अन्तर।
15. संविदा के अन्तर्गत कराये गये बीमे का प्रीमियम।

प्रबन्धकीय पारिश्रमिक हेतु लाभ गणना करने के लिए निम्नलिखित व्यय नहीं घटाये जाने चाहिए–

1. अधिनियम के अन्तर्गत आयकर, अधिकार या लाभ पर किसी प्रकार का कर, परन्तु उपरोक्त दर्शाये गये क्रमांक 3 एवं 4 के अतिरिक्त।

2. ऐसा मुआवजा या भुगतान की राशि जिसे कम्पनी ने अपनी इच्छा से दिया हो, परन्तु कानून द्वारा अनिवार्य न हो।
3. ऐसी हानि की राशि जो पूँजीगत स्वभाव की हो।

1.2.3 प्रबन्धक का पारिश्रमिक (Manager's Remuneration)

कम्पनी प्रबन्धक का पारिश्रमिक कम्पनी मासिक वेतन, लाभ या कमीशन के रूप में कुछ भाग या समस्त भाग दे सकती है। लाभ की राशि की गणना कम्पनी अधिनियम की धारा 349 के अनुसार की जाती है। कम्पनी अधिनियम की धारा 387 के अनुसार प्रबन्धक का कुल पारिश्रमिक लाभ के 5% से अधिक नहीं हो सकता है। धारा 198 के अनुसार प्रबन्धक उच्च अधिकारियों का पारिश्रमिक (संचालक बैठक की फीस को छोड़कर) लाभ के 11% से अधिक नहीं हो सकता है। यदि किसी वर्ष कम्पनी को हानि हुयी हो तो यह राशि केन्द्रीय सरकार की सहमति से 50,000 तक दी जा सकती है।

प्रबन्धकीय पारिश्रमिक में निम्नलिखित व्ययों को सम्मिलित किया जायेगा–

1. उनको दिये गये किराया से मुक्त मकान या इससे सम्बन्धित अन्य शुल्क।
2. प्रबन्ध अधिकारियों को दी गयी सुविधा या लाभ जो मुक्त हो।
3. कम दरों पर दी गयी सुविधा।
4. अधिकारी द्वारा स्वयं भुगतान की जाने वाली राशि का भुगतान कम्पनी द्वारा किया जाना।
5. अधिकारी के स्वयं या उसकी पत्नी या बच्चे के जीवन पर ली गयी जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम, जिसका भुगतान कम्पनी द्वारा किया गया हो।
6. ऐसी पॉलिसी पर प्रीमियम, जिससे पेंशन या ग्रेच्युटी या वार्षिकी का प्रबन्ध होता है।

1.2.4 निदेशकों का पारिश्रमिक (Directors's Remuneration)

कम्पनी अधिनियम की धारा 309 में निदेशकों के पारिश्रमिक का उल्लेख किया गया है। निदेशकों का पारिश्रमिक कम्पनी अन्तर्नियम के अनुसार या कम्पनी की साधारण सभा में पास हुए प्रस्ताव के अनुसार होता है, लेकिन पारिश्रमिक की राशि निम्न से अधिक नहीं होनी चाहिए–

1. यदि एक पूर्णकालिक निदेशक है तो पारिश्रमिक की राशि 5% से अधिक नहीं हो सकती।
2. यदि पूर्णकालिक निदेशक एक से अधिक हों तो उनका कुल पारिश्रमिक लाभ के 10% से अधिक नहीं हो सकता है।
3. अंशकालिक निदेशकों को मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक वेतन दिया जा सकता है, परन्तु केन्द्रीय सरकार की आज्ञा से, उनको पारिश्रमिक का भुगतान कमीशन के रूप में भी कर सकते हैं। कुल पारिश्रमिक की रकम निम्न से अधिक नहीं हो सकती है–
    1. यदि कम्पनी में पूर्णकालिक निदेशक हो तो कम्पनी के लाभ के 1% से अधिक पारिश्रमिक की राशि नहीं हो सकती।
    2. यदि कम्पनी में पूर्णकालिक निदेशक या प्रबन्ध निदेशक न हो तो यह राशि 3% से अधिक नहीं हो सकती।

3. यदि किसी प्रबन्ध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक को कम्पनी के लाभ पर कमीशन प्राप्त होता हो तो, कम्पनी की सहायक कम्पनियों से वह किसी प्रकार का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर सकता।

टिप्पणी

ऐसी निजी कम्पनी को छोड़कर जो किसी सार्वजनिक कम्पनी के नियंत्रण में हो, निजी कम्पनी पर उपरोक्त लिखित सीमायें लागू नहीं होती हैं।

Proforma of Manufacturing and Profit & Loss Account
For the year ended on.........

Particulars	Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
To Opening stock of work in progress	....	By Closing stock of work in progress	....
To Direct Material	....	By Cost of good produce (Transferred to P/L A/c)	....
To Direct Labour	....		
To Works Overhead	....		
To Depreciation on plant	....		
	....		....
To Opening stock (Finished Goods)	....	By Sale less return	....
To Cast of goods produced	....	By Closing stock (Finished goods)	....
To Overhead expenses	....	By Income from Investment	....
To Director's fees	....		
To Interest on Debenture	....		
To Advertising	....		
To Bank Interest	....		
To Provision for Doubtful debt	....		
To Depreciation on Land & Building	....		
To Auditor's Remuneration	....		
To Remuneration on Managing Directors	....		
To Discount on Debentures	....		
To Preliminary Expenses	....		
To Provision for Income Tax	....		
To Net Profit	....		
	....		....

टिप्पणी

1.2.5 स्थिति विवरण (Balance Sheet)

कम्पनी अधिनियम की धारा 211 के अनुसार कम्पनी के प्रत्येक वर्ष के चिट्ठे में सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के अन्त में कम्पनी के दायित्वों एवं सम्पत्तियों की स्थिति का 'सत्य एवं उचित (True & Fair) दर्शन होना चाहिए। स्थिति विवरण का स्वरूप कम्पनी अधिनियम की सूची VI के भाग 1 में दिये हुए स्वरूप के अनुसार या केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकर्शता के आधार पर होना चाहिए। इस अधिनियम की उक्त व्यवस्थाऐं किसी बीमा अथवा बैंकिंग कम्पनी के लिये लागू नहीं होंगी।

स्थिति विवरण का प्रारूप (Form of Balance Sheet)

Schedule-VI (Part-I)

(Section 211)

Balance sheet of.................(Here write the name of the company) as at.................... (Here write the date as at which the Balance Sheet is made out)

दायित्व (Liabilities)

Figures of the Previous year ₹	Liabilities	Figures for the Current year ₹

Share Capital

Authorised............. share of ₹............. each

Issued (Distinguishing between the various classes of capital & Stating the particulars specified below, in respect of each class).....share of ₹ ...... each.

Subscribed – (Distinguishing between the various classes of capital and stating the particulars specified below, in respect of each class) .... Shares of ₹ .... each ₹ called up.

Less: Calls unpaid

(1) By Directors

(2) By Others

Add: Forfeited shares (amount originally paid-up)

Reserve and Surplus

(1) Capital Reserves

(2) Capital Redemption Reserve

(3) Share Premium Account (Showing details of its provided in section 78 in the year of utilization)

(4) Others Reserves specifying the nature of each reserve and the amount in respect thereof

Less: (Debit balance in Profit & Loss A/c, if any)

(5) Surplus, i.e., balance in Profit & Loss A/c after providing for proposed allocations, namely dividends, bonus or reserves

(6) Proposed additions to reserves

Secured Loans

(1) Debentures

(2) Loans and Advances from Banks

(3) Loans and Advances from Subsidiaries

(4) Other Loans and Advances

Unsecured Loans

(1) Fixed Deposits

(2) Loans and advances from subsidiaries

(3) Short-term Loans and Advances–

  (a) From Banks

  (b) From Others

(4) Other Loans and Advances–

  (a) From Banks

  (b) From Others

Current Liabilities and Provision

(A) Current Liabilities–

  (1) Acceptances

  (2) Sundry creditors

  (3) Subsidiary Companies

  (4) Advances payments and unexpired discount for the portion for which value has still to be given, e.g., in the case of the following companies:

  (5) Unclaimed dividends

  (6) Other liabilities (if any)

  (7) Interest occurred but not due on Loans

(B) Provisions–

  (8) Provisions for Taxation

  (9) Proposed Dividends

  (10) For contingencies

  (11) For Provident Fund Scheme

  (12) For Insurance, Pension and Similar Staff benefit schemes

  (13) Other provisions

A Foot-note to the Balance Sheet may be added to show separately–

(1) Claims against the company not acknowledged as debts.

(2) Uncalled liability on shares partly paid.

(3) Arrears of fixed cumulative dividends (The period for which the dividends are in arrear or if there is more than one class of shares, the dividends on each and the fact that it is shown shall be stated).

(4) Estimated amount of contracts remaining to be executed on capital amount and not provided for.

(5) Other money for which the company is contingently liable.

(The amount or any guarantee given by the company on behalf of directors or their officers of each such contingent liability : if material shall also be specified).

Assets

Figures for the Previous year ₹		Figures for the Current year ₹

Fixed Assets

Distinguishing as far as possible between expenditure upon–

(a) Goodwill

(b) Land

(c) Building

(d) Lease hold

(e) Railway siding

(f) Plant and Machinery

(g) Furnitures and Fittings

(h) Development of property

(i) Patents, Trade markes and Designs

(j) Live stock

(k) Vehicles etc.

Investments

Showing nature of investment and mode of valuation, for example, cost or market value and distinguishing between–

(1) Investments in Government or Trust Securities

(2) Investment in shares, Debentures or Bonds

(3) Immovable properties

(4) Investment in the capital of partnership firms.

Current Assets, Loans and Advances

(A) Current Assets–

(1) Interest accrued on investment

(2) Stores and spare party

(3) Loose tools

(4) Stock-in-trade

(5) Work in progress

(6) Sundry debtors–

(a) Debts outstanding for a period exceeding 6 months.

(b) Others debts

Less: Provisions

(7) (a) Cash balance on hand

(b) Bank balance–

(i) With Scheduled bank

(ii) With Others

Loans and Advances

(8) (a) Advances and Loans to subsidiaries

(b) Advances and Loans to partnership firm in which the company or any of its subsidiaries is a partner.

(9) Bills of exchange

(10) Advances recoverable in cash or kind or for value to be received, e.g., Rates, Taxes, Insurance etc.

(11) Balance with customs, port trust, etc. (where payable on demand)

Miscellaneous Expenditures

(To the extent not written off on adjustment)

(1) Preliminary expenses

(2) Expenses including commission or brokerage or under writing or subscription stating the rate of interest

(3) Discount allowed on the issue of shares or debentures

(4) Interest paid out of capital during construction (also stating the rate of Interest)

(5) Development expenditure not adjusted

(6) Other sums (specifying nature)

कम्पनी के चिट्ठे का एक वैकल्पिक रूप भी है जिसे केन्द्रीय सरकार ने 23 जनवरी, 1979 को एक आदेश जारी करके अनुसूची VI के भाग 1 में परिवर्तन कर जारी किया था।

Name of the Company...............

Balance Sheet as at ....

टिप्पणी

	Schedule No.	Figures as at the end of current financial year	Figures as at the end of previous financial year
I. Sources of Funds			
(1) Share holder's funds			
(a) Capital	....	....	....
(b) Reserve and Surplus	....	....	....
(2) Loan funds			
(a) Secured loans	....	....	....
(b) Unsecured loans	....	....	....
Total	....	....	....
II. Application of Funds			
(1) Fixed assets			
(a) Gross blocks	....	....	....
Less: Depreciation	....	....	....
(b) Net blocks	....	....	....
(c) Capital Work in Progress	....	....	....
(2) Investments	....	....	....
(3) Current Assets, Loans and Advances			
(a) Inventories	....	....	....
(b) Sundry debtors	....	....	....
(c) Cash and Bank Balance	....	....	....
(d) Other current assets	....	....	....
(e) Loans and Advances	....	....	....
Less: Current Liabilities and Provision	....	....	....
(a) Liabilities	....	....	....
(b) Provisions	....	....	....
Net Current assets	....	....	....
(4) (a) Miscellaneous expenditure to the extent not written off for adjusted	....	....	....
(b) Profit and Loss A/c.	....	....	....
Total	....	....	....

टिप्पणी

विशेष ध्यान देने योग्य बातें–

1. रुपयों के साथ पैसे का कॉलम भी बनाया जाना चाहिए।
2. वितरण की तिथि के बाद किसी सहायक कम्पनी द्वारा लाभांश बाँटने की स्थिति लेखे में नहीं लिखना चाहिए।
3. संचालकों की रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि संविदाओं से भविष्य में होने वाले लाभ को चिट्ठे में नहीं लिखा जायेगा।
4. भुगतान किये गये ऋणपत्रों को यदि कम्पनी दुबारा जारी करना चाहती है तो इसका अधिकार कम्पनी के पास होना चाहिए एवं उसका ब्यौरा भी देना होगा।
5. यदि किसी कम्पनी के ऋणपत्र कम्पनी की ओर से किसी ट्रस्ट या नामांकित व्यक्ति के पास हो तो ऐसे ऋणपत्रों का अंकित मूल्य और जो मूल्य कम्पनी की बहियों में दिखाया गया है, स्पष्ट करना चाहिए।
6. प्रतिभूतियों से सम्बन्धित एक अलग से विवरण रखा जाना चाहिए। इस विवरण में व्यापारिक प्रतिभूतियाँ व अन्य प्रतिभूतियाँ दिखायी जानी चाहिए एवं उन निकायों के नाम जिनके नाम अंश या ऋणपत्र प्रतिभूतियों के रूप में हैं एवं जो प्रतिभूतियाँ पिछला चिट्ठा बनाने के बाद क्रय की गयी हैं, उनकी जानकारी दी जानी चाहिए। इस विवरण को चिट्ठे के साथ जोड़ा जाना चाहिए।
7. यदि कम्पनी की चालू सम्पत्तियाँ, कम्पनी द्वारा वसूल की गयी राशि से कम हो तो इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए।
8. चिट्ठे में दिखायी जाने वाली राशि उचित होनी चाहिए।
9. चालू खाते का शेष चाहे वे नाम शेष हों या जमा शेष, उनको अलग से दिखाया जाना चाहिए।
10. चिट्ठे में दिखाये जाने वाले समस्त विवरण स्पष्ट एवं उचित होना चाहिए, अगर इनको चिट्ठे में दिखाने पर कुछ असुविधा हो तो इनकी अनुसूचियाँ बना लेना चाहिए और चिट्ठे के साथ जोड़ देना चाहिए।
11. चिट्ठे की अवधि तिमाही, छमाही या वार्षिक हो सकती है।

(चिट्ठे का प्रारूप) Form of Balance Sheet

Liabilities	**Amount**	**Assets**	**Amount**
Share Capital	……..	Fixed Assets	……..
Reserve & Surplus	……..	Investment	……..
Secured Loans	……..	Current Assets	……..
Unsecured Loans	……..	Loans & Advances	……..
Current Liabilities &	……..	Expenditures	……..
Provision		P/L A/c (if any)	

चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखायी जाने वाली मदें–

1. **अंश पूँजी (Share Capital)**– अंश पूँजी शीर्षक के अन्तर्गत अधिकृत पूँजी, प्राधिकृत पूँजी, याचित पूँजी एवं प्राप्त पूँजी दिखाई जाती है, यदि कम्पनी द्वारा पूर्वाधिकार अंशों का भी निर्गमन किया गया है तो अंश पूँजी शीर्षक में दो उप शीर्षक समता अंश पूँजी एवं पूर्वाधिकार अंश पूँजी करके पूँजी के विभिन्न स्वरूप को दिखाया जाता है। इसके अतिरिक्त ऐसी राशि जो अभी भी अंशधारियों पर बकाया है, उपरोक्त वार्शिक पूँजी में से घटाकर दिखाया जाता है।
2. **संचय एवं आधिक्य (Reserve & Surplus)**– इस शीर्षक के अन्तर्गत पूँजी संचय, पूँजी शोध संचय, प्रतिभूति प्रीमियम, सिंकिंग फण्ड व अन्य संचयों की राशि दिखाई जाती है। इसके अतिरिक्त चालू वर्ष एवं पिछले वर्ष की संचय राशि को स्पष्ट रूप से दिखाया जाना चाहिए।
3. **सुरक्षित ऋण (Secured Loan)**– ऐसे ऋण की राशि जो किसी स्थायी सम्पत्ति के आधार पर प्राप्त की गयी हो, रक्षित ऋण कहलाते हैं, इस तरह की सम्पत्ति लेनदारों के पास जमानत के रूप में सुरक्षित रहती है, इस पर देय ब्याज की राशि को भी इसी शीर्षक में दिखाया जाता है।
4. **असुरक्षित ऋण (Unsecured Loan)**– ऐसे ऋण जिन पर किसी प्रकार की सम्पत्ति गिरवी नहीं रखी जाती है, न ही किसी सम्पत्ति की जमानत दी जाती है, ऐसी राशि ऋण स्वरूप प्राप्त करने पर असुरक्षित ऋण के अन्तर्गत शामिल करते हैं। असुरक्षित ऋण को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है– (a) दीर्घ अवधि ऋण (b) लघु अवधि ऋण। जब ऋण एक साल या इससे कम अवधि के लिये लिया जाता है तो उसे लघु कालीन ऋण कहते हैं, इसके विपरीत यदि ऋण एक साल या इससे अधिक अवधि के लिए प्राप्त किया जाता है, तो इसे दीर्घकालीन ऋण कहा जाता है।
5. **चालू दायित्व एवं प्रावधान**– इसे दो भागों में बाँटा गया है, चालू दायित्व एवं प्रावधानों में चालू दायित्वों से आशय ऐसे दायित्वों से है जिनका भुगतान एक वर्ष की अवधि के अन्दर करना होता है। इन दायित्वों में देय बिल, विविध लेनदार अग्रिम भुगतान आदि शामिल किया जाता है। प्रावधानों से आशय करों के लिए प्रावधान, प्रस्तावित लाभांश, कर्मचारी भविष्य निधि प्रावधान एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान आदि शामिल हैं।

1.2.6 चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखायी जाने वाली मदें (List of Assets shown under Asset Side)

1. **स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets)**– ऐसी सम्पत्तियाँ जो व्यापार द्वारा दीर्घकालीन उपयोग हेतु क्रय की जाती हैं, स्थायी सम्पत्तियाँ कहलाती हैं, इस शीर्षक के अन्तर्गत स्थायी सम्पत्ति की राशि में चालू वर्ष में कम की गयी स्थायी सम्पत्ति या इसका कोई भाग जोड़कर दिखाया जाता है, इसके अतिरिक्त चालू वर्ष में विक्रय की गयी स्थायी सम्पत्ति या इसका कोई भाग एवं स्थायी सम्पत्ति प्रयोग करने पर ह्रास की राशि कुल स्थायी सम्पत्ति राशि में से घटाकर दिखाया जाता है।

टिप्पणी

2. विनियोग (Investment)– ऐसे विनियोग जिनमें प्राप्त आय की राशि का प्रयोग दीर्घकाल के लिए किया जाता है, इस शीर्षक में सम्मिलित किये जाते हैं। ऐसी प्रतिभूतियों में विनियोग जिनकी आय चालू वर्ष के लिए होती है या एक साल से कम अवधि के लिए प्राप्त होती है, उन्हें चालू सम्पत्ति शीर्षक में सम्मिलित करते हैं। ऋणपत्र सरकारी प्रतिभूतियाँ, अंशों, ऋण एवं ट्रस्ट प्रतिभूतियों में हो सकते हैं।

3. चालू सम्पत्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम (Current Assets, Loans & Advance)– इस शीर्षक को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है–

(i) चालू सम्पत्तियाँ एवं

(ii) ऋण एवं अग्रिम।

चालू सम्पत्तियों से आशय ऐसी सम्पत्तियों से है जिन्हें रोकड़ में परिवर्तित किया जा सकता है, जैसे रोकड़, देनदार या एक वर्ष की अवधि के अन्दर की सम्पत्तियाँ।

विनियोग से प्राप्त ब्याज राशि, रहतिया आदि। ऋण एवं अग्रिम में ऐसी मदों को सम्मिलित किया जा सकता है जिसे सूत्रधारी कम्पनी द्वारा अपनी सहायक कम्पनियों को अग्रिम के रूप में दी गयी हो।

4. लाभ-हानि खाता– लाभ-हानि खाते के डेबिट शेष को सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है। इसी प्रकार जो व्यय अपलिखित नहीं किये जाते हैं, या इस प्रकार के व्यय जिनका एक भाग अपलिखित किया गया हो, तो उसकी राशि भी चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाई जाती है।

5. संदिग्ध दायित्व (Contingent liability)– इस तरह के दायित्व जिन्हें भविष्य में भुगतान किया जा सकता है, संदिग्ध दायित्व कहलाते हैं। संदिग्ध दायित्वों को चिट्ठे में नहीं दिखाया जाता है, बल्कि चिट्ठे के नीचे इसके सम्बन्ध में जानकारी दी जाती है।

कर संचय संबंधी लेखांकन (Accounting Treatment of Tax Provision)

1. चालू वर्ष का कर नियोजन करना

   Profit & Loss A/c Dr.

   To Provision for Tax A/c

2. यदि गत वर्ष का कर नियोजन चालू वर्ष के कर से अधिक है

   Provision for Tax A/c Dr.

   To Profit & Loss A/c

3. यदि गत वर्ष का कर नियोजन चालू वर्ष के कर से कम है।

   Profit & Loss A/c Dr.

   To Provision for Tax A/c

4. कर नियोजन को कर दायित्व में परिवर्तित करने पर

   Provision for Tax A/c Dr.

   To Tax Payable A/c

5. (a) पूर्वदत्त कर तथा T.D.S. चालू वर्ष के कर से समायोजित करना एवं पूर्वदत्त कर तथा T.D.S. चालू वर्ष के कर से कम होने पर

Tax Payable A/c Dr.

To Advance Tax

(b) यदि शेष कर की राशि भुगतान कर दी जाए

Tax Payable A/c Dr.

To Bank

Note– यदि शेष कर की राशि भुगतान नहीं की जाती तो कर दायित्व चिट्ठे में दायित्व पक्ष में दिखाया जाएगा।

6. (a) पूर्वदत्त कर अथवा T.D.S. चालू वर्ष के कर से समायोजित करने एवं पूर्वदत्त कर तथा T.D.S. चालू वर्ष के कर से अधिक होने पर।

Tax Payable A/c Dr.

Tax Refunded due A/c Dr.

To Advance Tax A/c

(b) पूर्वदत्त कर तथा T.D.S. चालू वर्ष के कर से अधिक होने पर एवं आधिक्य कर की राशि वापस होने पर

Bank A/c Dr.

To Tax Refunded due A/c

Note– यदि वर्ष के अन्त तक कर वापसी नहीं होती है तो कर वापसी की राशि चिट्ठे के संपत्ति पक्ष में दिखाया जायेगा।

उदाहरण– 1

मनीष लि. का 31.3.2019 को कर सम्बन्धी मदें तलपट में निम्न प्रकार हैं।

Advance Payment of Tax (2018-2019)	3,00,000
Advance Payment of Tax (2019-2020)	4,20,000
Provisions for Tax (2018-2019)	4,00,000
Net Profit Subject to Tax 35%	16,00,000

उपरोक्त कर सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए एवं लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठे में किस प्रकार दर्शाया जाऐंगा।

यदि वास्तविक कर की राशि हल क्रमांक 1

(A) 3,80,000

(B) 4,60,000

(C) 4,00,000

हल क्रमांक 1

टिप्पणी

(A) Journal of Manisha Ltd.

31.03.2019	Profit & Loss A/c Dr. To Provision for Tax A/c (being the Provision for Tax for current year)	5,60,000	 5,60,000
31.03.2019	Provision for Tax A/c Dr. To Profit & Loss Appropriation A/c (being Excess Provisions for Tax transfer to P/L Appropriation A/c)	20,000	 20,000
31.03.2019	Provision for Tax A/c Dr. To Tax Payable A/c (being Provisions Year Tax Settled)	3,80,000	 3,80,000
31.03.2019	Tax Payable A/c Dr. To Advance Tax (being the advance Tax adjusted against Tax Payable)	3,00,000	 3,00,000

An Extract of Profit & Loss A/c
(for the year ended 31.03.2019)

Particulars	Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
To Provision for tax	5,60,000	By Net Profit before tax	16,00,000
To Net profit	10,40,000		
	16,00,000		16,00,000
To Balance	10,60,000	By Net profit	10,40,000
		By Provision for tax A/c	20,000
	10,60,000		10,60,000

An Extract of Balance Sheet
(as on 31.03.2019)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Reserves & Surplus:		Current Assets	
Profit & Loss A/c	10,60,000	Loan & Advance	
Current Liabilities & Provisions		B. Loan & Advance	
(A) Current liabilities		Advance Payment	
Tax Payable	80,000	of Tax	4,20,000
(B) Provision for tax	5,60,000		

टिप्पणी

(B) Journal of Manisha Ltd.

31.03.2019	Profit & Loss A/c To Provision for Tax (being the Provision for Tax) for the (current year)	Dr.	5,60,000	 5,60,000
31.03.2019	Profit & Loss Appropriation A/c To Provision for Tax. A/c (being Short Provisions for Tax Charged to P/L)	Dr.	60,000	 60,000
31.03.2019	Provision for Tax A/c To Tax Payable A/c (being Provisions Year Tax Settled)	Dr.	4,60,000	 4,60,000
31.03.2019	Tax Payable A/c To Advance Tax A/c (being the advance Tax adjusted against Tax Payable)	Dr.	3,00,000	 3,00,000

An Extract of Profit & Loss A/c

(for the year end 31.03.2019)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
To Provisions for tax	5,60,000	By Net profit before Tax	16,00,000
To Net Profit	10,40,000		
	16,00,000		16,00,000
To Provision for tax	60,000	By net profit	10,40,000
To Balance c/d	9,80,000		
	10,40,000		10,40,000

An Extract of Balance Sheet

(as on 31.03.2019)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Reserves & Surplus Profit & Loss A/c	 9,80,000	Current Assets Loan & Advance	
Current liabilities & Provision		(B) Loan & Advance	
(A) Current liabilities Tax payable	 1,60,000	Advance payment of Tax	 4,20,000
(B) Provision Provision for tax	 5,60,000		

(C) Journal of Manish Ltd.

31.03.2009	Profit & Loss A/c To Provision for Tax. (being the Provision for Tax for the current year)	Dr.	5,60,000	5,60,000
31.03.2009	Provision for tax A/c To Tax Payable A/c (being Previous year tax settled)	Dr.	4,00,000	4,00,000
31.03.2009	Tax Payable A/c To Advance Tax A/c (being the advance tax adjusted against tax payable)	Dr.	3,00,000	3,00,000

An Extract of Profit & Loss
(for the year end 31.03.2019)

Particulars	Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
To Provisions for tax	5,60,000	By Net profit before Tax	16,00,000
To Net Profit	10,40,000		
	16,00,000		16,00,000
To Balance	10,40,000	By Net profit	10,40,000
	10,40,000		10,40,000

An Extract Balance Sheet
(as on 31.03.2019)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Reserves & Surplus		Current Assets	
Profit & Loss A/c	10,40,000	Loan & Advance	
Current liabilities & provision		(B) Loan & Advance	
(A) Current liabilities		Advance payment	
Tax payable	1,00,000	of Tax	4,20,000
(B) Provision			
Provision for tax	5,60,000		

उदाहरण– 2

टिप्पणी

हर्ष लिमिटेड का निर्माण 01 अप्रैल 2018 को हुआ। 31 मार्च 2019 को हर्ष लि. की पुस्तको से निम्नलिखित बाकियाँ प्राप्त हुईं।

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Working Progress	1,34,000	Interest accrued on Govt. Bank	3,500
Additions to Machinery during the year	1,50,000	Machinery (at original cost)	5,00,000
		Accumulated Depreciation	
Sale of Machinery during the year	50,000	(other than attrituable to assets old)	1,20,000
General Reserve	1,00,000	Equity share capital of ₹ 10 each, ₹ 80 paid-up.	4,00,000
8% Preference share capital (fully paid shares of ₹ 100)	2,00,000	Profit & Loss A/c (Dr.)	70,000
		Calls in Advance	50,000
Development Expenditure	8,000	Providend fund	1,08,000
Unclaimed Dividend	10,000	Prepaid Expenses	12,000
Sundry Debtors	1,40,000	Loose Tools	21,000
Govt. Bonds	35,000	Public Deposits	45,000
Loan from SBI	50,000	Bills discounted not matured	8,900
Live stock	5,000	Provision for doubtful debits	20,000
Copyright	40,000	Interest accrued & due on loan from SBI	2,500
Bills of Exchange	17,500		
Capital work in progress	24,000	Interest accrued but not due on public deposits	4,500

उपर्युक्त शेष के आधार पर 31 मार्च 2019 को इस कम्पनी का क्षैतिज प्रारूप में चिट्ठा बनाइये।

टिप्पणी

हल क्रमांक 2

Balance Sheet of Harsh Ltd.
(as on 31 March 2019)

Liabilities	₹	Assets	₹
Share Capital		**Fixed Assets**	
Authorised:		Machineries:	
Issued: 5000, Equity		Original cost 5,00,000	
shares of ₹ 100 each	5,00,000	***Add:***	
2000, 8% pref. share		Additional 1,50,000	
of ₹ 100 each	2,00,000	6,50,000	
		Less: Sale 50,000	
	7,00,000	6,00,000	
Subscribed:		***Less***:	
		Depreciation 1,20,000	4,80,000
5000, Equity shares		Live Stock	5,000
of ₹ 100 each		Copyright	40,000
₹ 80, paid up	4,00,000	Capital work in	
2000, Preference shares		progress	24,000
of ₹ 100 each			
fully paid of	2,00,000	**Investments:**	
Calls in Advance	50,000	Govt. funds	35,000
Reserves & Surplus:		**Current Assets,**	
		Loans & Advances:	
General Reserve			
₹ 1,00,000 less debit			
balance of P/L A/c		Current Assets	
₹ 70,000	30,000	Work in progress	1,34,000
Secured Loans			
Loan from SBI	50,000	Sundry	
		Debtors 1,40,000	
Interest accrued and		***Less***:	
due on loan from SBI	2,500	Provision 20,000	1,20,000
		Loose Tools	21,000
Unsecured Loans:		Accrued Interest	
		on Bonds	3,500
Public Deposits	45,000	**(a) Loans and**	
		Advances:	
Current liabilities and		Bills of Exchange	17,500
Provisions		Prepaid Expences	12,000
(a) Current Liabilities		**Miscellaneous**	
		Expenses:	
Unclaimed Dividend	10,000	**(b) the extent not**	
		written	

टिप्पणी

Interest accrued but not due on Public Deposits	4,500	Off or Adjusted Development Expenditure	8,000
(b) Provisions:			
Provident Fund	1,08,000		
	9,00,000		9,00,000

Note– The first entry has not to be taken for totaling.

उदाहरण– 3

31 मार्च 2019 को ऋषभ लिमिटेड के तलपट में निम्न मदें शामिल हैं–

1. 10% पूर्वाधिकार अंश 5,00,000
2. समता अंश पूँजी 100 ₹ वाले पूर्णदत्त 8,00,000
3. समता अंश पूँजी 100 ₹ वाले 80 ₹ दत्त 8,00,000
4. 12% ऋणपत्र 4,00,000
5. 1 अप्रैल 2018 को लाभ-हानि खाते का शेष ₹ 3,00,000 था
6. चालू वर्ष का लाभ ऋणपत्रों पर ब्याज तथा कर देने से पूर्व ₹ 15,48,000 है
7. चालू वर्ष के लाभ का 5% सामान्य संचय में हस्तांतरित किया जाये।
8. कम्पनी के संचालकों ने समता अंश पूँजी पर 12% की दर से लाभांश घोषित किया।

हल क्रमांक 3

Profit & Loss Account of Rishabh Ltd.,
(for the year ended on 31 March 2019)

Particulars	₹	Particulars	₹
To Interest on Debentures	48,000	By Net Profit before Interest & Tax	15,48,000
To Provision for tax (35% of ₹ 1,50,000)	5,25,000		
To Net profit after tax c/d.	9,75,000		
	15,48,000		15,48,000
To General reserve (5% of ₹ 9,75,000)	48,750	By Balance b/f.	3,00,000
		By Net profit for year	9,75,000
To proposed pref. dividend	50,000		
To proposed equity dividend (15% on ₹ 16,00,000)	1,92,000		
To Provision for corporate Dividend Tax	24,200		
To Bal. v/f to Balance sheet	9,60,050		
	12,75,000		12,75,000

उदाहरण— 4

टिप्पणी

31 मार्च 2019 को यश लिमिटेड का तलपट निम्न प्रकार का है—

Debit	₹	Credit	₹
Premises	16,00,000	Share capital	15,00,000
Plant	4,80,000	10% Debentures	1,00,000
Stock	1,20,000	P&L Account	26,900
Debtors	60,000	Bills payable	10,000
Goodwill	25,000	Creditors	65,000
Cash at Bank	1,80,000	Sales	18,00,000
Cash in Arrear	4,000	General of Reserve	14,000
Interim dividend paid	15,000	Bad debts provision	
Corporate Dividend Tax	1,500	on 1 Apr. 2018	11,000
Purchases	10,00,000		
Preliminary Expenses	12,000		
Wages	8,000		
General Expenses	7,200		
Salaries	8,000		
Bad debts	1,200		
Debentures Interest			
Paid	5,000		
	35,26,900		35,26,900

निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए यश लिमिटेड के अन्तिम खाते बनाइये—

1. प्लांट पर 10% से ह्रास को अपलिखित करना है।
2. प्रारम्भिक व्यय को 10,000 ₹ में अपलिखित करना है।
3. ऋणपत्रों पर 6 माह का ब्याज अदत्त है।
4. देनदारों पर 5% का अशुद्ध ऋण संचय कीजिए।
5. आयकर के लिए आयकर प्रावधान 35% कीजिए।
6. 31 मार्च 2019 को अन्तिम रहतिये का मूल्य 1,00,000 ₹ था।

हल क्रमांक 4

Profit & Loss Account of Yash Ltd.,
(for the year ending 31 March 2019)

To Opening stock	1,20,000	By Sales	18,00,000
To Purchases	10,00,000	By Closing stock	1,00,000
To Wages	8,000		
To Gross profit	7,72,000		
	19,00,000		19,00,000
To Shares	8,000	By Gross profit	7,72,000
To Deb Int.			
paid 5,000			

टिप्पणी

Add:			
Outstanding 5,000	10,000		
To General Expenses	7,200	By Old	
		provision 11,000	
To Depreciation plant	48,000	***Less:*** Bad debts 1,200	
To Preliminary expenses		***Less:*** New	
written off	10,000	provision 3,000	6,800
To Provision for			
Tax (6,95,600 × 35%)		2,43,460	
To Net profit for			
the year	4,52,140		
	7,78,800		7,78,800
To Interim			
Dividend paid	15,000	By Bal. b/d	26,900
To Corporate		By P&L A/c	
Dividend Tax	1,500	(Profit for the year)	4,52,140
To Balance c/d	4,62,540		
	4,79,040		4,79,040

Balance Sheet of Yash Ltd.,
as at 31 March 2019

Liabilities	₹	Assets	₹
Share capital:		Fixed Assets	
Authorised:		Goodwill	25,000
Issued & Subscribed:		Premises	16,00,000
1,50,000 shares of			
₹ 10 each 15,00,000		Plant 4,80,000	
		Depreciation 48,000	4,32,000
Less: Calls in			
Arrear 4,000	14,96,000	Current Assets	
		Loans & Advances:	
Reserves & Surplus:		Stock	1,00,000
General Reserve	14,000	Debtors 60,000	
P&C Account	4,62,540	***Less:*** Provision 3,000	57,000
Secured loans:		Cash at Bank	1,80,000
10% Debentures	1,00,000	Miscellaneous	
		Expenditure:	
Interest outstanding	5,000	Preliminary	
		Expenditure 12,000	
Current liabilities &		***Less:*** Written	
Provisions:		off 10,000	2,000
Bills payable	10,000		
Creditors	65,000		
Provisions for Taxation	2,43,460		
	23,96,000		23,96,000

टिप्पणी

उदाहरण– 5

ऋषभ लिमिटेड की अधिकृत पूँजी 3,00,000 है। जो 100 ₹ वाले 3,000 समता अंश में विभक्त हैं। 31 मार्च 2019 को निम्नलिखित तलपट था।

Particulars	₹	Particulars	₹
Buildings	3,00,000	Sales	9,10,000
Machinery	1,00,000	Salaries outstanding	5,000
Closing stock	20,000	Provision for Doubtful debt 1.4.2019	500
Purchases	4,80,000	Share Capital	2,50,000
Salaries	30,000	General Reserve	5,000
Directors fees	10,000	Profit & Loss A/c (1.4.2019)	15,000
Rent	18,000	Creditors	35,000
Depreciation	23,000	Provision for Depreciation	
Bad Debts	1,000	On Building 22,000	
Interest accrued on Investment	2,000	On Machinery 8,000	30,000
		10% Debentures	1,00,000
Debentures Interest	10,000		
Loose Tools	22,000	Interest on Investments	2,500
Advance Tax	20,000	Unclaimed Dividend	7,000
Sundry Expenses	4,000		
Debtors	1,20,000		
Bank	20,00,000		
	13,60,000		13,60,000

निम्नलिखित समायोजनों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार इस कम्पनी के अन्तिम खाते क्षैतिज प्रारूप में बनाइये–

1. 31 मार्च 2019 को अन्तिम रहतिये का मूल्य प्रारम्भिक रहतिये से 5,000 ₹ अधिक था।
2. देनदारों पर संदिग्ध ऋण संचय 5% बनाइये।
3. आयकर के लिए लाभ पर 35% प्रावधान कीजिए।
4. संचालकों ने 25% की दर से लाभांश घोषित किया जिस पर कॉर्पोरेट लाभांश कर 10% मानिये।

हल क्रमांक 5

टिप्पणी

Trading & P&L A/c. of Rishabh Ltd.,
(for the year ended 31 March 2019)

Particulars	Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
To Opening stock	15,000	By Sales	9,10,000
To Purchases	4,80,000	By Closing stock	20,000
To Gross profit c/d	4,30,000		
	9,30,000		9,30,000
To Salaries	30,000	By Gross Profit c/d	4,30,000
To Rent	18,000	By Interest on Investment	2,500
To Sundry expenses	4,000		
To Directors fees	10,000		
To Depreciation	23,000		
To Interest on Debentures	10,000		
To Bad debts	1,000		
To Provision for doubtful debts	5,500		
(331000 × 35%)	1,15,850		
To Net profit after tax	2,15,150		
	4,32,500		4,32,500
To Provision for Corporate Dividend Tax	6,250	By Balance b/d	15,000
To Transfer to Reserve @ 10%	21,515	By Net profit after tax	2,15,150
To Proposed Dividend	62,500		
To Balance c/d	1,39,885		
	2,30,150		2,30,150

Balance Sheet of Rishabh Ltd.,
(as at 31 March 2019)

Liabilities	₹	Assets		₹
Share Capital:		**Fixed Assets:**		
Authorised:		Building	3,00,000	
3000 shares of ₹ 100		Dep.	22,000	2,78,000
Issued: 2,500 shares of		Machinery	1,00,000	
₹ 100 each	2,50,000	Dep.	8,000	92,000
		Investments:		
		Current Assets, loans		

टिप्पणी

Reserves & Surplus:		& Advances:	
General Reserve		**(A) Current Assets:**	
Opening Bal. 5,000		Loose tools	22,000
Add: Addition 21,515	26,515	Closing stock	20,000
Profit & Loss A/c	1,39,885	Debtors 1,20,000	
Secured loans		***Less***: Provision 6,000	1,14,000
10% Debentures	1,00,000	Bank	2,00,000
Unsecured loans:		Interest Accrued	
		on Investments	2,000
Current liabilities &			
provisions	35,000	**(B) Loans & Advances:**	
(A) Current liabilities:		Advance Income Tax	20,000
Sundry Creditors			
Outstanding Salary	5,000		
Unclaimed Dividend	7,000		
(B) Provisions:			
Proposed Dividend	62,500		
Provision for Tax	1,15,850		
Provision for Corporate	6,250		
Dividend Tax			
	7,48,000		7,48,000

उदाहरण– 6

श्रेया लिमिटेड का पंजीयन 10,00,000 ₹ की अधिकश्त पूँजी पर हुआ जो 10 ₹ वाले समता अंश में विभक्त है। 31 मार्च 2019 तक 75,000 अंश जनता में निर्गमित किये जो पूर्ण चुकता हुए। 31 मार्च 2019 को श्रेया लिमिटेड के खातों के शेष निम्न प्रकार हैं–

Stock	2,00,000	Building	10,00,000
Sales	40,00,000	Advertisement	35,000
Purchases	25,00,000	Bonus	5,000
Wages	1,20,000	Debtors	20,000
Discount allowed	6,000	Creditors	1,50,000
Discount received	4,500	Plant & Machinery	7,00,000
Insurance upto			
30.6.2019	24,000	Furniture	2,00,000
Salaries	1,20,000	Cash at Bank	3,00,000
Rent	69,500	General Reserve	1,20,000
General expenses	30,000	Loan from managing	
		director	3,20,000
Profit & Loss A/c	2,40,000	Bad debts	10,000
Printing & Stationery	25,000	Calls in arrears	40,000

निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा कंपनी अधिनियम 1956 के अनुसार क्षैतिज प्रारूप में बनाइये–

1. 25 मार्च 2019 को मजदूरी 10,000 ₹, वेतन 5,000 ₹ तथा किराया 16,000 ₹ देय था।
2. प्लांट एवं मशीन पर 10% तथा फर्नीचर पर 20% ह्रास का प्रावधान कीजिए।
3. घोषित लाभांश की दर 2% है।
4. अंतिम रहतिये का मूल्यांकन 2,10,000 ₹ पर किया गया।
5. आयकर के लिए लाभ का 35% प्रावधान कीजिए।
6. कॉर्पोरेट लाभांश पर 10% है।

हल क्रमांक 6

Trading and Profit & Loss A/c
(for the year ending 31 March 2019)

Particulars		₹	Particulars	₹
To Opening stock		2,00,000	By Sales	40,00,000
To Purchases		25,00,000	By Closing stock	2,10,000
To Wages	1,20,000			
Add: O/s Wages	10,000	1,30,000		
To Gross profit c/d		13,80,000		
		42,10,000		42,10,000
To Salaries	1,20,000		By Gross Profit c/d	13,80,000
Add: O/s Salaries	5,000	1,25,000	By Discount received	4,500
To Discount Allowed		6,000		
To Insurance	24,000			
Less: Unexpired				
Insurance	6,000	18,000		
To Rent	69,500			
Add: O/s				
Rent	16,000	85,500		
To General expenses		30,000		
To Printing & Stationary		25,000		
To Advertisement		35,000		
To Bonus		5,000		
To Bad Debts		10,000		
To Dep on:				
Plant &				
Machinery	70,000			
Furniture	40,000	1,10,000		

टिप्पणी

To Provision for taxation			
(35% on 9,35,000)	3,27,250		
To Net profit c/d	6,07750		
	13,84,500		13,84,500
To Corporate			
Dividend Tax		By Balance b/f	2,40,000
(10% on ₹ 7100)	710	By Net profit b/d	6,07,750
To proposed Dividend			
(@1% on ₹ 7,10,000)	7,100		
To Balance c/d.	8,39,940		
	8,47,750		8,47,750

Balance Sheet of Shreya Ltd.
as on 31 March 2019

Liabilities		₹	Assets		₹
Liabilities:			**Assets:**		
Share Capital:			Fixed Assets:		
Authorised:			Building		10,00,000
1,00,000 shares of					
₹ 10 each		10,00,000	Plant & Machinery		
				7,00,000	
Issued & Subscribed			*Less*: Dep.	70,000	6,30,000
75000 shares of ₹ 10			Furniture	2,00,000	
fully called up 7,50,000			*Less*: Dep.	40,000	1,60,000
Less: Calls in					
Arrears	40,000	7,10,000	Investments		
Reserves & Surplus:			Current Assets,		
			Loans & Advances		
General Reserve		1,20,000	**(A) Current Assets:**		
Profit & Loss A/c		8,39,940	Stock		2,10,000
Secured loans:			Debtors		2,00,000
Unsecured Loans:			Cash at Bank		3,00,000
Loans from Managing			**(B) Loans & Advances:**		
Director		3,20,000	Prepaid Insurance		6,000
Current Liabilities & Provisions:					
(A) Current liabilities:					
Creditors		1,50,000			
Expenses outstanding		31,000			
(B) Provisions:					
Provison for Taxation		3,27,250			
Corporate Dividend Tax		710			
Proposed Dividend		7,100			
		25,06,000			25,06,000

टिप्पणी

उदाहरण– 7

31 मार्च 2019 को ऋषभ और हर्ष कपड़ा लिमिटेड का तलपट निम्न है–

Stock at on 1.4.2019	3,40,000	Purchase returns	10,000
Purchases	7,80,000	Sales	16,70,000
Wages	1,00,000	Discount	8,600
Carriage	7,000	Profit & Loss A/c	1,67,000
Furniture	40,000	Share Capital	10,00,000
Salaries	15,000	Creditors	1,40,000
Rent	24,000	General Reserve	60,000
Sundry Trade Expenses	8,000	Bills Payable	94,400
Dividend Paid	1,00,000		
Corporate Divi. Tax	10,000		
Debtors	2,40,000		
Plant & Machinery	6,36,000		
Cash at Bank	3,00,000		
Patents	2,00,000		
Bills Receivable	3,50,000		
	31,50,000		31,50,000

निम्नांकित अन्य सूचनायें दी गई हैं–

1. 31 मार्च 2019 को रहतिये का मूल्यांकन 2,00,000 ₹ पर किया गया।
2. आयकर के लिए लाभ पर 35% तथा लाभांश पर 10% की दर से प्रावधान कीजिए।
3. प्लांट एवं मशीनरी पर 10% फर्नीचर पर 10% तथा पेटेन्ट पर 20% ह्रास की व्यवस्था कीजिए।
4. 31 मार्च 2019 को किराया 12,000 ₹ तथा वेतन 3,000 ₹ अदत्त है।
5. संचालकों ने अंश पूँजी पर 15% से लाभांश घोषित किया।
6. संदिग्ध एवं डूबत ऋण के लिए 24,000 ₹ का संचय करना है।
7. नए मैनेजर को शुद्ध लाभ का (मैनेजर कमीशन काटने के पश्चात) 20% कमीशन मिलेगा।

उपयुक्त विवरण के आधार पर ऋषभ एवं हर्ष कपड़ा लिमिटेड के अंतिम खाते क्षैतिज प्रारूप में बनाइये।

हल क्रमांक 7

टिप्पणी

Profit & Loss A/c
(for the year ending 31 March 2019)

Particulars		Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
To Opening stock		3,40,000	By Sales	16,70,000
To Purchases	7,80,000		By Closing stock	2,00,000
Less: Purchase return	10,000	7,70,000		
To Wages		1,00,000		
To Carriage		7,000		
To Gross profit c/d		6,53,000		
		18,70,000		18,70,000
To Salaries	15,000			
Add: Outstanding Salaries	3,000	18,000	By Gross profit b/d	6,53,000
			By Discount	8,600
To Rent	24,000			
Add: Outstanding	12,000	36,000		
To sundry Trade Exp.		8,000		
To Depreciation :				
Plant & Machinery	63,600			
Furniture	4,000			
Patents	40,000	1,07,600		
To Provision for Doubtful Debts		24,000		
To Managerial Remuneration		78,000		
To provision for I. Tax (4,08,000 × 20/120)		1,36,500		
To Net profit		2,53,500		
		6,61,600		6,61,600
To Dividend paid		1,00,000		
To Proposed Dividend (1,50,000 – 1,00,000)		50,000	By Net Profit	2,53,500
			By Bal b/d	1,67,000
To General reserve 5% of ₹ 2,53,500		12,675		
To Corporate Dividend Tax (10% of ₹ 1,50,000)		15,000		
To Balance c/d.		2,42,825		
		4,20,500		4,20,500

टिप्पणी

Balance Sheet
(as on 31 March 2019)

Share Capital:			**Fixed Assets:**		
Authorised:			Plant & Machinery		
				6,36,000	
Issued & Subscribed:		10,00,000	***Less*:**		
			Depreciation	63,600	5,72,400
Reserves & Surplus:			Furniture	40,000	
General reserve	60,000		***Less*:**		
Addition	12,675	72,675	Depriciation	4,000	36,000
			Patents	2,00,000	
Profit & Loss A/c		2,42,825	***Less*:**		
			Depreciation	40,000	1,60,000
Secured Loans:			**Current Assts,**		
			Loans & Advances:		
Unsecured loans:			**(A) Current Assets:**		
Current liabilities					
& provision			Stock		2,00,000
(A) Current liabilities:			Debtors	2,40,000	
Bills payable		94,400	***Less*: Provision**	24,000	2,16,000
Creditors		1,40,000	Cash at bank		3,00,000
Outstanding expenses:			**(B) Loans & Advances:**		
Managerial			Bills Receivable		3,50,000
Remuneration	78,000				
Salaries	3,000				
Rent	12,000	93,000			
(B) Provisions:					
Provision for Taxation		1,36,500			
Proposed Dividend		50,000			
Corporate Dividend Tax					
(15,000 – 10,000)		5,000			
		18,34,400			18,34,400

उदाहरण– 8

ग्लास कम्पनी अक्षित लिमिटेड द्वारा दी हुई निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर इस कंपनी का चिट्ठा 31 मार्च 2019 का कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनूसूची VI के भाग 1 के अनुसार ऊर्ध्वाधर प्रारूप में बनाइये।

टिप्पणी

Term loan	3,07,000	Sundry Debtors	2,05,000
Sundry creditors	2,00,000	Miscellaneous Expenses	1,26,000
Advances	4,00,000	Loans from Debtors	1,24,000
Cash & Cash Balances	5,60,000	Provision for doubtful debts	5,000
Staff Advances	40,000	Stores	1,15,000
Provision for Taxation	1,00,000	Fixed Assets	6,00,000
Securities premium	1,45,000	Finished goods	2,40,000
Loose Tools	25,000	General Reserve	8,00,000
Investments	1,75,000	Capital work in progress	4,00,000
Loss for the year	95,000		

निम्नांकित अतिरिक्त सूचनायें दी गई हैं–

1. इस कम्पनी की पूँजी निम्न प्रकार थी–
   (a) 100 ₹ वाले 5,000 समता अंश जिन पर 100 ₹ पूर्ण चुकता हैं।
   (b) 12% पूर्वाधिकार 100 ₹ वाले 8,000 अंश जो पूर्ण चुकता हैं।
2. सम्पत्तियों पर 1,00,000 ₹ ह्रास की व्यवस्था की गई थी।
3. टर्म लोन रक्षित है।

हल क्रमांक 8

Particulars	**Sch. No.**		**As on March 31, 2002 ₹**	**As on March 2002 ₹**
(A) Sources of funds				
1. Share holders Funds:				
(a) Capital		13,00,000		
(b) Reserves & surplus		9,45,000	22,45,000	
2. Loan funds:		3,07,000		
(a) Secured loans			3,07,000	
(b) Unsecured loans			25,52,000	
(B) Application of funds:				
1. Fixed Assets				
(a) Gross Block		7,00,000		
(b) ***Less***: Depreciation		1,00,000		
(c) Net Block		6,00,000		
(d) Capital work in progress		4,00,000	10,00,000	

2. Investments:			1,75,000	
3. Current Assets,				
Loans & Advances:				
(a) Inventories		3,80,000		
(b) Sundry Debtors		2,00,000		
(c) Cash Balances		5,60,000		
(d) Loans & Advances		4,40,000		
Less: Current liabilities		15,80,000		
and Provisions:				
(a) Liabilities		3,24,000		
(b) Provision for taxation		1,00,000	4,24,000	
Net current assets			11,56,000	
4. Miscellaneous				
Expenditure				
(to the extent not				
written off)				
Profit & Loss A/c		95,000		
Miscellaneous Expenses		1,26,000	2,21,000	
			25,52,000	

Working Notes–

(i) Capital:

5,000 equity shares of ₹ 100 each	5,00,000
8,000, 12% Redeemable preference shares of ₹ 100 each	8,00,000
	13,00,000

(ii) Reserves Surplus:

Securities premium	1,45,000
General Reserve	8,00,000
	9,45,000

(iii) Gross Block of Assets:

At WDV	6,00,000
Add: Depreciation	1,00,000
	7,00,000

(iv) Inventories:

Finished goods	2,40,000
Stored	1,15,000
Loose Tools	25,000
	3,80,000

टिप्पणी

(v)	**Sundry Debtors:**	2,05,000
	Less**:** Provision for doubtful debts	5,000
		2,00,000
(vi)	**Loan & Advances:**	
	Advances	4,00,000
	Staff Advances	40,000
		4,40,000
(vii)	**Current Liabilities:**	
	Sundry creditors	2,00,000
	Loan from Debtors	1,24,000
		3,24,000

उदाहरण– 9

रोहन लिमिटेड के खातों में 31 मार्च 2019 को निम्नलिखित बाकियाँ थीं। निम्नांकित अन्य सूचनाएँ दी गई हैं–

Particulars	Dis.	Particulars	Crs.
Land at cost	7,00,000	Equity Capital (shares of ₹ 10 each)	5,00,000
Plant & Machinery at cost	4,00,000	10% Debentures	2,00,000
Debtors	2,20,000	General Reserve	1,00,000
Stock (31.3.2019)	1,60,000	Profit & loss A/c	86,000
Bank	2,40,000	Securities premium	1,20,000
Adjusted Purchases	5,70,000	Sales	11,00,000
Factory Expences	2,00,000	Creditors	3,80,000
Administration Expenses	30,000	Provision for Depreciation	1,00,000
Selling Expenses	35,000		
Debenture Interest	20,000		
Interim dividend paid	10,000		
Corporate Dividend Tax	1,000		
	25,86,000		25,86,000

1. 31 मार्च 2019 को कम्पनी द्वारा अपने अंशधारियों को 1:10 के अनुपात में बोनस शेयर्स निर्गमित किये। जिसकी कोई प्रविष्टि नहीं की गई है।
2. कम्पनी की अधिकृत पूँजी 6,00,000 ₹ जो 10 ₹ वाले 60,000 अंश में विभक्त है।
3. कम्पनी द्वारा भूमि का स्वतंत्र मूल्यांकन 7,50,000 ₹ पर किया गया।
4. कम्पनी द्वारा आयकर के लिए 35% प्रस्तावित अन्तिम लाभांश 10% कॉर्पोरेट लाभांश कर तथा 50,000 ₹ सामान्य संचय में हस्तांतरित करना है।
5. प्लांट तथा मशीनरी पर 10% ह्रास की व्यवस्था कीजिए।

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इसके ऊद्धर्वाधर प्रारूप में अन्तिम खाते बनाइये।

हल क्रमांक 9

टिप्पणी

Balance Sheet
(as on 31.3.2019)

Particulars	Sch. No.			
(i) Sources of funds				
1. Share holders Funds:				
(a) Capital	1		5,50,000	
(b) Reserves & surplus	2		3,73,250	9,23,250
2. Loan funds:				
10% Debentures				2,00,000
(ii) Application of funds:				
1. Fixed Assets				
Land			7,50,000	
Gross Block		4,00,000		
***Less*: Depreciation**		1,40,000	2,60,000	10,10,000
2. Current Assets:				
Stock		1,60,000		
Debtors		2,20,000		
Bank		2,40,000	6,20,000	
***Less*: Current liabilities**				
Creditors		3,80,000		
Provision for Tax		71,750		
Proposed Dividend		50,000		
Corporate Dividend Tax		5,000	5,06,750	1,13,250
				11,23,250

Profit & Loss A/c
for the year ended 31.3.2019

A. Sales & Other Income			₹	
Sales			11,00,000	
Other Income				
Total Income			11,00,000	
B. ***Less*: Expenses**				
Purchases		5,70,000		
Factory Expenses		2,00,000		
Administration Expenses		3,00,000		
Selling Expenses		35,000		
Depreciation		40,000		
Interest on Debentures		20,000	8,95,000	

टिप्पणी

C. Net profit before tax [A-B]			2,05,000	
D. ***Less***: Tax @ 35%			71,750	
E. Net profit after Tax			1,33,250	
F. ***Add:*** Balance brought forward from the previous years			86,000	
G. Total			2,19,250	
H. ***Less***: Appropriations:				
Transfer to reserve		50,000		
Interim Dividend		10,000		
Proposed Dividend		50,000		
Corporate Dividend Tax @10%		6,000	1,16,000	
			1,03,250	

Working Notes–

(i) Bonus issue proportion = 1:10

(ii) No. of shares = 5,00,000 × 1/10 = 50,000

Journal

Particulars	C.F.	Dr. (₹)	Cr. (₹)
General Reserve A/c Dr.		50,000	
To equity share capital A/c			50,000
(being reserves capitalized for bonus)			
Land A/c. Dr.		50,000	
To Revaluation Reserve A/c		50,000	
(being land revalued)			

Schedule

Schedule 1: Share Capital		
Authorised	₹	
60,000 shares of ₹ 10 each	6,00,000	
Issued, Subscribed and fully paid-up		
55,000 shares of ₹ 10 each	5,50,000	
(Of the above shares are allotted as fully paid-up way of Bonus shares Bonus shares were issued by utilising the general reserve)		
Schedule 2: Reserves and Surplus		
	₹	
Securities Premium Account	1,20,000	
Revaluation reserve (land)	50,000	
General Reserve (1,00,000 – 50,000 + 50,000)	1,00,000	
Balance in Profit & Loss Account	1,03,250	
	3,73,250	

Schedule 3: Fixed Assets

Particulars	As on 1.4.2009	Additions	Deletions	Depriciation	Net Blocks
Land	7,00,000	50,000	—	—	7,50,000
Plant & Machinery	4,00,000			40,000	3,60,000
Total				40,000	11,10,000

उदाहरण– 10

विद्यार्थी लिमिटेड जो एक निर्माणी कम्पनी है जिसकी अधिकृत पूँजी 10,000 समता अंश जो प्रत्येक 100 ₹ तथा 5000, 6% पूर्वाधिकार अंश जो प्रत्येक 100 ₹ का है।

कंपनी के खातों ने 31 मार्च 2019 को निम्न बाकियाँ दर्शायी।

Particulars	Dr. (₹)	Cr. (₹)
8000, shares fully paid-up		8,00,000
6% Preference share capital fully paid-up		3,00,000
General Reserve		3,00,000
Profit & Less A/c		1,20,000
Purchases	8,00,000	
Creditors		2,50,000
Sales		15,50,000
Wages	80,000	
Salaries	20,000	
Commission to M.D.	20,000	
Factory Expenses	13,800	
Carriage Inward	2,000	
Opening Stock:		
Finished goods	1,40,000	
Raw Materials	1,20,000	
Other Administrative Expenses	30,000	
Debtors	3,25,000	
Plant & Machinery	6,00,000	
Furniture	1,20,000	
Dividend unpaid		25,000
Preliminary Expenses	20,000	
Preference share dividend for the year	18,000	
Corporate Dividend Tax	1,800	
Cash and Bank balance	2,89,400	
Provision for Doubtful Debts		4,400
Miscellaneous		50,600
Land and Building	8,00,000	
	34,00,000	34,00,000

टिप्पणी

निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखकर 31 मार्च 2019 के वर्ष के लिए विद्यार्थी लिमिटेड का लाभ-हानि खाता एवं चिट्ठा कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार बनाइऐ–

1. अन्तिम स्कन्ध निर्मित माल 80,000 ₹ कच्चा माल
2. ह्रास प्लाण्ट 10%, फर्नीचर 20%
3. प्रारम्भिक व्यय का 1/2 अपलिखित करना है।
4. आयकर के लिए 35% तथा कॉर्पोरेट लाभांश कर 10% है।
5. देनदारो पर 10% डूबत ऋण संचय कीजिए।
6. प्रबन्ध अभिकर्ता के कमीशन के लिए 18,000 ₹ का प्रावधान कीजिए।
7. समता अंशों पर प्रस्तावित लाभांश दर 10% है।
8. 25,000 ₹ एक ग्राहक से प्राप्त हुए जो पिछले वर्षों में डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया के रूप में गया था। तथा जिन्हें गलती से वसूल होने पर लेनदारों में शामिल कर लिया गया।
9. 16,000 ₹ सामान्य संचय में हस्तांतरित किये जायें।

हल क्रमांक 10

Trading and Profit & Loss A/c
(for the year ended 31.3.2019)

Particulars	₹	Particulars	₹
To Finished goods stock	1,40,000	By Sales	15,50,000
To Raw Material		By Closing stock	80,000
Consumed	8,60,000		
(Opening stock +			
Purchases closing stock)			
To Wages	80,000		
To Carriage Inward	2,000		
To Factory Expenses	13,800		
To Gross Profit c/d	5,34,200		
	16,30,000		16,30,000
To Salaries	20,000	By Gross Profit b/d	5,34,200
To Adm. Expenses	30,000	By Misc. Income	50,600
To Depreciation :		By Bad debt recovered	25,000
Plant & Machinery	6,000		
Furniture	24,000		
To Prel. Expenses	4,000		
To Managing Directors			
Commission	18,000		
To Provision for			
Doubtful debts	28,100		
To Provision for I. Tax	1,48,995		
To Net Profit c/d	2,76,705		
(4,25,700 × 35%)	6,09,800		6,09,800

To Reserve	16,000	By Bal. b/d	1,20,000
To Preference Dividend	18,000	By Profit in the	
To Proposed Equity Div.	80,000	year b/d	2,76,705
To Corporate Div. Tax	9,800		
To Bal. c/d	2,72,905		
	3,96,705		3,96,705

Balance Sheet
(as on 31 March 2019)

Liabilities	₹	Assets	₹
Share Capital:		Fixed Assets:	
Authorised:		Land & Building	
		(Presumed at cost)	8,00,000
3,000, 5% pref shares			
of ₹ 100 each	3,00,000	Plant & Machinery	
6000, equity shares		Balance (1.4.2020)	
of ₹ 100 each	6,00,000	6,00,000	
	9,00,000	***Less*:**	
		Depreciation 60,000	5,40,000
		Furniture:	
		Balance 1,20,000	
		Dep. 24,000	96,000
Issued & Subscribed:		Investments:	Nil
3,000, 6% Preference			
shares of ₹ 100 each			
fully paid	3,00,000	Current Assets,	
		Loans & Advances	
80,000 Equity shares of			
₹ 10 each fully paid	8,00,000	A, Current Assets	
		Stock in trade	
Reserves & Surplus:		Raw	
		Material 60,000	
General		Finished	
Reserve 3,00,000		goods 80,000	1,40,000
Add: During		Sundry	
the year 16,000	3,16,000	Debtors 3,25,000	
Profit & loss A/c	2,72,905	***Less*:** Provision	
Secured Plans:		for bad debts 32,500	2,92,500
Unsecured loans:		Cash in hand &	
		Cash at Bank	2,89,400

Current liabilities & Provisions:		Loans & Advances:	
(A) Current liabilities:		Recoverable from	
Sundry Creditors	2,25,000	Managing Director	2,000
Dividend unpaid	25,000	Miscellaneous Expenditure:	
(B) Provisions:		Preliminary Expenses	16,000
Provision for I. Tax	1,48,995		
Proposed Equity Dividend	80,000		
Corporate Dividend Tax	8,000		
	21,75,900		21,75,900

1.3 लाभांश की घोषणा (Declaration of Dividend)

किसी भी संयुक्त स्कन्ध प्रमण्डल में पूँजी का प्रतिफल लाभांश होता है। लाभांश पर कम्पनी के अंशधारियाँ का अधिकार होता है। कम्पनी में लाभों के बटवोट के लिये कम्पनी अधिनियम 2013 की वैधानिक व्यवस्था लागू होती है। जिसके अन्तर्गत लिखा गया है कि लाभों का बटवारा सीधे अंशधारियाँ को नही किया जा सकता है। जब कम्पनी के वार्षिक खाते वित्तीय वर्ष के आधार पर तैयार हो जाते हैं तब उनका अंकेक्षण कार्य करवाया जाता है। अंकेक्षण हो जाने के उपरान्त कम्पनी के संचालकों की सभा में यह निर्णय किया जाता है कि चालू वर्ष के शुद्ध लाभ एवं पिछले वर्ष के आगे ले जाये गये लाभों में से लाभांश की घोषणा कबसे की जाना है। लाभों में से लाभांश की घोषणा किये जाने के अलावा भी संचालक मण्डल यह ध्यान रखता है कि अंशधारियों को पर्याप्त उचित लाभांश एवं बोनस देने के साथ-साथ कम्पनी की वित्तीय स्थिति भी सुदृढ हो। अतः इस हेतु पर्याप्त संचयों और कोशों का निर्माण भी किया जाता है।

1.4 लाभ-हानि नियोजन खाता एवं लाभों का निपटारा (Profit-Loss Planning Account and Settlement of Benefits)

संयुक्त स्कन्ध प्रमण्डल में लाभ-हानि नियोजन हेतु निम्न दो बातों को ध्यान रखना होगा–

1. विभाजन-योग्य लाभ का विभाजन।
2. संचयों एवं कोषों में लाभों का नियोजन।

1. विभाजन-योग्य लाभ का विभाजन (Division-Division of Gains)

विभाजन-योग्य लाभ का आशय शुद्ध लाभ के उस हिस्से से है जो वैधानिक रूप से प्रमण्डल के अशंधारियाँ में किया जाता है। शुद्ध लाभों के विभाजन हेतु लाभ-हानि नियोजन खाता बनाया जाता है। इस खाते में शुद्ध लाभों को पहले क्रेडिट पक्ष में स्थानांतरित किया जाता है तद्उपरान्त कम्पनी के विभिन्न संचयों एवं कोषों में वांछित रकम हस्तांतरित करने के बाद जो लाभ शेष रहता है उसे अंशधारियों के लिये

उपलब्ध विभाजन-योग्य लाभ कहते हैं। कम्पनी के समस्त लाभ विभाजन-योग्य वही होते हैं। केवल वह लाभ विभाजन-योग्य होते हैं, जिन्हें अंशधारियों को बाँटा जाता है।

अंशधारियों को विभाजन-योग्य लाभ का विभाजन निम्न दो तरीकों से किया जाता है–

1. लाभांश के रूप में।
2. बोनस के रूप में।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 123(4) में लाभांश में अन्तरिम लाभांश को सम्मलित करते हुये कहा है! – "लाभांश में अन्तरिम लाभांश सम्मिलित है।"

कम्पनी अधिनियम 2013 में लाभांश के सम्बन्ध में निम्न प्रावधान हैं–

1. कम्पनी वित्तीय वर्ष के लिये केवल उन्हीं लाभों में से लाभांश की घोषणा कर सकती है, जिसमें से धारा 123(1)(a) के अनुसार ह्रास का आयोजन कर दिया गया हो।
2. कम्पनी गत वर्षो के लाभों में से भी लाभांश का वितरण कर सकती है। बेशर्त यह लाभ अवितरित लाभ हैं एवं इसमें से भी धारा 123(1)(a) के अनुसार ह्रास का आयोजन कर दिया गया है।
3. कम्पनी द्वारा ऐसी राशि को भी लाभांश के रूप में विभाजित किया जा सकता है, जो राज्य या केन्द्र शासन द्वारा गारण्टी के अनुसार लाभ विभाजन हेतु दी गई है।
4. कम्पनी के लाभांश का भुगतान केवल पंजीकृत अंशधारियों को या उनके द्वारा निर्देशित व्यक्तियों को ही किया जायेगा।
5. कम्पनी द्वारा लाभांश का भुगतान, घोषणा तिथि के 30 दिन के अन्दर होना चाहिये।
6. कम्पनी के लाभांश की दर संचालक मण्डल द्वारा तय की जाती है।
7. कम्पनी अपने लाभांश की घोषणा संचालक सभा में करती है।
8. विभाजन योग्य लाभ के सम्बन्ध में पार्षद सीमानियम और अन्तनियमों के दिये हुए नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है।
9. अन्त में ऐसे लाभांश की राशि जो भुगतान न की गई दो, को विशेष लाभांश खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है।

2. संचयों एवं कोषों में से लाभांश का नियोजन (Dividend out of Deposits)

कम्पनी अपने संचयों एवं कोषों में से भी केन्द्रीय सरकार की अनुमति से लाभांश घोषणा नियम, 2014 के अन्तर्गत लाभांश की घोषणा कर सकती है। लाभांश घोषणा नियम, 2014 में निम्न शर्ते हैं–

1. घोषित किए जाने वाले लाभांश की दर गत तीन वर्षों की लाभांश दरों की औसत दर से अधिक नहीं होगी।
2. संचयों से निकली जाने वाली राशि प्रदन्त पूँजी तथा मुक्त संचयों के योग की 10% से अधिक नहीं होगी। इसके अतिरिक्त ऐसी निकाली गयी राशि को

सर्वप्रथम उस वित्तीय वर्ष में हुई हानियाँ को अपलिखित करने के लिए प्रयोग किया जायेगा। एवंम शेष बची राशि को ही लाभांश की घोषणा के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

टिप्पणी

3. संचयों में से लाभांश देने के बाद जो शेष राशि आती है, वह राशि कम्पनी की प्रदन्त पूँजी के 15 से कम नहीं होना चाहिये।
4. संचयों में लाभ-हानि नियोजन खाते से प्रतिवर्ष हस्तांतरित राशि सम्मलित होती है।
5. विकास छूट संचय की रकम को भी संचय में शामिल किया जाता है।

1.5 समामेलन के पूर्व एवं पश्चात के लाभ-हानि की गणनाऐं (Counts of Profit and Loss Before and After the Conference)

प्रत्येक प्रमण्डल का समामेलन होना अनिवार्य हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 11 के अनुसार, किसी भी कम्पनी को अनुबन्ध करने की योग्यता समामेलन का प्रमाण पत्र एवं व्यवसाय चालू करने का प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही प्राप्त होता है। जब कम्पनी का निर्माण किया जाता है, तब समामेलन से काफी पूर्व अवधि से इसकी योजना बनाना प्रारम्भ हो जाती है। अतः कम्पनी के प्रवर्तक योजना बनते ही, समामेलन का प्रमाण पत्र प्राप्त किये बिना ही कम्पनी का कार्य करना प्रारम्भा कर देते हैं। कई कम्पनियों का निर्माण ही किसी पुरानी कम्पनी को कर का अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से किया जाता है। ऐसे में कम्पनी के क्रय मूल्य का भुगतान और समामेलन की तिथि में अन्तर हो जाने के कारण यह आवश्यक हो जाता है कि प्रथम वित्तीय वर्ष का लाभ दो भागों में निकाला जाये अर्थात समामेलन के पूर्व का लाभ या हानि एवं समामेलन के पश्चात का लाभ या हानि ज्ञात करना।

क्रय की तारीख से समामेलन की तारीख तक वह व्यवसाय निरंतर चालू रहता है, जिसे क्रय किया गया है। इस अवधि में उस व्यापार से होने वाले लाभ या हानि को समामेलन के पूर्व का लाभ या हानि कहा जाता है। क्रय करने वाली कम्पनी का समामेलन हो जाने पर, समामेलन की तिथि से वित्तीय वर्ष की अन्तिम तिथि तक लाभ या हानि समामेलन के बाद की अवधि का लाभ या हानि कहा जाता है।

इस लाभ या हानि को निम्न द्वारा समझा जा सकता है।

क्रय की तिथि से ⟶ समामेलन तक ⟶ पूर्व का लाभ या हानि

समामेलन की तिथि से ⟶ वित्तीय वर्ष के अन्त तक

⟶ बाद का लाभ या हानि

समामेलन या व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण पत्र पाने के पूर्व का लाभ या हानि ज्ञात करना।

चुँकि व्यापार खाते में समस्त क्रय-विक्रय के लेखे किये जाते है, अंतः सकल लाभ पूर्व से ही उपलब्ध होता है। इस सकल लाभ में से समामेलन के प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक की अवधि के व्यय घटाने के बाद आयी हुई राशि समामेलन के पूर्व का लाभ या हानि कहलाता है।

समामेलन के पूर्व का लाभ, पूँजी लाभ की श्रेणी में रखा जाता है अतः इसे लाभांश की तरह, अंशधारियों को वितरित नही किया जाता है। इस राशि का प्रयोग निम्नलिखित राशियाँ के प्रयोग हेतू किया जाता है–

1. ख्याति के पुस्तकीय मूल्य को कम करने के लिये।
2. पूँजीगत हानियों की पूर्ति के लिये।
3. लाभ की राशि का हस्तांतरण पूँजी संचय में करने के लिये।

समामेलन के पूर्व की हानि का लेखा निम्नलिखित राशियों हेतू किया जाता है–

1. पूर्व से ख्याति की राशि दी हुई होने पर इस राशि में जोड़ कर लेखा किया जाता है।
2. पूर्व से ख्याति की राशि न देने पर, ख्याति खाता खोल कर लेखा किया जाता है।
3. हानि की राशि को पूँजीगत लाभों की राशि में अपलिखित करना।

समामेलन या व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण पत्र पाने के बाद का लाभ या हानि ज्ञान करना।

समामेलन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद का लाभ-हानि व्यापार का युद्ध लाभ या शुद्ध हानि कहलाती है। अतः इस अवधि का लाभ या हानि ज्ञात करने के लिए समामेलन से वित्तीय वर्ष समाप्ति तक का लाभ एवं हानि खाता बनाया जाता है। समामेलन के बाद का लाभ व्यापार का शुद्ध लाभ होता है, इसका प्रयोग ठिक वैसे ही किया जाता है जैसे किसी कम्पनी के शुद्ध लाभ का सामान्य तौर प्रयोग किया जाता है।

समामेलन के पूर्व एवं बाद का लाभ या हानि ज्ञात करने के लिये सबसे आवश्यक कार्य होता है कि समस्त आयों एवं व्ययों के बटवारे का उचित अनुपात होना। व्यापार में कई प्रकार के आय एवं व्यय होते हैं, इन आयों एवं व्ययों के बंटवारे का क्या आधार होता है, इसकी जानकारी के लिये निम्न बातों पर ध्यान देना होगा–

1. **समय के अनुसार कुल लाभ का बंटवारा करना**– व्यापार के सकल लाभ का विभाजन समय के आधार पर किया जा सकता है। यह विभाजन इस मान्यता को आधार मानकर किया जाता है कि वर्ष-पर्यन्त विक्री एक समान होती है। परन्तु लाभ-विभाजन हेतु यह विधि ज्यादा प्रयोग में नही आती है।

2. **विक्री के अनुसार कुल लाभ का विभाजन करना**– इस विधि के अर्न्तगत सकल लाभ का विभाजन समामेलन के पूर्व के विक्रय एवं समामेलन के बाद के विक्रय के आधार पर किया जाता है। सस विधि को एक उपयुक्त विधि माना गया है।

3. समय एवं विक्री दोनों विधियों का प्रयोग समामेलन के लाभों एवं व्ययों को विभाजन हेतू किया जा सकता है। यह विधि सबसे ज्यादा उपयुक्त विधि होती है इस विधि के अनुसार निम्न अदो को बाँटने का निम्न आधार होता है–

1. सकल आय या सकल लाभ को कम्पनी की बिक्री के आधार पर बाँटना चाहिये।
2. **कुछ व्ययों को समय के अनुसार बाँटना**– बिजली का बिल का व्यय, बीमा प्रीमियम, ब्याज, किराया, बेतन, ह्रास, कार्यालय व्यय, डाक व्यय एवं छपाई व स्टेशनरी के व्ययों को समय या अंवधि के अनुसार बाँटना चाहिये।

3. **कुछ व्ययों की बिक्री के अनुसार बाँटना**— ऐसे व्यय जो विक्रय पर निर्भर रहते हैं, उन्हें समामेलन के पूर्व एवं बाद की बिक्री के अनुपात में बाँटा जाता है जैसे— विज्ञापन व्यय, ग्राहकों को दी जाने वाली छुट, कमिशन, बिक्री व्यय, अप्राध्यभण आदि।
4. **कुछ व्ययों का समामेलन के पूर्व का होना**— व्यापार में कुछ व्ययों की प्रवृति ऐसी होती है, जो समामेलन के पूर्व के ही होते हैं जैसे क्रम मूल्य पर ब्याज एवं विक्रेताओं को दिया जाने वाला कमीशन या अन्य कोई राशि। क्रय मूल्य पर ब्याज का भुगतान यदि समामेलन के बाद तक किया जाता है, तो इसे समामेलन के पूर्व की अवधि एवं समामेलन के बाद की अवधि के अनुपात से बाँटा जाता है।
5. **कुछ व्ययों का समामेलन के बाद का होना**— व्यापार में कुछ व्यय पूर्णतः समामेलन के बाद के व्यय ही होते हैं। अतः इन व्ययों को समामेलन के बाद की अवधिक में ही डेबिट किया जाना चाहिये। जैसे संचालकों की फीस, प्रबन्ध संचालकों का शुल्क एवं पारिश्रमिक या अन्य कोई देय राशि, प्रमाण पत्रों पर ब्याज, यह व्यय हमेशा समामेलन के बाद के ही व्यय होते हैं। इसके अतिरिक्त प्रारम्भिक व्यय एवं राजनीतिक पार्टी को कम्पनी द्वारा दिया गया चन्दा भी समामेलन की बाद की अवधि का होता है।
6. **व्ययों की प्रवृति के अनुसार व्ययों का बंटवारा**— व्ययों को स्थायी एवं परिवर्तनशील व्ययों में विभाजित किया गया है। अतः स्थायी व्ययों को समय के आधार पर एवं परिवर्तनशील व्ययों को बिक्री के आधार पर बाँटा जाना चाहिये।

समामेलन के पूर्व एवं बाद का लाभ ज्ञात करने के लिये विवरण पत्र भी बनाया जा सकता है या फिर लाभ-हानि खाता बनाकार भी पूर्व एवं बाद का लाभ किया जा सकता है। यहाँ हम पहले विवरण पत्र के आधार पर एक उदाहरण देखगें, उसके बाद लाभ-हानि खाता बनाकर पूर्व एवं बाद का लाभ ज्ञात करेंगें।

उदाहरण— 11

एक सीमित दायित्ववाली कम्पनी के निम्न व्यवहार दिये हुये हैं।

1. वर्ष का सकल लाभ ₹ 1,00,000;
2. वर्ष की बिक्री ₹ 2,50,000;
3. बिक्री व्यय ₹ 10,000;
4. प्रारम्भिक व्यय ₹ 5,000;
5. वेतन ₹ 12,000।

कम्पनी 1 अप्रैल 2019 से प्रारम्भ हुई, लेकिन समामेलन का प्रमाण पत्र 1 जुलाई 2019 को प्राप्त हुआ। अन्तिम खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बनाए जाते हैं। वर्ष में समामेलन से पूर्व की बिक्री ₹ 50,000 है जो उपरोक्त बिक्री में सम्मलित है। समामेलन के पूर्व एवं समामेलन के बाद का लाभ निकालने के लिये विवरण पत्र बनाइऐ।

टिप्पणी

हल क्रमांक 11

Statement Showing Pre & Post Incorporation Profit
(for the year ended on 31st March, 2020)

Particulars	Total amount	Basis of allocation	Pre incorporation	Post incorporation
Gross profit	1,00,000	Sales	20,000	80,000
Less: Selling Exp.	10,000	Sales	2,000	8,000
Less: Preliminary Exp.	5,000	Post	—	5,000
Less: Salary	12,000	Time	3,000	9,000
Total Net Profit	73,000			
Pre Incorporation			15,000	
Post Incorporation				58,000

1. बिक्री अनुपान की गणना

   पूर्व की बिक्री ₹ 50,000

   बाद की बिक्री ₹ 2,00,000

   बिक्री अनुपात 5:20 या 1:4

2. समय अनुपात की गणना

   पूर्व का समय – 1 अप्रैल से 1 जुलाई तक = 3 माह

   बाद का समय – 1 जुलाई से 31 मार्च तक = 9 माह

3. बिक्री व्यय का विभाजन

   पूर्व का व्यय = $10{,}000 \times \frac{1}{5} = 2{,}000$

   बाद का व्यय = $10{,}000 \times \frac{4}{5} = 8{,}000$

4. वेतन का विभाजन

   पूर्व का वेतन = $12{,}000 \times \frac{1}{4} = 3{,}000$

   बाद का वेतन = $12{,}000 \times \frac{3}{4} = 9{,}000$

उदाहरण– 12

1 अप्रैल 2019 से एक कम्पनी का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये आदित्य सचान लिमिटेड का समामेलन 31 अगस्त, 2019 को सम्पन्न हुआ। इस सम्बन्ध में निम्न व्ययों को पुस्तकों में दिखाया गया है। आपको समामेलन के पूर्व एवं बाद के लाभों की गणना लाभ-हानि खाता बनाकर करनी है।

Bad debts	₹	360
Director's fee	₹	1,200
Interest to vendor	₹	400
Depreciation	₹	600
Gross profit	₹	12,000
Salaries	₹	720
General Expeience	₹	840
Sales	₹	75,000

1 अप्रैल से 31 अगस्त के मध्य की बिक्री ₹ 25,000 है।

हल क्रमांक 12

Profit and Loss A/c

(for the year ending on 31st March, 2020)

Particulars	Prior	Post	Particulars	Prior	Post
To Bad dabts	120	240	By Gross Profit	4,000	8,000
To Director fees		1,200			
To Interest to vendor		400			
To Depreciation	250	350			
To Salary	300	420			
To General Exp.	350	490			
To Net Profit	2,980	4,900			
	4,000	8,000		4,000	8,000

1. सकल लाभ का विभाजन बिक्री अनुसार होगा, बिक्री अनुपात निम्नानुसार निकाला जायेगा।

   समामेलन से पूर्व की अवधि की बिक्री ₹ 25,000

   समामेलन से बाद की अवधि की बिक्री ₹ 50,000

   बिक्री अनुपात 25,000:50,000 या 1:2

   सकल लाभ पूर्व का = $12{,}000 \times \frac{1}{3} = 4{,}000$

   सकल लाभ बाद का = $12{,}000 \times \frac{2}{3} = 8{,}000$

2. बुरा ऋण का विभाजन बिक्री के अनुपात में।

   पूर्व का = $360 \times \frac{1}{3} = 120$

   बाद का = $360 \times \frac{2}{3} = 240$

3. ह्रास का विभाजन समयनुसार होगा।

   समामेलन से पूर्व का समय = 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक = 5 माह

   समामेलन से बाद का समय = 31 अगस्त से 31 मार्च तक = 7 माह

समय अनुपात = 5:7

पूर्व का ह्रास = $600 \times 5/12 = 250$

बाद का ह्रास = $600 \times 7/12 = 350$

4. वेतन का विभाजन समयनुसार होगा।

पूर्व का वेतन = $720 \times 5/12 = 300$

बाद का वेतन = $720 \times 7/12 = 420$

5. सामान्य व्यय का विभाजन समयनुसार होगा।

पूर्व का व्यय = $840 \times 5/12 = 350$

बाद का व्यय = $840 \times 7/12 = 490$

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. समामेलन के पूर्व के लाभ को हस्तांतरित किया जाता है।
   (क) सामान्य संचय में (ख) पूँजी संचय में
   (ग) व्यापार खाते में (घ) प्रारम्भिक व्यय में
2. समामेलन के बाद के लाभ को हस्तांतरित किया जाता है।
   (क) सामान्य संचय में (ख) पूँजी संचय में
   (ग) व्यापार खाते में (घ) लाभ-हानि खाते में
3. वेतन को विभाजित किया जाता है।
   (क) समय अनुपात में (ख) बिक्री अनुपात में
   (ग) बाद का व्यय है (घ) पूर्व का व्यय है
4. बिक्री व्यय को विभाजित किया जाता है।
   (क) समय अनुपात में (ख) बिक्री अनुपात में
   (ग) बाद का व्यय है (घ) पूर्व का व्यय है
5. प्रारम्भिक व्यय को विभाजित किया जाता है।
   (क) समय अनुपात में (ख) बिक्री के अनुपात में
   (ग) बाद का व्यय है (घ) पूर्व का व्यय है

1.6 अंश पूँजी व्यवहार का लेखांकन (Authoring Share Capital Transaction)

प्रायः एक सीमित कम्पनी की पूँजी बराबर-बराबर के अनेक भागों में विभाजित होती है और ऐसा प्रत्येक भाग अंश कहलाता है। कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंश का आशय कम्पनी की अंश पूँजी के अंश से है तथा इसमें स्कन्ध (Stock) भी सम्मिलित होते हैं जब तक कि अंश और स्कन्ध में अन्तर न किया गया हो। स्कन्ध कम्पनी के पूर्ण दत्त अंशों का परिवर्तित रूप होते हैं।

1.6.1 अंशों के प्रकार (Types of Share)

टिप्पणी

कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत एक सार्वजनिक कम्पनी निम्न दो प्रकार के अंशों को निर्गमित कर सकती है–

(i) पूर्वाधिकार अंश

(ii) साधारण अंश

1.6.2 पूर्वाधिकार अंश (Preference Shares)

इन अंशों से आशय उन अंशों से है, जिन्हें लाभांश सम्बन्धी तथा पूँजी के पुर्नभुगतान सम्बन्धी पूर्वाधिकार प्राप्त होते हैं। पूर्वाधिकार अंश निम्न प्रकार के हो सकते हैं–

(अ) संचयी पूर्वाधिकार अंश (Cumulative Preference Shares)– इस प्रकार के पूर्वाधिकार अंशों के अंशधारी को यदि किसी वर्ष कम्पनी को लाभ कम होने या न होने की दशा में लाभांश न दिया गया हो, तो इस बकाया लाभांश को अगले वर्षों के लाभों से दिया जाता है। इस प्रकार ऐसे अंशों पर लाभांश संचयी होता है।

(ब) असंचयी पूर्वाधिकार अंश (Non-Cumulative Preference Shares)– ऐसे अंशधारियों को लाभांश प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। यदि किसी वर्ष लाभ कम होने या न होने के कारण लाभांश न वितरित किया जाय, तो अगले वर्ष कम्पनी द्वारा लाभांश नहीं दिया जाता है।

(क) शोध्य पूर्वाधिकार अंश (Redeemable Preference Shares)– कोई भी कम्पनी अपने अन्तर्नियमों द्वारा अधिकृत होने पर ऐसे पूर्वाधिकार अंशों को अपने जीवनकाल में पूर्ण भुगतान कर सकती है।

(ड) अशोध्य पूर्वाधिकार अंश (Irredeemable Preference Shares)– इस प्रकार के अंश कम्पनी के पास स्थायी पूँजी के रूप में रहते हैं और कम्पनी अपने समापन के पहले इनको वापस नहीं करती।

(य) परिवर्तनशील पूर्वाधिकार अंश (Convertible Preference Shares)– ऐसे अंशधारियों को यह अधिकार प्राप्त होता है कि वे अपने अंशों को एक निश्चित समय के अन्दर या एक निश्चित तिथि तक साधारण अंशों में परिवर्तित करा सकते हैं।

(र) भागयुक्त पूर्वाधिकार अंश (Participating Preference Shares)– ऐसे अंशधारियों को निश्चित दर से लाभांश देने के बाद कम्पनी के अतिरिक्त शेष लाभों में से साधारण अंशधारियों के साथ इनको भी हिस्सा पाने का अधिकार होता है।

(ल) अभाग्ययुक्त पूर्वाधिकार अंश (Non-Participating Preference Shares)– ये वे पूर्वाधिकार अंश होते हैं, जो भागयुक्त नहीं होते हैं।

1.6.3 साधारण अंश (Equity Shares)

साधारण अंश वे अंश होते हैं, जो पूर्वाधिकार अंश नहीं होते। साधारण अंशों पर लाभांश पूर्वाधिकार अंशों पर निश्चित लाभांश देने के बाद प्राप्त होता है तथा ऐसे अंशों की पूँजी की वापसी कम्पनी के समापन पर पूर्वाधिकार अंशों की पूँजी की वापसी के बाद ही की जा सकती है।

1.6.4 अंश पूँजी के प्रकार (Forms of Share Capital)

एक कम्पनी की पूँजी का विभाजन निम्नलिखित रूपों में किया जा सकता है–

1. अधिकृत पूँजी (Authorised Capital)– ऐसी पूँजी जिसका वर्णन कम्पनी के पार्षद सीमा नियम में होता है। यह पूँजी की वह अधिकतम राशि है जिसको निर्गमित करने का अधिकार कम्पनी को प्राप्त है।

2. निर्गमित पूँजी (Issued Capital)– निर्गमित पूँजी कम्पनी की अधिकतम पूँजी का वह भाग है जो कम्पनी द्वारा वास्तव में निर्गमित किया गया है अर्थात पूँजी के जितने अंशों का आबंटन कर दिया गया है, की अंकित मूल्य निर्गमित पूँजी कहलाता है।

3. प्रार्थित पूँजी (Subscribed Capital)– निर्गमित पूँजी का वह भाग जो जनता द्वारा ले लिया जाता है उसे प्रार्थित पूँजी या अभिदत्व पूँजी कहते हैं।

4. याचित पूँजी या माँगी गयी पूँजी (Called-up Capital)– यह प्रार्थित पूँजी का वह भाग जो जनता द्वारा याचित किया जाता है उसे माँगी गयी पूँजी कहते हैं।

5. दत्त पूँजी या चुकता पूँजी (Paid-up Capital)– याचित पूँजी का वह भाग जो जनता द्वारा वास्तव में चुका दिया गया हो उसे चुकता पूँजी कहते हैं।

6. संचित पूँजी (Reserve Capital)– कम्पनी एक प्रस्ताव के द्वारा यह निर्णय कर सकती है कि कम्पनी की प्रार्थित पूँजी का वह भाग जो माँगा नहीं गया है, केवल कम्पनी के समापन की दशा में ही माँगा जायेगा। पूँजी के ऐसे भाग को संचित पूँजी कहते हैं।

1.6.5 अंशों का निर्गमन (Issue of Shares)

अंश पूँजी के निर्गमन के लिए कम्पनी प्रविवरण (Prospectus) के माध्यम से आवेदन–पत्र माँगती है। अंशों को लेने के इच्छुक विनियोग कर्ता वर्ग अपने आवेदन पत्र की राशि सहित कम्पनी के बैंकरों के पास जमा कराते हैं। यह राशि आवेदन खाते में जमा होती है। आवेदन के लिए निर्धारित तिथि एवं अवधि व्यतीत होने पर कम्पनी का बैंकर आवेदनों की तालिका कम्पनी को भेजता है। कम्पनी द्वारा आवेदनों की व्यापक जांच की जाती है तथा अधिक राशि के आवेदन व अपूर्ण राशि के आवेदन–पत्रों को हटाकर शेष उचित आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर लिया जाता है। जो आवेदन–पत्र स्वीकृत नहीं होते, उनकी राशि वापस कर दी जाती है। स्वीकृत आवेदन–पत्रों को क्रमबद्ध किया जाता है तथा उन्हें अंश आवेदन एवं आबंटन पुस्तक में लिख लिया जाता है।

इसके पश्चात् अंशों के आबंटन (Allotment) का कार्य प्रारम्भ होता है। एक सार्वजनिक कम्पनी द्वारा अंशों के आबंटन से सम्बन्धित निम्न प्रावधान हैं–

(i) बिना न्यूनतम अभिदान (Minimum subscription) प्राप्त किये हुए कोई भी लोक कम्पनी अपने अंशों का आबंटन नहीं कर सकती। न्यूनतम अभिदान की राशि कम से कम अंशों के अंकित मूल्य का 5 प्रतिशत होनी चाहिए और यह धनराशि किसी अनुसूचित बैंक में जमा होनी चाहिए।

(ii) कम्पनी के अंशों के आवेदकों से प्राप्त समस्त धनराशि किसी अनुसूचित बैंक में तब तक जमा रहती है जब तक कि कम्पनी को ब्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र प्राप्त नहीं हो जाता।

(iii) यदि प्रविवरण निर्गमन के 120 दिनों के अन्दर उपर्युक्त दोनों शर्तों का पालन नहीं हो पाता तो सम्पूर्ण आवेदन राशि तुरन्त लौटा दी जानी चाहिए और यदि अगले 10 दिनों के अन्दर ऐसी राशि न लौटायी गयी तो 130 वे दिन के समाप्त होते ही कम्पनी के संचालकगण संयुक्त रूप से 6% ब्याज सहित ऐसी राशि को चुकाने के लिए उत्तरदायी होंगे।

(iv) आबंटन के पश्चात् प्रत्येक कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार के पास एक आबंटन ब्यौरा 30 दिन के अन्दर भेज देना चाहिए।

अंशों पर माँग (Calls on Shares)– अंशों पर आबंटन राशि की प्राप्ति के पश्चात् कम्पनी के संचालक अंशों पर देय शेष राशि को अंशधारियों से एक या एक से अधिक किश्तों में माँगते हैं। ऐसी किश्तों को माँग (Calls) कहते हैं। कम्पनी अंशधारियों से की गयी माँग का विवरण एक माँग पुस्तक (Call book) में रखती है। इस पुस्तक में नाम, पता, अंशों की संख्या, देय राशि, भुगतान की तिथि, भुगतान की गई राशि आदि के स्तम्भ होते हैं।

वित्तीय पुस्तकों में लेखांकन (Accounting in Financial Books)

1. जब अंशों की राशि किस्तों में न प्राप्त होकर पूर्ण रूप से एक साथ प्राप्त होती है तो निम्न प्रविष्टि होती है।

Cash or Bank A/c Dr.
    To Share Capital A/c

2. आवेदन–पत्र की राशि प्राप्त होने पर–

Bank A/c Dr.
    To Share Application A/c

3. आवेदन–पत्र की राशि को अंश पूँजी खाते में हस्तांतरित करने पर–

Share Application A/c Dr.
    To Share Capital A/c

4. आवंटन की राशि अंश पूँजी खाते में हस्तांतरित करने पर–

Share Allotment A/c Dr.
    To Share Capital A/c

5. आबंटन की राशि प्राप्त होने पर–

Bank A/c Dr.
    To Share Allotment A/c

यदि कुछ अंशधारियों के आवेदन पर भेजी हुई राशि का उपयोग आबंटन के लिए करना हो अथवा आवेदन पर प्राप्त आधिक्य की राशि को वापस करना हो तो निम्नलिखित प्रविष्टि करेंगे।

टिप्पणी

Share Application A/c Dr.

To Share allotment A/c

या

Share Application A/c Dr.

To Bank A/c

6. आबंटन के पश्चात् प्रथम माँग करने पर–

Share First Call A/c Dr.

To Share Capital A/c

7. प्रथम माँग की राशि प्राप्त होने पर–

Bank A/c Dr.

To Share First Call A/c

8. द्वितीय या अन्तिम माँग के देय होने पर–

Share Second or Final Call A/c Dr.

To Share Capital A/c

9. द्वितीय या अन्तिम माँग की राशि प्राप्त होने पर–

Bank A/c Dr.

To share second or final call A/c

10. आबंटन के साथ अंशों की पूरी राशि अग्रिम प्राप्त हो जाने पर–

Bank A/c Dr.

To Calls in Advance Account A/c

11. माँग करने पर भी राशि न प्राप्त होने पर–

Call in Arrear Account Dr.

To Share allotment A/c

Or To Share First Call A/c

Or To Share Second or Final

Call A/c

अग्रिम प्राप्त माँगें (Calls in Advance)– माँग अग्रिम में प्राप्त होने से आशय माँग करने से पूर्व ही अंशधारी द्वारा अंशों की पूरी राशि चुका दी जाने से है। इस हेतु माँग की अग्रिम राशि का लेखा (Calls in Adv.) खाता खोला जाता है तथा उसमें राशि जमा कर ली जाती है तथा याचनाओं के समय याचित राशि इसमें से समायोजित कर ली जाती है। इस राशि पर कम्पनी अधिकतम 6% की दर से ब्याज दे सकती है। जब तक समायोजन नहीं होता है, इस लेखे का शेष स्थिति विवरण में दायित्व में दर्शाया जाता है।

टिप्पणी

2. अदत्त याचना (Calls in Arrears)– अदत्त याचना से आशय उस राशि से होता है जो याचना करने के बावजूद भी अंशधारी द्वारा नहीं चुकायी जाती है। साधारणतया इसका लेखा आवश्यक नहीं होता है। मात्र स्थिति विवरण पत्र में दायित्व पक्ष में कुल माँगी गयी पूँजी में से अदत्त याचना की राशि घटा दी जाती है तथा कभी अंशधारी चाहे तो अदत्त राशि का भुगतान 5% की दर से ब्याज के साथ अदत्त राशि कम्पनी को दे सकता है।

1.6.6 अंशों के निर्गमन की विधियाँ (Methods of Issue of Shares)

1. अंशों का सम-मूल्य पर निर्गमन (Issue of Shares at Par)– जब अंकित मूल्य पर अंशों का निर्गमन किया जाता है तो इसे सम-मूल्य पर अंशों का निर्गमन कहा जाता है। जैसे अंशों का प्रतिअंश अंकित मूल्य 10 रुपये है तो अंशों पर आवेदन, आबंटन तथा याचनाओं के रूप में 10 रुपये ही अंशधारियों से माँगे जाते हैं तो यह अंशों का सम-मूल्य पर निर्गमन कहलायेगा।

2. अंशों का प्रब्याजि पर निर्गमन (Issue of Shares at Premium)– प्रत्येक अंश का अंकित मूल्य होता है। जब अंशों को अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर निर्गमित किया गया हो तो निर्गमन मूल्य तथा अंकित मूल्य का जो अन्तर होता है उसे प्रब्याजि (Premium) कहते हैं।

ऐसे प्रब्याजि का उपयोग कम्पनी के अंशों तथा ऋण पत्रों के निर्गमन पर व्यय या कमीशन या छूट के अपलेखन के लिए किया जाता है। कम्पनी के किन्हीं शोध्य पूर्वाधिकार अंशों या ऋण पत्रों के शोधन (Redemption) पर कोई प्रब्याजि दिये जाने की व्यवस्था हो तो उसके लिए भी अंशों पर प्रब्याजि का उपयोग किया जा सकता है। प्रीमियम की राशि, प्रार्थना-पत्र, आबंटन अथवा याचना राशि के साथ मँगाई जा सकती है। यदि प्रब्याजि की राशि आबंटन के साथ मँगाई जाती है तो जर्नल का लेखा निम्न प्रकार किया जायेगा–

Share allotment A/c　　　　　　Dr.
　　To Share Capital A/c
　　To Share Premium A/c

Note— यदि प्रश्न में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि प्रीमियम की रकम किस याचना के साथ मँगाई गई है तो प्रीमियम की रकम आबंटन की राशि के साथ मँगाना उचित होगा।

3. अंशों का छूट पर निर्गमन (Issue Shares at Discount)– यदि कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन अंकित मूल्य से कम पर करती है तो इसे छूट पर निर्गमन कहते हैं। साधारणतया एक कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन छूट पर नहीं कर सकती। छूट पर अंशों का निर्गमन करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित नियम हैं–

(i) छूट पर निर्गमन के सम्बन्ध में कम्पनी की साधारण सभा में प्रस्ताव पास कर लिया गया है।
(ii) न्यायालय की स्वीकृति प्राप्त हो गयी हो।
(iii) छूट की अधिकतम दर 10% है, इस दर में वृद्धि केन्द्रीय सरकार की अनुमति से ही की जा सकती है।
(iv) कम्पनी को व्यापार करने का अधिकार प्राप्त करने के बाद कम से कम एक वर्ष व्यतीत हो चुका है।

(v) केवल वही अंश छूट पर निर्गमित किये जा सकते हैं, जिस वर्ग के अंश पहले से ही निर्गमित हों।

(vi) अंशों का निर्गमन न्यायालय द्वारा स्वीकृति देने के दो माह के अन्दर हो जाना आवश्यक है। अन्यथा न्यायालय से समय वृद्धि की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। छूट के सम्बन्ध में जर्नल लेखा आबंटन के समय किया जाता है। जो निम्न प्रकार है।

Share Allotment A/c Dr.
Discount on issue of share A/c Dr.
    To Share Capital A/c

छूट खाते को चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष में दिखाते हैं। इस खाते का एक भाग प्रतिवर्ष लाभ-हानि खाते में अपलिखित करने जाते हैं। छूट को लाभ-हानि खाते में अपलिखित करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित जर्नल लेखा होगा।

Profit and Loss A/c Dr.
    To Discount on issue of shares A/c

उदाहरण– 13

Raghu Ltd. invites applications for 10,000 shares at ₹ 10 each, at a premium of ₹ 2 per share, payable as ₹ 2 on application, ₹ 5 on allotment (including premium) and balance one month later. All the shares are subscribed, alloted and paid for at due dates. Show journal entries and prepare cash book.

रघु लि. ने 10 ₹ वाले 10,000 अंशों के लिए 2 ₹ प्रीमियम पर प्रार्थना-पत्र आमन्त्रित किये। इस पर 2 ₹ प्रार्थना-पत्र पर, 5 ₹ आबंटन पर (प्रीमियम सहित) और शेष रकम एक माह बाद मँगाई जानी थी। सब अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो गये और उनका आबंटन हो गया और निश्चित तिथि पर भुगतान प्राप्त हो गया। जर्नल में आवश्यक लेखे कीजिए और रोकड़ बही बनाइये।

हल क्रमांक 13

Journal Entries	Amt. (₹)	Amt. (₹)
1. Share Application A/c Dr.	20,000	
To share capital A/c		20,000
(being share application money transferred to share capital A/c)		
2. Share Allotment A/c Dr.	50,000	
To share capital A/c		30,000
To share premium A/c		20,000
(being allotment money due on 10,000 share @ 5% par share including share premium @ ₹ 2 par share		
3. Share call A/c Dr.	50,000	
To share capital A/c		50,000
(being share call money due on 10,000 share @ 5% per share)		

टिप्पणी

Cash Book (Bank Column only)

To Share app. A/c To Share allot. A/c To Share call A/c	20,000 50,000 50,000	By Bal c/d	1,20,000
	1,20,000		1,20,000

उदाहरण– 14

Ram Ltd. invited applications for 1,000 shares of ₹ 100 each at a discount of 6%, payable as follows– on application-₹ 25, on allotment-₹ 34, On I[st] and final Call-₹ 35, the application were received for 900 shares and all of these were accepted. All money due were received except the first and final call on 10 shares. Pass the entries in the cash book and journal of the company. Also show how these transactions will be reflected in the company's balance sheet.

राम लि. ने 100 ₹ वाले 1,000 अंशों के लिए 6% छूट पर प्रार्थना-पत्र आमन्त्रित किया। अंशों पर निम्न प्रकार राशियाँ प्राप्त हुई।

प्रार्थना-पत्र पर– 25 ₹, आबंटन पर– 34 ₹, प्रथम एवं अन्तिम याचना पर 35 ₹।

900 अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। सब प्रार्थना-पत्र स्वीकार कर लिये गये। 10 अंशों पर प्रथम एवं अन्तिम याचना को छोड़कर सब रकम प्राप्त हो गई। कम्पनी की रोकड़ पुस्तक में तथा जर्नल में आवश्यक लेखे कीजिए, ये लेन-देन कम्पनी के चिट्ठे में प्रदर्शित कीजिए।

हल क्रमांक 14

Journal of Ram Ltd.

Share app. A/c Dr. To Share capital A/c (being the share App. money due)	22,500	22,500
Share allotment A/c Dr. Discount on issue of shares A/c To Share Capital A/c (being the share allot. due)	30,600 5400	36,000
Share first and final call A/c Dr. To Share capital A/c (being the share first & final call due)	31,500	31,500

Cash Book (Bank Column only)

To Share application A/c To Share allotment A/c To Share first and final call A/c	22,500 30,600 31,150	By Bal. c/d	84,250
	84,250		84,250

Balance Sheet.......

Liabilities		Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital:			Cash at Bank	84,250
900 shares at			Discount on	
₹ 100 each	90,000		Issue of	5,400
Less: Calls in	350	89,650	Shares	
Arrears				
		89,650		89,650

1.6.7 अंशों का हरण (Forfeiture of Shares)

यदि कोई अंशधारी अपने अंशों पर समस्त रकम का भुगतान नहीं करता है तो उन अंशों का हरण किया जा सकता है अर्थात् उस अंशधारी का नाम अंशधारियों के रजिस्टर से निकाल दिया जायेगा तथा उन अंशों पर भुगतान की गई राशि जब्त कर ली जायेगी। कोई कम्पनी अंशों का हरण तभी कर सकती है जब कम्पनी के अन्तर्नियम उसे यह अधिकार प्रदान करते हैं। इस सम्बन्ध में जर्नल लेखा निम्न प्रकार होगा–

Share Capital A/c	Dr.	(जब्त किये गये अंशों पर कुल माँगी गई राशि)
To share forfeiture A/c		(प्राप्त हुई राशि)
To various Calls A/c		(याचनाओं पर अप्राप्य राशि)

उदाहरण– 15

वासू कम्पनी ने 200 ₹ अंकित मूल्य वाले अंश जारी किये जिन पर प्रार्थना की 15 ₹ राशि तथा आबंटन पर 40 रुपये प्राप्त हो चुके हैं परन्तु 150 अंशों पर पहली माँग 30 रुपये की और दूसरी माँग 15 ₹ की प्राप्त नहीं हुई है और इन अंशों को जब्त कर लिया गया है। हरण सम्बन्धी लेखे कीजिए।

हल क्रमांक 15

Share Capital A/c	Dr.	(150 × 100)	15,000
To Share First Call A/c		(150 × 30)	4,500
To Share Final Call A/c			2,250
To Share Forfeiture A/c			8,250

उदाहरण– 16

जय के पास 10 ₹ वाले 20 अंश थे, जिसमें से उसने 2 ₹ प्रार्थना-पत्र के दिये, लेकिन आबंटन के 3 ₹ और प्रथम माँग के 1 ₹ न दे सका। संचालकों ने अंशों का हरण कर लिया। अंशों के हरण सम्बन्धित आवश्यक प्रविष्टियों को जर्नल में लेखे कीजिए।

हल क्रमांक 16

Jai was holding 20 shares of ₹ 10 each on which he paid ₹ 2 on application but could not pay ₹ 3 on allotment and ₹ 1 on first call, directors forfeited the shares. Give journal entries needed for recording the forfeiture of shares.

Journal

Share Capital A/c	Dr.	(20 × 6)	120	
To Share allotment A/c		(20 × 3)		60
To Share first call A/c		(20 × 1)		20
To Share forfeited A/c				40

छूट (Discount) पर निर्गमित अंशों का हरण–

(i) अंशों के हरण का जर्नल लेखा करते समय, जो अंश कटौती पर निर्गमित किये हैं उनको (Discount on share account) से निरस्त कर देना चाहिए।

(ii) यह एक प्रकार की हानि है। जब अंशों का निर्गमन किया था तब (Discount A/c) डेबिट किया गया होगा। अतः निरस्तीकरण के समय इसे क्रेडिट करेंगे।

उदाहरण– 17

शरद के पास वासू लि. के 10 ₹ वाले 30 अंश थे जो 10% छूट पर निर्गमित किये गये थे। उसने 2 ₹ प्रार्थना पर दिये लेकिन आबंटन के 3 ₹ नहीं दे सका। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। अंशों के हरण की जर्नल में प्रविष्टियाँ कीजिए।

Sharad was holding 30 shares at ₹ 10 each of Vasu Ltd. issued at 10% Discount, he paid ₹ 2 on application but could not pay the allotment money ₹ 3 and his shares were forfeited. Make journal entry for forfeiture on shares.

हल क्रमांक 17

Journal Entries

Share Capital A/c	Dr.	(30 × 6)	180	
To Share allotment A/c		(30 × 3)		90
To Discount on share		(30 × 1)		30
To Share forfeiture A/c				60

प्रीमियम पर निर्गमित अंशों का हरण–

(i) यदि अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन किया गया है और प्रीमियम की राशि प्राप्त नहीं हुई है तो प्रीमियम खाते को डेबिट कर दिया जाता है।

(ii) यदि अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन किया गया है और प्रीमियम की राशि प्राप्त हो गयी है तो प्रीमियम खाते को डेबिट नहीं किया जायेगा।

टिप्पणी

उदाहरण– 18

A लिमिटेड ने 10 ₹ अंशों का निर्गमन 10% प्रब्याजि पर किया। राशि इस प्रकारदेय थी– 2 ₹ आवेदन पर, 3 ₹ आंवल पर (प्रब्याजि सहित), 2 ₹ प्रथम याचना पर एवं 4 ₹ अन्तिम याचना पर P जो 50 अंशों का स्वामी था, ने आबंटन का धन और प्रथम माँग के रुपये नहीं जमा किये। उनके अंशों का हरण कर लिया गया। S जो कि 30 अंशों का मालिक था, ने भी प्रथम माँग के रुपये नहीं दिये। उसके अंशों का भी हरण कर लिया गया। इन अंशों का हरण प्रथम याचना के तुरन्त बाद कर लिया गया। अंशों के हरण से सम्बन्धित जर्नल में आवश्यक लेखे कीजिए।

A. Ltd. issued shares of ₹ 10 each at 10% premium payable as follows– on application ₹ 2, on allotment ₹ 3 (including premium), on first call ₹ 2, on final call ₹ 4, P who was holding 50 shares did not pay his allotment and first call. His shares were forfeited and S who was holding 30 shares, did not pay first call and his shares were also forfeited. These shares were forfeited after first call, i.e., before making second call. Journalise transactions to record forfeiture of shares.

हल क्रमांक 18

Journal Entries

Share Capital A/c	Dr.	(50 × 6)	300	
Share premium A/c	Dr.	(50 × 1)	50	
To Share allotment A/c		(50 × 3)		150
To Share first call A/c	Dr.	(50 × 2)		100
To Share forfeiture A/c				100
Share Capital A/c	Dr.	(30 × 6)	180	
To Share first call A/c	Dr.	(30 × 4)		120
To Share forfeiture A/c	Dr.	(30 × 2)		60

उदाहरण– 19

'A' Company limited invited application for 5,000 shares of the value of ₹ 20 each. The amount is payable as ₹ 5 on application, as ₹ 7 on allotment and balance as and when required.

The whole of above issue was applied for and cash duly received. Give the journal entries for the above transaction.

हल क्रमांक 19

Books of 'A' Company Ltd.

Journal

टिप्पणी

Date	Particulars	L.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
	Bank A/c Dr. To share application A/c (being application money received on 5,000 shares at ₹ 5 per share)		25,000	 25,000
	Share Application A/c Dr. To Share Capital A/c (being application money transferred to share capital account)		25,000	 25,000
	Share allotment A/c Dr. To Share Capital A/c (being allotment money due on 5,000 shares)		35,000	 35,000
	Bank A/c Dr. To Share Allotment A/c (being receipt on 5,000 @ 7 share)		35,000	 35,000

1.6.8 पूर्वाधिकार अंशों का शोधन (Redemption of Preference Shares)

पूर्वाधिकार अंशों से तात्पर्य ऐसे अंशों से है, जिन्हें समता अंशों से पहले एक निश्चित प्रतिशत से भुगतान किया जाता है। एक सीमित दायित्व वाली कम्पनी शोध योग्य पूर्वाधिकार अंशों का निर्गमन कर सकती है। शोधन का तात्पर्य भुगतान से है। शोध्य योग्य पूर्वाधिकार अंशों का निर्गमन कर सकती है। शोधन का तात्पर्य भुगतान से है। शोध्य योग्य पूर्वाधिकार अंशों का भुगतान निश्चित तिथि को निर्धारित समय के पश्चात् किया जा सकता है। परन्तु यह भुगतान अवधि, निर्गमन तिथि से बीस वर्ष से अधिक की नहीं होनी चाहिए। सामान्यतया अंशों द्वारा सीमित कम्पनी को कम्पनी समापन के अतिरिक्त पूँजी लौटाने का अधिकार नहीं है। परन्तु कम्पनी द्वारा शोधनीय पूर्वाधिकार अंशों का निर्गमन किया जाता है, तो ऐसे अंशों के शोधन सम्बन्धी प्रावधान कम्पनी के पार्शद अन्तर्नियम (Articles of Association) में उल्लेखित होना चाहिए तथा कम्पनी अधिनियम की धारा 100 के अन्तर्गत न्यायालय से अनुमति प्राप्त होनी चाहिए। यदि न्यायालय यह उचित समझता है तो कम्पनी अधिनियम की धारा 80 के अनुसार पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के सम्बन्ध में निम्न शर्तों का पालन कम्पनी द्वारा किया जाना आवश्यक है–

1. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों का शोधन अंशों के पूर्णदत्त होने पर ही किया जा सकेगा।
2. कम्पनी के पार्शद अन्तर्नियम में शोध्य पूर्वाधिकार अंशों के शोधन सम्बन्धी प्रावधान का उल्लेख होना चाहिए।

3. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों का शोधन ऐसे लाभों में से किया जाना चाहिए, जो लाभांश के लिए उपलब्ध हों या नये समता या पूर्वाधिकार अंशों के निर्गमन द्वारा किया जा सकता है।
4. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों के शोधन करने पर कम्पनी की अधिकृत पूँजी में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
5. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान हेतु अंशों के अंकित मूल्य के बराबर धनराशि लाभों में से हस्तांतरित करके पूँजी शोधन संचय खाते में डाली जायेगी।
6. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों का शोधन प्रीमियम पर किया जाना है, तो प्रीमियम का प्रावधान लाभ या प्रतिभूतियों पर प्राप्त प्रीमियम में से ही किया जाना चाहिए।
7. पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान हेतु प्रयोग की गयी राशि को पूँजी की कटौती या कमी नहीं माना जायेगा।
8. नये अंशों के निर्गमन द्वारा भी पूर्णाधिकार अंशों का शोधन किया जा सकता है।

1.6.9 शोधन हेतु प्रावधानों का उद्देश्य (Purpose of Provisions for Rectification)

पूर्वाधिकार अंशों का शोधन एक निश्चित अवधि के पश्चात् करने का उल्लेख पार्श अन्तर्नियम में किया जा सकता है। शोधन हेतु प्रावधान के निम्नलिखित उद्देश्य होते हैं–

1. **कम्पनी की तरल पूँजी में परिवर्तन न होना**– शोधन हेतु कम्पनी को रोकड़ की आवश्यकता होती है। यदि शोधन हेतु नये अंशों का निर्गमन कम्पनी द्वारा किया जाता है, तो कम्पनी की तरल पूँजी पर कोई परिवर्तन नहीं होगा।
2. **बोनस अंशों का निर्गमन**– यदि शोधन हेतु लाभ का प्रयोग किया जाना है तो लाभ की राशि पूँजी शोधन संचय खाते में हस्तांतरित की जायेगी। इसके उपरान्त इस संचय राशि से बोनस अंशों का निर्गमन किया जा सकता है।
3. **लेनदारों की हित रक्षा**– शोधन हेतु प्रावधान करने से लेनदारों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि ऋणपत्रों के निर्गमन या सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि से पूर्वाधिकार अंशों का शोधन किया जाता है तो लेनदारों के लिए सम्पत्तियाँ कम हो जायेंगी।

1.6.10 नये अंशों के निर्गमन से आशय (Explanation of Proceeds of Fresh Issue)

'Proceeds' शब्द के अर्थ के सम्बन्ध में विभिन्न मतभेद हैं। अतः पहले इस शब्द का आशय भलीभाँति समझना होगा। 'Proceeds' शब्द का हिन्दी अर्थ प्राप्त धनराशि से है। प्राप्त धनराशि में अंशों पर प्राप्त पूर्ण राशि प्रीमियम को सम्मिलित करते हुए राशि से होगा। परन्तु शोध पूर्वाधिकार अंशों के शोधन हेतु नये अंशों का निर्गमन प्रीमियम पर करने पर प्राप्त धनराशि (Proceeds) में प्रीमियम को सम्मिलित करने पर कम्पनी अधिनियम की धारा 78 का उल्लंघन होगा। इस धारा के अनुसार पूर्वाधिकार अंशों का शोधन प्रीमियम राशि से नहीं किया जा सकता है। अतः अंशों के निर्गमन पर प्राप्त धनराशि की गणना करते समय प्रीमियम राशि को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

यदि नये अंशों का निर्गमन सम मूल्य पर किया जाता है तो कुल राशि ही प्राप्त धनराशि होगी। यदि नये अंशों का निर्गमन छूट पर किया जाता है तब प्राप्त धनराशि से आशय अंकित मूल्य घटाया छूट राशि से होगा।

संक्षेप में नये अंशों के निर्गमन से प्राप्त धनराशि को निम्नानुसार समझा जा सकता है–

1. जब अंशों का निर्गमन सम मूल्य पर किया जाता है, तब अंकित मूल्य प्राप्त धनराशि होती है।
2. जब अंशों का निर्गमन छूट पर किया जाता है, तब वास्तविक राशि, प्राप्त धनराशि होगी।
3. जब अंशों का निर्गमन प्रब्याजि पर किया जाता है तब सम मूल्य, प्राप्त धनराशि कहलायेगी।

1.6.11 अंशधारियों का विभाज्य लाभ (Divisional Benefit of Shareholders)

शोध पूर्वाधिकार अंशों का शोधन कम्पनी द्वारा ऐसे लाभों में से किया जा सकता है, जो लाभांश के लिए उपलब्ध है। इसका आशय यह है कि सामान्य लाभ का प्रयोग भुगतान हेतु किया जा सकता है। यह लाभ पूँजीगत प्रकृति का नहीं होता है। अतः यह ज्ञात होना आवश्यक है कि कौन-कौन से लाभ वितरण के लिए उपलब्ध हैं। शोधन हेतु निम्न लाभों को पूँजी शोधन संचय खाते में हस्तांतरित किया जाता है–

1. सामान्य संचय
2. लाभ-हानि खाते का जमा शेष
3. संचय कोष
4. लाभांश समता संचय
5. कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष
6. कर्मचारी दुर्घटना क्षतिपूर्ति कोष
7. ऋणपत्र शोधन निधि (अनिवार्य सीमा के अतिरिक्त)
8. बीमा कोष
9. संदिग्ध संचय
10. संदिग्ध दायित्वों के लिए संचय
11. करों के लिए प्रावधान हेतु संचय

ऐसे लाभ जिन्हें विभाज्य लाभ में सम्मिलित नहीं किया जाता है–

1. पूँजी संचय
2. अंश प्रब्याजि खाता
3. समामेलन से पूर्व का लाभ
4. पुनर्मूल्यांकन संचय
5. अंश हरण खाता
6. विकास छूट संचय
7. विनियोग छूट संचय

8. स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय से लाभ
9. परियोजना नियति संचय
10. नियति लाभ संचय

टिप्पणी

1.6.12 पूँजी शोधन संचय खाता (Capital Redemption Reserve Account)

पूँजी शोधन संचय खाता शोध्य पूर्वाधिकार अंशों का भुगतान करने हेतु कम्पनी अधिनियम की धारा 80 के अन्तर्गत बनाया जाता है। ऐसे लाभों को जिनकी चर्चा ऊपर की गयी है। पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के उद्देश्य से पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित किया जाता है। इस खाते से केवल बोनस अंशों का निर्गमन किया जा सकता है।

1.6.13 अंशतः पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान सम्बन्धी प्रावधान (Disturbance: Provisions Regarding Payment of Prior Rights shares)

ऐसे शोध्य पूर्वाधिकार अंश जिनका पूर्ण चुकता मूल्य प्राप्त नहीं हुआ है, कम्पनी अधिनियम की धारा 80(a) के अनुसार शोधन नहीं किया जा सकता है। इस धारा के अन्तर्गत तीसरे पक्षकार को एक तरह सुविधा प्रदान की जाती है, अर्थात् किसी तीसरे पक्षकार ने कम्पनी को कोई ऋण या अग्रिम प्रदान किया है तो उन्हें प्रतिभूति दी जा सकती है। यह प्रतिभूति केवल वर्तमान में न होकर भविष्य में भी प्रयोग की जायेगी। अंशतः पूर्वाधिकार अंशों की अदत्त राशि को कम्पनी समापन के समय माँग सकती है। धारा 80 कम्पनी को अनुमति देती है, तो समापन के समय नये अंशों से प्राप्त राशि या पूँजी शोधन संचय खाते से पूर्वाधिकार अंशों का शोधन किया जा सकता है।

1.6.14 पूर्वाधिकार अंशों का प्रीमियम पर शोधनी (Refinement of Premium on Premium Shares)

पूर्वाधिकार अंशों का शोधन यदि प्रीमियम पर किया जाना है, तो इसका शोधन अंशों पर प्राप्त प्रीमियम राशि से, नये अंशों के निर्गमन द्वारा या कम्पनी के लाभों में से, चाहे यह लाभ पूँजीगत हो या आयगत किया जा सकता है।

पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान से सम्बन्धित निम्न पूँजी प्रविष्टियाँ की जायेंगी—

1. नये अंशों के निर्गमन पर

   Bank A/c ... Dr.

   To Share capital A/c

2. अंशधारियों का भुगतान सम मूल्य पर करने पर

   (a) पूर्वाधिकार अंश पूँजी को अंशधारियों के खाते में हस्तांतरित करने पर

   Pref. share capital A/c ... Dr.

   To Pref. shareholders A/c

   (b) पूर्वाधिकार अंशधारियों को भुगतान करने पर

   Pref. shareholder A/c ... Dr.

   To Bank A/c

टिप्पणी

(c) अंशधारियों के प्रीमियम पर भुगतान करने पर

Pref. share capital A/c	Dr.
Premium on redemption of pref. share A/c	Dr.
To Pref. shareholder A/c	

(d) नकद भुगतान करने पर

Pref. shareholders A/c	Dr.
To Bank A/c	

3. अंशों पर देय प्रीमियम का आयोजन करने पर

Security premium A/c	Dr.
or	
Profit & Loss A/c	Dr.
To Premium on Redemption of Pref. share A/c	

4. लाभ को पूँजी शोधन खाते में हस्तांतरित करने पर

General Reserve A/c	Dr.
or	
Profit & Loss A/c	Dr.
To Capital Redemption Reserve A/c	

5. बोनस अंशों के निर्गमन पर

Capital Redemption Reserve A/c	Dr.
To Bonus to shareholder's A/c	
Bonus to shareholders A/c	Dr.
To share capital A/c	

6. नये अंशों का छूट पर निर्गमन

Bank A/c	Dr.
Discount on issue of shares A/c	Dr.
To Share capital A/c	

पूर्वाधिकार अंशों के भुगतान हेतु नये अंशों का निर्गमन कितनी राशि के लिए किया जाये, इसे निम्न समीकरण द्वारा ज्ञात किया जा सकता है–

शोध्य पूर्वाधिकार अंशों की राशि =

पूँजी शोधन संचय खाता + नये अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि

शोध्य पूर्वाधिकार अंशों का शोधन कम्पनी में उपलब्ध रोकड़ एवं बैंक रोकड़ से किया जाता है, यदि कम्पनी में उपलब्ध नकद राशि भुगतान करने हेतु पर्याप्त नहीं है तो निम्न विधि द्वारा रोकड़ एकत्र की जा सकती है–

1. बैंक ऋण द्वारा
2. चालू सम्पत्तियाँ एवं विनियोग के विक्रय द्वारा
3. नये अंशों के निर्गमन द्वारा

टिप्पणी

उदाहरण– 20

एक कम्पनी की सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों का 31 मार्च 2008 को विवरण निम्नानुसार है–

A company shows following particulars of Assets & Liabilities as on 31st March 2008.

Plant	1,10,000
Less Depreciation	50,000
Cash at bank	1,00,000
Debtors	1,40,000
Stock	1,40,000
10,000 Equity shares @ ₹ 10 each	1,00,000
14% Pref. shares @ ₹ 10 each (all redeemable)	1,00,000
Profit & Loss A/c	45,000
General Reserve	80,000
Taxation Reserve	30,000
Current Liabilities	85,000

कम्पनी ने 3,000 नये समता अंशों को 5 ₹ प्रीमियम पर निर्गमन करने एवं पूर्वाधिकार अंशों का शोधन करने का निर्णय लिया।

Company was decided to issue further 3000 equity shares at a premium of ₹ 5 per share and to redeem at par the redeemable Pref. shares.

आवश्यक पूँजी प्रविष्टियां कीजिए एवं कम्पनी की पुस्तकों में 1 अप्रैल 2008 को स्थिति विवरण बनाइऐ।

Show the necessary journal entries and prepare a Balance Sheet on 1st April 2008 in company books.

हल क्रमांक 20

Journal Entries
in the Books of Company

Date	Particulars		C.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
	Bank A/c	Dr.		45,000	
	To Equity share capital A/c				30,000
	To Security Premium A/c				15,000
	(being New shares allotted at premium)				
	Profit & Loss A/c	Dr.		45,000	
	General Reserve A/c	Dr.		25,000	
	To Capital Redemption Reserve A/c				70,000
	(being creation of capital redemption reserve A/c				

टिप्पणी

	14% Pref. share capital A/c Dr. To Pref. shareholders A/c (being transfer of capital to pref. shareholder A/c)		1,00,000	1,00,000
	Pref. shareholders A/c Dr. To Bank A/c (being made to pref. shareholder in cash)		1,00,000	1,00,000

Balance Sheet
(As on 1st April 2008)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share capital		Plant	1,10,000	
13,000 equity shares of		Less dep.	50,000	60,000
₹ 10 each fully paid up	1,30,000	Stock		1,40,000
Reserve & Surplus		Debtor		1,40,000
Capital Redemption		Cash at Bank		45,000
Reserve A/c	70,000			
Security Premium	15,000			
General Reserve	55,000			
Current liabilities	85,000			
Taxation reserve	30,000			
	3,85,000			3,85,000

Working Note:

Amount required for redemption	1,00,000
Less: Issue of fresh shares	30,000
Amount transferred to Capital Redemption Reserve	70,000

उदाहरण– 21

पूर्वाधिकार अंशों का शोधन 1 अप्रैल 2008, 10% प्रीमियम पर करना है। अंशों का शोधन देय तिथि को किया जाना है। शोधन हेतू कम्पनी ने बैंक से ऋण लिया है। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पूँजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

The preference shares are redeemable on April I, 2008 at a premium of 10%. The redemption was duly carried out on the due date, assuming that the company raised the necessary loan from bank. Show the necessary journal entries in the books of company.

टिप्पणी

The Balance Sheet of Company
(as on 31st March, 2008)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Sundry Fixed Assets	42,50,000
10,000, 10% Pref. Shares @ ₹ 100 each fully paid	10,00,000	Current Assets	7,50,000
2,00,000 Equity shares @ ₹ 10 each fully paid	20,00,000		
Profit & Loss A/c.	6,00,000		
General Reserve	3,00,000		
Creditors	9,00,000		
	48,00,000		48,00,000

हल क्रमांक 21

Journal Entries
in the Books of Company

Date	Particulars	C.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
2008 1st April	10% Redeemable Pref. share capital A/c Dr.		10,00,000	
	Premium on Red. of Pref. share A/c Dr.		1,00,000	
	To 10% Pref. shareholder A/c			11,00,000
	(being redemption due to Pref. shareholder with 10% premium)			
	Profit & Loss A/c Dr.		6,00,000	
	General Reserve A/c Dr.		4,00,000	
	To Capital Redemption Reserve A/c			10,00,000
	(being utilization of G.R. & P/l for Redemption)			
	General Reserve A/c Dr.		1,00,000	
	To Premium on Redemption of Pref. share A/c			1,00,000
	(being utilization of general reserve for writing off the premium on redemption)			

	Bank A/c Dr. To Bank Loan A/c (being raised of bank loan)		3,50,000	3,50,000
	10% Pref. Shareholders A/c Dr. To Bank A/c (being payment made to Pref. shareholders on redemption)		11,00,000	11,00,000

Working Notes–

Cash at Bank	
Cash in Hand	3,50,000
Add: Sale price of Investments	3,00,000
Add: Issue of Equity shares	9,00,000
	15,50,000
Less: Payment made to Preference shares	12,60,000
Closing balance of Cash	2,90,000

1.7 बोनस अंश (Bonus Fraction)

कम्पनी अधिनियम की धारा 63 में बोनस अंश का आशय है, एकत्रित लाभों एवं संचयों कारे पूँजीकृत करके अंशधारियों के मध्य वितरित करना।

बोनस अंश उन्हीं अंशधारियों को निर्गमित किये जाते है जो पहले से कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कम्पनी के अंशधारी होते हैं। अतः बोनस अंशो का अभिप्राय वर्तमान अंशधारियों को अतिरिक्त अंशों के निर्गमन से है।

बोनस अंशों के निर्गमन से कम्पनी पर कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं, जो इस प्रकार हैं–

1. प्रत्येक बोनस अंश के निर्गमन से कम्पनी की अंश पूंजी में वृध्दि होती है।
2. प्रत्येक बोनस अंश के निर्गमन से अंशों की प्रति अंश अर्जन दर गिर जाती है।
3. प्रत्येक बोनस अंश के निर्गमन से अंशों के प्रति अंश पुस्तक मूल्य घट जाता है।
4. प्रत्येक बोनस अंश के निर्गमन से कम्पनी के संचय एवं लाभों में कमी आती है।
5. प्रत्येक बोनस अंश के निर्गमन पर अंशों का बाजार मूल्य प्रभावित होता है।

बोनस अंशों के निर्गमन के लिये कम्पनी में उपलब्ध पूँजीगत संचयों का प्रयोग किया जाता है। इन बोनस अंशों का निर्गमन केवल समता अंशधारियों को ही किया जा सकता है। पूर्वाधिकार अंशधारी बोनस अंश प्राप्त करने के अधिकारी नही होते हैं। बोनस अंशों का निर्गमन समता अंशधारियों को प्रीमियम भी ही किया जा सकता है। बोनस अंशों निर्गमन से पहले ऐसे अंश जिनका आंशिक भुगतान किया गया है उन्हें पूर्णयन्त बनाना अनिवार्य है।

बोनस अंशों के निर्गमन के लिये प्रयुक्त संचय–

कम्पनी बोनस अंशों के निर्गमन के लिये केवल निम्न संचयों का ही प्रयोग कर सकती है–

1. पूँजी शोधन संचय (Capital Redemption Reserve)
2. प्रतिभूति प्रब्याजित संचय (Securities Reserve)
3. मुक्त संचय (Free Reserve)

बोनस अंशों से सम्बन्धित लेखा प्रविष्टियों–

1. कम्पनी द्वारा सामान्य संचय एवं पूँजी संचय से बोनस अंशों का निर्गमन करने पर

    General Reserve A/c Dr.
    Capital Reserve A/c Dr.
        To Bonus to Shareholders A/c

2. आंशिक दत्त अंशों को पूर्णयन्त बनाने हेतु

    Equity Share Final Call A/c Dr.
        To Equity Share Capital A/c

3. बोनस अंश को अंशों के अन्तिम याचना से समायोजित करने पर

    Bonus to Shareholders A/c Dr.
        To Equity Share Final Call A/c

4. बोनस अंशो का निर्गमन करने पर

    Bonus to Shareholders A/c Dr.
        To Equity Share Capital A/c

1.8 अधिकार अंश (Right Share)

कम्पनी द्वारा अपने अंशधारियों को अधिकार अंश भी निर्गमित किये जाते हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 में इसका प्रावधान उल्लेखित है। अधिकार अंश कम्पनी के अधिकारियाँ को प्रब्याजि पर निर्गमित किया जाता है।

1.9 कर्मचारी स्टॉक वाई बैंक (Employee Stock Y Bank)

कम्पनी अपने कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से उन्हें स्टॉक विकल्प योजना का लाभ प्रदान करती है। यह ऐसे कर्मचारियों को दिया जाता है जो कम्पनी के लिये उत्तम योजना बनाने में सहायक होते हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(37) के अनुसार कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को भविष्य में पूर्व निर्धारित मूल्यों पर अंश खरीदने के विकल्प को कर्मचारी स्कन्ध विकल्प योजना कहते है। इस योजना लाभ निम्न व्यक्ति ले सकते हैं–

1. कम्पनी के स्थायी कर्मचारी।
2. कम्पनी के अधिकारी।
3. सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी के कर्मचारी एवं अधिकारी।

टिप्पणी

इस सम्बन्ध में निम्न लेखा प्रविष्टियों की जाती हैं–

1. अंशों के अभिदान हेतु राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c	Dr.
Employee's Compensation Expenses A/c	Dr.
To Equity Share Capital A/c	
To Security Premium Reserve A/c	

2. कर्मचारी क्षतिपूर्ति व्यय को लाभ-हानि विवरण खाते में हस्तांतरित करने पर

Statement of Profit & Loss A/c	Dr.
To Employee's Compensation Expenses A/c	

कम्पनी अपने अंशों का क्रय भी कर सकती हैं, जब कम्पनी या कम्पनी के कर्मचारी अपने अंशों का क्रय करते हैं तो इसे अंशों की पुनखरीद कहते हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 68 के अनुसार निम्न स्थानों/व्यक्तियों से अपने अंशों का क्रय कर सकती है–

1. कम्पनी के वर्तमान समता अंशधारियों से आनुपातिक आधार पर क्रय या।
2. खुले बाजार से क्रय या।
3. अनियमित अंशधारियों के समूह से क्रय या।
4. स्कन्ध विकल्प योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों द्वारा लिये गये अंशों का क्रय।

1.10 अंशों के अन्तर्गत विकल्प (Options under Portions)

कम्पनी अपने अंशधारियाँ को समय-समय पर पूँजी में वृद्धि करने के उद्देश्य से कई विकल्प उपलब्ध कराती है। यह निम्न प्रकार के हो सकते हैं–

1. पूर्वाधिकार अंशों के बदले समता अंशों का निर्गमन।
2. ऋणपत्रों के स्थान पर अंशों का निर्गमन।
3. प्रब्याजि पर पूर्वाधिकार अंशों का भुगतान।

1.11 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (ख)
2. (घ)
3. (क)
4. (ख)
5. (ग)

टिप्पणी

1.12 सारांश (Summary)

प्रत्येक निगम अपने वार्षिक आय-व्यय एवं दायित्वों तथा सम्पत्तियों की गणना करने के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में अन्तिम खाते बनाता है। अन्तिम खातों के अन्तर्गत व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता एवं चिट्ठा सम्मलित होता है। व्यापार खाते से सकल लाभ एवं लाभ-हानि खाते से शुध्द लाभ की गणना की जाती है जबकि चिट्ठा बनाकर निगमों की कुल सम्पत्तियों एवं दायित्वों का पता लगाया जाता है। कम्पनी के लाभ-हानि खाते में विनियोग से आय, ब्याज के रूप में प्राप्त आय सहायक कम्पनी से प्राप्त लाभांश की राशि एवं विविध आय लिखी जाती है। कम्पनी में एक महत्वपूर्ण गणना प्रबन्धकीय परिभाषिक की जाती है। प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की गणना कम्पनी अधिनियम की धारा 349 (क) अनुसार गणना किये गए लाभ पर की जाती है। प्रत्येक कम्पनी का सभामेलन अनिवार्य होता है। लेकिन सभामेलन की तिथि वर्ष की कोई भी तिथि हो सकती है। अतः प्रत्येक कम्पनी सभामेलन के पूर्व एवं बाद का लाभ-हानि ज्ञात करने के लिये कम्पनी के लाभ-हानि खाते को दो भागों में विभाजित करके बनाया जाता है। इस खाते के द्वारा कम्पनी के सभामेलन से पूर्व एवं पश्चात का लाभ या हानि ज्ञात किया जाता है। सभामेलन के पूर्व के लाभ को पूँजी संचय खाते में एवं बाद के लाभ को शुद्ध लाभ की श्रेणी में रखा जाता है।

1.13 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **निदेशक**: संचालक
- **विभाजन योग्य लाभ**: वैधानिक रूप से अंशधारियों के मध्य बटंवारा
- **सभामेलन**: रजिस्ट्रेशन
- **वित्तीय वर्ष**: 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
- **प्रमण्डल**: निगम या कम्पनी

1.14 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions)

1. अंशों से आप क्या समझते हैं?
2. बकाया याचना और अग्रिम याचना में क्या अन्तर है?
3. अंशों के हरण का क्या अर्थ है? अंशों का हरण कैसे होता है?
4. एक कम्पनी द्वारा कितने प्रकार के अंशों का निर्गमन किया जा सकता है?

टिप्पणी

क्रियात्मक प्रश्न (Practical Questions)

1. गंगवार लिमिटेड का निर्माण 1 अप्रैल 2018 को किया गया। 31 मार्च 2019 को गंगवार लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नांकित खातों के बाकियों के आधार पर क्षैतिज प्रारूप में चिट्ठा बनाइये

	₹		₹
Work in Progress	4,00,000	Interest accrued on Bonds of city Bank	10,000
Additions to Machineries during the year	27,000	Machineries	3,45,000
Sale of Machineries during the year	50,000	Accumulated Depreciation	60,000
General Reserve	1,00,000	Equity share capital of ₹ 100 each, ₹ 80 paid-up	15,00,000
Preference shared capital (Fully paid share of ₹ 100)	5,00,000	Profit & Loss A/c (Dr.)	7,00,000
		Calls in Advance	2,00,000
Development Expenditure	20,000	Providend Fund	60,000
Unclaimed Dividend	12,000	Prepaid Expenses	1,000
Sundry Debtors	1,60,000	Loose tools	55,000
Bonds of City Bank	23,000	Public Deposits	70,000
Loan from City Bank	1,00,000	Bills discounted not matured	30,000
Live Stock	40,000	Provision for doubtful debts	9,000
Copyright	40,000	Interest accrued & due on loan from City Bank	10,000
Bills of Exchange	45,000	Interest accrued but not due on Public Deposits	2,000
Capital work in progress	20,000		
10000 shares of Ltd. ₹ 10 each	4,00,000		

टिप्पणी

2. The following items appear in the Trial Balance of Bosch Ltd. As at 31 March 2019.

		₹
1.	12% Preference share capital	10,00,000
2.	Equity share capital of ₹ 100 each	20,00,000
3.	Equity share capital of ₹ 100 each ₹ 50 paid-up	5,00,000
4.	Securities premium Account	6,00,000
5.	Revaluation Reserve	1,00,000
6.	10% Debentures	15,00,000

7. Profit & Loss A/c (as on 1.4.2000) ₹ 9,00,000 Profit before interest on debentures & tax is ₹ 3,00,000 for the year ended 31st March 2019. The recommendation of the Company's Board of Director's include equity dividend of 10%. Transfer to General Reserve is to be made @ 10% of current profits.

   Assume Corporate Tax 35% and Corporate Dividend Tax 10%). Show the above items in Profit & Loss account, Profit and Loss Appropriation A/c. Balance Sheet account.

परीक्षा सूची (दिनांक 31.3.2019)

Trial Balance (as on 31.3.2019)

Particulars	**विकलन**	**समाकलन**
प्राथमिक स्कन्ध (Opening Stock)	60,000	
क्रय (Purchases)	3,10,000	
मजदूरी (Wages)	20,000	
विक्रय (Sales)		7,00,000
उपहार (Discount)	300	1,000
वेतन (Salaries)	40,000	
किराया (Rent)	20,000	
सामान्य व्यय (General Expenses)	7,000	
लाभांश दत्त (Dividend paid)	13,000	
लाभालाभ लेखा (1.4.2019)		
(Profit & Loss A/c. 1.4.2019)		62,000
अशोध्य ऋण (Bad Debts)	3,500	
संचित (Reserves)		7,000
उत्तमर्ण (Creditors)		40,000
अधमर्ण (Debtors)	1,60,000	
पूँजी (Capital)		2,90,000
यन्त्र (Machinery)	4,00,000	
रोकड़ (Cash)	66,200	
	11,00,000	11,00,000

3. मनीषा लिमिटेड के उपर्युक्त तलपट के आधार पर निम्न बातों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी अधिनियम के अनुसार क्षैतिज प्रारूप में अन्तिम खाते तैयार कीजिए।

अतिरिक्त जानकारी:

(a) 31.3.3019 को स्कन्ध का मूल्य 96,000 ₹ है।

(b) यन्त्र पर 10% अवक्षयण का आयोजन कीजिए।

(c) अदत्त किराया 45 ₹ है।

(d) पूर्वदत्त सामान्य व्यय 38 ₹ है।

(e) आयकर के लिए 35% प्रावधान।

(f) संचालकों द्वारा 10% लाभांश घोषित किये जाने पर कॉर्पोरेट लाभांश कर की दर 10% है।

4. 30 जून 2019 को कपड़ा कम्पनी राजू लिमिटेड का तलपट निम्नांकित है। इसका लाभ-हानि खाता एवं चिट्ठा तैयार कीजिए।

Carriage Inward	2,500	
Wages	5,000	
Sales		10,00,000
Sales Return		50,000
Coal, Gas & Water	60,000	
Purchases	3,00,000	
Purchases Return		20,000
Stock 1 July 2019	80,000	
Salaries	50,000	
Bad Debts Reserve 1 July 2019		7,500
Bank charges	8,000	
Rates & Taxes	4,500	
General Expenses	9,200	
Fire Insurance	1,800	
Athorised Capital 5,00,000 shares of ₹ 10 each per share ₹ 5,00,000		
Subscribed Capital: 1,00,000 shares of ₹ 10 per share		10,00,000
Calls in Arrears	10,000	
Land	2,40,000	
Building	10,00,000	
Plant & Machinery	79,500	
Furniture & Fixtures	20,000	
Bills Receivable	10,000	
Sundry Debtors	90,000	

टिप्पणी

Sundry Creditors		55,000
Cash at Bank	1,60,000	
Cash in Hand	40,000	
Share Premium		18,000
General Reserve		20,000
	21,70,500	21,70,500

भवन पर 10% प्लाण्ट एवं मशीनरी पर 15% और फर्नीचर एवं फिक्सचर्स पर 20% ह्रास की व्यवस्था कीजिए। अशोध्य ऋणों के लिए विविध देनदारों पर 10% का संचय कीजिए। निम्नलिखित असमाप्त हुए धन को आगे ले जाइये। अग्नि बीमा 1/3।

नम्नालिखित अदत्त दायित्वों के लिए प्रबन्ध कीजिए। मजदूरी 5,000 ₹, वेतन 2,000 ₹, किराया एवं कर 1,500 ₹, 30 जून 2009 को रहतिये का मूल्य 12,000 ₹ था।

5. सुनंदा लिमिटेड का दिसम्बर 2019 का निम्नांकित तलपट था।

Purchases	4,10,000	
Sales		8,00,000
Opening Stock	40,000	
Wages	25,000	
Manufacturing Expenses	26,000	
Freight	4,000	
Interest on Debentures	3,000	
Salaries	1,24,000	
Depriciation	30,000	
General Expenses	25,000	
Insurance	26,000	
Land & Building (Cost ₹ 1,80,000)	1,80,000	
Furniture (Cost ₹ 20,000)	18,000	
Lease hold premises (lease to expire on 31 Dec.)	1,00,000	
Sundry Debtors	2,00,000	
Sundry Creditors		10,000
Shares in Subsidiary Company	40,000	
Called up Capital		4,00,000
Bills Recievable	20,000	
Advances against purchases of goods	12,000	
Profit & Loss A/c	80,000	
Overdraft from Bank		
(Secured against land & building)		18,000
Equity shares call Account	1,000	
6% Debentures		1,50,000
Prepaid Insurance	2,000	
Discount of Issue of Debentures	12,000	
	13,78,000	13,78,000

टिप्पणी

इस कम्पनी की पूँजी निम्न प्रकार थी–

1. 6% पूर्वाधिकार 100 ₹ वाले 1,000 अंश।
2. 100 ₹ वाले 4,000 समता अंश जिन पर 75 ₹ प्रति अंश आबंटित या याचित किया गया। संचालकों ने पिछले साल तक एकत्रित हानियों को निम्नांकित रूप से अपलिखित करने का निश्चय किया। जिसकी अंशधारियों व न्यायालयों ने स्वीकृति दे दी।
3. पूर्वाधिकार अंशों का मूल्य 20 ₹ प्रति अंश तक चुकता माने जायेंगे।
4. अगर कोई आधिक्य होगा तो साधारण संचय में हस्तांतरित कर दिया जायेगा।

अन्य सूचनायें–

(अ) अन्तिम रहतिया 90,000 ₹
(ब) भुनाये हुए बिल 6,500 ₹
(स) नए मैनेजर को शुद्ध लाभ का 10% कमीशन मिलेगा।

6. जी.के. लिमिटेड का जिसकी अधिकृत पूँजी 10,00,000 ₹ है। जो 10 ₹ वाले 1,00,000 समता अंशों में विभक्त है। 31 दिसम्बर 2019 को निम्नांकित तलपट था।

Debenture Interest (half year to 30.6.2019)	6,000	
Interim Dividend	80,000	
Salaries	1,20,000	
Profit & Loss A/c		25,000
Trading Account (G.P.)		7,20,000
Selling Expenses	65,000	
Interest	7,000	
General Expenses	6,000	
Depreciation	12,000	
Income Tax Paid	25,000	
Share Transfer Fees		1,000
Insurance	7,000	
Building	8,00,000	
Furniture	1,40,000	
Preliminary Expenses	20,000	
Subscribed Capital		8,00,000
General Reserve		1,25,000
Provision for Taxation		96,000
Sundry Creditors		1,60,000
Bank 10 am		3,00,000
Loan to Director	60,000	
Closing Stock	25,000	
Sundry Debtors	4,94,000	
Cash & Bank Balances	6,00,000	
Outstanding Expenses		40,000
6% Debentures		2,00,000
	24,67,000	24,67,000

निम्नांकित सूचनाओं को ध्यान में रखकर लि. के अन्तिम खाते क्षैतिज प्रारूप में बनाइऐ—

1. 31 दिसम्बर 2019 तक भवन का ह्रास 80,000 ₹ तथा फर्नीचर का 14,000 ₹ है।
2. कम्पनी ने 1 अप्रैल 2019 को अपने अंशधारियों को 1,00,000 ₹ के अंकित मूल्य के बोनस अंश निर्गमित किये।
3. वर्ष में एक संचालक को 80,000 ₹ का ऋण दिया गया जिसमें से 20,000 ₹ उसने 31 दिसम्बर 2019 को भुगतान किया।
4. 31 दिसम्बर 2019 वाली वर्ष के आयकर के दायित्व के सम्बन्ध में 70,000 ₹ आगे ले जाये गये और चालू वर्ष के लाभों के सम्बन्ध में 35% का प्रावधान करना है।
5. विविध देनदारों में 4,000 ₹ अवशिष्ट याचना के शामिल है।
6. संचालकों ने 5 ₹ प्रति अंश की दर से अम्तिम लाभांश की सिफारिश की है।

7. स्टील कम्पनी R लिमिटेड द्वारा दी हुई निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर इस कंपनी का चिट्ठा 31 दिसम्बर 2019 का कम्पनी अधिनियम 1956 की अनुसूची VI के भाग I के अनुसार ऊर्ध्वाधर प्रारूप में बनाइये।

समता पूँजी (अंकित मूल्य 100 ₹ का)			4,00,000
अदत्त याचनाएँ		5,000	
सामान्य संचय			1,00,000
लाभ-हानि खाता			2,00,000
राज्य वित्तीय निगम से ऋण			2,00,000
ऋण (आरक्षित)			90,000
भूमि		5,00,000	
भवन		4,00,000	
प्लाण्ट एवं मशीनरी		60,000	
फर्नीचर		5,000	
अन्तिम रहतियाँ:			
निर्मित माल	20,000		
कच्चा माल	10,000	30,000	
देनदार		60,000	
अग्रिम		5,000	
रोकड़ बाकी		95,000	
बैंक में रोकड़		35,000	
करों के लिए प्रावधान			80,000
प्रस्तावित लाभांश		60,000	
लेनदार (माल एवं व्ययों के लिए)			1,90,000
प्रारम्भिक व्यय		5,000	
		12,60,000	12,60,000

टिप्पणी

निम्नांकित अतिरिक्त सूचना भी दी हुई है–

1. 500 समता अंशों का निर्गमन रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के लिए किया गया।
2. 20,000 ₹ के लेनदार छः माह से अधिक है।
3. संपत्तियों की लागतः

भवन	5,00,000
प्लाण्ट एवं मशीन	1,00,000
फर्नीचर	8,000

4. राज्य वित्तीय निगम के 2,00,000 ₹ के ऋण की बाकी में 12,000 ₹ उस ब्याज में शामिल है जो अर्जित हो चुका है परन्तु देय नहीं हुआ है। यह ऋण प्लाण्ट एवं मशीन की प्रतिभूति पर दिया गया है।
5. 30 जून 2019 को देय प्राप्य बिल 1,00,000 वालों को भुना लिया गया है।

8. आर.एच. कम्पनी लिमिटेड जिसकी अधिकश्त, निर्गमित, प्रार्थिक एवं चुकता पूँजी 5,00,000 ₹ है जो प्रत्येक 10 ₹ वाले 50,000 समता अंशों में बटी है। और खाता बही ने 31 मार्च 2019 को निम्नांकित शेष बताये।

क्रय एवं क्रय वापसी	3,60,500	10,500
विक्रय एवं विक्रय वापसी	15,000	8,95,000
आगत गाड़ी भाड़ा	2,300	
मजदूरी	28,000	
विज्ञापन	9,000	
कानूनी व्यय	9,000	
किराया, कर एवं बीमा	12,000	
स्कन्ध 1 जून 2009	81,000	
आयकर	30,000	
व्यापारिक व्यय	70,500	
मरम्मत	12,000	
अन्तरिम लाभांश अर्द्धवार्षिक 30 जून 2019	5,000	
भूमि एवं भवन	5,00,000	
संयंत्र एवं मशीनरी	3,50,000	
खुले उपकरण	4,60,000	
फर्नीचर एवं फिटिंग	45,000	
प्रारम्भिक व्यय	70,000	
याचना बाकी	2,000	
रोकड़ हाथ में	22,000	

टिप्पणी

6% सरकारी बॉण्ड अंकित मूल्य 50,000 ₹	45,000	
प्राप्त विपत्र	14,000	
मोटर	1,20,000	
ख्याति	7,000	
विविध देनदार	80,000	
विविध लेनदार		65,000
संचय कोष		1,20,000
1 जून 2019 को लाभ-हानि खाता		95,000
बैंक अधिविकर्ष		40,000
अंश पूँजी (50,000 अंश प्रत्येक 10 ₹ का)		5,00,000
8% ऋण पत्र 100 ₹ प्रत्येक		2,00,000
	19,25,500	19,25,500

1. व्यापारिक एवं लाभ-हानि, लाभ-हानि नियोजन खाता और आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए।
2. देनदारों पर 5% से संदिग्ध ऋण आयोजन बनाइये।
3. मशीनरी पर 10%, फर्नीचर पर 15%, फुटकर उपकरणों पर 10% व मोटर पर 20% की दर से ह्रास लगाइये।
4. 30 सितम्बर 2018 को स्कन्ध का मूल्य 1,00,000 ₹ था।
5. संचालकों ने 30 जून 2019 को समाप्त होने वाली छमाही के लिए 5% की दर से अन्तरिम लाभांश घोषित किया।

9. 31 दिसम्बर 2018 को भोपाल इंडस्ट्रीज लि. की पुस्तकों से निम्नांकित बाकियां ली गई। 2018 वर्ष के लिए कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इसके ऊर्ध्वाधर प्रारूप के अन्तिम खाते बनाइऐ।

Opening stock	25,000	Plant & Machinery at cost	3,00,000
Sales	2,25,000	Loose Tools	1,20,000
Material Purchased	14,00,000	Goodwill	9,000
Wages	1,00,000	Equity share capital	10,00,000
Profit & Loss A/c. (cr.)	40,000	5000 Pref share capital	5,00,000
Audit Fees	6,000	5% Debentures	4,00,000
Trade Expenses	25,000	Sundry Debtors	4,50,000
Bad Debts	4,000	Sundry Creditors	20,000
Debenture Interest	2,000	Bills Recievable	3,00,000
Div. on Preference Share	5,000	Bills Payable	3,000

Directors Fees	10,000	Cash in Hand	16,000
Interest Paid	7,000	Bank Overdraft	40,000
Land & Building at cost	80,000	Patents	5,40,000

आपको निम्नांकित सचनाएँ दी हैं–

(a) कम्पनी की अधिकश्त पूँजी 2,00,000 ₹ है जो कि 100 ₹ वाले 15,000 समता अंशों में तथा 5,000, 6% 100 ₹ वाले पूर्वाधिकार अंशों में विभक्त हैं।

(b) 31 दिसंबर 2018 को रहतियाँ 1,00,000 ₹ था।

(c) 15,000 ₹ का माल जो कि विक्रय और वापसी के आधार पर ग्राहकों को भेजा गया था विक्रय में 20,000 ₹ पर शामिल कर लिया गया तथा इसकी स्थिति को सुधारने के लिए पुस्तकों में कोई लेखा नहीं किया गया।

(d) ह्रास निम्नांकित दरों पर निकालिये : प्लाण्ट एवं मशीनरी 10%, लूज टूल्स 20%, पेरेन्ट 20%, भूमि और भवन 10%।

(e) देनदारों के सम्बन्ध में कटौती के लिए 2½% तथा संदिग्ध एवं डूबत ऋणों के लिए 10% का संचय करना है।

(f) संचालकों ने 35% करों के लिए हस्तांतरण करने के बाद समता अंशों पर 10 ₹ प्रति अंश तथा पूर्वाधिकार अंशों पर 6 ₹ प्रति अंश की दर से लाभांश घोषित किया। जिस पर कॉर्पोरेट लाभांश कर 10% है।

10. देहली प्रोडक्ट्स लि. का 31 दिसम्बर 2019 को निम्नांकित तलपट था।

Purchase	4,10,000	
Sales		8,00,000
Opening Stock	40,000	
Wages	25,000	
Manufacturing Expenses	26,000	
Freight	4,000	
Interest on Debentures	3,000	
Salaries	1,24,000	
Depreciation	30,000	
General Expenses	25,000	
Insurance	26,000	
Land & Building (Cost ₹ 2,00,000)	1,80,000	
Furniture (Cost ₹ 20,000)	18,000	
Lease hold premises (lease to expire on 31 Dec. 2019)	1,00,000	

Sundry Debtors	2,00,000	
Sundry Creditors	2,00,000	2,10,000
Shares in Subsidiary Co.	40,000	
Called up Capital		4,00,000
Bills Receviable	20,000	
Advances against purchases of goods	12,000	
Profit & Loss Account	80,000	
Overdraft from Bank		18,000
Equity Share Call Account	1,000	
6% Debentures		1,50,000
Prepaid Insurance	2,000	
Discount on Issue of Debentures	12,000	
	13,78,000	13,78,000

(i) 6% पूर्वाधिकार 100 ₹ वाले 1000 अंश

(ii) 100 ₹ वाले 4,000 समता अंश जिन पर 75 ₹ प्रति अंश आबंटित व याचित किया गया। संचालकों ने पिछले साल तक एकत्रित हानियों को निम्नाकित रूप से अपलिखित करने का निश्चय किया जिसकी अंशधारियों व न्यायालयों ने स्वीकृति दे दी–

(a) पूर्वाधिकार अंशों का मूल्य 20 ₹ प्रति अंश से कम कर दिया गया।

(b) समता अंश 50 ₹ प्रति अंश तक चुकता माने जायेंगे।

(c) अगर कोई आधिक्य होगा तो साधारण संचय में हस्तांतरित कर दिया जायेगा।

अन्य सूचनाएँ–

(अ) अन्तिम रहतियाँ 90,000 ₹

(ब) भुनाये हुए बिल 6,500 ₹

(स) नए मैनेजर को शुद्ध लाभ का 10% कमीशन मिलेगा।

टिप्पणी

1.15 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1. अग्रवाल महेश, निगमीय लेखे, रामप्रसाद एण्ड सन्स, भोपाल।
2. शर्मा शाह, मंगल अग्रवाल जैन, आर.बी.डी. पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली (जयपुर)।
3. Sharda Gangwar, Himalaya Publishing House Pvt. Ltd., Mumbai.
4. Mangal Ramesh, Company Accounts, Universal Publication, Agra.
5. Gupta R.L., Radhaswamy M., Company Account, Sultan Chand and Sons, New Delhi.
6. Maheshwari S.N., Corporate Accounting, Vikas Publishing House, New Delhi.
7. Modi, Oswal and S.K. Khatik, Corporate Accounting in Hindi and English (both), Colloge Book House, Jaipur.
8. Mehta, Brahmbhati, Corporate Accounting, Devi Ahilya Prakashan, Indore.
9. Jain and Narang, Kalyani Publishers, New Delhi.
10. Shukla S.M., Sahitya Bhavan Publication, Agara.

इकाई 2 ख्याति और अंशों का मूल्यांकन एवं सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियाँ के खाते (Valuation and Evaluation of Goodwill and Shares in the Accounts of Public Utility Companies)

संरचना (Structure)

2.0 परिचय

2.1 उद्देश्य

2.2 ख्याति का मूल्यांकन

- 2.2.1 ख्याति की विचारधारा
- 2.2.2 ख्याति निर्माण के कारण
- 2.2.3 ख्याति की परिभाषा
- 2.2.4 ख्याति के विशेष तत्व
- 2.2.5 ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्व
- 2.2.6 ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता
- 2.2.7 ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ

2.3 अंशों का मूल्यांकन

- 2.3.1 अंशों के मूल्यों को प्रभावित करने वाले तत्व
- 2.3.2 अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता
- 2.3.3 अंश मूल्यांकन की विधियाँ
- 2.3.4 पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन
- 2.3.5 आय के आधार पर मूल्यांकन
- 2.3.6 वास्तविक आय की दर के आधार पर मूल्यांकन
- 2.3.7 वास्तविक आय दर
- 2.3.8 लाभ की सामान्य दर
- 2.3.9 अंश का चुकता मूल्य

2.4 सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियों के खाते (विद्युत कम्पनी)

- 2.4.1 दोहरा खाता प्रणाली की परिभाषाएँ
- 2.4.2 दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताऐं
- 2.4.3 दोहरा प्रविष्टि प्रणाली एवं दोहरा खाता प्रणाली में अन्तर
- 2.4.4 दोहरा खाता प्रणाली का प्रारूप
- 2.4.5 दोहरा खाता प्रणाली के उद्देश्य
- 2.4.6 दोहरा लेखा प्रणाली के दोष
- 2.4.7 दोहरा खाता प्रणाली की लेखांकन विधि
- 2.4.8 पूँजी खाता व सामान्य चिट्ठे में अन्तर
- 2.4.9 सार्वजनिक कम्पनियों के खातों से सम्बन्धित प्रारूप
- 2.4.10 दोहरा लेखा प्रणाली के लाभ
- 2.4.11 दोहरा लेखा प्रणाली की हानियाँ
- 2.4.12 बिजली पूर्ति कम्पनियों के खाते

2.5 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर

2.6 सारांश

2.7 मुख्य शब्दावली

2.8 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

2.9 सहायक पाठ्य सामग्री

टिप्पणी

2.0 परिचय (Introduction)

व्यापार की प्रतिष्ठा ख्याति कहलाती है, यह प्रतिष्ठा व्यापारी के व्यवहार, वस्तू या माल के गुण, अच्छे व उचित स्थान पर व्यवसाय का स्थापित होना या इसी प्रकार से किसी अन्य कारणों से होती है, ख्याति व्यवसाय की अमूल्य सम्पत्ति होने के बाद भी विभिन्न लेखाकारों द्वारा ख्याति का मूल्यांकन कम या ज्यादा किया गया है, अर्थात ख्याति का मूल्य व्यवसाय में कम या ज्यादा हो सकता है इसके अलावा एक सा व्यवसाय करने वाले अलग-अलग व्यवसायी के लिये ख्याति मूल्य अलग हो सकता है।

किसी ने कहा है ''ख्याति एक व्यवसाय की भविष्य की अतिरिक्त आय का वर्तमान मूल्य है।'' अर्थात भविष्य में हमें जो आय प्राप्त होने वाली है, उसका मूल्यांकन हम वर्तमान में करते हैं। यही अतिरिक्त आय व्यवसाय को उसके नाम, व्यापार के स्थान, व्यापार की सुविधाएं या व्यापारी के व्यवहार आदि के कारण हो सकती है। ख्याति का साधारण शब्दों में अर्थ है, ख्याति एक ऐसी सम्पत्ति है जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करती है एवं आय में वृद्धि करती है, जिससे व्यवसाय की क्रय क्षमता और गुणवत्ता में निरन्तर वृद्धि होती जाती है।

अंशों का निर्गमन कम्पनी द्वारा सममूल्य, प्रब्याजि एवं छूट पर किया जा सकता है। कम्पनी समय-समय पर अपने अंशों का निर्गमन करती रहती है। स्कन्ध बाजार में विभिन्न प्रकार के अंशों तक लेनदेन होता है, इसी के आधार पर एक अंश के बाजार मूल्य का निर्धारण किया जाता है। अंशों के मूल्य पर कम्पनी की ख्याति का प्रभाव भी पड़ता है। ख्याति के मूल्य में परिवर्तन के साथ-साथ अंशों के बाजार मूल्य में परिवर्तन स्वाभाविक है। अंशों, का क्रय विक्रय कम्पनी की प्रकृति, गुणवत्ता एवं अन्य बातों को ध्यान में रखकर किया जाता है। कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन करने में विभिन्न सिद्धान्तों को भी ध्यान में रखा जाता है। इन सिद्धान्तों का पालन करने के लिये वित्तीय एवं लेखांकन ज्ञान का होना अति आवश्यक है।

अंशों के मूल्य में परिवर्तन निरन्तर होता रहता है, जिस पर कम्पनी की वित्तीय स्थिति, लाभ-अर्जन क्षमता एवं उद्योग की आन्तरिक एवं बाहय परिस्थितियाँ अपना प्रभाव डालती है।

एक कम्पनी दो प्रकार के अंशों का मूल्यांकन करती है–

(1) समता या साधारण अंश

(2) पूर्वाधिकार अंश

अंशों से सम्बन्धित तत्व–

(1) दावे (Claims)

(2) लाभांश (Dividend)

(3) शोधन (Redemption)

(4) परिवर्तन (Conversion)

दोहरा प्रविष्टि प्रणाली से हम सभी परिचित हैं। भारत में व्यापार से सम्बन्धित जितने भी लेखे किये जाते हैं, दोहरा प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार ही किये जाते हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि दोहरा प्रविष्टि प्रणाली के अन्तर्गत लेखा करने पर एक प्रविष्टि का असर दो अलग-अलग खातों पर पड़ता है, अतः दो खाते खोले जाते हैं।

ऊपर हमने एक शब्द का प्रयोग किया है व्यापार। व्यापार का समान्य भाषा में अर्थ होता है, लाभ कमाने के उद्देश्य से किया गया लेनदेन। इसके अतिरिक्त अन्य लेनदेन भी व्यवहार में देखने को मिलते हैं जैसे रेल्वे से व्यवहार, बिजली प्रदान करने वाली कम्पनियों से व्यवहार, जल प्रदान संस्थाए, गैस प्रदान करने वाली संस्थाए आदि, क्या यह सभी संस्थाए लाभ के उद्देश्य से चलायी जाती हैं, तो हमारा उत्तर होगा नहीं। अतः ऐसी संस्थाए जो, सार्वजनिक उपयोगिता वाले कार्य करती हैं, जिनका कार्य आम जनता के हित के लिए कार्य करना होता है, उन्हें एकाधिकार प्राप्त होता है तथा इनकी स्थापना विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत की जाती है। इन संस्थाओं के द्वारा जो लाभ अर्जित किया जाता है किसी एक व्यक्ति को न होकर उसका फायदा पूरे समाज को होता है। इन संस्थाओं द्वारा अपनी पूँजी एवं विनियोगों से सम्बन्धित जानकारी जनता को देनी होती है तथा यह संस्थाए अपने विनियोग की बड़ी राशि का प्रयोग स्थायी सम्पत्तियों के लिए करती हैं, के द्वारा जो खाते बनाये जाते हैं दोहरा खाता प्रणाली के अन्तर्गत आते हैं।

2.1 उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्वों से अवगत हो पाऐंगे।
- ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता एवं मूल्यांकन की विधियाँ को समझ पाऐंगे।
- अंशों के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्वों से अवगत हो पाऐंगे।
- अंश मूल्यांकन की आवश्यकता एवं मूल्यांकन की विधियाँ को समझ पाऐंगे।
- दोहरा खाता प्रणाली की लेखांकन विधि एवं सार्वजनिक कम्पनियों के खातों से सम्बन्धित प्रारूप से अवगत हो पाऐंगे।

2.2 ख्याति का मूल्यांकन (Valuation of Goodwill)

2.2.1 ख्याति की विचारधारा (Ideology of Goodwill)

कुछ लेखाकारों का ख्याति से आशय सामान्य लाभ से अधिक लाभ से है अर्थात् एक समान व्यवसाय करने वाले दो व्यवसायी में से एक व्यवसायी को अधिक लाभ प्राप्त होना ही ख्याति कहलाती है, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि ख्याति का सीधा सम्बन्ध अधिकाधिक ग्राहकों से हैं, ऐसे ग्राहकों से जो बार-बार एक व्यवसाय या व्यवसायी के पास आते हैं, अतः उन्हें पूरा विश्वास है कि इस व्यवसायी से जो भी सामग्री क्रय करेगें, यह उसका मूल्य सही लेंगे और विश्वास है वस्तु की गुणवत्ता पर।

कानूनी तौर पर देखा जाये तो ख्याति का आशय उत्तम स्थिति से है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार ख्याति का अर्थ ऐसी सम्पत्तियों से है, जिसका पुस्तकों में लेखा न हो अर्थात् ऐसी आय, जो पुस्तकों में लिखी सम्पत्ति के अतिरिक्त होती है।

जैसा कि हमने देखा अलग-अलग शास्त्रियों ने ख्याति के बारे में अलग-अलग विचार व्यक्त किये है, इससे हम कह सकते है कि किसी भी व्यवसाय के लिए ख्याति का मूल्यांकन कम या ज्यादा हो सकता है।

टिप्पणी

2.2.2 ख्याति निर्माण के कारण (Reasons for Creating Goodwill)

ख्याति का निर्माण अनेक कारणों से हो सकता है, जिसमें से प्रमुख कारण इस प्रकार हैं–

(1) व्यवसायी एवं प्रबन्धकों के अच्छे व्यवहार के कारण।

(2) उचित मूल्य व अच्छी किस्म के कारण।

(3) व्यवसाय का ऐसे स्थान पर होना, जो ग्राहकों के लिए सुविधाजनक है।

(4) व्यवसाय के पास ऐसा ऐडमार्क हो, जो ग्राहकों के लिए लाभदायक हो।

(5) व्यवसायी एवं प्रबन्धकों का ग्राहकों के प्रति इमानदार होना।

2.2.3 ख्याति की परिभाषा (Refinition of Goodwill)

विभिन्न लेखाकारों एवं विभिन्न शास्त्रियों द्वारा ख्याति की विभिन्न परिभाषाऐं दी गयी है, जिनके विचारों से हम ऊपर अवगत भी हो चुके हैं। यहाँ हम इंग्लैंड के एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड एवं भारतीय एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड के द्वारा दी गयी परिभाषा का अवलोकन करेंगे।

इंग्लैण्ड के एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड के अनुसार

"Goodwill is difference between the value of a business as a whole and the aggregate of the fair values of its separable net assets."

उपरोक्त परिभाषा के अनुसार समस्त सम्पत्तियों को बेचने एवं समस्त दायित्वों के अलग-अलग भुगतान करने के बाद, सम्पत्तियों के शुद्ध मूल्य एवं व्यापार के मूल्य में अन्तर की राशि को ख्याति कहते है। इस परिभाषा के अनुसार ख्याति का अपना कोई मूल्य नहीं होता है।

भारती चार्टर्ड इन्स्टीटयूट के एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड (As-10) के अनुसार

"Whenever a business is acquired for a price (payable in cash or in share or otherwise) which is in excess of the value of the net assets of the business taken over, the excess should be termed as goodwill."

इस परिभाषा में क्रय मूल्य को आधार माना है, अर्थात जब हम किसी व्यवसाय को क्रय करते है, तो उस व्यवसाय का मूल्यांकन किया जाता है, मूल्यांकन उपरान्त भी उस व्यवसाय के लिये हम ज्यादा मूल्य चुकाने को तैयार रहते है, इसी आधिक्य की राशि को ख्याति कहा जाता है। भारतीय प्रमापक–10 के अनुसार ख्याति को पुस्तकों में उसी दशा में दिखाया जाना चाहिये, जब वास्तव में उसके लिये भुगतान किया गया हो, आन्तरिक मूल्यांकन के आधार पर ख्याति को पुस्तकों में नहीं दिखाया जायेगा।

"If the expected future carries are less than a satisfactory return, the capitalization of this deficiency is sometimes thought of as negative goodwill."

–Hendriksen

टिप्पणी

2.2.4 ख्याति के विशेष तत्व (Special Elements of Goodwill)

(1) व्यवसाय की ख्याति धनात्मक या ऋणात्मक हो सकती है।

(2) व्यवसाय की ख्याति विविध सम्पत्तियों की भांति अलग खरीदा या बेचा नहीं जा सकता।

(3) ख्याति का मूल्य प्रतिवर्ष बदलता रहता है।

(4) ख्याति का कोई निश्चित मूल्य नहीं होता है, यह मूल्यांकनकर्ता पर निर्भर करता है कि ख्याति का मूल्यांकन क्या है।

(5) ख्याति प्राप्त करने के लिये खर्च की गयी राशि आवश्यक नहीं कि वसूल हो जाये।

(6) बिना व्यवसाय के ख्याति को कोई औचित्य नहीं है।

(7) ख्याति को प्रभावित करने वाले तत्वों के आधार पर ख्याति की राशि कम या ज्यादा हो सकती है।

(8) धनात्मक राशि अर्थात ख्याति चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में तथा ऋणात्मक राशि अर्थात पूँजी संचय चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जाता है।

2.2.5 ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्व (Factors Affecting the Value of Goodwill)

ख्याति व्यवसाय में सामान्य लाभ से अधिक लाभ प्राप्त करने पर आधारित है, अतः ख्याति पर ऐसे बहुत सारे तत्वों का प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण ख्याति का मूल्यांकन, मूल्यांकनकर्ता द्वारा अधिक राशि पर किया जाता है। एक व्यवसाय की ख्याति के मूल्यांकन को मुख्यतः निम्न तत्व प्रभावित करते हैं–

(1) व्यवसाय का स्थान– व्यवसाय का स्थान ख्याति को मुख्य रूप से प्रभावित करता है। किसी ऐसे स्थान पर व्यवसाय का स्थापित होना जहाँ आवागमन ज्यादा हो एवं आवागमन सुगम हो उस स्थान की ख्याति ज्यादा होगी।

(2) व्यवसायी की आदत– व्यवसाय पर व्यवसायी का प्रभाव एवं व्यवसायी का ग्राहकों पर सीधा प्रभाव पड़ता है, किसी व्यापारी का माल तो गुणवत्ता से पूर्ण है, लेकिन उसकी आदत ग्राहकों को उचित सम्मान न देने की है, तो ऐसी दशा में ख्याति का मूल्यांकन कम होगा।

(3) वस्तु में गुणवत्ता का होना– वस्तु अगर अच्छी गुणवत्ता की है, तो ज्यादा आय प्राप्त होगी, और वस्तु की गुणवत्ता में दोष है तो आय के साथ-साथ ख्याति भी कम होगी।

(4) व्यापार की अवधि– व्यापार कितनी अवधि के लिये कितने वर्ष के लिये किया जा रहा है, या उस पर भी ख्याति का मूल्यांकन निर्भर करता है। कम अवधि के व्यवसाय में ग्राहकों की संख्या कम होती है, अतः ख्याति भी कम होगी। इसके विपरीत लम्बी अवधि के व्यवसाय में ग्राहकों की संख्या अधिक होने के कारण ख्याति का मूल्यांकन भी अधिक होता है।

(5) व्यापार में जोखिम की स्थिति– व्यापार में जोखिम अधिक होने पर या अनिश्चित होने पर ख्याति की राशि कम होगी, इसके विपरीत जोखिम कम होने पर ख्याति की राशि का मूल्यांक अधिक होगा।

टिप्पणी

(6) **व्यवसाय में एकाधिकार**– यदि किसी व्यवसाय में व्यापारी को एकाधिकार प्राप्त है तो समस्त ग्राहक उसी व्यवसाय से लेन-देन करेंगे, तो ऐसी स्थिति में व्यवसाय की ख्याति अधिक होती है।

(7) **व्यवसाय का प्रबन्धकों द्वारा कुशल प्रबन्ध**– वर्तमान व्यवसाय में प्रबन्धकों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, व्यवसाय की आय अर्जन क्षमता प्रबन्धकों पर निर्भर रहती है कुशल प्रबन्धकों द्वारा कुशल प्रबन्ध कर व्यवसाय की ख्याति में वृद्धि की जा सकती है, इसके विपरीत अगर व्यवसाय को अकुशल प्रबन्धकों द्वारा संचालित किया जा रहा है तो ख्याति का मूल्यांकन भी कम होगा।

(8) **पूँजी का प्रयोग**– अधिक मात्रा में व्यवसाय में पूँजी लगाने पर ख्याति कम होती है क्योंकि मात्रा तो अधिक होती है परन्तु उसका प्रयोग उचित रूप से नहीं होता, जिसके कारण व्यवसाय की ख्याति कम होती है, इसके विपरीत कम मात्रा में पूँजी विनियोजित करने पर पूँजी का प्रयोग व्यवसाय में अधिक होता है और ख्याति की राशि भी अधिक होती है।

(9) **वस्तु की प्रकृति**– यदि किसी ऐसी वस्तु का व्यापार किया जा रहा है जिसकी माँग स्थिर है तो व्यवसाय में भी स्थिरता रहती है और ख्याति का मूल्य भी अधिक होगा। परन्तु यदि ऐसी वस्तुओं का व्यापार है जिसकी माँग में उतार चढ़ाव आता रहता है, तो ऐसी व्यवसाय की ख्याति का मूल्य भी कम होगा।

2.2.6 ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता (Need for Valuation of Goodwill)

जैसा कि ऊपर हमने देखा कि ख्याति का मूल्यांकन करना आवश्यक नहीं है, इसके अलावा ख्याति का मूल्य कम या ज्यादा हो सकता है, ख्याति के मूल्यांकन की भी विभिन्न विधियाँ होती है जिसके आधार पर ख्याति का मूल्यांकन अलग-अलग मूल्यों में निकलता है। ख्याति का मूल्यांकन सामान्यतः व्यवसाय के क्रय एवं विक्रय के लिये किया जाता है, और उसी समय व्यवसाय की ख्याति मूल्यांकित की जाती है, इसके अतिरिक्त ऐसी कई और स्थितियाँ होती है, जब व्यवसाय के लिये ख्याति का मूल्यांकन करना आवश्यक होता है, यहाँ पर हम उन्हीं दशाओं के बारे में अध्ययन करेगें।

ख्याति का मूल्यांकन मुख्यतः तीन प्रकार के व्यवसायों में होता है–

(I) कम्पनी की स्थिति में– कम्पनी की स्थिति में ख्याति में मूल्यांकन के निम्न कारण हो सकते हैं–

(1) जब किसी कम्पनी को किसी दूसरी कम्पनी को विक्रय किया जाता है।

(2) जब दो कम्पनियाँ मिलकर एक साथ कार्य करने को सहमत होती हैं।

(3) जब एक कम्पनी किसी दूसरी कम्पनी की आय जानना चाहती है।

(4) जब सरकार किसी कम्पनी का अधिग्रहण कर लेती है।

(5) जब करों के प्रावधान के लिये कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन किया जाता है।

(6) जब कम्पनी के अंशों को किसी और भाग में परिवर्तित किया जाता है।

टिप्पणी

(II) साझेदारी फर्म की स्थिति में–

(1) जब नया साझेदार फर्म में प्रवेश करता है।

(2) जब कोई साझेदार फर्म से निवृत्त होता है।

(3) जब साझेदारी व्यवसाय को संयुक्त स्कन्ध कम्पनी में परिवर्तित किया जाता है।

(4) जब साझेदारी व्यवसाय को किसी ओर व्यवसाय के साथ एकीकरण किया जाता है।

(5) जब व्यवसाय को विक्रय किया जाता है।

(6) जब किसी साझेदार की मृत्यु हो जाती है।

(III) एकल व्यापारी की स्थिति में–

(1) जब व्यवसाय को बेचा जाता है।

(2) जब व्यवसायी अपने व्यवसाय का मूल्यांकन करना चाहता है।

(3) जब व्यवसायी को अत्यधिक लाभ प्राप्त होता है।

(4) आयकर के दृष्टिकोण से भी व्यवसाय की ख्याति का आकलन आवश्यक है।

2.2.7 ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ (Methods of Valuation of Goodwill)

ख्याति का मूल्यांकन विभिन्न व्यवसायों की प्रकृति, कार्य करने का तरीका, लाभ अर्जन की क्षमता, बाजार में उसी प्रकार का व्यवसाय करने वाली विभिन्न कम्पनियाँ आदि कई खातों पर निर्भर होता है, ख्याति के मूल्यांकन की भी विभिन्न विधियाँ है, विभिन्न विधियों से ख्याति की राशि भी विभिन्न विभिन्न राशिया में गणना होकर निकलती है। किसी विधि से ख्याति का मूल्यांकन कम होता है, और किसी विधि से ख्याति के मूल्यांकन की राशि अधिक निकल कर आती है।

I. औसत लाभ विधि (Average Profit Method)

औसत का अर्थ होता है कई वर्षों के जोड़ को उन वर्षों के योग से भाग देने पर प्राप्त संख्या। इस विधि से ख्याति की गणना के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है–

ख्याति = औसत वार्षिक लाभ × क्रय किये गये वर्षों की संख्या

Goodwill = Average Annual Profit × No. of Years Purchase

उपरोक्त सूत्र का स्पष्टीकरण इस प्रकार–

(i) औसत वार्षिक लाभ (Average Annual Profit)– औसत लाभ की गणना पिछले वर्षों के लाभों के आधार पर की जाती है, इस वर्षों की संख्या तीन, चार, पाँच, सात आदि हो सकती है। व्यापार का क्रेता पिछले वर्षों के लाभों के आधार पर आगामी वर्षों में लाभ अर्जन का अनुमान लगाता है। अतः पिछले वर्षों के लाभों में से उन सभी ऐसी आयों का घटा दिया जाना चाहिए, जो भविष्य में प्राप्त नहीं की जा सकती हैं, या ऐसी आय जो अनिश्चितता के कारण प्राप्त हुयी हो या इस प्रकार आय जो किसी विशेष अवसर पर अर्जन की गयी हो, इसी तरह से व्यापार की औसत वार्षिक आय की गणना करने के लिए ऐसे व्ययों एवं हानियाँ को कुल आयों में घटा देना चाहिये, जिसे भविष्य

टिप्पणी

में करने पड़ सकते हैं। तथा ऐसी हानियाँ को घटा दिया जाना चाहिये, जो किसी अनिश्चितता के कारण हुयी हों। औसत लाभ की गणना करने में एक बात का ध्यान और रखा जाता है यदि पिछले वर्षो का लाभ लगातार बढ़ (असाधारण) रहा है, या लगातार घट रहा है तो उस समय भारयुक्त औसत (Weighed Average) ज्ञात किया जाना चाहिए।

(ii) क्रय किये गये वर्षों की संख्या (No. 06 year purchase)– सामान्यतः क्रय किये गये वर्षो का आशय होता है लाभ द्वारा ख्याति की राशि का वसूल ले जाना। ख्याति का मूल्य ज्ञात करने के लिये औसत लाभ को वर्षो की संख्या से गुणा किया जायेगा। वर्षो की संख्या का निर्धारण व्यापार के लाभ अर्जन पर निर्भर होता है। यह अनुमान लगाया जाता है कि व्यापार के क्रेता द्वारा विशेष प्रयत्न न करने पर पुराना राशि कितने वर्षो में अर्जित की जा सकती है।

उदाहरण– 1

एक्स कम्पनी लिमिटेड का पिछले तीन वर्षो का लाभ इस प्रकार है–

वर्ष 2007	₹ 12,000
वर्ष 2008	₹ 15,000
वर्ष 2009	₹ 18,000

औसत लाभ विधि से ख्याति की राशि की गणना कीजिये, यदि ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षो के औसत लाभ के दो वर्षो के क्रय के आधार पर किया जाता है।

हल क्रमांक 1

Formula

Goodwill = Average Annual Profit × No. of years

Calculation of Average Profit

Profit of loss years = 12,000 + 15,000 + 18,000

= 45,000

$$\text{Average Profit} = \frac{45{,}000}{3} = 15{,}000$$

Goodwill = 15,000 × 2 = 30,000 ₹

उदाहरण– 2

रवि लि. ने ध्रुव लि. को 31 मार्च 2008 को क्रय किया। ध्रुव लिमिटेड का पिछले तीन वर्षो का लाभ-हानि इस प्रकार है

Year	Profit	Loss
2016	1,04,500	—
2017	—	69,000
2018	1,06,500	—

वर्ष 2016 के लाभों में 3,000 ₹ की राशि मशीनरी के विक्रय से प्राप्त हुयी है। वर्ष 2017 की हानियों में 38,000 ₹ की हानि अग्नि से माल नष्ट होने के कारण हुयी है। ख्याति की गणना पिछले तीन वर्षों के लाभों के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की जाना है।

टिप्पणी

हल क्रमांक 2

Calculation of goodwill

Goodwill = Average Annual Profit × No. of years purchase

Average Annual Profit

Year	Profit/Loss	Actual Profit/Loss
2016	1,04,500 – 3,000 =	1,01,500
2017	69,000 (Loss) – 38,000	31,000
2018	1,06,500	1,06,500
Total Profit कुल लाभ		1,77,000

$$\text{Average Profit} = \frac{177{,}000}{3} = 59{,}000$$

$$\text{Goodwill} = 59{,}000 \times 2 = 1{,}18{,}000$$

उदाहरण– 3

मोनी लिमिटेड 31 मार्च 2018 को अवनी लिमिटेड को क्रय करने की समस्त कार्यवाही पूरी कर ली। इस हेतु अवनी लिमिटेड की ख्याति का मूल्यांकन किया जाना है। ख्याति की गणना औसत लाभ विधि के आधार पर करिये। पिछले पाँच वर्षों का लाभ-हानि इस प्रकार है।

2014	21,000
2015	27,000
2016	21,000 (Loss)
2017	25,000
2018	28,000

मोनी लिमिटेड क्रय किये गये व्यवसाय के लिये एक प्रबन्धक रखना चाहती है, जिसका वेतन 250 ₹ मासिक होगा।

ख्याति की गणना पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्ष के क्रय के आधार पर की जाती है।

हल क्रमांक 3

Calculation of Average Actual Annual Profit

Year	Profit
2014	21,000
2015	27,000
2016	21,000 [Loss (–)]
2017	25,000
2018	28,000
Total Profit	80,000

टिप्पणी

Less Manager's Salary	
250 × 12 = 3,000 × 5	15,000
Average Actual Average Profit	65,000
Goodwill = 65,000 × 3 =	1,95,000

II. अधिलाभ विधि (Super Profit Method)

ऐसे लाभ की राशि जो सामान्य लाभ से अधिक हो, अधिलाभ कहलाती है। अतः सामान्य लाभ से वास्तविक लाभ का आधिक्य ही अधिलाभ है, इस विधि से ख्याति का मूल्यांकन करने के लिये निम्न मदों की गणना की जाती है–

(a) औसत विनियोजित पूँजी (Average Capital Employed)– व्यापार में वास्तव में कितनी पूँजी विनियोजित की गयी है इसका आकलन व्यापारी द्वारा समय-समय पर किया जाता है। विनियोजित पूँजी का अनुमान व्यापार में लगी शुद्ध सम्पत्ति से किया जाता है शुद्ध सम्पत्तियाँ की गणना करने के लिये कुल सम्पत्तियों के योग में से कृत्रिम सम्पत्तियाँ एवं गैर व्यापारिक सम्पत्तियाँ जैसे चिट्ठे में दी गयी ख्याति, प्रारम्भिक व्यय, अशों एवं ऋणपत्रों पर अभिगोपन कमीशन एवं व्यापार के बाहर के विनियोग आदि को घटा दिया जाता है।

कुल सम्पत्तियों के योग में से उपरोक्त दर्शायी गयी कृत्रिम सम्पत्तियों को घटा देने के बाद व्यापार के समस्त बाहय दायित्वों को भी घट दिया जाता है, तत्पश्चात जो राशि प्राप्त होती है शुद्ध सम्पत्ति मूल्य (Net Assets Value) कहलाती है।

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य ज्ञात करने का सूत्र

	Total Assets	....
Less:	Fictions Assets	....
Less:	External liability	....
Net	Assets Value	

विनियोजित पूँजी ज्ञात करने का एक सूत्र और प्रयोग में आता है इसे शुद्ध मूल्य भी कहते है।

शुद्ध मूल्य (Net Worth) की गणना

	शुद्ध मूल्य (Net Worth) की गणना	
	Share Capital	....
Add:	General Reserve	....
Add:	Profit & Loss	....
Add:	Reserve Fund	....
	Net Worth	

विनियोजित पूँजी का आशय व्यापार में लगी हुयी कुल पूँजी से होता है, जिसका अध्ययन हमने उपरोक्त दोनों सूत्रों द्वारा कर लिया है।

टिप्पणी

इसके अतिरिक्त यदि हमें सम्पत्तियों का बाजार मूल्य ज्ञात है तो विनियोजित पूँजी ज्ञात करते समय पुस्तक मूल्य के स्थान पर सम्पत्तियों के बाजार मूल्य के आधार पर गणना की जाएगी। विनियोजित पूँजी ज्ञात करने के पश्चात औसत विनियोजित पूँजी की गणना की जाएगी। औसत विनियोजित पूँजी ज्ञात करने के लिये निम्न बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए–

(i) वर्ष की प्रारम्भिक पूँजी एवं वर्ष की अन्तिम पूँजी को जोड़कर दो से भाग देकर औसत विनियोजित पूँजी की गणना की जाती है।

(ii) यदि वर्ष की अन्तिम पूँजी में वर्ष का सम्पूर्ण लाभ सम्मलित है तो वर्ष के लाभ का आधा भाग घटा दिया जाना चाहिए।

(iii) यदि वर्ष की अन्तिम पूँजी में पिछले वर्ष का लाभ सम्मलित नहीं है, लेकिन यह लाभ वर्ष के अन्त में व्यापार से निकाला गया है तो औसत पूँजी की गणना करने के लिये वर्ष के लाभ का आधा भाग अन्त की पूँजी में जोड़ दिया जाएगा।

उदाहरण– 4

31 मार्च, 2019 को यश लिमिटेड का चिट्ठा निम्नानुसार था।

Balance Sheet of Yash Limited as at 31st March, 2019 is as under.

Balance Sheet

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Equity share capital			
Less of ₹ 10 each	3,00,000	Goodwill	50,000
General Reserve	35,000	Machinery	1,00,000
Profit & Loss A/c	20,000	Stock	1,20,000
Gratuity Fund	15,000	Debtors	1,35,000
Sundry Creditors	25,000	Cash	10,000
Outstanding		Prepaid Expenses	2,000
Expenses	5,000	Preliminary Exp.	13,000
Bank Overdraft	30,000		
	4,30,000		4,30,000

वर्ष के अन्त में मशीनरी का मूल्यांकन 60,000 ₹ किया गया। देनदारों से लगभग 1,42,000 ₹ प्राप्त होते है। एक 6,000 ₹ की राशि जिस पर विवाद चल रहा था, भुगतान करनी है।

टिप्पणी

विनियोजित पूँजी की गणना कीजिये।

हल क्रमांक 4

Calculation of Capital Employed.

Particulars		Amount
Machinery		60,000
Stock		1,20,000
Debtors		1,42,000
Cash		10,000
Prepaid Expenses		2,000
Less: Liabilities		
Sundry Creditors	25,000	
Outstanding Expenses	5,000	
Bank Overdraft	30,000	
Graduity Fund	15,000	
Disputed Amount to be paid	6,000	
Capital Employed		81,000

(b) लाभ की सामान्य दर (Normal Rate of Return)– प्रत्येक व्यापारी, व्यापार में एक सामान्य दर की अपेक्षा करता है इसका आशय है, व्यापारी को यह आशा रहती है, कि एक न्यूनतम लाभ उसे प्राप्त होगा ही, जिसे उचित दर भी कहते हैं। लाभ की सामान्य दर को व्यापार में जोखिम की मात्रा एवं विनियोग की अवधि प्रभावित करती है।

सामान्य लाभ की दर प्रश्न में दी हुयी होती है, यदि प्रश्न में इस दर को नहीं दर्शाया गया है तो विनियोजित पूँजी के आधार पर इसकी गणना कर ली जाती है।

(c) सामान्य लाभ (Normal Profit)– सामान्य लाभ का आशय औसत विनियोजित पूँजी पर सामान्य दर के आधार पर गणना की गयी राशि से है। सामान्य लाभ ज्ञात करने का सूत्र निम्नलिखित है।

$$\frac{\text{Normal Profit} = \text{Average Capital Employed} \times \text{Normal Rate}}{100}$$

(d) अधिलाभ (Super Profit)– इस विधि के अनुसार ख्याति गणना करने का मुख्य आधार अधिलाभ ही है। अधिलाभ से आशय सामान्य लाभ पर औसत लाभ के आधिक्य से है। इसका अर्थ है ऐसा लाभ जो उसी प्रकार का व्यवसाय करने वाले को होता है से अधिक लाभ प्राप्त करना, इस अधिक राशि या अन्तर की राशि अधिलाभ कहलाती है, इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है–

Super Profit = Actual Average Profit – Normal Profit

ख्याति का मूल्य अधिलाभ के निर्धारित वर्षों के क्रय मूल्य के बराबर होगा। इस विधिनुसार ख्याति ज्ञात करने का सूत्र है–

Goodwill = Super Profit × No. of Years Purchase

टिप्पणी

उदाहरण– 5

रवि लिमिटेड की निम्न जानकारी से कम्पनी के सामान्य लाभ की गणना कीजिए।

(a) कम्पनी का चिट्ठा

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Plant Machinery	60,000
10,000 Equity Shares		Land & Building	40,000
@ ₹ 10 each	1,00,000	Stock in Trade	30,000
2500, 8% Profit share		Sundry Debtors	40,000
@ ₹ 10 each	25,000	Cash Balance	20,000
General Reserve	15,000	Bank Balance	10,000
P/L A/c	5,000	Preliminary Exp.	2,000
Sundry Credit	20,000		
Bank Overdraft	37,000		
	2,02,000		2,02,000

(b) कम्पनी के लाभ की सामान्य दर 8% है।

हल क्रमांक 5

Calculation of Capital Employed

Total Assets		2,02,000
Less: Preliminary Exp.		2,000
Less: Liabilities		2,00,000
Sundry Creditors	20,000	
Bank Overdraft	37,000	57,000
Net Assets Value/Capital employed		1,43,000

$$\text{Normal Profit} = \frac{\text{Capital Employed} \times \text{Rate}}{100}$$

$$\text{Normal Profit} = \frac{1,43,000 \times 8}{100} = 11,440$$

उदाहरण– 6

30 अप्रैल, 2018 को गुप्ता क. लिमिटेड की स्थिति विवरण इस प्रकार था।

The following is the Balance Sheet of Gupta Company Limited as on 30th April 2018.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Land & Building	36,000
16,400 Shares		Plant	54,000
@ ₹ 10 each	1,64,000	Investments	30,000
General Reserve	40,000	Stock	26,850
Creditors	38,040	Bank	75,990
		Debtors	19,200
	2,42,040		2,42,040

टिप्पणी

पिछले तीन वर्षों के लाभ इस प्रकार हैं–

The following were the profits for the last three years.

I Year	32,280
II Year	36,870
III Year	43,350

उपरोक्त लाभों में विनियोगों से आय के 1,800 ₹ प्रति वर्ष सम्मलित हैं।

The above amounts include income from investments ₹ 1,800 each year.

आपको ख्याति की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर निकाले गये अधिलाभ के दो वर्षों के क्रय पर करना है। विनियोजित पूँजी पर आय की सामान्य पर 10% है।

You are required to value the goodwill of the above business at two years purchase of the average super profits for the three taking into account the fact the normal rate of return on capital employed in such type of business is 10%.

हल क्रमांक 6

1. Calculation of Capital Employed

Land & Building	36,000
Plant	54,000
Stock	26,850
Bank	75,990
Debtors	19,200
Total Assets	2,12,040
Less: Liabilities	
Creditors	38,040
Capital Employed	1,74,000

2. Calculation of Normal Profit

$$\frac{\text{Capital Employed} \times \text{Normal Rate}}{100}$$

$$\text{Normal Profit} = \frac{174{,}000 \times 10}{100} = 17{,}400$$

3. Calculation Actual Average Profit

Year	**Profit**
I	32,280
II	36,870
III	43,350
Total Profit	1,12,500
Less Income from Investment	
(1800 × 3)	5,400
Actual Profit	1,07,100

$$\text{Actual Average Profit} = \frac{1,07,100}{3} = ₹\ 35,700$$

Super Profit = Actual Average Profit – Normal Profit

Super Profit = 35,700 – 17,400 = ₹ 18,300

Gooodwill = Super Profit × No. of Years

Goodwill = 18,300 × 2 = ₹ 36,600

उदाहरण– 7

ध्रुव लिमिटेड का चिट्ठा इस प्रकार है–

Following is the Balance Sheet of Dhurv Ltd.

Liabilities		Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		1,80,000	Land & Building	50,000
Depreciation Fund			Plant & Machinery	98,000
Land &			5% Investments	20,000
Building	5,000			
Plant &			Current Assets	80,000
Machinery	8,000	13,000		
General Reserve		7,000	Preliminary Exp.	2,000
Current Liabilities		50,000		
		2,50,000		2,50,000

समान व्यवसाय से आय की दर 10% है। भूमि व भवन का बाजार मूल्य 60,000 ₹ है।

The average return expected from such business is 10%. The market value of Land Building is ₹ 60,000.

पिछले चार वर्षों के लाभ इस प्रकार है–

Profits for last four years are as follows–

I	₹ 15,000
II	₹ 18,000
III	₹ 25,000
IV	₹ 30,000

व्यवसाय की ख्याति की गणना अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय आधार पर किया जाना है। विनियोग पिछले चार वर्षों से कम्पनी के पास हैं।

Compute the value of goodwill at three years purchase of super profit of the business. Investment held since the starting of business.

टिप्पणी

हल क्रमांक 7

(1) Calculation of Capital Employed

Land & Building		60,000
Plant & Machinery	98,000	
Less: Depreciation Fund	8,000	90,000
Current Assets		80,000
Total Assets		2,30,000
Less: Current Liabilities		50,000
Net Assets or Capital Employed		1,80,000

(2) Calculation of Normal Profit

$$\text{Normal Profit} = \frac{1,80,000 \times 10}{100} = ₹\ 18,000$$

(3) Calculation of Actual Average Profit

Year	**Profit**
I	15,000
II	18,000
III	25,000
IV	30,000
	88,000

Less Income From Investment

$$\frac{20,000 \times 5}{100} = 1,000$$

(1,000 × 4)	4,000
Total Profit	84,000

$$\text{Actual Average Profit} = \frac{84,000}{4} = ₹\ 21,000$$

Super Profit = 21,000 – 18,000 = ₹ 3,000

Goodwill = Super Profit × No. of Years

Goodwill = 3,000 × 3 = ₹ 9,000

उदाहरण– 8

31 मार्च, 2018 को रमेश कम्पनी लिमिटेड की सम्पत्तियों एवं दायित्व इस प्रकार हैं।

The assets & liabilities of Ramesh Company limited as on 31st March 2018, were as follows.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
10,000 shares of		Land & Building	80,000
₹ 10 each fully paid	1,00,000	Plant & Machinery	64,000
Profit & Loss A/c	20,000	Furniture	5,000
Debentures	15,000	5% Govt. Bonds	20,000
Trade Creditors	21,000	Stock	3,000
Provision for taxation	8,000	Book debts	5,000
Proposed dividend	15,000	Cash	2,000
	1,79,000		1,79,000

कम्पनी का शुद्ध लाभ ह्रास एवं कर के बाद इस प्रकार है।

The Net Profit of the company after charging depreciation and Taxes were as follows.

2018	₹ 19,000
2017	₹ 20,000
2016	₹ 18,000
2015	₹ 19,000
2014	₹ 17000

31 मार्च 2018 को भूमि व भवन का मूल्यांकन 95,000 ₹, यन्त्र एवं सयंत्र का 71,000 ₹ एवं फर्नीचर का 4,000 ₹ था। सामान्य दर 10% है।

On 31st March, 2018 Land & Buildings were revalued at ₹ 95,000. Plant & Machinery at ₹ 71,000 & Furniture at ₹ 4,000. Normal Rate is 10%.

ख्याति की गणना पिछले पाँच वर्षों के औसत अधिलाभ के पाँच वर्षों के क्रय के आधार पर कीजिए।

Find out the value of goodwill basing it at five years purchase of the average super profit for the last five years.

हल क्रमांक 8

(1) Calculation of Capital Employed.

	Land & Building		60,000
	Land & Building		95,000
	Plant & Machinery		71,000
	Furniture & Fittings		4,000
	Stock		3,000
	Book debts		5,000
	Cash		2,000
			1,80,000
Less:	Liabilities		
	Debentures	15,000	

टिप्पणी

Creditor	21,000	
Provision for taxation	8,000	44,000
Net Assets		1,36,00
Less: ½ of Profit for 2008 after adjusting Income from Investment (19,000 – 1,000) × ½		9,000
Average Capital Employed		1,27,000

(2) Calculation of Normal Profit

$$\frac{1,27,000 \times 10}{100} = 12,700$$

(3) Calculation of Average Profit

Year	**Profit**
2014	17,000
2015	19,000
2016	18,000
2017	20,000
2018	19,000
	93,000

Less Income from Investment

$$\frac{20,000 \times 5}{100} = 1,000 \quad (1,000 \times 5) \quad 5,000$$

88,000

$$\text{Average Profit} = \frac{88,000}{5} = 17,600$$

Super Profit = 17,600 – 12,700 = 4,900

Goodwill = 4,900 × 5 = 24,500

III. वार्षिकी विधि (Annuity Method)

इस विधि के अनुसार एक रुपये की वार्षिक के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है। इस विधि के अनुसार ख्याति का मूल्यांकन करने पर ख्याति के क्रेता को ब्याज प्राप्त होता है। वार्षिकी आधार पर गणना की हुयी राशि होती है और उसका भुगतान क्रेता को एक साथ करना होता है। इस विधि के अन्तर्गत औसत लाभ व अधिलाभ दोनों के आधार पर ख्याति की गणना की जा सकती है–

(a) औसत लाभ द्वारा– औसत लाभ द्वारा ख्याति की गणना प्रथम विधि द्वारा निकाले गये औसत लाभ की वार्षिकी मूल्य से गुणा करने पर प्राप्त की जाती है, इस विधि के अनुसार ख्याति की गणना करने का सूत्र निम्नानुसार है।

Goodwill = Average Actual Profit × Present Value of Rupee One

उदाहरण– 9

वार्षिक औसत लाभ 15,000 ₹ है, 5% ब्याज की दर से 4 वर्षों में एक रुपये की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 3.546 है। ख्याति की गणना औसत लाभ के वार्षिकी विधि से करिए।

हल क्रमांक 9

ख्याति = औसत लाभ × वार्षिकी मूल्य

$15,000 \times 3.546 = 51,840$

ख्याति = 51,840 ₹

(b) अधिलाभ द्वारा– अधिलाभ विधि द्वारा ख्याति की गणना करने पर क्रेता को ब्याज का लाभ प्राप्त होता है। इस विधि के अन्तर्गत अधिलाभ को वार्षिकी से गुणा करने पर ख्याति की राशि ज्ञात की जाती है। इसका सूत्र निम्नानुसार है–

Goodwill = Super Profit × Present Value of Rupee One

अधिलाभ पूर्व विधि में प्रयोग किये गये सूत्र के अनुसार ही निकाला जाता है।

उदाहरण– 10

नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर ख्याति की गणना वार्षिकी विधि से करिए।

From the following information, ascertain the value of goodwill, acording to the annuity method.

(1) शुद्ध सम्पत्तियाँ (Net Assets) ₹ 350,000

(2) सामान्य आय की दर (Normal Rate of Return) 10%

(3) तीन वर्षों का लाभ (Profit for the three years)

I Year	₹ 63,000
II Year	₹ 59,000
III Year	₹ 68,000

(4) द्वितीय वर्ष के लाभ में असामान्य हानि के 1,000 ₹ अपलिखित किये गये है, एवं तृतीय वर्ष के लाभ में गैर आर्वती आय के 500 ₹ सम्मलित है।

Profit for the second year has been arrived at after writing off abnormal loss of ₹ 1,000 & Profit for the third year included a non-rewrring income of ₹ 500.

(5) एक रुपये की वार्षिकी का मूल्य 8 वर्षों के लिये 0.154722 है।

The present value of Rupee 0.154722 invested every year for 8 years.

(6) 1 ₹ पर वर्तमान ब्याज की दर 5% वार्षिक है।

The present rate interest of 5% P. is Re 1

(7) ख्याति की गणना अधिलाभ के वार्षिकी के आधार पर करिए।

Estimate the value of goodwill from super profit according to annuity method.

टिप्पणी

हल क्रमांक 10

(a) Calculation of Average Profit

Year		Profit
I		63,000
II	(59,000 + 1,000)	60,000
III	(68,000 – 500)	67,500
	Total Profit	1,90,500

$$\text{Average Profit} = \frac{1,90,500}{3} = ₹\ 63,500$$

(b) Calculation of Normal Profit

$$\text{Normal Profit} = \frac{3,50,000 \times 10}{100} = ₹\ 35,000$$

(c) Calculation of Super Profit

Super Profit = 63,500 – 35,000 = ₹ 28,500

(d) Calculation of Goodwill

$$\text{Goodwill} = \frac{28,500}{0.154722} = ₹\ 1,84,201$$

उदाहरण– 11

निम्नलिखित विवरण से ABC कम्पनी की वार्षिकी पद्धति से ख्याति की गणना कीजिए–

(1) एक रुपये की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 5 वर्ष के लिये 10% वार्षिक दर पर 3.78 ₹ है।

Present value of an annuity of one rupee for 5 years at 10% is ₹ 3.78

(2) शुद्ध लाभ (Net Profits)

2006	₹ 1,05,000
2007	₹ 97,000
2008	₹ 1,08,000

(3) व्यवसाय की औसत विनियोजित पूँजी 5,00,000 ₹ है।

The average Capital employed in the business is ₹ 5,00,000 ।

(4) इस प्रकार की विनियोजित पूँजी में जोखिम की दर 10% है।

Return expected from invested capital having regard to risk involved is 10%.

(5) एक 700 ₹ राशि 2017 के लाभों में सम्मलित है, जिसे एक देनदार से प्राप्त किया गया था, इस राशि को पहले पूर्व वर्षों में अप्राप्य ऋण की तरह अपलिखित किया गया था।

An amount of ₹ 700 is included in the profits of 2017, which has been recovered from a debtors whose account had been written as bad several years before.

(6) व्यवसाय का मालिक ₹ 10,000 प्रतिवर्ष परिश्रमिक प्राप्त करता है। Remuneration of ₹ 10,000 p.a. to the proprietors is considered reasonable.

(7) अधिलाभ की गणना पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ के आधार पर करनी है।

It is expected that super profit can be maintained for the next five years.

टिप्पणी

हल क्रमांक 11

I. Calculation of Average Profit

(a) Calculation of Average Profit

Net Profit	2016		1,05,000
	2017	97,000	96,300
	2018		1,08,000
Total Profit			3,09,300

Average Profit $= \frac{3,09,300}{3} =$ 1,03,100

Less:	Proprietor's Remuneration	10,000
	Adjusted Average Profits	93,100

Goodwill = Average Profits × Present value of an annuity

Goodwill = 93,100 × 3.78 = 3,51,918

II. Calculation of Goodwill by Super Profits

(b) Calculation of Normal Profit

Normal Profit = Average Capital $\frac{\text{Employed} \times \text{Rate}}{100}$

Normal Profit $= \frac{5,00,000 \times 10}{100} = 50,000$

(c) Calculation of Super Profit

Average Profit – Normal Profits

93,100 – 50,000 = 43,100

(d) Calculation of Goodwill

Goodwill = Super Profit × Present value of an annuity

Goodwill = 43,100 × 3.78 = 1,62,918

टिप्पणी

IV. पूँजी विधि (Capitalisation Method)

इस विधि के अन्तर्गत औसत लाभ या अधिलाभ का पूँजीकरण किया जाता है, उपरोक्त समस्त विधियों से इस विधि द्वारा गणना की गयी ख्याति की राशि अधिक होती है। इस विधि के अन्तर्गत पहले व्यापार का कुल मूल्य ज्ञात करते हैं। व्यापार का कुल मूल्य लाभ की सामान्य दर से औसत लाभ या अधिलाभ का पूँजीकरण करके ज्ञात किया जाता है। उपरोक्त प्रकार से ज्ञात राशि में से विनियोजित पूँजी घटाकर ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस विधि के अन्तर्गत ख्याति का मूल्य दो प्रकार से निकाला जा सकता है–

(a) औसत लाभ के पूँजीकरण द्वारा (Capitalisation of Average Profit)– इस विधि के अन्तर्गत औसत लाभ की गणना पूर्व में विधि में ज्ञात किये गये औसत लाभ के अनुसार ही की जाती है। अतः पिछले तीन-चार वर्षों का औसत लाभ ज्ञात किया जाता है, इसके उपरान्त औसत लाभ का पूँजीकरण किया जाता है। इसका सूत्र निम्नानुसार है–

$$\text{Goodwill} = \frac{\text{Average Profit} \times 100}{\text{Normal Rate}} - \text{Capital Employed.}$$

(b) अधिलाभ के पूँजीकरण द्वारा (Capitalisation of Super Profit)– इस विधि के अनुसार द्वितीय विधि के अनुसार अधिलाभ की गणना की जाती है। तत्पश्चात अधिलाभ का सामान्य लाभ की दर से पूँजीकरण किया जाता है। इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है।

$$\text{Goodwill} = \frac{\text{Super Profit} \times 100}{\text{Normal Rate}}$$

उदाहरण– 12

अंकिता लिमिटेड का चिट्ठा 31 मार्च, 2018 को निम्नानुसार था।

The Balance sheet of Ankita limited as on 31st March, 2018 is as under.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill	2,25,000
11,250 Equity shares		Land & Building	4,75,000
@ ₹ 100 each	11,25,000	Plant	4,01,500
Profit & Loss A/c	3,00,000	Stock in Trade	6,50,500
Loans	4,50,000	Book debts	6,62,500
Creditors	3,25,000	Cash at Bank	35,500
Provision for Taxation	2,50,000		
	24,50,000		24,50,000

व्यापार प्रारम्भ करने की तिथि से कम्पनी के लाभ इस प्रकार है।

The profits of the company since the commen cement of the busniess were–

2014	₹ 4,30,000
2015	₹ 3,40,000
2016	₹ 3,70,000
2017	₹ 5,00,000
2018	₹ 6,00,000

टिप्पणी

लाभांश 2014, 2015, 2016 में 10% की दर से था एवं 2017 व 2018 में 15% की दर से था।

Dividend were paid at 10% in 2014, 2015 & 2016, while for 2017 & 2018 the rate was 15%.

ख्याति की गणना कीजिये यदि कर की दर 50% है एवं यंत्र का मूल्य 5,95,500 है। अधिलाभ के पूँजीकरण विधि का प्रयोग करिए।

Calculate the goodwill assuming the rate of tax 50% & the value of the plant 5,95,500. Use capitalization method based on ruper profit.

हल क्रमांक 12

(a) Calculation of Capital Employed

Land & Building		4,75,000
Plant		5,95,500
Stock in Trade		6,50,500
Book debts		6,62,500
Cash		35,500
Total Assets		24,19,000
Less: Liabilities		
Loans	4,50,000	
Creditors	3,25,000	
Provision for Taxation	2,50,000	
		10,25,000
Capital Employed		13,94,000

(b) Normal Rate of Return

$$\frac{10+10+10+15+15}{5} = \frac{60}{5} = 12\%$$

टिप्पणी

(c) Calculation of Normal Profit

$$= \frac{\text{Capital Employed} \times \text{Rate of Return}}{100}$$

$$= \frac{13{,}94{,}000 \times 12}{100} = 1{,}67{,}280$$

(d) Calculation of Average Profit

Year	Profit
2014	4,30,000
2015	3,40,000
2016	3,70,000
2017	5,00,000
2018	6,00,000
Total Profit	22,40,000

$$\text{Average Profit} = \frac{22{,}40{,}000}{5} = 4{,}48{,}000$$

Less: 5% Tax on 4,48,000	2,24,000
₹	2,24,000

(e) Calculation of Super Profit

Super Profit = Average Profit – Normal Profit

= 2,24,000 – 1,67,280 = 56,720

Goodwill = Super Profit × 100

Rate of Return

$$\frac{56{,}720 \times 100}{12} = 47{,}267$$

Goodwill = ₹ 47,267

उदाहरण– 13

31 मार्च, 2019 को मि. यशवन्त को चिट्ठा निम्न स्थिति को प्रदर्शित करता है।

The Balance sheet of Mr. Yashwant on 31st March, 2019 show the following conditions.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Capital	5,00,000	Land & Building	2,20,000
Creditors	90,000	Plant & Machinery	3,00,000
Bank Loan	70,000	Furniture	64,000
Bills Payable	15,000	Stock	26,000
Outstanding Exp.	25,000	Cash at Bank	90,000
	7,00,000		7,00,000

31 मार्च 2019 को व्यवसाय का पाँच वर्षों का लाभ इस प्रकार था।

The Profits of the business for the five years ending 31st March, 2019 are–

I	₹ 80,000
II	₹ 82,000
III	₹ 92,000
IV	₹ 95,000
V	₹ 1,11,000

सम्पत्तियों का पूर्नमूल्यांकन इस प्रकार था।

The assets were revalued as under–

Land & Building	₹ 3,80,000
Machinery	₹ 2,44,000
Furniture	₹ 2,000

औसत लाभ विधि के पूँजीकरण के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए। यदि लाभ की सामान्य दर 10% हो।

Find out goodwill by capitalisation method through Average Profit. If Normal Rate of Return is 10%.

हल क्रमांक 13

Valuation of Goodwill of Mr. Yashwant

(a) Calculation of Capital Employed—

	Land & Building		3,80,000
	Machinery		2,44,000
	Furniture		2,000
	Stock		26,000
	Cash at Bank		90,000
			7,42,000
Less:	Liabilities		
	Creditors	90,000	
	Bank Loan	70,000	
	Bills Payable	15,000	
	Outstanding Exp.	25,000	2,00,000
Capital Employed			5,42,000

टिप्पणी

(b) Calculation Future Maintainable Profits

I	₹ 80,000
II	₹ 82,000
III	₹ 92,000
IV	₹ 95,000
V	₹ 1,11,000
Total Profit	4,60,000

$$\text{Average Profit} = \frac{4,60,000}{5} = 92,000$$

Average Profit ₹ 92,000

(c) Capitalised Value of Average Profit

$$= \frac{92,000 \times 100}{10} = 9,20,000$$

(d) Calculation of Goodwill

Capitalised Value of Average Profit	9,20,000
Less: Capital Employed	5,42,000
Goodwill	3,78,000

V. अधिलाभ का गिरते हुए क्रम में मूल्यांकन (Sliding Scale Valuation of Super Profit)

यह विधि कटफोर्थ द्वारा प्रतिपादित की गयी थी। कटफोर्थ ने अपनी पुस्तक (4 Method of Amalgamation and Valuation of Business) में इसका उल्लेख किया था। उपरोक्त विधि में हमने देखा कि औसत लाभ या अधिलाभ को अर्जित करने की अवधि से गुणा कर दिया जाता है। इस विचार को कटफोर्थ के अपनी पुस्तक में उजागर किया है कि अधिलाभ जितना अधिक होगा उतनी ही उसको भविष्य में अर्जित करने की अवधि कम होगी। क्योंकि जितना कम अधिलाभ होगा उतने अधिक व्यापारी आकर्षित होगें और प्रतियोगिता उतनी ही अधिक होगी। अतः अधिलाभ अर्जित करने की अवधि कम हो जायेगीं इस विधि के अन्तर्गत अधिलाभ को भागों में विभक्त कर दिया जाता है, फिर घटते क्रम में अधिलाभ के भागों को गुणा किया जाता है। गुणनफल का योग ही ख्याति कहलाता है।

उदाहरण– 14

एक व्यवसाय का अधिलाभ 25,000 ₹ है अधिलाभ को पाँच वर्षों में 5,000 ₹ के भाग में विभक्त किया गया है। ख्याति की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 14

I	₹ 5,000 × 5	=	25,000
II	₹ 5,000 × 4	=	20,000
III	₹ 5,000 × 3	=	15,000
IV	₹ 5,000 × 2	=	10,000
V	₹ 5,000 × 1	=	5,000

उदाहरण– 15

निम्न जानकारी के आधार पर ज्ञात कीजिए–

(a) औसत लाभ विधि द्वारा ख्याति

(b) अधिलाभ द्वारा ख्याति की गणना

(c) पूँजीकरण विधि द्वारा

31 मार्च, 2019 को सोना लि. का चिट्ठा निम्न प्रकार है।

Following is the balance sheet of Sona Ltd. as on 31st March 2019.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill		1,25,000
4,000 shares	4,00,000	Land &		
@ ₹ 10 each		Building	1,80,000	
Reserve Fund	20,000	***Less***:		
Workmen		Depreciation	36,000	1,44,000
Compensation		Plant &		
Fund	5,000	Machinery	2,40,000	
Workmen's Profit		***Less:***		
Sharing Fund	45,000	Depreciation	40,000	2,00,000
Profit & Loss A/c		Investments	3,60,000	
Creditors	2,30,000	***Less:*** Provision	30,000	2,33,000
Other Liabilities	1,00,000	Debtors		1,00,000
		Stock		2,00,000
		Cash at Bank		75,000
		Preliminary		26,000
	12,00,000			12,00,000

अतिरिक्त जानकारियाँ

(1) कम्पनी के पिछले तीन वर्षों के लाभ इस प्रकार हैं।

2017	₹ 3,10,000
2018	₹ 2,73,000
2019	₹ 2,90,000

उपरोक्त समस्त लाभ कर की दर 50% प्रयोग करने के पूर्व के हैं।

(2) कम्पनी पिछले कई वर्षों से व्यापार का संचालन कर रहीं है। कम्पनी एक नयी कम्पनी को क्रय करना चाहती है, इस उद्देश्य से ख्याति की गणना औसत लाभ विधि एवं अधिलाभ विधि द्वारा दो वर्षीय क्रय के आधार पर भी करनी है।

(3) कम्पनी अपने ही संचालक मंडल द्वारा व्यापार करना चाहती है, बिना किसी अतिरिक्त संचालक के। कम्पनी अपने संचालक को 9,000 ₹ प्रतिवर्ष शुल्क देती है।

(4) कम्पनी अब बड़े पैमाने पर व्यापार करने के इच्छुक है इसके लिये कम्पनी एक अतिरिक्त कार्यालय को 12,000 ₹ प्रति वर्ष के किराये पर लिया है।

(5) 31 मार्च, 2019, को भूमि व भवन का मूल्यांकन 3,00,000 ₹, प्लाटे व मशीनरी का 1,80,000 है। विनियोग व रहनिये के मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। एवं

(6) वर्कमेन क्षतिपूर्ति संचय के वास्तव में 5,000 रुपये भुगतान किये गये है।

(7) समान व्यवसाय में आय की दर 12% है।

(8) विनियोग प्लांट एवं मशीनरी के लिये लिया गया है सभी गणनायें मुख्य भाग में दिखाना आवश्यक है।

हल क्रमांक 15

(a) औसत लाभ विधि द्वारा ख्याति की गणना

(1)	Calculation of Average Profit for 2017		3,10,000
Add:	Savings in the form of Directors fees		9,000
			3,19,000
Less:	Rent for additional office		12,000
			3,07,000
	Profit for 2018	2,73,000	
Add:	Sixty in the form of directors fees	9,000	
		2,82,000	
Less:	Rent for additional office	12,000	2,70,000
	Profit for 2019	2,90,000	
Add:	Saving in the form of directors fees	9,000	
		2,99,000	
Less:	Rent for additional office	12,000	
			2,87,000
	Total Profit (i + ii + iii)		8,64,000
	Average Profit $= \frac{864,000}{3} =$		2,88,000
Less:	Tax 50% on 2,88,000		1,44,000
	Average Actual Profit		1,44,000

Goodwill = Average Actual Profit × No of Years Purchase

Goodwill = 1,44,000 × 2 = 2,88,000

(b) अधिकार विधि द्वारा ख्याति की गणना

(1) Calculation of Capital Employed

	Land & Building		3,00,000
	Plant & Machinery		1,80,000
	Investment		3,30,000
	Stock		2,00,000
	Debtors		1,00,000
	Cash at Bank		75,000
	Total Assets		11,85,000
Less:	Liabilities		
	Workmen Compensation Fund	5,000	
	Workmen Profit Sharing Fund	45,000	
	Creditors	2,30,000	
	Other Liabilities	1,00,000	
			3,80,000
	Capital Employed		8,05,000

Calculaton of Normal Profit

Normal Profit = 8,05,000 × 12/100 = 96,600

Super Profit = Average Profit – Normal Profit

= 1,44,000 – 96,600 = 47,400

Goodwill = 47,400 × 2 = 94,800

(c) ख्याति की गणना पूँजीकरण विधि द्वारा

(a) औसत लाभ का पूँजीकरण द्वारा

	1,44,000 × 100/12 =	12,00,000
Less:	Capital Employed	8,05,000
	Goodwill	3,95,000

(d) अधिलाभ के पूँजीकरण द्वारा

$$\text{Goodwill} - \frac{\text{Super Profit} \times 100}{\text{Normal Rate of Return}}$$

$$\frac{1{,}44{,}000 \times 100}{12} = 12{,}00{,}000$$

Goodwill = ₹ 12,00,000

टिप्पणी

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. ख्याति एक सम्पत्ति है।
   (क) कृत्रिम (ख) स्थायी
   (ग) चालू (घ) इनमें से कोई नही
2. ख्याति पर ह्रास
   (क) लगाया जाता है (ख) नही लगाया जाता है
   (ग) व्यापार पर निर्भर है (घ) इनमें से कोई नही

2.3 अंशों का मूल्यांकन (Valuation of Shares)

2.3.1 अंशों के मूल्यों को प्रभावित करने वाले तत्व (Factors Affecting the Valuation of Shares)

अंशों का मूल्य कम्पनी की वित्तीय स्थिति एवं कम्पनी की लाभार्जन क्षमता से प्रभावित होता है, परन्तु इसके अलावा कम्पनी की आन्तरिक एवं बाहय तथा आर्थिक एवं कम्पनी के अंशों पर प्रभाव पड़ता है। कम्पनी के अंशों को प्रभावित करने वाले मुख्य तत्व निम्नलिखित हैं–

(1) **कम्पनी की वित्तीय स्थिति**– एक कम्पनी की वित्तीय स्थिति जितनी अधिक मजबूत होगी, कम्पनी के अंशों का मूल्य उतना ही अधिक होगा, इसके विपरीत कम्पनी की वित्तीय दशा ठीक नहीं चल रही है, तो कम्पनी के अंशों का मूल्य गिरता जायेगा।

(2) **कम्पनी की लाभ अर्जन शक्ति**– सामान्य व्यवसाय से अधिक दर पर लाभ अर्जन करने वाली कम्पनियों के अंशों का मूल्य अधिक होगा एवं सामान्य दर से कम लाभ अर्जन वाली कम्पनियों के अंशों का मूल्य कम होगा। व्यवसाय में वही व्यक्ति पैसा लगाना चाहेगा, जिसे अपने विनियोग पर ब्याज या आय प्राप्त करने का पूर्ण विश्वास हो, और यह विश्वास कम्पनी की लाभार्जन क्षमता पर निर्भर करेगा।

(3) **कम्पनी का ढाँचा**– कम्पनी का पूँजी ढाँचा किस प्रकार का है, इसका प्रभाव भी कम्पनी के अंशों पर पड़ता है, यदि कम्पनी की अंश पूँजी अधिक है, तो कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन अधिक मूल्य पर होगा, यदि कम्पनी के पूँजी ढाँचे में ऋण-पत्रों की अधिकता है तो ब्याज की राशि अधिक चुकाने के कारण कम्पनी की लाभार्जन क्षमता कम होगी एवं अंशों का मूल्य भी कम होगा।

(4) **व्यवसाय की प्रकृति**– व्यवसाय के कार्यों एवं व्यवसाय की प्रकृति कम्पनी के अंशों को प्रभावित करती है, यदि व्यवसाय के कार्य की प्रकृति ऐसे उत्पादों के लिये जिसका सामान्यतः प्रभाव या प्रत्यक्ष प्रभाव जनता पर नहीं पड़ता तो अंशों का मूल्य कम एवं इसके विपरीत प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने पर अंशों का मूल्य अधिक होगा।

(5) **कम्पनी की सम्पत्तियाँ एवं दायित्व**– कम्पनी की सम्पत्तियाँ यदि कम्पनी के दायित्वों की दोगुनी होंगी तो अंशों का मूल्यांकन अधिक मूल्य पर किया जायेगा, यदि कम्पनी के दायित्व कम्पनी की सम्पत्तियों से अधिक होंगे तो ऐसी स्थिति में कोई भी उस कम्पनी में विनियोग नहीं करेगा, फलस्वरूप कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन कम मूल्य पर होगा।

(6) **कम्पनी की लाभांश नीति**– कम्पनी अपने अंशधारियों को एक निश्चित अवधि के पश्चात् लाभांश का भुगतान करती है, यदि लाभांश नीति स्थायी प्रकृति की है तो कम्पनी के अंशों का मूल्य अधिक होगा। यदि कम्पनी की लाभांश नीति अस्थिर रहती है, या बहुत अधिक दर परिवर्तन होता है, तो कम्पनी के अंशों का मूल्य कम होगा।

(7) **कम्पनी की ख्याति**– किसी भी व्यवसाय की ख्याति कम्पनी की लोकप्रियता के साथ-साथ अंशों के मूल्यों में भी वृध्दि करती है, अतः ख्याति की राशि अधिक होने के कारण अंशों का मूल्य अधिक होगा तथा ख्याति की राशि कम होने के फलस्वरूप अंशों का मूल्य भी कम होगा।

(8) **संचालकों की योग्यता**– कम्पनी के संचालक जितने अधिक योग्य एवं चतुर होंगे कम्पनी के अंशों का मूल्य उतना ही अधिक होगा, यदि संचालक कम्पनी के हित को समय-समय पर ध्यान नहीं देंगे तो कम्पनी को कई बार हानियों का सामना करना पड़ सकता है तथा अंशों का मूल्य भी गिरता जाएगा, और कम्पनी बाजार से बाहर हो जाएगी।

(9) **भविष्य की सम्भावनाएँ**– जनता अपने विनियोग ऐसी कम्पनियों में करना चाहती है, जहाँ उनकी राशि निरन्तर बढ़ती रहे, अतः कम्पनी की लाभअर्जन क्षमता अधिक है, तो कम्पनी भविष्य की योजनायें बनाने में सफल होगी एवं कम्पनी के अंशों का मूल्य भी अधिक होगा। यदि कम्पनी अपने अंशों पर उचित लाभांश का भुगतान नहीं कर पाती है तो कम्पनी की वित्तीय स्थिति खराब होती जाएगी एवं भविष्य के लिये विनियोजन क्षमता में कमी के साथ-साथ अंशों के मूल्यांकन में भी कमी आएगी।

(10) **सरकारी नीति**– किसी देश की अर्थव्यवस्था पर सरकारी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है, इन नीतियों का प्रत्यक्ष प्रभाव देश के विनियोजन कार्य में लगी कम्पनियों पर भी पड़ता है, सरकारी नीति ऐसी है कि व्यवसाय को बढ़ाने में किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है तो अंशों का मूल्य अधिक होगा, तथा यदि सरकारी नीतियाँ ऐसी हैं कि आम आदमी या पूँजीपति अपने व्यवसाय संचालन में समस्या महसूस करता है तो अंशों का मूल्य भी कम होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त व्यवसायिक प्रतियोगिता, राजनीतिक दर्शायें एवं देश में शान्ति तथा सुख की स्थिति भी कम्पनी के अंशों को प्रभावित करती है।

2.3.2 अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता (Need for Valuation of Shares)

स्कन्ध विपणि में अंशों का व्यापार बखूबी होता है, इसके अलावा भी अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता पड़ती है, इसके कई कारण है, अतः अंशों का मूल्यांकन करना निम्न परिस्थितियों में आवश्यक होता है–

(1) एक कम्पनी का दूसरी कम्पनी में विलय होने की स्थिति में।

(2) कम्पनी के व्यवसाय के क्रय-विक्रय मूल्य निर्धारित करने हेतु।

(3) धनकर का निर्धारण करने हेतु।

(4) कम्पनी द्वारा व्यवसाय पर नियन्त्रण करने हेतु।

(5) राष्ट्रीयकरण के उपरांत क्षतिपूर्ति निर्धारण हेतु।

टिप्पणी

(6) कम्पनी के आन्तरिक एवं बाहय पूर्णनिर्माण हेतु।
(7) असन्तुष्ट अंशधारियों को धन वापिस करने हेतु।
(8) अंशों का उचित मूल्य ज्ञात करने हेतु।
(9) एक कम्पनी से दूसरी कम्पनी में अंश हस्तांतरण हेतु।
(10) अंशों का आन्तरिक मूल्य ज्ञात करने हेतु।

अंशों के मूल्यांकन का आधार (Base of Valuation of Shares)

कम्पनी का चिट्ठा कम्पनी की वास्तविक स्थिति को प्रदर्शित करता है। कम्पनी के चिट्ठे के सम्पत्ति पद में दर्शायी गयी मदों के आधार पर कहा जा सकता है कि कम्पनी की वित्तीय स्थिति सुदृढ है या नहीं। इसके अतिरिक्त कम्पनी अपने व्यवसाय में किस दर से लाभ कमा रही है। लाभार्जन क्षमता से भी किसी कम्पनी के अंशों का मूल्य आँका जा सकता है। सामान्य दर अधिक लाभ दर किसी कम्पनी की लाभार्जन क्षमता को अधिक अच्छा प्रदर्शित करती है। अतः हम कह सकते हैं कि अंशों के मूल्यांकन को निम्न आधारों पर विभाजित किया जा सकता है–

(1) कम्पनी की सम्पत्तियाँ– कम्पनी की सम्पत्तियाँ जितनी अधिक होंगी कम्पनी के अंशों का मूल्य भी अधिक होगा।

(2) कम्पनी की लाभार्जन क्षमता– व्यवसाय की सामान्य दर से अधिक दर पर लाभ प्राप्त करना कम्पनी के अंशों के मूल्य को बढ़ा देता है।

उपरोक्त आधारों पर निम्न बातों को भी ध्यान में रखना होगा–

(1) कम्पनी का अस्तित्व समाप्त होने पर कम्पनी का समापन सम्पत्तियों के आधार पर किया जाना चाहिए।
(2) ऐसे व्यवसाय जो आय पर निर्भर करते हैं जैसे– इंजीनियरिंग, सलाहकार, आरकीटेक्ट आदि के लिये कम्पनी की लाभार्जन क्षमता के आधार पर अंशों का मूल्यांकन करना चाहिए।
(3) एक चालू कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन करते समय सम्पत्ति तथा लाभ दोनों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।
(4) ऐसी कम्पनी जहाँ संचय एवं कोष अधिक मात्रा में हो सम्पत्ति के आधार पर अंशों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

2.3.3 अंश मूल्यांकन की विधियाँ (Methods of Share Valuation)

किसी भी कम्पनी के अंशों का मूल्य कम्पनी की सम्पत्तियाँ एवं कम्पनी द्वारा अर्जित किये गये लाभ के आधार पर मूल्यांकित की जाती है, जैसे किसी व्यक्ति द्वारा जब विनियोग की योजना उसके दिमाग में आती है, तब वह विभिन्न कम्पनियों का विश्लेषण कम्पनी की सम्पत्ति एवं कम्पनी द्वारा अर्जित लाभ दर के आधार पर करता है। यदि दोनों बातों में उसे कम्पनी की सफलता दिखती है तो उसी कम्पनी में विनियोजन की योजना बनाता है, अतः अंशों के मूल्यांकन में निम्न विधि अपनायी जाती है–

1. शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)
2. आय के आधार पर मूल्यांकन (Yield Method)
3. उचित मूल्य विधि (Fair Value Method)

(1) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)– इस विधि को आन्तरिक मूल्य विधि (Intrinsic Value Method) भी कहते हैं। इसके अतिरिक्त स्थिति विवरण विधि भी कहा जाता है। इस विधि के अन्तर्गत वास्तविक सम्पत्तियों में से बाहय दायित्वों को घटाने के बाद सम्पत्तियों का शुद्ध मूल्य ज्ञात किया जाता है, फिर इसे अंशों की संख्या से भाग देकर प्रत्येक अंश का मूल्य ज्ञात किया जाता है।

इस विधि से अंशों का मूल्य ज्ञात करने के लिये निम्न मदों को ज्ञात करना आवश्यक है–

(1) सम्पत्तियों के शुद्ध मूल्य की गणना
(2) बाहरी दायित्वों की गणना
(3) प्रत्येक अंश का मूल्य ज्ञात करना

निम्न सूत्र के आधार पर कम्पनी के प्रत्येक अंश का मूल्य ज्ञात किया जा सकता है–

$$\text{अंशों का आन्तरिक मूल्य} = \frac{\text{शुद्ध सम्पत्ति मूल्य}}{\text{समता अंशों की संख्या}}$$

$$\text{Intrinsic Value per Share} = \frac{\text{Net Assets Value}}{\text{Number of equity shares}}$$

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य ज्ञात करने की विधि–

सम्पत्तियाँ का बनाम मूल्य	________
घटाया – बाह्य दायित्व	________
घटाया – पूर्वाधिकार अंश पूँजी	________
शुद्ध सम्पत्ति मूल्य	________

पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन

पूर्वाधिकार अंश कई प्रकार के होते हैं, अतः पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन अंशों के प्रकार एवं अर्न्तनियम में उल्लिखित प्रावधानों पर निर्भर करता है। पूर्वाधिकार अंश असंचयी प्रकृति के होने पर लाभ के आधिक्य में से हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता अतः ऐसे अंशों का मूल्यांकन अंशों के चुकता मूल्य के बराबर होगा। यदि कम्पनी की शुद्ध सम्पत्ति का मूल्य चुकता रूप से कम है तो अंशों का मूल्य भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा।

यदि पूर्वाधिकार अंश संचयी प्रकृति के हैं, तो अंश का मूल्य चुकता मूल्य एवं अवशेष लाभांश के बराबर होता है तथा पूर्वाधिकार अंशों को आधिक्य में हिस्सा प्राप्त होता है।

सम्पत्तियों का मूल्यांकन

सम्पत्तियों का मूल्यांकन करते समय केवल वास्तविक सम्पत्तियाँ ही ली जायेंगी। कृत्रिम सम्पत्तियों को शामिल नहीं किया जायेगा। सम्पत्तियों के मूल्यांकन के समय हमारे समक्ष दो प्रकार के मूल्य रहते हैं, सम्पत्ति का पुस्तकीय मूल्य एवं सम्पत्ति का बाजार मूल्य, मूल्यांकन की प्रक्रिया के लिये सम्पत्तियों के बाजार मूल्य को गणना करने के लिये प्रयुक्त किया जाता है।

टिप्पणी

बाहय दायित्वों को ज्ञात करना

कम्पनी दायित्वों को दो भागों में विभाजित किया जाता है। पहला आन्तरिक दायित्व जो कि कम्पनी के अन्दर ही उपस्थित रहते हैं एवं दूसरी बाहरी दायित्व, जिनका भुगतान तीसरे पक्ष को करना होता है। शुद्ध सम्पत्ति मूल्य की गणना करने के लिये कुल सम्पत्तियों में से बाहय दायित्वों को घटाकर दिखाया जाता है। बाहय दायित्वों में ऐसे दायित्वों को भी सम्मिलित किया जाएगा जिनका लेखा जोखा पुस्तकों में नहीं किया गया है, इसके अतिरिक्त ऐसे दायित्व जिनके भुगतान की सम्भावना है, को भी सम्मिलित किया जाएगा। प्रस्तावित लाभांश्य की राशि को एवं पूर्वाधिकार अंशधारियों को देय राशि भी दायित्व में शामिल की जाती है।

समता अंशों का मूल्यांकन

समता अंश चुकता पूँजी के आधार पर विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। भिन्न-भिन्न अंकित मूल्य एवं चुकता मूल्य के अनुसार विभिन्न प्रकार के समता अंशों का मूल्य भी विभिन्न प्रकार का होगा। इनका मूल्यांकन करते समय यह मान लिया जाता है कि अंशों पर समस्त याचना की राशि माँग ली जाये तो अंशों का मूल्य क्या होगा। इस मूल्य से ऐसी याचना की राशि जो अभी तक अवशेष है घटा दी जायेगी। विभिन्न प्रकार के समता अंशों का मूल्यांकन करते समय निम्नलिखित विधियों को प्रयोग में लाया जा सकता है–

(1) इकाई मूल्य के आधार पर मूल्यांकन– इस विधि के अन्तर्गत शुद्ध सम्पत्ति मूल्य को कुल चुकता अंशपूँजी से विभाजित किया जाता है। इकाई मूल्य निकल कर आ जाता है एवं इसके उपरान्त अंशों के चुकता मूल्य से गुणा कर दिया जाता है, इसके लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाएगा–

(a) $\text{Unit value of the share capital} = \dfrac{\text{Net Assets}}{\text{Paid - up share capital}}$

(b) Value of one equity share =

Unit value of the share capital × paid-up value of one share

(2) चुकता पूँजी के आनुपातिक आधार पर– इस विधि के अन्तर्गत समता अंशों का मूल्यांकन करने के लिये, समता अंशधारियों के लिये उपलब्ध राशि को विभिन्न प्रकार के चुकता मूल्य का अनुपात निकाल कर विभाजित कर लिया जाता है, जिससे विभिन्न अंशों का कुल मूल्य की गणना हो जाती है इसके उपरान्त विभिन्न चुकता मूल्य को उसके ही कुल अंशों से भाग देकर प्रति अंश मूल्य की गणना कर ली जाती है। इसके लिये निम्न सूत्र का प्रयोग करेंगे।

$$\text{Net Assets for one category share} = \frac{\text{Paid - up capital}}{\text{Total paid - up capital}}$$

Value of Equity share of one category share =

$$\frac{\text{Net Assets for one category share}}{\text{No. of category equity share}}$$

उदाहरण– 16

मान लीजिये एक कम्पनी ने समता अंशों का निर्गमन निम्नानुसार किया।

'अ' श्रेणी के 2,000 अंश प्रत्येक 10 ₹ का पूर्णदत्त 'ब' श्रेणी के 3,000 अंश प्रत्येक 10 ₹ का 8 ₹ चुकता 'स' श्रेणी के 4,000 अंश प्रत्येक 10 ₹ का 4 ₹ चुकता समता अंशधारियों के लिये 6,00,000 ₹ उपलब्ध हैं। प्रति अंश मूल्य की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 16

A	Category 2,000 share of ₹ 10 each	20,000
B	Category 3,000 share of ₹ 8 each	24,000
C	Category 4,000 share of ₹ 4 each	16,000

$$\text{Net Assets for A category} = 6{,}00{,}000 \times \frac{20{,}000}{60{,}000} = 2{,}00{,}000$$

$$\text{Net Assets for B category} = 6{,}00{,}000 \times \frac{24{,}000}{60{,}000} = 2{,}40{,}000$$

$$\text{Net Assets for C category} = 6{,}00{,}000 \times \frac{16{,}000}{60{,}000} = 1{,}60{,}000$$

Calculation of Value of one Equity share of different category–

(1) Value of one equity share of A category =

$$\frac{2{,}00{,}000}{2{,}000} = ₹\ 100 \text{ per share}$$

(2) Value of one equity share of B category =

$$\frac{2{,}40{,}000}{2{,}000} = ₹\ 80 \text{ per share}$$

(3) Value of one equity share of C category =

$$\frac{1{,}60{,}000}{4{,}000} = ₹\ 40 \text{ per share}$$

2.3.4 पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन (Valuation of Preference Shares)

पूर्वाधिकार अंशों का समता अंशधारियों से पूर्व अपनी पूँजी प्राप्त करने का अधिकार होता है, एवं बाहरी दायित्वों को कुल सम्पत्ति मूल्य में से घटाने के बाद पूर्वाधिकार अंश पूँजी को भी घटा दिया जाता है। इसके अलावा निम्न विधि के द्वारा पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन किया जा सकता है–

(a) **जब पूर्वाधिकार अंशधारियों को अपने अंशों पर लाभांश तथा पूँजी पाने का पूर्वाधिकार हो–** इसके अन्तर्गत दो बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिये–

(i) जब लाभांश पर एवं आय की सामान्य दर बराबर हो– ऐसी दशा में शुद्ध सम्पत्ति में से पूर्वाधिकार अंशों का बकाया लाभांश एवं पूँजी को घटा कर शेष राशि को सामान्य अंशों की संख्या से भाग दिया जाता है। पूर्वाधिकार प्रति अंश ज्ञात करने के लिये बकाया लाभांश तथा पूर्वाधिकार चुकता अंश पूँजी के योग को पूर्वाधिकार अंशों का संख्या से भाग दिया जाता है। अतः इस सूत्र का प्रयोग करते हैं–

Value of per preference share =

$$\frac{\text{Arrears of dividend} + \text{paid - up capital of Preference Share}}{\text{No. of Preference Shares}}$$

(ii) जब पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की दर एवं पूर्वाधिकार अंशों पर सामान्य आय की दर में अन्तर हो– ऐसी दशा में पूर्वाधिकार अंशों के लाभांश को पूर्वाधिकार लाभांश की सामान्य दर से पूँजीकृत किया जाता है तथा पूँजीकृत मूल्य को पूर्वाधिकार अंशों की संख्या से भाग देने पर प्रति पूर्वाधिकार अंश राशि की गणना हो जाती है। इसकी गणना करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग करेंगे–

- Capitalised Value of Preference Share =

$$\frac{\text{Amount of Preference Dividend} \times 100}{\text{Normal Rate of Preference Dividend}}$$

- Value of per Preference Share =

$$\frac{\text{Capitalised Value of preference}}{\text{No. of Preference Share}}$$

(b) जब पूर्वाधिकार को केवल अपनी पूँजी प्राप्त करने का पूर्वाधिकार हो– ऐसी दशा में शुद्ध सम्पत्ति मूल्य में से केवल पूर्वाधिकार अंशपूँजी को ही घटाया जायेगा, तथा शेष राशि समता अंशधारियों के लिये उपलब्ध रहेगी।

(c) जब पूर्वाधिकार अंशधारियों को केवल लाभांश प्राप्त करने का पूर्वाधिकार प्राप्त हो– ऐसी दशा में शुद्ध सम्पत्ति मूल्य में से केवल लाभांश की राशि को घटाया जाता है तथा शेष राशि पूर्वाधिकार एवं समता अंशों के लिये उपलब्ध रहेगी। प्रति अंश राशि ज्ञात करने के लिये पूर्वाधिकार अंशों एवं समता अंशों की संख्या से भाग दिया जाता है। अतः इस सूत्र का प्रयोग करेंगे–

Net Assets	………..
***Less*:** Dividend of Preference share	………..
Amount available for Preference	………..
Shareholder & Equity shareholder	
Value of per Equity share	

$$\frac{\text{Amount available for Preference shareholder \& Equity shareholder}}{\text{No. of Preference share + No. of Equity share}}$$

टिप्पणी

(d) जब पूर्वाधिकार अंशधारियों को न ही लाभांश और न ही पूँजी प्राप्त करने का पूर्वाधिकार प्राप्त हो– ऐसी दशा में शुद्ध सम्पत्ति मूल्य में से कोई भी राशि नहीं घटायी जाएगी तथा पूर्वाधिकार एवं समता अंशपूँजी के चुकता मूल्य बराबर होने की दशा में शुद्ध सम्पत्ति मूल्य को दोनों प्रकार के अंशों की संख्या से भाग देने पर प्रति अंश मूल्य ज्ञात हो जाएगा।

यदि पूर्वाधिकार अंश एवं समता अंशों का चुकता मूल्य समान न हो तो शुद्ध सम्पत्ति मूल्य को दोनों प्रकार के अंशों के चुकता मूल्य के अनुपात में विभाजित किया जाएगा, तथा शुद्ध सम्पत्ति मूल्य के भाग को अलग-अलग अंशों के प्रकार से भाग देकर प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जाएगा।

उदाहरण– 17

एक कम्पनी द्वारा निर्गमित अंशों का विवरण निम्नानुसार है–

2,000 समता अंश 10 ₹ वाले 8 ₹ चुकता किये गये हैं 16,000 ₹ 2,000, 5% पूर्वाधिकार अंश 10 ₹ वाले जिस पर 6 ₹ चुकता है, कम्पनी की शुद्ध सम्पत्ति का मूल्य 21,000 ₹ है। प्रति अंश मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 17

समता अंशों का चुकता मूल्य	16,000 ₹
पूवाधिकार अंशों का चुकता मूल्य	12,000 ₹
कुल चुकता मूल्य	28,000 ₹

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य 21,000 ₹ को चुकता मूल्य 16 : 12 के अनुपात में विभाजित किया जायेगा।

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य समता अंशों का भाग =

$$\frac{21,000 \times 16,000}{28,000} = 12,000 \text{ ₹}$$

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य में पूर्वाधिकार अंशों का भाग =

$$\frac{21,000 \times 12,000}{28,000} = 9,000 \text{ ₹}$$

प्रति अंश समता मूल्य = $\frac{12,000}{2,000}$ = 06 ₹

प्रति अंश पूर्वाधिकार मूल्य = $\frac{9,000}{2,000}$ = 4.5 ₹

टिप्पणी

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य विधि से प्रति अंश राशि गणना हेतु निम्न विधि को प्रयोग में लाया जाता है–

(1) सकल सम्पत्ति मूल्य की गणना

सम्पत्ति का बाजार मूल्य	
भूमि व भवन	....
प्लाण्ट व मशीनरी	....
फर्नीचर	....
विनियोग	....
रहतिया	....
देनदार	....
प्राप्य बिल	....
हस्तस्थ रोकड़	....
रोकड़ बैंक में	....
सकल सम्पत्ति मूल्य	....

(2) शुद्ध सम्पत्ति मूल्य की गणना

सकल सम्पत्ति मूल्य	....
घटाया बाह्य दायित्व	
लेनदार	....
देय बिल	....
ऋण-पत्र	....
ऋण-पत्रों पर ब्याज	....
अदत्त व्यय	....
शुद्ध सम्पत्ति मूल्य	....
घटाया पूर्वाधिकार अंश पूँजी	....
शेष राशि समता अंशों के लिए	....

(3) समता अंशों के आन्तरिक मूल्य की गणना/प्रति समता अंश मूल्य

$$\text{प्रति समता अंश मूल्य} = \frac{\text{समता अंश धारियों के लिए उपलब्ध राशि}}{\text{समता अंशों की संख्या}}$$

दूसरी विधि

प्रति समता अंश का मूल्य निम्न विधि द्वारा भी निकाला जा सकता है–

समता अंश पूँजी	....
जोड़ा संचय एवं आधिक्य	....
लाभ-हानि खाता	....
सकल समता राशि	....
घटाया लाभ-हानि खाते का डेबिट शंख	....

टिप्पणी

घटाया अन्य हानियों	....
शुद्ध समता राशि	....

$$\text{प्रति अंश मूल्य} = \frac{\text{शुद्ध समता राशि}}{\text{समता अंशों की संख्या}}$$

उदाहरण– 18

31 मार्च, 2018 को एक लिमिटेड कम्पनी की स्थिति निम्नानुसार थी–

समता अंश पूँजी प्रत्येक 10 ₹ का	40,000 ₹
लाभ-हानि खाता	2,000 ₹
संचय	9,000 ₹
ऋण-पत्र	10,000 ₹
लेनदार	13,000 ₹

सम्पत्तियों का शत्तकीय मूल्य इस प्रकार है–

स्थायी सम्पत्तियाँ	50,000 ₹
चालू सम्पत्तियाँ	20,000 ₹
ख्याति	4,000 ₹

31 मार्च, 2018 को स्थायी सम्पत्तियों से 35,000 ₹, चालू सम्पत्तियों से पूर्ण राशि एवं ख्याति से 4,000 ₹ वसूल हुये। अंश का आन्तरिक मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 18

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य की गणना

Calculation of Net Assets Value

Fixed Assets		35,000
Current Assets		20,000
Goodwill		4,000
		59,000
***Less*: External Liabilities**		
Creditors	13,000	
Debentures	10,000	23,000
Intrinsic value of Assets		36,000

$$\text{Intrinsic Value of share} = \frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Equity shares}}$$

$$= \frac{36,000}{4,000}$$

$$= ₹\ 9 \text{ per share}$$

टिप्पणी

2.3.5 आय के आधार पर मूल्यांकन (Yield Method)

विनियोग का सीधा सम्बन्ध उस पर प्राप्त आय से होता है। एक विनियोग पर जितनी अधिक दर से आय या बयान प्राप्त होगा वह विनियोग उतना ही अच्छा माना जाएगा। जब किसी कम्पनी द्वारा किसी अन्य कम्पनी में विनियोग की बात आती है तो विनियोग क्रय करने वाली कम्पनी विक्रेता कम्पनी के विनियोग का आकलन आय के आधार पर लगाती है। आय का स्वरूप मुख्यतः तीन प्रकार का हो सकता है–

(1) लाभांश के आधार पर

(2) वास्तविक आय दर के आधार पर

(3) विभाज्य योग्य लाभ के पूँजीकृत मूल्य के आधार पर

1. लाभांश के आधार पर मूल्यांकन (Valuation based on dividend)– कम्पनी अपने अंशधारियों को एक निश्चित अवधि के उपरान्त लाभांश प्रदान कर दी है। इसी लाभांश के आधार पर अंशों का मूल्यांकन किया जाता है। लाभांश पर एवं सामान्य दर की तुलना करके यह ज्ञात किया जाता है कि विनियोगकर्ता अंशों के लिये क्या मूल्य देंगे। एक अंश के लिये विनियोगकर्ता जितना प्रतिशत लाभ चाहते हैं उसी के आधार पर अंश का मूल्य चुकाने के लिये तैयार होते हैं, इसे हम इस सूत्र की सहायता से ज्ञात कर सकते हैं–

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Expected Rate of Dividend}}{\text{Normal Rate of Return}} \times \text{Paid - up Value of Share}$$

उदाहरण– 19

100 ₹ वाले 50, समता अंशों के लिये 80 ₹ चुकता किये गये हैं, जिस पर सामान्य दर 10% प्रतिवर्ष है। लाभांश की औसत दर 30% है। प्रति अंश मूल्य ज्ञात कीजिये।

हल क्रमांक 19

Rate of dividend 30%

Paid of value of share ₹ 80

Normal Rate of Return is 10%

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Expected Rate of dividend}}{\text{Normal Rate of Return}} \times \text{Paid - up Value of Share}$$

$$\text{Value per share} = \frac{30 \times 80}{10} = ₹\ 240$$

प्रति अंश का मूल्य निम्न सूत्र का प्रयोग करके भी निकाला जा सकता है–

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Dividend per share}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100$$

$$\text{Dividend per share} = \frac{\text{Paid-up value of share} \times \text{Rate of dividend}}{100}$$

टिप्पणी

$$\text{Dividend for share} = \frac{80 \times 30}{10} = ₹\ 240$$

$$\text{Value per share} = \frac{24 \times 100}{10} = ₹\ 240$$

लाभांश की दर (Rate of Dividend)

जब लाभांश की दर ज्ञात हो तो उसी दर का प्रयोग कर प्रति अंश मूल्य की गणना कर ली जाती है, लेकिन लाभांश दर नहीं पता हो उसकी लाभांश दर की गणना करने के लिये पिछले वर्षों के लाभांश का औसत ज्ञात कर लिया जाता है। यदि लाभांश दर में परिवर्तन निरन्तर बढ़ने या निरन्तर घटने के कारण अधिक दिखाई दे रहा हो तो भारयुक्त औसत के आधार पर लाभांश की गणना की जाती है। लाभांश दर की गणना समता अंशधारियों को विभाज्य लाभ के आधार पर भी की जा सकती है, अतः निम्न सूत्रों के आधार पर लाभांश दर की गणना की जा सकती है–

1. औसत लाभांश दर के आधार पर

$$\text{Average rate of Dividend} = \frac{\text{Dividends (last 3 - 4 years)}}{\text{No. of years}}$$

2. विभाज्य योग्य लाभ के आधार पर

$$\text{Expected rate of Dividend} = \frac{\text{Distributable Profits to Equity share}}{\text{Paid - up equity share capital}} \times 100$$

3. प्रति अंश लाभांश के आधार पर

$$\text{Expected rate of Return} = \frac{\text{Dividends per share in ₹}}{\text{Paid - up value per share}} \times 100$$

2.3.6 वास्तविक आय की दर के आधार पर मूल्यांकन (Valuation of Share based on Actual Rate of Earning)

इस विधि के अन्तर्गत अंशों के मूल्यांकन के लिये वास्तविक आय या अर्जित आय को लाभ का आधार मानकर तथा समता अंशधारियों को दिये गये लाभांश को ध्यान पर रखकर प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जाता है। ऋण-पत्रधारियों या विनियोगकर्ताओं द्वारा किसी कम्पनी में विनियोग करने का आधार अर्जित आय ही होती है। अतः यह आवश्यक है कि उचित आय दर पर प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जाये। इस विधि द्वारा प्रति अंश मूल्य ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाएगा–

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Actual Rate of Earning}}{\text{Normal Rate of Return}} \times \text{paid-up value of share}$$

$$\text{Actual Rate of Earning} = \frac{\text{Actual Profit Earned} \times 100}{\text{Effective Capital Employed}}$$

टिप्पणी

2.3.7 वास्तविक आय दर (Actual Rate of Earning)

ऊपर हमने वास्तविक आय दर की गणना के सूत्र को देखा। जिसमें निम्न दो मदों की गणना करना होगी–

(1) वास्तविक अर्जित लाभ (Actual Profit Earned)

(2) प्रभावी विनियोजित पूँजी (Effective Capital Employed)

1. वास्तविक अर्जित लाभ– वास्तविक अर्जित लाभ से आशय कम्पनी को चालू स्थिति में प्राप्त आय से है, यदि कम्पनी का निर्माण इसी वर्ष हुआ है, तो इसे हमें भविष्य की अनुमानित आय भी कह सकते हैं। जिसे ज्ञात करने के लिये पिछले कुछ वर्षों के लाभ का औसत ज्ञात किया जाता है। इस औसत लाभ की गणना, ख्याति के मूल्यांकन अध्याय के अनुसार ही की जाती है।

2. प्रभावी विनियोजित पूँजी– प्रभावी विनियोजित पूँजी से आशय व्यापार में लगी शुद्ध सम्पत्ति से होता है। शुद्ध सम्पत्ति की गणना करने के लिये व्यापार की कृत्रिम सम्पत्तियों को इसमें सम्मिलित नहीं किया जाता है, अतः इसे हमें निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात कर सकते हैं।

Capital Employed = Total Assets (Except goodwill and non-trading assets) – External Liabilities

2.3.8 लाभ की सामान्य दर (Normal Rate of Return)

कम्पनी के अंशधारियों द्वारा अपने विनियोग पर एक निश्चित दर से आय प्राप्त करने की आशा की जाती है। इस दर को उसी प्रकार का व्यवसाय करने वाली कम्पनी द्वारा अपने अंशधारियों को दिया जाता है। अतः लाभ की सामान्य दर से आशय एक ऐसी दर से है, जो सामान्यतयः इसी प्रकार के व्यवसाय से अंशधारियों को प्राप्त होती है। कम्पनी में दो प्रकार के अंशधारी होते हैं, पूर्वाधिकार अंशधारी एवं समता अंशधारी। समता अंशधारियों की जोखिम, पूर्वाधिकार अंशधारियों की तुलना में अधिक होती है, अतः समता अंशों पर लाभ की दर भी अपेक्षाकृत अधिक होगी।

2.3.9 अंश का चुकता मूल्य (Paid-up Value of Share)

जैसे पहले ही बताया जा चुका है, अंश के चुकता मूल्य से आशय एक अंश पर भुगतान की गयी राशि से होता है।

उदाहरण– 20

निम्न जानकारी से प्रति अंश मूल्य ज्ञात कीजिए।

From the following information, calculate the value of share–

(1) 10,000 Equity Share @ ₹ 100 each, ₹ 80 per share paid-up ₹ 8,00,000

(2) Profits Last three years are (before Tax) ₹ 4,50,000, ₹ 5,00,000, ₹ 5,50,000.

(3) Rate of Income Tax– 50%

(4) Normal Rate of Earning– 10%

हल क्रमांक 20

टिप्पणी

1. Calculation of Expected Profit (Average)

$$\text{Expected Average Profit} = \frac{4,50,000 + 5,00,000 + 5,50,000}{3}$$

= ₹ 5,00,000 (before tax)

Profit after Tax = 5,00,000 – 2,50,000 (50%)

= ₹ 2,50,000

Profit available for Dividends ₹ 2,50,000 to Equity Shareholder

$$\text{Actual Rate of Earning} = \frac{\text{Profit Available for Equity share}}{\text{Paid - up Equity Share Capital}} \times 100$$

$$= \frac{2,50,000 \times 100}{8,00,000} = 31.25\%$$

Market value or value of per Equity Share

$$= \frac{\text{Actual Rate of Earning} \times \text{Paid-up Value of Share}}{\text{Normal Rate}}$$

$$= \frac{31.25 \times 80}{10} = ₹\ 250$$

3. विभाज्य लाभ के पूँजीकृत मूल्य के आधार पर अंश का मूल्यांकन (Valuation of Shares Based on Capitalisation of Divisible Profits)– इस विधि के अन्तर्गत अंशधारियों को दिये गये लाभांश एवं लाभ का पूँजीकरण करके प्रति अंश का मूल्यांकन किया जाता है। पूँजीकरण हेतु लाभ एवं लाभांश की गणना ऊपर दी गयी विधि के अनुसार ही की जाती है।

अतः प्रति अंश मूल्य ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्रों का प्रयोग किया जाएगा–

(a) Value of Share =

$$\frac{\text{Capitalised Value of Profits} \times \text{Paid - up Value of Share}}{\text{Paid - up Equity Share Capital}}$$

(b) $\text{Capitalised Value of Profit} = \dfrac{\text{Profit Available for Holders} \times 100}{\text{Normal Rate of Return}}$

लाभ की सामान्य दर की गणना ऊपर दी गयी है।

टिप्पणी

यदि समता अंशों का अंकित मूल्य एवं चुकता मूल्य समान है तो निम्न सूत्र द्वारा भी प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जा सकता है–

$$\text{Value of Share} = \frac{\text{Capitalise Value of Profits}}{\text{No. of Equity Share}}$$

उदाहरण– 21

निम्न जानकारी के आधार पर प्रति अंश मूल्य ज्ञात कीजिए।

From the following information, Calculate the value of per share.

Profit for Equity Shareholders ₹ 60,000

Normal Rate of Return 15%

No. of Equits Shareholder–4000

Paid-up Value of Per Equity Share ₹ 100

हल क्रमांक 21

$$\text{Capitalised Value of Equits Profit} = \frac{\text{Profit} \times 100}{\text{Normal Rate}}$$

$$= \frac{60{,}000 \times 100}{15} = ₹\ 4{,}00{,}000$$

$$\text{Value of an Equits Share} = \frac{\text{Capitalised Value of Share}}{\text{No. of Share}}$$

$$= \frac{4{,}00{,}000}{4000} = ₹\ 100$$

निम्नांकित सूचना के प्रत्येक अंश का मूल्य निकालिय–

Balance Sheet of X Company

Liabilities	**Amt. (₹)**	**Assets**	**Amt. (₹)**
Share Capital		Fixed Assets:	
10,000 equity shares		Goodwill	20,000
of ₹ 10 each	1,00,000	Investments	2,50,000
Resurve & Surplus		Current Assets, Loans	
Revenue	1,50,000	& Advances :	
Profit & Loss A/c	90,000	(a) Current Assets	32,000
Unsecured Loans	60,000	(b) Loans & Advances	1,40,000
Current liabilities	50,000	Misc. Expenditure	8,000
	4,50,000		4,50,000

मूल्यांकन के लिये ख्याति का मूल्य गत 5 वर्षो के औसत लाभ के 3 वर्ष के क्रय के बराबर होगा। गत 5 वर्षो के लाभ हैं– 10,000 ₹ 12,000 ₹, 14,000 ₹, 12,000 ₹ और 22,000 ₹।

Ans.: Total Profit = ₹ 10,000 + ₹ 12,000 + ₹ 14,000 + ₹ 12,000 + ₹ 22,000 = 70,000

$$\text{Avarage Profit} = \frac{70,000}{5} = ₹\ 14,000$$

Goodwill = 14,000 × 3 = ₹ 42,000.

टिप्पणी

Calculation of Net Assets

Goodwill		42,000
Investment		2,50,000
Current Assets		32,000
Loan in Advance		1,40,000
		4,64,000
***Less*:** Unsecured Creditors	60,000	
Current liabilities & provisions	50,000	1,10,000
	Net Assets	3,54,000
Value of one equity share =	3,54,000 / 10,000	₹ 35.40

उदाहरण– 22

31 मार्च 2019 को एक सीमित कंपनी का स्थिति–विवरण निम्नलिखित स्थिति प्रकट करता है–

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
10 ₹ प्रति अंश के		स्थायी संपत्तियाँ	7,00,000
50,000 समता अंश	5,00,000	चालू संपत्तियाँ	3,00,000
सामान्य संचय	50,000	ख्याति	50,000
लाभ-हानि खाता	40,000		
6% ऋण-पत्र	2,00,000		
चालू दायित्व	2,60,000		
	10,50,000		10,50,000

31 मार्च 2019 को स्थायी संपत्तियों का मूल्यांकन 6,00,000 ₹ पर तथा ख्याति का 75,000 ₹ पर किया गया। शुद्ध सम्पत्ति विधि द्वारा कम्पनी के अंशों के मूल्य की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 22

Valuation of Shares
Calculation of Net Assets

Goodwill		75,000
Tangible Assets		
Fixed Assets		6,00,000
Current Assets		3,00,000
Liabilities		9,75,000
5% Debentures	2,00,000	
Current liabilities	2,60,000	4,60,000

Net Assets	5,15,000
No. of Equity Shares	50,000
Value per Equity Share	

टिप्पणी

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}} = \frac{5,15,000}{50,000} = ₹\ 10.30$$

उदाहरण– 23

31 मार्च 2019 को, ओपेल लि. का स्थिति विवरण निम्नानुसार था–

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
100 प्रति अंश के 10,000		स्थायी संपत्तियाँ	9,50,000
समता अंश	10,00,000	विनियोग	4,65,000
सामान्य संचय	20,000	स्टॉक	3,42,000
कर्मचारी बचत खाता	1,80,000	रोकड़ एवं बैंक शेष	1,18,000
कर्मचारी सुरक्षा निक्षेप	60,000	प्रारंभिक व्यय	25,000
श्रमिक क्षति-पूर्ति कोष	82,000		
ह्रास कोष	90,000		
आयकर	68,000		
लेनदार	3,00,000		
लाभ-हानि खाता	1,00,000		
	19,00,000		19,00,000

ह्रास कोष वास्तविक ह्रास की तुलना में 12,000 ₹ अधिक है। अंशों का आन्तरिक मूल्य ज्ञात कीजिए। स्थायी संपत्तियों का मूल्यांकन 9,00,000 ₹ पर किया गया।

हल क्रमांक 23

Valuation of Shares

(i)	Tangible Assets:	
	Fixed Assets	9,00,000
	Investment	4,65,000
	Stock	3,42,000
	Cash & Bank Balances	48,000
		17,55,000
(ii)	Liabilities:	
	Employee's Saving A/c	1,80,000
	Employees Security Deposit	60,000
	Depreciation Fund (90,000 – 12,000)	78,000

	Income Tax	68,000	
	Creditors	3,00,000	6,86,000
(iii)	Net Assets		10,69,000
(iv)	No. of Equity shares		10,000
(v)	Value per Equity share		
	Net Assets / No. of Shares	11,39,000 / 10,000	₹ 113.9

टिप्पणी

उदाहरण– 24

एक सीमित कम्पनी के स्थिति-विवरण ने निम्नलिखित स्थिति प्रकट की थी–

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
अंश पूँजी–		स्पर्शनीय संपत्तियाँ	14,40,000
100 ₹ प्रति अंश के (पूर्ण दत्त)			
3000 'X' समता अंश	3,00,000		
100 ₹ प्रति अंश के (80 ₹ दत्त)			
4000 'Y' समता अंश	3,20,000		
100 ₹ प्रति अंश के (50 ₹ दत्त)			
5000 'Z' समता अंश	2,50,000		
संचय	4,00,000		
दायित्व	1,70,000		
	14,40,000		14,40,000

हल क्रमांक 24

Valuation of Shares

Tangible Assets	14,40,000
Liabilities	1,70,000
Net Assets	12,70,000

$$\text{Value of Share in a Rupee} = \frac{\text{Net Assets}}{\text{Total Equity Share}}$$

$$= \frac{12,70,000}{8,70,000} = ₹\ 1.4598$$

Value of 'X' Equity Share of ₹ 100 each fully paid

= 1.4598 × 100 = 145.98

Value of 'Y' Equity Share of ₹ 80 paid fully

= 1.4598 × 80 = 116.784

Value of 'Z' Share of ₹ 50 paid

= 1.4598 × 50 = 72.99

उदाहरण– 25

31 दिसम्बर 2019 को एक कम्पनी का संक्षिप्त स्थिति विवरण निम्नलिखित है–

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
अंश पूँजी–		स्थायी सम्पत्तियाँ	35,50,000
100 ₹ प्रति अंश		विनियोग	32,00,000
के 25,000			
6% पूर्वाधिकार अंश	25,00,000	व्यापार में स्टॉक	25,00,000
10 ₹ प्रति अंश के		विविध देनदार	12,00,000
3,00,000 समता अंश	30,00,000	रोकड़ एवं बैंक शेष	1,50,000
सामान्य संचय	20,00,000		
लाभ-हानि खाता	5,00,000		
8% ऋण-पत्र	10,00,000		
विविध लेनदार	15,00,000		
व्ययों के लिए दायित्व	1,00,000		
	1,06,00,000		1,06,00,000

अंशों के मूल्यांकन के उद्देश्य से स्थायी सम्पत्तियों पर 5% से ह्रास लगाया जाना है तथा विनियोगों का 34,00,000 ₹ पर पुर्नमूल्यांकन किया जाना है। देनदारों से 11,50,000 ₹ वसूल होंगे। ऋण-पत्रों पर 6 महीनों से देय ब्याज उपार्जित है, तथा 2018 का पूर्वाधिकार लाभांश भी देय है। इनमें से किसी के लिये भी स्थिति-विवरण में आयोजन नहीं किया गया है। प्रत्येक समता अंश के मूल्य की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 25

Valuation of Shares

Tangible Assets	
Fixed assets	33,72,500
Investments	34,00,000
Stock in Trade	25,00,000
Sundry Debtors	11,50,000

Cash & Bank Balances		1,50,000
		1,05,72,500
Liabilities		
6% Debentures	10,00,000	
Sundry Creditors	15,00,000	
Liability for Expenses	1,00,000	
Interest on Debentures	40,000	26,40,000
(10,00,000 × 8/100 × 6/12)		79,32,500
Arrear of preference share dividend		
Preference share capital		
Net Assets		

Value per equity share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}} = \frac{52,82,500}{3,00,000} = ₹\ 17.61$$

4. औसत के आधार पर अंशों का मूल्यांकन या अंशों का उचित मूल्य (Valuation of Shares on Average Basis or Fair Value Method)– कई विनियोगकर्ता, पूँजी विनियोजन के समय कम्पनी की कुल सम्पत्तियों का आकलन करते हैं एवं कई विनियोगकर्ता कम्पनी की आय के आधार पर पूँजी विनियोजन की योजना बनाते हैं। कुछ विनियोगकर्ताओं का मानना है कि कम्पनी की सम्पत्ति एवं आय दोनों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। अतः इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर इस विधि के अन्तर्गत प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस विधि के अनुसार शुद्ध सम्पत्ति मूल्य विधि एवं आय विधि दोनों के आधार पर प्रति अंश मूल्य ज्ञात करने के उपरान्त दोनों को जोड़कर, दो से भाग दे दिया जाता है, प्रति अंश उचित मूल्य की गणना हो जाती है। निम्न सूत्र द्वारा प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जा सकता है–

Fair Value of the Share =

$$\frac{\text{Intrinsic Value of the Share + Yeild Value of the Share}}{2}$$

उदाहरण– 26

31 मार्च, 2018 को यश लिमिटेड का चिट्ठा निम्नानुसार दिया हुआ है–

The Balance Sheet of Yash Ltd. on 31st March, 2018 are as given below.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Building	1,40,000
8,000 Equity shares of		Furniture	6,000
₹ 100 each fully paid	8,00,000	Stock (market value)	9,00,000
2,000 8% Pref. shares of		Investment at cost	6,70,000
₹ 100 each fully paid	2,00,000	(face value ₹ 8,00,000)	

Reserve & Surplus			
Profit & Loss A/c	3,00,000	Debtors	5,60,000
Balance on previous		Bank	1,20,000
year 1,60,000		Preliminary	
Profit to (2018) 8,60,000	10,20,000	Expenses	20,000
(before transfer			
to reserve)			
Creditors	96,000		
	24,16,000		24,16,000

अतिरिक्त जानकारियाँ

Additional Information

(a) कम्पनी प्रविवरण 2018 का ठीक है।

(b) भवन का मूल्यांकन अभी 7,00,000 ₹ है।

(c) पिछले तीन वर्षों में लाभों में प्रतिवर्ष 50,000 ₹ की वृद्धि हुयी है।

(d) शुद्ध लाभ का 25% प्रतिवर्ष, संचय में हस्तांतरित किया जाता है।

(e) सामान्य आय की अनुमानित दर 15% है।

(f) पूर्वाधिकार अंशधारियों को पूँजी एवं लाभांश प्राप्त करने का पूर्वाधिकार है।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर अंशों का उचित मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 26

1. Valuation of shares by Assets Valuation Method

	Building	7,00,000
	Furniture	6,000
	Stock (Market value)	9,00,000
	Investment	6,70,000
	Debtors	5,60,000
	Bank	1,20,000
	Total Assets	29,56,000
Less:	External liabilities creditors	96,000
		28,60,000
Less:	Net Assets for Preference Shares	2,00,000
	Net Assets for Equity Shares	26,60,000

Value per Equity Share

$$\text{(Intrinsic value per share)} = \frac{\text{Net Assets for Equity Shareholders}}{\text{No. of Equity Shares}}$$

$$= \frac{26,60,000}{8,000} = ₹\ 332.50$$

2. Valuation of share by yield method

	Profit for the year 2018 (given)	8,60,000
Add:	Expected increase in next year	1,00,000
		9,60,000
Less:	25% transfer to reserve	2,40,000
	Profit available for Dividend	7,20,000
Less:	8% dividend on pref. share ₹ 2,00,000	16,000
	Profits available for equity shares	7,04,000

Rate of Return on Equity Capital =

$$\frac{\text{Profits available for Equity shares} \times 100}{\text{Equity paid - up capital}}$$

$$= \frac{7,04,000 \times 100}{8,00,000} = 88\%$$

Market value per Equity share =

$$\frac{\text{Rate of Earning}}{\text{Normal rate of Return}} \times \text{Paid-up value of a share}$$

$$= \frac{88 \times 100}{15} = ₹\ 586.67$$

3. Fair Value of an Equity Share

$$= \text{Intrinsic } \frac{\text{Value of the Share} + \text{Market Value of Share}}{2}$$

$$= \frac{332.50 + 586.67}{2} = ₹\ 459.58$$

5. अंश मूल्यांकन की उत्पादकता विधि (Productivity Method of Share Valuation)– इस विधि के अनुसार अंश मूल्यांकन की वैज्ञानिक रीति का प्रयोग कर गणना की जाती है। जैसे-जैसे व्यवसाय निरन्तर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे व्यवसाय में जोखिम भी बढ़ रहा है। प्रत्येक विनियोगकर्ता, विनियोग करने से पहले व्यवसाय की सभी प्रकार से मूल्यांकन कर लेना चाहता है। आत्मसन्तुष्टि के उपरान्त ही किसी कम्पनी में विनियोगी, अपने पैसे लगाता है, अतः इस विधि के अन्तर्गत व्यवसाय मूल्यांकन की समस्त प्रक्रिया अपना ली जाती है तथा व्यवसायी या विनियोगकर्ता को यह विश्वास हो जाता है कि भविष्य में एक निश्चित प्रतिशत से उन्हें लाभ प्राप्त होगा। इस विधि का प्रयोग निम्न कार्य विधि के द्वारा सम्पन्न किया जाता है–

(1) पिछले कुछ वर्षों का औसत लाभ लिया जाता है। इस औसत लाभ में आयकर की राशि को घटा दिया जाता है।

(2) औसत लाभ ज्ञात करने हेतु गैर–व्यापारिक विनियोगों का लाभ सम्मिलित नहीं किया जाता है।

टिप्पणी

(3) औसत लाभ की तरह ही पिछले कुछ वर्षों की शुद्ध सम्पत्ति ज्ञात करके औसत शुद्ध सम्पत्ति ज्ञात करेंगे। शुद्ध सम्पत्ति ज्ञात करने के लिये गैर–व्यापारिक विनियोगों को सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(4) उत्पादकता दर की गणना करने के लिये औसत शुद्ध सम्पत्ति द्वारा औसत लाभ दर ज्ञात की जाती है।

(5) भविष्य में अनुमानित लाभ की गणना करने हेतु शुद्ध सम्पत्ति पर उत्पादकता दर के आधार पर लाभ ज्ञात करेंगे।

(6) कम्पनी द्वारा यदि पूर्वाधिकार अंशों का भी निर्गमन किया गया है तो पूर्वाधिकार लाभांश भी लाभ में से घटा दिया जाएगा।

(7) अनुमानित लाभ को पूँजीकृत किया जाएगा।

(8) उपरोक्त प्रक्रिया के उपरान्त पूँजीकृत मूल्य में गैर व्यापारिक विनियोग, जिसे पूर्व में सम्मिलित नहीं किया गया था, जोड़ देंगे।

(9) प्रति अंश मूल्य ज्ञात करने हेतु उपरोक्त मूल्य को समता अंशों की संख्या से भाग दे दिया जाएगा।

(10) इस विधि द्वारा अंश मूल्यांकन हेतु निम्न सूत्र का प्रयोग करेंगे–

Value of one equity share =

$$\frac{\text{Capitalised Value of Profit + Value of Investment}}{\text{No. of Equity Share}}$$

उदाहरण– 27

31 दिसम्बर, 2019 को मेल लि. का स्थिति विवरण निम्नलिखित है–

दायित्व	₹	सम्पत्तियाँ	₹
अंश पूँजी		विविध सम्पत्तियाँ	19,00,000
100 ₹ प्रति अंश के		ऋणपत्रों पर डिस्काउण्ट	10,000
5000 पूर्वाधिकार अंश	5,00,000	प्रारम्भिक व्यय	10,000
100 ₹ प्रति अंश के		लाभ-हानि खाता	1,00,000
8000 समता अंश	8,00,000		
सामान्य संचय	40,000		
ऋण-पत्र शोधन कोष	1,20,000		
6% ऋण-पत्र	2,50,000		
ह्रास कोष	1,15,000		
विविध लेनदार	1,95,000		
	20,20,000		20,20,000

ऋण-पत्रों पर एक वर्ष का ब्याज बकाया है, और पूर्वाधिकार अंशों पर तीन वर्षो का लाभांश बकाया है। यह कल्पना करते हुए कि विविध सम्पत्तियाँ उनके पुस्तकीय मूल्यों की कीमत की है, अंशों का समता मूल्य दर्शाइए, यदि–

(1) पूर्वाधिकार अंश-पूँजी के सम्बन्ध में पूर्वाधिकारी है और समापन में 'कमाया' देय है।

(2) पूर्वाधिकार अंश-पूँजी के सम्बन्ध में पूर्वाधिकारी है, किन्तु 'बकाया' देय नहीं है।

(3) पूर्वाधिकार अंश-पूँजी की प्राथमिकता नहीं रखते हैं, किन्तु बकाया देय है तथा

(4) पूर्वाधिकार अंश न तो पूँजी की प्राथमिकता रखते हैं और न ही अन्तर्नियम 'बकाया' के भुगतान की अनुमति देते हैं।

हल क्रमांक 27

Valuation of Shares
Base : Net Assets Method

(i) Tangible Assets		
Sundry Assets		19,00,000
(ii) Liabilities:		
6% Debentures	2,50,000	
Depreciation fund	1,15,000	
Sundry Creditors	1,95,000	
Debenture Interest owing for one year	15,000	5,75,000
Net Assets:		13,25,000
Less: Part share Dividend (3 years).		
5,00,000 × 8% = 40,000 × 3 years.	1,20,000	
8% preference share capital	5,00,000	6,20,000
Value of Equity share		7,05,000

$$\text{Value of per equity share} = \frac{7,05,000}{8,000} = ₹\,88.125$$

Net Assets:	13,25,000
Less: 8% Pref. share capital	5,00,000
Value of equity share	8,25,000

$$\text{Value of per equity share} = \frac{8,25,000}{8,000} = ₹\,103.125$$

Net Assets:	13,25,000
Less: Pref. share Dividend (3 yrs)	
5,00,000 × 8% = 40,000 × 3 yrs.	1,20,000
Value of 8% pref. share & eq. share	12,05,000

$$\text{Value of pre. share} = \frac{12,05,000}{(5,000+8,000)} = ₹\,92.692$$

Net Assets: 13,25,000

$$\text{Value of per} = \frac{13,25,000}{(5,000+8,000)} = ₹\ 101.92$$

टिप्पणी

उदाहरण– 28

पार्षद अन्तर्नियमों में ऐसी व्यवस्था है कि किसी अंशधारी की मृत्यु पर उसके अंश शेष अंशधारियों द्वारा एक ऐसी कीमत पर खरीद लिये जाएंगे जिसका निर्धारण अन्तिम स्थिति–विवरण के आधार पर होगा। आगे ऐसी भी व्यवस्था है कि ख्याति का मूल्यांकन पिछले पाँच वर्षों के औसत वार्षिक लाभ की दो वर्षों की खरीद के आधार पर किया जाएगा। अन्तिम स्थिति विवरण अग्रानुसार है–

दायित्व	₹	संपत्तियाँ	₹
10 ₹ प्रति अंश के		ख्याति	50,000
10,000 समता अंश	1,00,000	लागत पर विनियोग	
सामान्य संचय	50,000	(बाजार मूल्य	
		1,50,000 ₹)	1,05,000
श्रमिक संचय कोष	60,000	लागत पर स्टॉक	1,00,000
कर्मचारी प्राविडेण्ट फण्ड	90,000	देनदार	1,00,000
लेनदार	30,000	बैंक शेष	50,000
लाभ-हानि खाता	75,000		
	4,05,000		4,05,000

पिछले पाँच वर्षों के लाभ 25000 ₹, 30,000 ₹, 20,000 ₹, 15,000 ₹ तथा 40,000 ₹ थे। आपसे चाहा जा रहा है कि आप प्रति अंश के लिए दिये जाने वाले मूल्य की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 28

Computation of Goodwill

Base : Maintainable Profit Method

(i) Average Profit –

Year	Profit ₹	Weight	Profit × weight ₹
I	25,000	1	25,000
II	30,000	2	60,000
III	20,000	3	60,000
IV	15,000	4	60,000
V	40,000	5	2,00,000
			4,05,000

Average Profit $= \frac{4,05,000}{15}$ = ₹ 27,000

(ii) Goodwill – Average Profit × No. of years

= 27,000 × 2 = 54,000

(iii)	Goodwill		54,000
	Tangible Assets		
	Investments as market value	1,50,000	
	Stock at cost	1,00,000	
	Debtors	1,00,000	
	Bank Balance	50,000	4,00,000
			80,000
	Less: Liabilities		2,74,000

(iv)No. of Equity Shares = 10,000

(v) Value per Equity Share $= \frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}}$

$= \frac{2,74,000}{10,000}$ = ₹ 27.40

उदाहरण– 29

30 मार्च 2020 को, बम्बई लि. का स्थिति विवरण नीचे दिया गया है–

दायित्व	₹	संपत्तियाँ	₹
अंशपूँजी		भूमि एवं भवन	2,60,000
100 ₹ प्रति अंश के		यन्त्र एवं मशीनरी	1,40,000
5000 समता अंश	5,00,000	स्टॉक	3,00,000
सामान्य संचय	30,000	विविध लेनदार	60,000
बैंक ओवरड्राफ्ट	20,000		
देनदार	1,20,000		
करारोपण के लिये			
आयोजन	60,000		
प्रस्तावित लाभांश	30,000		
	7,60,000		7,60,000

संचालन व्ययों को घटाने के बाद किन्तु करारोपण के लिए आयोजन करने से पहले, कंपनी के शुद्ध लाभ निम्नानुसार हैं– 2016 का 1,00,000 ₹, 2017 का 2,20,000 ₹, 2018 का 1,30,000 ₹, 2019 का 1,40,000 ₹, तथा 2020 को 1,50,000 ₹। 31 मार्च

2020 को, भूमि एवं भवन का मूल्यांकन 2,80,000 ₹ पर तथा यन्त्र एवं मशीनरी का 1,20,000 ₹ पर किया गया। उसी तारीख को विविध देनदारों में 5,000 ₹ अप्राप्य शामिल थे। व्यवसाय की प्रकृति का ध्यान रखते हुए, विनियोजित शुद्ध स्पर्शनीय पर 10% का लाभ उचित समझा जाता है। ख्याति का आपका स्वयं का मूल्यांकन वार्षिक अधिलाभों की तीन वर्षों की खरीद पर आधारित हो सकता है। कर की दर 50% पर मानी जानी है। समता अंश के मूल्य को निर्धारित कीजिए।

हल क्रमांक 29

Computation of Goodwill
Base : Super Profit Method

Tangible Trading Assets		
Land & Building	2,80,000	
Plant & Machinery	1,20,000	
Stock	3,00,000	
Sundry Debtors	55,000	7,55,000
Liabilities		
Bank overdraft	20,000	
Creditors	1,20,000	
Provision for Taxation	60,000	2,00,000
Capital Employed		5,55,000

Current year ½ profit

Profit $1{,}50{,}000 \times \frac{1}{2} = 75{,}000$

Less: Tax 50% $\frac{37{,}500}{37{,}500}$ 5,17,500

Reasonable Return $= \frac{5{,}17{,}500 \times 10}{100} = 51{,}750$

Normal Aveage Profit

$$= \frac{1{,}00{,}000 + 1{,}20{,}000 + 1{,}30{,}000 + 1{,}40{,}000 + (1{,}50{,}000 - 5000)}{5}$$

$$= \frac{6{,}35{,}000}{5} = 1{,}27{,}000$$

Normal Average Profit 1,27,000

–50% Income Tax $\frac{63{,}500}{63{,}500}$

Super Profit

Normal Average Proft – Reasonable Return

63,500 – 51,750 = 11750.

Goodwill

Super Profit × No. of Years.

11,750 × 3 = 35,250

Valuation of Shares

Goodwill		35,250
Tangible Assets		
Land & Building	2,80,000	
Plant & Machinery	1,20,000	
Stock	3,00,000	
Sundry Debtors	55,000	7,55,000
		7,90,250
Liabilities		
Bank Overdraft	20,000	
Creditors	1,20,000	
Provision for Taxation	60,000	
Proposed Dividend	30,000	2,30,000
Net Assets		5,60,250
No. of Equity Shares	5,000	

Value per Share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}} = \frac{5,60,250}{5,000} = ₹\ 112.05$$

उदाहरण– 30

श्री रवि नेशनल लि. के जिसकी दत्त पूँजी 10 ₹ प्रति अंश के 50,000 समता अंश है, 15,000 समता अंशों की धारी है। यह निर्धारित हुआ है कि–

(i) इस प्रकार की कम्पनी का साधारण वार्षिक शुद्ध लाभ 1,50,000 ₹ है तथा

(ii) इस प्रकार के व्यवसाय के लिए जैसा कम्पनी द्वारा चलाया जा रहा है साधारण लाभ 10% है। श्री रवि आपसे चाहते हैं कि आप उपर्युक्त अंकों के आधार पर, उसके धारण का मूल्यांकन करें।

हल क्रमांक 30

Valuation of Shares.

Base : Yield Method.

(i) Expected Return.

टिप्पणी

(ii) Expected Rate of Return.

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid up Equity Capital}} \times 100$$

$$= \frac{1,50,000}{5,00,000} \times 100 = 30\%$$

(iii) Normal Rate of Return = 10%.

(iv) Value per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{30}{10} \times 10 = ₹\ 30$$

(v) Value of 15,000 Equity Shares

15,000 × 30 = ₹ 4,50,000.

उदाहरण– 31

एक कम्पनी की दत्त पूँजी में 100 ₹ प्रति अंश के 50,000, 10% पूर्वाधिकार अंश तथा 10 ₹ प्रति अंश के (₹ प्रति अंश दत्त) 1,50,000 समता अंश शामिल हैं। प्रति वर्ष करारोपण से पहले, अपेक्षित लाभ 11,37,500 ₹ है और इस प्रकार के व्यवसाय में, जैसा कि इस कम्पनी द्वारा चलाया जा रहा है, साधारण लाभ 20% है। कर की दर 50% पर ली जा सकती है। यह कम्पनी प्रति वर्ष लाभ का 20% सामान्य संचय को अन्तरित करती है। समता अंश का मूल्य ज्ञात करिए।

हल क्रमांक 31

Valuation of Shares

(i) Expected Return	
Expected profit	11,37,500
Less: Tax at 50%	5,68,750
	5,68,750
Less: Transfer to reserve (5,68,750 × 20/100)	1,13,750
	4,55,000
Less: Preference Dividend (5,00,000 × 10/100)	50,000
	4,05,000

Expected Rate of Return–

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up Equity Capital}} \times 100$$

$$\frac{4,05,000}{13,50,000} \times 100 = 30\%$$

Normal Rate of Return = 20%.

Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up Value per share}$$

टिप्पणी

$$\frac{30}{20} \times 9 \;= ₹\ 13.50$$

उदाहरण– 32

एक कम्पनी की दत्त पूँजी में 10 ₹ प्रति अंश के 25,000 समता अंश तथा 10 ₹ प्रति अंश के 15,000, 10% पूर्वाधिकार अंश शामिल हैं। पूर्वाधिकार अंश लाभों में आगे भाग नहीं लेते हैं। यह निर्धारित हुआ है कि इस प्रकार की कम्पनी का साधारण वार्षिक शुद्ध लाभ 60,000 ₹ है और ऐसी कम्पनी की जो इसी प्रकार का व्यवसाय चला रही है, समता अंश पूंजी के दत्त मूल्य पर लाभांश के रूप में साधारण लाभ 10% है। लाभ विधि द्वारा समता अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 32

Valuation of Shares

(i) Expected Return	
Expected profit	60,000
Less: Preference dividend (1,50,000 × 10/100)	15,000
	45,000

(ii) Expected Rate of Return–

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up Equity Capital}} \times 100$$

$$\frac{45,000}{2,50,000} \times 100 \;= 18\%$$

(iii) Normal Rate of Return = 10%.

(iv) Value per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid up value per share}$$

$$\frac{18}{10} \times 10 \;= ₹\ 18$$

उदाहरण– 33

एक कम्पनी की दत्त अंशपूँजी में 10 ₹ प्रति अंश के 5,000, 8% पूर्वाधिकार अंश तथा 10 ₹ प्रति अंश के 20,000 समता अंश शामिल हैं। 8% के एक निश्चित लाभांश के अतिरिक्त, पूर्वाधिकार अंशधारी समता अंशों पर 10% के लाभांश के भुगतान के बाद 5% तक लाभ में हिस्सा लेने के भी अधिकारी हैं। अतिरेक लाभ, यदि कोई है, समता अंशधारियों को प्राप्य होगा।

टिप्पणी

ह्रास एवं करारोपण के लिए आयोजन के पश्चात् कम्पनी का वार्षिक औसत लाभ 60,000 है, और प्रतिवर्ष 3500 ₹, सामान्य को अन्तरित करना आवश्यक समझा जाता है। पूर्वाधिकार अंशों पर अपेक्षित साधारण लाभ 10% तथा समता अंशों पर 12% है। प्रत्येक वर्ग के अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 33

Divisible Profit

Annual Average Profit	60,000
Less: Transfer to General Reserve	3,500
	56,500
Less: Pref. Dividend @ 8% on ₹ 50,000	4,000
	52,500
Less: Pref. Dividend @ 10% on ₹ 2,00,000	20,000
	32,500
Less: Additional Pref. Dividend @ 5% on ₹ 50,000	2,500
Balance being additional Equity Dividend	30,000

Valuation of Equity Share

(i) Expected Return

Equity Dividend @ 10% on ₹ 2,00,000	20,000
Additional Equity Dividend	30,000
	50,000

(ii) Expected Rate of Return =

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up Equity Shares}} \times 100$$

$$\frac{50,000}{2,00,000} \times 100 = 25\%$$

(iii) Normal Rate of Return = 10%.

(iv) Value per Equity Share =

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{25}{12} \times 10 = ₹\ 20.83$$

Valuation of Preference Shares

(i) Expected Return–

Pref. Dividend @ 8% on ₹ 50,000	4,000
Addition Pref. Div. @ 5% on ₹ 50,000	2,500
	6,500

टिप्पणी

(ii) Expected Rate of Return =

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up preference Capital}} \times 100$$

$$\frac{6,500}{50,000} \times 100 = 13\%$$

(iii) Normal Rate of Return = 10%.

(iv) Value per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{25}{12} \times 10 = ₹\ 20.83$$

(i) Expected Return–

Pref. Dividend @ 8% on ₹ 50,000	4,000
Addition Pref. Div. @ 5% on ₹ 50,000	2,500
	6,500

(ii) Expected Rate of Return.

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up preference Capital}} \times 100$$

$$\frac{6,500}{50,000} \times 100 = 13\%$$

(iii) Normal Rate of Return = 10%

(iv) Value per Preference Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{13}{10} \times 10 = ₹\ 13$$

उदाहरण– 34

31 दिसम्बर 2019 को एक सीमित कम्पनी के स्थिति विवरण ने निम्नलिखित स्थिति प्रकट की थी–

टिप्पणी

दायित्व		संपत्तियाँ	
10 ₹ के अंशों में			
निर्गमित पूँजी	10,00,000	स्थायी सम्पत्तियाँ	15,00,000
सामान्य संचय	1,00,000	चालू सम्पत्तियाँ	62,000
लाभ-हानि खाता	1,20,000	ख्याति	38,000
6% ऋण-पत्र	2,00,000		
चालू दायित्व	1,80,000		
	16,00,000		16,00,000

31 दिसम्बर 2019 को स्थायी सम्पत्तियों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन 13,50,000 ₹, पर तथा ख्याति का 60,000 ₹ पर किया गया। तीन वर्षों के शुद्ध लाभ इस प्रकार थे–

2017 का 40,000 ₹, 2018 का 70,000 ₹ तथा 2019 का 77,500 ₹। इसका 20% संचय को अन्तरित किया गया था– यह समानुपात इस उद्योग में उचित समझा जाता है जिसमें यह कम्पनी कार्यरत है तथा जहाँ विनियोग पर उचित लाभ 10% पर माना जा सकता है। कम्पनी के अंशों के मूल्य की गणना कीजिए–

(a) शुद्ध सम्पत्ति विधि द्वारा तथा

(b) लाभ विधि द्वारा।

हल क्रमांक 34

Valuation of Shares

(a)	Goodwill		60,000
(b)	Tangible Assets–		
	Fixed Assets		13,50,000
	Current Assets		38,000
			14,48,000
(c)	Liabilities		
	6% Debentures	2,00,000	
	Current liabilities	1,80,000	3,80,000
	Net Assets		10,68,000

(d) No. of Equity Shares = 1,00,000

(e) Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}}$$

$$= \frac{10,68,000}{1,00,000} = ₹\ 10.68$$

टिप्पणी

Valuation of Shares

1. Expected Return–

Total Profit $= \dfrac{40,000 + 70,000 + 77,500}{3} = 1,87,500$

***Less*: Transfer to Reserve** $= \dfrac{1,87,500 \times 20}{100} = \dfrac{37,500}{1,50,000}$

2. Expected Rate of Return–

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up equity capital}} \times 100$$

$$\frac{1,50,000}{10,00,000} \times 100 = 15\%$$

3. Normal Rate of Return = 10%.
4. Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{15}{10} \times 10 = ₹\ 15$$

उदाहरण– 35

31 दिसम्बर 2019 को दीपक प्राइवेट लि. का स्थिति विवरण निम्नलिखित है–

दायित्व		संपत्तियाँ	
अंश पूँजी		भूमि एवं भवन	2,00,000
100 रु. प्रति अंश के		यन्त्र एवं मशीनरी	1,20,000
25,000 समता अंश	2,50,000	ट्रेड मार्क्स	40,000
सामान्य अंश	40,000	स्टॉक	35,000
कर्मचारी बचत खाता	60,000	देनदार	65,000
करारोपण के लिए			
आयोजन	12,000	बैंक में रोकड़	38,000
लाभ–हानि खाता	49,000	प्रारम्भिक व्यय	2000
विविध लेनदार	89,000		
	5,00,000		5,00,000

टिप्पणी

जैसा कि एक स्वतन्त्र मूल्यांकन द्वारा मूल्यांकन किया गया है, यन्त्र एवं मशीनरी की कीमत 1,05,000 ₹ तथा भूमि एवं भवन की कीमत 3,00,000 ₹ है। देनदारों में से 5,000 ₹ के डूबत के रूप में लिये जाने हैं। कम्पनी के लाभ इस प्रकार थे–

2017 का 50,000 ₹, 2018 का 60,000 ₹ तथा 2019 का 70,000 ₹। लाभ का 25% संचय को अन्तरित करने की कम्पनी की प्रथा है। करारोपण की अवहेलना करते हुए, अंश के उचित मूल्य की गणना कीजिए। इसी प्रकार की कम्पनियों के अंश, जिनका स्टॉक एक्सचेंज में भाव बताया जाता है, अपने बाजार मूल्य पर 15% लाभ कमाते हैं। कम्पनी की ख्याति 1,60,000 ₹ पर मानी जा सकती है।

हल क्रमांक 35

Valuation of Shares

(i)	Goodwill		1,60,000
(ii)	Tangible Assets–		
	Land & Building	3,00,000	
	Plant & Machinery	1,05,000	
	Trade Marks	40,000	
	Stock	35,000	
	Debtors	60,000	
	Cash at Bank (65,000 – 5,000)	38,000	
			5,78,000
(iii)	Liabilities–		
	Wrokmen's Saving Account	60,000	
	Taxation Provision	12,000	
	Sundry Creditors	89,000	1,61,000
(iv)	Net Assets–		5,77,000

(v) No. of Equity Share = 25,000

(vi) Value per Equity Share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}}$$

$$= \frac{5,77,000}{25,000} = ₹\ 23.08$$

Valuation of Shares

(a) Expected Return–

$$\text{Average Profit} = \frac{70,000 + 1,00,000 + \ 97,500 - 5,000}{3} = 87,500$$

Less: Transfer to Reserve $\frac{87,500 \times 20}{100}$ = 17,500

Expected Return	70,000

Expected Rate of Return–

$$\frac{\text{Expected Return}}{\text{Total paid - up equity capital}} \times 100$$

$$\frac{75,000}{8,70,000} \times 100 = 28\%$$

Normal Rate of Return = 15%.

Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Expected Rate}}{\text{Normal Rate}} \times \text{Paid - up value per share}$$

$$\frac{28}{15} \times 10 = ₹\ 18.67$$

Fair Value

$$\text{Fair Value} = \frac{\text{Net Assets Value} + \text{Yield Value}}{2}$$

$$= \frac{23.08 + 18.67}{2} = ₹\ 20.875$$

उदाहरण– 36

एक कम्पनी जिसके पास 10 ₹ प्रति अंश के 10,000 पूर्णदत्त समता अंश तथा 50,000 ₹ के संचय एवं अतिरेक हैं, धारण किये गये पाँच समता अंशों के लिए एक बोनस अंश निर्गमित करती है। बोनस अंश के निर्गमन से पहले तथा निर्गमन के बाद अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल क्रमांक 36

Valuation of Share Before Issue of Bonus Shares.

Equity Share Capital (10,000 Sares of ₹ 10 Each)	1,00,000
Reserves & Surplus.	50,000
Net Assets	1,50,000

No. of Equity Shares = 10,000.

Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}}$$

$$= \frac{1,50,000}{10,000} = ₹\ 15$$

Valuation of Shares After the Issue of Bonus Shares.

टिप्पणी

Equity Share Capital	
(10,000 + 2000 = 12,000 Shares of ₹ 10 each)	1,20,000
Reserves & Surplus (50,000 – 20,000)	30,000
Net Assets	1,50,000

No. of Equity Shares (10,000 + 2000) = 12000.

Value Per Equity Share–

$$\frac{\text{Net Assets}}{\text{No. of Shares}}$$

$$= \frac{1,50,000}{12,000} = ₹\ 12.50$$

उदाहरण– 37

एक कंपनी के पास 100 ₹ वाले अंशों में 5,00,000 ₹ की दत्त पूँजी है। यह 100 ₹ प्रति अंश के ऐसे 2,500 नए अंशों के सृजन के द्वारा अपनी अंश पूँजी बढ़ाती है, जिन्हें वर्तमान अंशधारियों को 150 ₹ प्रति अंश पर प्रत्येक दो पुराने धारित अंशों के लिए एक नए अंश के समानुपात में प्रस्तावित किया गया है। कंपनी ने पिछले वर्ष के लिए लागत से मुक्त 20 ₹ प्रति अंश का लाभांश घोषित किया है। लाभांश की घोषणा तथा नये अंशों के प्रस्ताव की सूचना पर पुराने अंशों के भाव 230 ₹ लाभांश सहित अधिकार सहित पर बताये जा रहे हैं। बाजार भावों में शामिल अधिकारों के मूल्य की गणना करिए।

हल क्रमांक 37

Valuation of Rights

Market Price cum-div-cum-right	230
Dividend Per Share	20
Market price cum p. right	210

Value of Right

$$\frac{\text{No. of New Shares}}{\text{No. of Existing Shares + No. of New Shares}} \times (\text{Market Price - Issue Price})$$

$$= \frac{1}{2+1}(210-150)$$

$$= \frac{1}{3} \times 60 = ₹\ 20$$

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

3. अंशों के मूल्यांकन का शद्ध सम्पत्ति आधार संबंध रखता है
   (क) अंश सम्पत्ति आवरण से (ख) ख्याति से
   (ग) आय से (घ) व्यय से
4. अंशों का निर्गमन किया जाता है
   (क) प्रीमियम पर (ख) घुट पर
   (ग) सम मूल्य पर (घ) उपरोक्त सभी

टिप्पणी

2.4 सार्वजनिक उपयोगिता कम्पनियों के खाते (विद्युत कम्पनी) (Public Utilities Companies Account (Power Company))

2.4.1 दोहरा खाता प्रणाली की परिभाषाएँ (Definition of Double Accounting System)

विशेष अधिनियम द्वारा स्थापित लाभ न कमाने के उद्देश्य से खाता रखने जो प्रणाली अपनायी जाती है, उसे दोहरा खाता प्रणाली कहते हैं। इस प्रणाली का प्रारम्भ इंग्लैंड से हुआ है। इस पद्धति के अन्तर्गत स्थायी सम्पत्तियों एवं दायित्वों के लिए एक अलग से खाता रखा जाता है तथा अन्य सम्पत्तियों एवं दायित्वों के लिए सामान्य स्थिति विवरण बनाया जाता है।

पिकिल्स के अनुसार– दोहरा खाता प्रणाली पुस्तपालन की कोई विशेष प्रणाली नहीं है, इसमें भी लेखे दोहरा प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार ही किये जाते हैं। केवल यह प्रणाली सार्वजनिक उपयोगिता वाली संस्थाओं एवं कम्पनियों में प्रकाशित खातों को प्रस्तुत करने की एक विशेष विधि है।

कोहलर ने कहा है– सार्वजनिक कार्य में लगी हुई रेल्वे, गैस एवं बिजली, आदि कम्पनियों के लिये दोहरा खाता प्रणाली लेखांकन की एक विशेष प्रणाली है। इसकी विशेषता स्थायी सम्पत्तियाँ एवं स्थायी दायित्वों को अस्थायी सम्पत्तियाँ एवं अस्थायी दायित्वों से अलग दिखाना होता है। जिससे यह स्पष्ट हो जाये कि जिस सम्पत्ति के लिए पूँजी प्राप्त की गयी है उसका प्रयोग उसी के लिए किया गया है।

2.4.2 दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताऐं (Characteristics of Double Accounting System)

जनता के हितों की रक्षा करने के लिए जिन कम्पनियों का निर्माण किया जाता है, उन्हें सार्वजनिक उपयोगिता वाली संस्थाएँ कहा जाता है, एवं इस संस्थाओं के लेखे करने की पद्धति को दोहरा लेखा प्रणाली कहा जाता है। इस प्रणाली की निम्न विशेषताऐं हैं–

(1) अन्तिम खाते बनाने की विधि अन्य कम्पनियों के अन्तिम खाते बनाने की विधि से भिन्न होती है।

(2) लाभ-हानि खाते के स्थान पर रेवेन्यू खाता एवं लाभ-हानि समायोजन खाते के स्थान पर शुद्ध रेवेन्यू खाता बनाया जाता है।

(3) ऋण-पत्रों और ऋणों पर ब्याज का लेखा शुद्ध रेवेन्यू खाते में किया जाता है।

(4) स्थिति विवरण को दो भागों में तैयार किया जाता है।

(5) स्थायी सम्पत्तियों एवं स्थायी दायित्वों के लिये अलग से प्राप्ति भुगतान खाता रखा जाता है।

(6) अंशों पर कटौती एवं प्रीमियम को समायोजित कर पूँजी खाते में दर्शाया जाता है।

टिप्पणी

आधार Base	दोहरा प्रविष्टि प्रणाली Double Entry System	दोहरा खाता प्रणाली Double Account System
अन्तिम खाते	इसमें लाभ-हानि खाता, लाभ-हानि समायोजन खाता एवं चिट्ठा बनाया जाता है।	इसमें रेवेन्यू खाता, शुद्ध रेवेन्यू खाता, प्राप्ति एवं भुगतान खाता एवं सामान्य चिट्ठा बनाया जाता है।
स्थायी सम्पत्तियाँ एवं स्थायी दायित्व	स्थायी सम्पत्तियाँ एवं स्थायी दायित्वों को चिट्ठे में दिखाया जाता है।	स्थायी सम्पत्तियों एवं स्थायी दायित्वों को प्राप्ति भुगतान खाते में लिखा जाता है।
स्थायी सम्पत्तियों पर न्ह्रास	स्थायी सम्पत्तियों को ह्रास सम्बन्धित सम्पत्तियों में से घटाकर चिट्ठे में दिखाया जाता है।	स्थायी सम्पत्तियाँ प्राप्ति भुगतान खाते में एवं इनका ह्रास सामान्य चिट्ठे में लिखा जाता है।
ब्याज का लेखा	ब्याज का लेखा लाभ-हानि खाते में करते हैं।	ब्याज का लेखा शुद्ध रेवेन्यू खाते में करते हैं।
स्थिति विवरण का प्रारूप	स्थिति विवरण या चिट्ठे का प्रारूप एक विवरण की तरह होता है।	इसमें चिट्ठे को दो भागों में प्राप्ति भुगतान खाता तथा सामान्य चिट्ठे के रूप में बनाया जाता है।

(7) सम्पत्तियों के ह्रास का लेखा स्थायी सम्पत्तियों के साथ नहीं किया जाता है।

(8) चिट्ठे का दूसरा भाग सामान्य चिट्ठा कहलाता है।

2.4.3 दोहरा प्रविष्टि प्रणाली एवं दोहरा खाता प्रणाली में अन्तर (Difference between Dual Entry System and Double Accounting System)

दोहरा प्रविष्टि प्रणाली एवं दोहरा खाता प्रणाली में लेखा करने के नियमों को आधार मानकर लेखा करने के उपरान्त भी कुछ विभिन्नताएँ पाई गई हैं, जो इस प्रकार हैं–

टिप्पणी

एकहरा खाता प्रणाली एवं दोहरा खाता प्रणाली में अन्तर

आधार	एकहरा खाता प्रणाली	दोहरा खाता प्रणाली
लेखों का प्रस्तुतीकरण	एकहरा खाता प्रणाली खातों को प्रस्तुत करने की एक सामान्य प्रणाली है।	दोहरा खाता प्रणाली विशेष अधिनियम द्वारा स्थापित वार्षिक खाते बनाने की एक विशेष प्रणाली है।
अन्तिम खाते	इस प्रणाली में एक विवरण के आधार पर लाभ निकालकर स्थिति विवरण तैयार किया जाता है।	इस प्रणाली में रेवेन्यू खाता, शुद्ध रेवेन्यू खाता तथा समय चिट्ठा बनाया जाता है।
प्राप्ति भुगतान खाता	इसमें प्राप्ति भुगतान नहीं बनाया जाता है।	इसमें स्थायी पूँजी के प्रयोग एवं प्राप्ति को दिखाने के लिए प्राप्ति भुगतान बनाया जाता है।

2.4.4 दोहरा खाता प्रणाली का प्रारूप (Dual Accounting System Format)

दोहरा खाता प्रणाली का प्रारम्भ इंग्लैण्ड से हुआ। सर्वप्रथम 1868 में रेलवे नियमों के अन्तर्गत इसे प्रयोग करना अनिवार्य किया गया। सन् 1871 में 'गैस वर्क्स क्लार्जिज अधिनियम' के अन्तर्गत इसे गैस कम्पनियों में अनिवार्य घोषित किया गया। इस प्रणाली को कानून द्वारा प्रारम्भ से ही मान्यता दी गयी। बिजली कम्पनियों में इसे 1882 से अनिवार्यतः लागू किया गया।

2.4.5 दोहरा खाता प्रणाली के उद्देश्य (Objective of Dual Accounting System)

(1) पूँजी प्राप्तियों का ज्ञान होना– पूँजी खाते में समस्त स्थायी पूँजी का लेखा किया जाता है जिससे कुल प्राप्त पूँजी का ज्ञान आसानी से हो जाता है। इस प्रणाली के अनुसार पूँजी खाता बनाकर पूँजी प्राप्तियों को अधिक स्पष्ट रूप से जनता को भी प्रदर्शित किया जाता है।

(2) स्थायी पूँजी के प्रयोग की जानकारी– स्थायी पूँजी का प्रयोग किस प्रकार किया गया है, अतः स्थायी सम्पत्तियों का क्रय कितना है एवं अन्य सम्पत्तियों में इसका क्या अनुपात है, खातों को देखकर तुरन्त पता लगाया जा सकता है।

(3) स्थायी प्राप्तियाँ एवं स्थायी व्ययों की बाकी का ज्ञान होना– व्यवसाय की सही आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति का ज्ञान प्राप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि यह पता लगाया जाये कि पूँजीगत स्थायी प्राप्तियाँ का कौन सा भाग पूँजीगत स्थायी सम्पत्तियों पर व्यय हुआ है। यदि स्थायी सम्पत्तियों पर व्यय की राशि का योग स्थायी पूँजी प्राप्तियों से कम होगा तो व्यवसाय की दशा अच्छी मानी जाएगी।

(4) गत वर्ष एवं चालू वर्ष की मदों का लेखा अलग से करना– पूँजी खाते के लिये जो प्राप्ति भुगतान खाता बनाया जाता है, इसमें गत वर्ष एवं चालू वर्ष की मदों की राशि के लिये अलग-अलग कॉलम होते हैं। इनके द्वारा दोनों वर्षों में हुई सम्पत्ति या दायित्वों में कमी एवं वृद्धि का पता लगाया जा सकता है।

(5) स्थायी सम्पत्तियाँ एवं चल सम्पत्तियों का अलग-अलग लेखा होना– इस प्रणाली के अन्तर्गत स्थायी सम्पत्तियाँ पूँजी खाते में एवं चल सम्पत्तियाँ सामान्य चिट्ठे में दिखायी जाती हैं, जिससे पूँजी के प्रयोग का ज्ञान हो जाता है।

(6) चल दायित्वों को स्थायी दायित्वों से अलग दिखाना– जिस प्रकार स्थायी सम्पत्तियों एवं चल सम्पत्तियों का लेखा अलग-अलग किया जाता है, ठीक उसी प्रकार स्थायी दायित्वों को पूँजी खाते में एवं चल दायित्वों को सामान्य चिट्ठे में दिखाया जाता है।

2.4.6 दोहरा लेखा प्रणाली के दोष (Dual Backs of Double Accounting System)

इस प्रणाली के कुछ दोष भी हैं, जो इस प्रकार हैं–

(1) **सम्पत्तियों के ह्रास की राशि को अलग से दिखाया जाना–** स्थायी सम्पत्तियों के ह्रास सम्बन्धी राशि को इस प्रणाली के अन्तर्गत सम्बन्धित सम्पत्ति में से घटाकर नहीं दिखाया जाता है बल्कि ह्रास की राशि को अलग सामान्य चिट्ठे में लिखा जाता है, जिससे सम्पत्ति के वास्तविक मूल्य का ज्ञान नहीं हो पाता है।

(2) **प्रारम्भिक व्यय एवं संसद सम्बन्धी व्ययों का लेखा–** प्रारम्भिक व्ययों एवं संसद सम्बन्धी व्ययों को भी स्थायी व्ययों की प्रकृति में रखकर पूँजी खाते में लिखा जाता है, जो कि न्यायसंगत नहीं लगता है।

(3) **विशेष अधिनियम का ज्ञान न होना–** दोहरा प्रविष्टि प्रणाली का ज्ञान तो लगभग सभी को होता है, लेकिन दोहरा खाता प्रणाली के विशेष अधिनियम का ज्ञान सभी को नहीं हो पाता है, इसलिये जो खाते तैयार किये जाते हैं, उनमें त्रुटि होने की सम्भावना अधिक होती है।

(4) **सम्पत्तियों के पुर्ननिर्माण के समय लेखा करना कठिन–** रेवेन्यू खाते में सम्पत्तियों के पुर्ननिर्माण के सम्बन्ध में लेखा किया जाना अत्यन्त कठिन है। सम्पत्तियों के पुर्ननिर्माण पर किया गया व्यय रेवेन्यू खाते के नाम पक्ष में किया जाता है ऐसा करने से लाभ-हानि खाते पर बुरा असर पड़ता है, अतः इस सम्बन्ध में यह प्रणाली उपयुक्त प्रतीत नहीं होती है।

2.4.7 दोहरा खाता प्रणाली की लेखांकन विधि (Accounting Method of Double Accounting System)

इस प्रणाली के अन्तर्गत सार्वजनिक कम्पनियों के वार्षिक खाते बनाते समय निम्न खाते बनाये जाते हैं–

(1) रेवेन्यू खाता (Revenue Account)– रेवेन्यू खाता बनाने की विधि लाभ-हानि खाता बनाने जैसी ही होती है। केवल ब्याज का लेखा रेवेन्यू खाते में नहीं किया जाता है। इस खाते के डेबिट पक्ष में व्यय एवं क्रेडिट पक्ष में आयों का लेखा किया जाता है।

(2) शुद्ध रेवेन्यू खाता (Net Revenue Account)– जिस प्रकार दोहरा प्रविष्टि प्रणाली के अन्तर्गत लाभ-हानि नियोजन खाता बनाया जाता है, वैसे ही दोहरा खाता प्रणाली के अन्तर्गत शुद्ध रेवेन्यू खाता तैयार किया जाता है। रेवेन्यू खाते के शेष को शुद्ध रेवेन्यू खाते में हस्तांतरित किया जाता है। इसके डेविट पक्ष में ऋणपत्रों पर ब्याज, अंशों पर लाभांश आदि का लेखा किया जाता है। तथा इस खाते के शेष को सामान्य चिट्ठे में हस्तांतरित कर दिया जाता है।

(3) पूँजी खाते (Capital Account)– स्थायी सम्पत्तियाँ एवं स्थायी दायित्वों के लेखे करने के लिये पूँजी खाते तैयार किये जाते हैं, समस्त स्थायी प्राप्तियाँ इस खाते में दायें पक्ष में एवं समस्त स्थायी भुगतान इस खाते के बायें पक्ष में लिखे जाते हैं। इस खाते में अंशों के निर्गमन पर कटौती को प्रीमियम से समायोजित करके दिखाया जाता है। इसके अतिरिक्त स्थायी सम्पत्तियों के ह्रास की व्यवस्था इस खाते में न करके सामान्य चिट्ठे में की जाती है।

पूँजी खाते का प्रारूप

Capital Account

(for the year ending .....)

Capital Expenditure	Expenditure up to the end of previous year	Expenditure during the year	Total expenditure to........	Capital Receipts	Receipts up to the end of previous year	Received during the year	Total Receipts to.....

यदि पूँजी खाते के दायें पक्ष का जोड़ बड़ा तथा बायें पक्ष का जोड़ छोटा होता है, तो इस अन्तर को सामान्य चिट्ठे के दायित्व पक्ष में लिखा जाता है, इसके विपरीत पूँजी खाते का बाँया पक्ष बड़ा एवं दायाँ पक्ष छोटा होता है, तो सम्पत्ति पक्ष में लिखा जाता है। लेकिन बिजली कम्पनियों के पूँजी खाते का शेष नहीं निकाला जाता है, अतः दोनों पक्षों का जोड़ ही सामान्य चिट्ठे में उचित स्थान पर हस्तांतरित किया जाता है।

(4) सामान्य चिट्ठा (General Balance Sheet)– सार्वजनिक कम्पनियों के वार्षिक खाते में सामान्य चिट्ठा सबसे अलग बनाया जाता है। सामान्य चिट्ठे में सर्वप्रथम पूँजी खाते का शेष हस्तांतरित किया जाता है, एवं बिजली पूर्ति कम्पनी के सम्बन्ध में पूँजी खाते के दोनों पक्षों के योग को हस्तांतरित किया जाता है, तत्पश्चात् चालू सम्पत्तियाँ सम्पत्ति पक्ष में एवं चालू दायित्वों को दायित्व पक्ष में लिखा जाता है। चालू सम्पत्तियों या अस्थायी सम्पत्तियों को लंकास्टर ने इस प्रकार परिभाषित किया है।

अस्थायी सम्पत्तियों से आशय उन सम्पत्तियों से हैं जिनके मूल्य में लगातार परिवर्तन होते रहते हैं, जैसे स्टॉक, देनदार, प्राप्त बिल आदि।

कार्टर के अनुसार– ''अस्थायी सम्पत्तियों में रोकड़ व देनदार, आदि शामिल किये जाते हैं। वे सम्पत्तियाँ जिनका मूल्य सरलता से प्राप्त किया जा सकता है और जिनके द्वारा दायित्वों का भुगतान किया जाता है, स्थायी सम्पत्तियों में आता है। इनके उदाहरण सरकारी प्रतिभूतियाँ, प्राप्त बिल या व्यापारिक स्टॉक आदि है।''

टिप्पणी

2.4.8 पूँजी खाता व सामान्य चिट्ठे में अन्तर (Difference between Capital Account and General Ledger)

सार्वजनिक कम्पनी के वार्षिक खातों के अन्तर्गत चिट्ठे को दो भागों में विभाजित कर दिया जाता है पहला भाग पूँजी खाता एवं दूसरा भाग सामान्य चिट्ठा कहलाता है। यहाँ हम देखेंगे कि पूँजी खाते एवं सामान्य चिट्ठे में क्या अन्तर है।

अन्तर का आधार	पूँजी खाता	सामान्य चिट्ठा
स्थायी सम्पत्तियों का लेखा	स्थायी सम्पत्तियों का लेखा बायें पक्ष में किया जाता है।	सामान्य चिट्ठे में स्थायी सम्पत्तियों का लेखा नहीं किया जाता है।
अस्थायी सम्पत्तियों का लेखा	पूँजी खातों में अस्थायी सम्पत्तियों के लेखे के लिए कोई स्थान नहीं होता है।	सामान्य चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष में अस्थायी सम्पत्तियों का लेखा किया जाता है।
राशि का लेखा	पूँजी खाते में राशियों के लेखे के लिए तीन खाने होते हैं।	सामान्य चिट्ठे में केवल एक ही खाना राशि लिखने के लिये होता है।
आर्थिक स्थिति का ज्ञान	स्थायी सम्पत्तियों एवं स्थायी दायित्वों के आधार पर कम्पनी की आर्थिक स्थिति का पता लगाया जा सकता है।	सामान्य चिट्ठे में या तो शेष या योग हस्तांतरित किया जाता है। आर्थिक स्थिति इस चिट्ठे को बनाने से पूर्व ही ज्ञात हो जाती है।
पूँजी का लेखा	पूँजी खाते में समस्त प्रकार की पूँजी का लेखा किया जाता है।	सामान्य चिट्ठे में केवल शेष या योग का लेखा किया जाता है।
स्थायी दायित्वों का लेखा	पूँजी खाते में स्थायी दायित्वों का लेखा पूर्ण विवरण के साथ किया जाता है।	सामान्य चिट्ठे में केवल स्थायी दायित्वों के शेष या योग का हस्तांतरण किया जाता है।

विविध प्रकार की सार्वजनिक कम्पनियों की स्थायी सम्पत्तियाँ भी विविध प्रकार की होती हैं। अतः जिससे सम्बन्धित खाते तैयार किये जाते हैं उनसे सम्बन्धित स्थायी सम्पत्तियों का ज्ञान होना आवश्यक है, इससे लेखे करने में सरलता होती है।

2.4.9 सार्वजनिक कम्पनियों के खातों से सम्बन्धित प्रारूप (Format of Accounts of Public Companies)

Receipts & Expenditure on Capital Account
(For the year ending 31st March 20….)

Expenditure	Previous year	During year	Total	Receipts	Previous year	During year	Total
To Preliminary Exp. To Land including law charges To Building To Plant Total Exp. To Balance of Capital account Carried to General B/s				By Ordinary shares By Pref. shares By Debentures By Mortgages & Bonds By Amount received in anticipation of Calls etc. Total Receipts By Balance of Capital A/c carried to General Balance sheet			

General Balance Sheet
(As on 20………)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Capital A/c (Balance carried forward from capital account) Sundry Creditors Net Revenue A/c Reserve Fund Depreciation Fund Special items		Capital A/c (Balance carried forward from capital account) Stores in hand Preliminary expenses Securities Special items Cash at bank Cash in hand	

टिप्पणी

Revenue Account
(for the year ending on 20........)

Particulars	Amt. (₹)	Particulars	Amt. (₹)
A. Generation		By Sale of Energy for lighting	
To Fuel		By Sale on Energy for power	
To Oil, wastage water		By Sale of Energy	
To Salary of engineer		Under Special Contracts	
To Wages & gratuities		By Public Lighting	
To Repairs & maintenance		By Rental of Meters	
B. Distribution		By Rent Receivable	
To salary of engineers			
To Wages & gratuities		By Transfer Fees	
To Repairs & maintenance		By Other Items	
C. Public lamps		By Miscellaneous	
To Attendance & repairs		Receipts	
To Renewals		By Sale of Ashes	
D. Rent, Rates & Taxes		By Reconnection &	
To Rent payable		Disconnection Fees	
To Rates & Taxes			
E. Management Expenses			
To Directors Remuneration			
To Management Exp.			
To General Establishment			
To Auditor of the company			
F. Law charges			

G. Depreciation To Lease To Building To Plant H. To Special charges To Balance carried to Net Revenue A/c			

Net Revenue Account
(for the year ending on 20.........)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
To Balance from last year A/c To Interest on Loans To Contingency reserve To Interest on debentures To Dividends To Balance carried to General balance sheet		By Balance from last years A/c By Balance brought from Revenue Account By Interest on Bank A/c By Balance carried to General Balance Sheet	

ह्रास (Depreciation)

यदि किसी स्थायी सम्पत्ति पर चालू वर्ष में ह्रास की व्यवस्था की जाती है, तो भी स्थायी सम्पत्ति को उसके लागत मूल्य पर पूँजी खाते में दिखाया जाता है। इस ह्रास की राशि से ह्रास कोष के निर्माण कर सामान्य चिट्ठे के दायित्व पक्ष में लिखा जाता है। अतः यहाँ ह्रास कोष को चल दायित्व की संज्ञा दी जाती है।

उदाहरण– 38

कोरबा कोलियरी कं. लिमिटेड से निम्न जानकारियाँ प्राप्त हुयी हैं–

Following information received from Korba Colliery Co. Ltd.

Authorised Capital	12,00,000
Subscribed & Paid up Capital	11,20,000
5% Debentures	1,20,000
Trade Creditors	64,000
Reserve Fund	60,000
Trade Debtors	1,52,000
Cash in Hand	2,20,000
Reserve Fund Investment	60,000
Stock	96,000

टिप्पणी

30 जून 2019 तक के व्यय इस प्रकार थे– भूमि 48,000 ₹, सिफ्टिंग आदि 5,40,000 ₹, मशीनरी 1,60,000 ₹ एवं भवन 52,000 ₹।

30 जून, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये अन्तिम तीन मदों पर व्यय क्रमशः 1,00,000 ₹, 1,00,000 ₹ और 40,000 ₹ थे। 1,00,000 ₹ का ह्रास कोष बनाया गया था। 64,000 ₹ कम्पनी का लाभ माना जा सकता है। 30 जून, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष में 80,000 ₹ की अंश पूँजी निर्गमित की गयी और पूर्ण राशि का भुगतान हो गया।

दोहरा खाता प्रणाली के आधार पर पूँजी खाता एवं चिट्ठा बनाइये। साथ ही लेखाकर्म की साधारण प्रणाली के अनुसार 30 जून, 2009 को कम्पनी का चिट्ठा बनाइये।

Expenditure upto June 30, 2019 were Land ₹ 48,000, Shafting ₹ 5,40,000, Machinery ₹ 1,60,000, Building ₹ 52,000.

Minority Interest	2,24,000	Plant & Machinery	
		H. Ltd. 3,00,000	
		S. Ltd. 1,00,000	4,00,000
		Current Assets	
		Stock	
		H. Ltd. 2,00,000	
		S. Ltd. 40,000	2,40,000
		Book Debts	
		H. Ltd. 3,00,000	
		S. Ltd. 85,000	3,85,000
		Investments 2,00,000	
		Shares in	
		Subsidiary Co. 1,70,000	30,000
		Bills Receiable	
		H. Ltd. 50,000	
		S. Ltd. 30,000	80,000
		Cash at Bank	
		H. Ltd. 22,500	
		S. Ltd. 1,12,000	1,34,500
	20,68,750		20,68,750

3.3.2 पूर्वाधिकार लाभांश (Preference Dividend)

जैसे कि उपरोक्त उदाहरण में देखा कि सूत्रधारी कम्पनी द्वारा यदि सहायक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंशों का क्रय नहीं किया जाता है तो समस्त पूर्वाधिकार अंश पूँजी को अल्पमत हित की गणना करने के साथ समायोजित कर दिया जाता है। ठीक इसी प्रकार पूर्वाधिकार लाभांश का लेखा किया जाता है। यदि सूत्रधारी कम्पनी के पास पूर्वाधिकार अंश नहीं है तो मिश्रित चिट्ठा बनाने की तिथि तक का समस्त लाभांश अल्पसंख्यकों के हित में जोड़ा जाएगा। यदि सूत्रधारी कम्पनी के पास पूर्वाधिकार अंश है तो लाभांश का समायोजन अंशों के अनुपात में किया जाएगा। सूत्रधारी कम्पनी द्वारा अंश क्रय करने के पूर्व का लाभांश पूँजी लाभ तथा पश्चात् का लाभांश आयगत लाभ माना जाएगा।

टिप्पणी

संचयी पूर्वाधिकार अंशों की दशा में यदि पिछले वर्ष का लाभांश अदत्त है, तो अदत्त लाभांश के अल्पमतधारियों के भाग अल्पमत हित की गणना करते समय सम्मिलित किया जाएगा। लेकिन हानि होने की दशा में पूर्वाधिकारी अंशधारी हानि में हिस्सा नहीं लेंगे। समस्त हानि की राशि को सूत्रधारी एवं अल्पमतधारियों के बीच विभाजित किया जाएगा।

यदि किसी वर्ष लाभ का शेष अपर्याप्त है तो कमी की राशि को टिप्पणी के रूप में दिखाया जाएगा।

उदाहरण– 8

निम्न जानकारी के आधार पर 31 मार्च 2019 को मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Liabilities	Hony Ltd.	Sony Ltd.	Assets	Hony Ltd.	Sony Ltd.
Share Capital			Sundry Assets	8,850	15,100
@ ₹ 10 each	14,000	10,000	Shares in Sony		
Creditors	3,500	1,900	Ltd. (900 shares	11,250	
Profit &			at cost)		
Loss A/c	2,600	3,200			
	20,100	15,100		20,100	15,100

हनी लिमिटेड द्वारा सोनी लिमिटेड को क्रय करने की तारीख पर एस लिमिटेड के लाभ हानि खाते का जमा शेष 2,200 ₹ था। इस तिथि तक किसी लाभांश की घोषणा नहीं की गई है।

हल क्रमांक 8

Consolidated Balance Sheet

(as on 31st Dec. 2019)

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital			Goodwill		270
@ ₹ 10 each		14,000	Sundry Assets		
Profit & Loss A/c		3,500	H. Ltd.	8,850	
Credtiros			S. Ltd.	15,100	23,950
H. Ltd.	3,500				
S. Ltd.	1,900	5,400			
Minority Interest		1,320			
		24,220			24,220

1. Calculation of Minority Interest

   Ratio 900 : 100 or 9:1

Share in share capital 10,000 × 1/10	1,000
Share in Profit & Loss A/c 3,200 × 1/10	320
	1,320

2. Calculation of Goodwill/Capital Reserve Cost of Share Capital in S. Ltd. — 11,250

	Share Capital in S. Ltd.		11,250
Less:	Share in share capital	10,000 × 9/10 = 9,000	
	Profit & Loss A/c	2200 × 9/10 = 1,980	10,980
	Goodwill		270

उदाहरण– 9

अमित लिमिटेड ने अजय लिमिटेड से 30 जून 2018 को 40,000 अंश 10 ₹ वाले 5,20,000 ₹ में क्रय किए। अमित लिमिटेड ने 10% लाभांश वर्ष 2017 का प्राप्त किया लेकिन प्राप्त लाभांश को अमित लिमिटेड के लाभ-हानि खाते में सम्मलित किया गया। निम्न चिट्ठा दिनांक 31 दिसम्बर 2018 का है।

Liabilities	Amit Ltd.	Ajay Ltd.	Assets	Amit Ltd.	Ajay Ltd.
Share Capital Share @ ₹ 10 each	6,00,000	5,00,000	Investment in Ajay Ltd. (40,000 Shares)	5,20,000	
General reserve (1.1.2017)	1,20,000	1,00,000			
Profit & Loss A/c	3,40,000	2,80,000	Sundry Assets	6,40,000	9,60,000
Creditors	1,00,000	80,000			
	11,60,000	9,60,000		11,60,000	9,60,000

1 जनवरी 2018 को अजय लिमिटेड के लाभ.हानि का जमा शेष 80,000 ₹ था। 31 दिसम्बर 2018 को मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

हल क्रमांक 9

1. Calculation of Capital Reserve

Cost of Shares held			5,20,000
Less:	Paid-up value of shares held share of pre-acquisition profit	4,00,000	
	1,55,000 × 4/5	1,24,000	
Share of General Reserve	1,00,000 × 4/5	80,000	
Dividend received out of pre-acquisition profit of Ajay Ltd. wrongly credited to P/L A/c of Amit Limited		40,000	6,44,000
			1,24,000

2. Calculation of consolidated P/L

Balance of Amit Limited		3,40,000
Less:	Dividend received from Ajay Limited out of pre-acquisition profit wrongly credited	40,000
Add:		3,00,000

टिप्पणी

Share of post acquisition profit
of Ajay Limited

1,25,000 × 4/5	1,00,000
	4,00,000

3. Calculation of Minority Interest

paid-up value of share held	1,00,000
Add: Share of pre-acquisition profit	
1,55,000 × 1/5	31,000
Share of post acquisition profit	
1,25,000 × 1/5	25,000
Share of Pre-acquisition Reserve	
1,00,000 × 1/5	20,000
	1,76,000

4. Calculation of Pre-acquisition Profit of Ajay Ltd.

Profit on 1st Jan 2018	80,000
Less: Dividend @ 10% (5,00,000 × 10/100)	50,000
	30,000
Add: Half of Profit of 2018 (2,80,000 – 30,000) = 2,50,000 × ½	1,25,000
	1,55,000

5. Calculation of Post acquisition profit
   2,80,000 – 30,000 = 2,50,000 × ½ =1,25,000

Consolidated Balance Sheet
(as on 31st Dec. 2018)

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital 60,000 Shares @ ₹ 10 each		6,00,000	Sundry Assets		
			Amit Ltd.	6,40,000	
Capital Reserve		1,24,000	Ajay Ltd.	9,60,000	16,00,000
General Reserve		1,20,000			
Profit & Loss A/c		4,00,000			
Minority Interest		1,76,000			
Creditors					
Amit Ltd.	1,00,000				
Ajay Ltd.	80,000	1,80,000			
		16,00,000			16,00,000

उदाहरण– 10

निम्नलिखित चिट्ठा तरणदीप एवं करनदीप लिमिटेड का है। 31 दिसम्बर, 2018 को तरणदीप लिमिटेड की पुस्तकों में मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Liabilities	Taran-deep Ltd.	Karan-deep Ltd.	Assets	Taran-deep Ltd.	Karan-deep Ltd.
Share Capital			Land & Building	3,00,000	90,000
Shares @			Furniture	50,000	17,000
₹ 100 each	5,00,000	1,00,000	Stock	4,40,000	1,43,000
Reserve Fund	2,00,000	75,000	Investment in		
Profit &			Karandeep Ltd.		
Loss A/c	1,00,000	25,000	(800 shares)	1,60,000	—
Bills Payable	1,50,000	50,000			
	9,50,000	2,50,000		9,50,000	2,50,000

अन्य जानकारियाँ (Other Information)

(1) क्रय की तिथि पर संचय कोश एवं लाभ-हानि खाते का जमा शेष क्रमशः 25,000 ₹ एवं 15,000 ₹ था।

(2) तरणदीप लिमिटेड ने करणदीप लिमिटेड के 80% अंश 1 जनवरी 2018 को क्रय किये।

(3) भूमि व भवन (पुस्तकीय मूल्य 1,00,000) एवं फर्नीचर (पुस्तकीय मूल्य 20,000 ₹) का पुर्नमूल्यांकन क्रमशः 1,50,000 तथा 15000 ₹ अंशों के मूल्य निर्धारण के समय था।

(4) क्रय की तिथि तक सम्पत्तियों का क्रय विक्रय नहीं हुआ है।

हल क्रमांक 10

1. Calculation of Reserve Fund

Balance of Holding Company	2,00,000
Add: Share of post acquisition Reserve	
of subsidiary Ltd. ₹ 50,000 × 4/5	40,000
	2,40,000

2. Calculation of Consolidated Profit & Loss A/c

Balance of Holding Company	1,00,000
Add: Post acquisition profits	
₹ 10,000 × 4/5	8,000
Share of over depreciation of subsidiary Co.	
Furniture ₹ 750 × 4/5	600
	1,08,600
Less: Share of under depreciation of Subsidiary Co.	
Land & Building ₹ 5,000 × 4/5	4,000
	1,04,600

3. Calculation of Minority Interest

Paid-up value of shares			20,000
Add: Share of Reserve			
	75,000 × 1/5		15,000
Share of Profit			
	25,000 × 1/5		5,000
Share of Revaluation Profits			
	₹ 50,000 × 1/5		10,000
Share of over depreciation			
	750 × 1/5		150
			50,150
***Less*:** Share of Revaluation Loss			
	5,000 × 1/5	1,000	
Share of under depreciation			
	5,000 × 1/5	1,000	2,000
			48,150

4. Calculation of Goodwill/Capital Reserve

Cost of shares held			1,60,000
***Less*:** Paid-up value of shares		80,000	
Shares of Pre-acquisition Reserve		20,000	
	25,000 × 4/5		
Share of Pre-acquisition profit			
	15,000 × 4/5	12,000	
Share of Revaluation Profit			
	50,000 × 4/5	40,000	1,52,000
			8,000
Add: Share of Revaluation Loss			
	5,000 × 4/5		4,000
Goodwill			12,000

5. Calculation of value of Land & Building at the beginning

$$\frac{90,000 \times 100}{90} = ₹\ 1,00,000$$

Depreciation = 1,00,000 – 90,000 = 10,000

$$\text{Rate of Depreciation} = \frac{10,000 \times 100}{1,00,000} = 10\%$$

Appreciation in the value by ₹ 50,000

Therefore, under depreciation = 10% of ₹ 50,000 = 5,000

Land & Building of Holding Limited	3,00,000
Land & Building of Subsidiary Limited	90,000
	3,90,000
Add: Appreciation in value	50,000

	4,40,000
Less: Under Depreciation now adjusted	5,000
Shown in Consolidated Balance Sheet	4,35,000

6. Calculation of value of Furniture
Amount of Depreciation = 20,000 × 15/100 = 3,000
Revalued at ₹ 15,000
The amount of over depreciation
at 15% on ₹ 5,000 ₹ 750

Holding Ltd.	50,000	
Subsidiary Ltd.	17,000	
	67,000	
Less: Decrease in value	5,000	62,000
Add: Over Depreciation now adjusted		750
		62,750

टिप्पणी

Consolidated Balance Sheet

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill	12,000
5,000 shares			
@ ₹ 100 each		Land & Building	4,35,000
fully paid	5,00,000	Furniture	62,750
Reserve Funds	2,40,000	Current Assets	
Profit & Loss A/c	1,04,600	Holding Ltd. 4,40,000	
Minority Interest	48,150	Subsidiary Ltd. 1,43,000	5,83,000
Creditors			
Holding Ltd. 1,50,000			
Subsidiary Ltd. 50,000	2,00,000		
	10,92,750		10,92,750

उदाहरण – 11

1 जनवरी 2018 को महेन्द्र लिमिटेड ने माइनर लिमिटेड के 80% अंशों को 8,50,000 ₹ में क्रय किया। दोनों कम्पनियों का चिट्ठा 31 दिसम्बर 2018 को इस प्रकार था।

Liabilities	Mahinder Ltd.	Minor Ltd.	Assets	Mahinder Ltd.	Minor Ltd.
Share Capital			Land & Building	8,10,000	3,85,000
Equity shares @ ₹ 10 each	10,00,000	5,00,000	Plant & Machinery	3,25,000	2,22,000
Preference			Stock	2,15,000	1,40,000
shares @ ₹ 100			Investments	8,50,000	
each	4,00,000	—	Debtors	2,40,000	1,24,800

General Reserve	7,00,000	30,000	Bank	4,00,000	88,200
Profit & Loss A/c	6,00,000	3,00,000			
Creditors	1,40,000	1,30,000			
	28,40,000	9,60,000		28,40,000	9,60,000

निम्न अतिरिक्त जानकारियाँ हैं–

(1) महेन्द्र लिमिटेड के लेनदारों में माइनर लिमिटेड से क्रय किये गये माल के लेनदार सम्मलित हैं जिस पर 10,000 ₹ का लाभ सहायक कम्पनी ने कमाया है।

(2) महेन्द्र लिमिटेड के स्टॉक में अभी तक उपरोक्त बेचे गये माल का आधा सम्मलित है।

(3) माइनर लिमिटेड का सामान्य संचय का शेष 1 जनवरी 2018 का है एवं लाभ-हानि खाते का शेष 1 जनवरी 2018 को 1,00,000 ₹ था, जिसमें से 10% की दर से 2017 का लिए लाभांश घोषित किया गया था।

आपको 31 दिसम्बर, 2018 को मिश्रित चिट्ठा बनाना है।

हल क्रमांक 11

1.	Calculation of Capital Profit		
	General Reserve as on 1st Jan. 2018		30,000
	Profit & Loss A/c as on 1st Jan 2018	1,00,000	
	Less: 10% dividend for 2017		
	5,00,000 ×10/100	50,000	50,000
			80,000
	Less: 20% share of minority share holders		16,000
	Share of Mahendra Limited		64,000
2.	Calculation of Revenue Profit		
	Profit & Loss A/c 31.12.2018		3,00,000
	Add: 10% dividend on ₹ 5,00,000		50,000
			3,50,000
	Less: Pre-acquisition profit on 1st Jan 2018		1,00,000
			2,50,000
	Less: 20% share of minority share holders		50,000
	Share of Mahendra Limited		2,00,000
3.	Calculation of Goodwill/Capital Reserve		
	Cost of Share purchased		8,50,000
	Less: Nominal value of share	4,00,000	
	10% dividend received	40,000	
	Capital Profit	64,000	5,04,000
			3,46,000

4. Calculation of Minority Interest

Paid-up value of 10,000 shares	1,00,000
Share of capital profit	16,000
Share of revenue profit	50,000
Minority Interest	1,66,000

Consolidated Balance Sheet

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital			
1,00,000 equity shares		Goodwill	3,46,000
@ ₹ 10 each	10,00,000	Land & Building	
4,000 Preference share		Mahendra 8,10,000	
@ ₹ 10 each	4,00,000	Minor 3,85,000	11,95,000
General Reserve	7,00,000	Plant & Machinery	
Profit & Loss A/c		Mahendra 3,25,000	
Mahendra Ltd. 6,00,000		Minor 2,22,000	5,47,000
Less: Dividend 40,000			
5,60,000		Debtors	
Less: Unrealised			
Profit 5,000		Mahendra 2,40,000	
5,55,000		Minor 1,24,800	
Add: Share of Profit		3,64,800	3,24,800
in Minor Ltd. 2,00,000	7,55,000	Less mutual	
		debts 40,000	
		Bank	
Creditors 1,40,000		Mahendra 4,00,000	
Subsidiary 1,30,000		Minor 88,200	4,88,200
2,70,000		Stock	
Less: Mutual		Mahendra 2,15,000	
debt 40,000	2,30,000	Minor 1,40,000	
Minority Interest	1,66,000	3,55,000	
		Less: Unrevised	
		Profit 5,000	3,50,000
	32,51,000		32,51,000

उदाहरण– 12

निम्न जानकारी के आधार पर मिश्रित चिट्ठा बनाइये–

(1) एस लिमिटेड की पुस्तकों में समस्त लाभ एच लिमिटेड द्वारा अंश क्रय करने की तिथि के बाद का है, लेकिन 1,80,000 ₹ का संचय अंश क्रय करने के पहले का है।

(2) एच लिमिटेड के लिए एस लिमिटेड ने 30,000 ₹ के बिलों को स्वीकार किया।

टिप्पणी

(3) एस लिमिटेड की सम्पत्तियों को 60,000 ₹ से कम मूल्यांकित किया गया है।

(4) एच लिमिटेड के रहतिये में 1,50,000 ₹ का माल एस लिमिटेड से क्रय किया गया सम्मलित है जिस पर 25% लागत पर लाभ कमाया गया है।

(5) दोनों कम्पनियों का चिट्ठा निम्न प्रकार है।

Balance Sheet

Liabilities	H.Ltd.	S.Ltd.	Assets	H.Ltd.	S.Ltd.
Share Capital			Sundry Assets	24,00,000	3,60,000
(₹ 10 each)	30,00,000	6,00,000	Stock	18,30,000	7,20,000
Profit & Loss A/c	12,00,000	3,60,000	Debtors	3,90,000	5,10,000
Reserve	3,00,000	1,80,000	Bills Receivable	30,000	
Creditors	6,00,000	3,60,000	Investment		
Bills Payable	—	90,000	(45,000 shares)	4,50,000	
	51,00,000	15,90,000		51,00,000	15,90,000

हल क्रमांक 12

1. Calculation of Goodwill/Capital Reserve

Cost of shares acquired in subsidiary Co.		4,50,000
***Less*:** Nominal value of 45,000 shares	4,50,000	
Reserve Fund A/c subsidiary company	1,35,000	
$1,80,000 \times \frac{45}{60}$		
Increase in value of Assets		
60,000 × 45/60	45,000	6,30,000
Capital Reserve		1,80,000

2. Calculation of Minority Interest

Nominal value of 15,000 shares	1,50,000
Add: Share of Reserve Funds	
1,80,000 × 15/60	45,000
Increase in value of Assets	
60,000 × 15/60	15,000
Share of profit	
3,60,000 × 15/60	90,000
Minority Interest	3,00,000

टिप्पणी

Consolidated Balance Sheet

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital			Assets		
3,00,000 shares					
@ ₹ 10 each		30,00,000	H. Ltd.	24,00,000	
Capital Reserve		1,80,000	S. Ltd.	4,20,000	28,20,000
Reserve of Holding Co.		3,00,000			
Profit & Loss A/c			Stock		
H. Ltd.	12,00,000		H. Ltd.	18,30,000	
S. Ltd.	2,70,000		S. Ltd.	7,20,000	
	14,70,000			25,50,000	
***Less*: Unrealised**					
profit	30,000	14,40,000			
Bills payable			***Less*:**		
S. Ltd.	90,000		Unrealised profit	30,000	25,20,000
***Less*: Held by**					
H. Ltd.	30,000	60,000			
Creditors			Debtors		
H. Ltd.	6,00,000		H. Ltd.	3,90,000	
S. Ltd.	3,60,000	9,60,000	S. Ltd.	5,10,000	9,00,000
Minority Interest		3,00,000			
		62,40,000			62,40,000

उदाहरण– 13

31 दिसम्बर, 2018 को तक्षित लि. एवं अक्षित लि. का चिट्ठा इस प्रकार है।

Liabilities	Takshit Ltd.	Akshit Ltd.	Assets	Takshit Ltd.	Akshit Ltd.
Share Capital					
(share					
@ ₹ 10 each)	80,000	40,000	Fixed assets	1,00,000	70,000
General Reserve	40,000	20,000	Current Assets	1,60,000	80,000
Profit & Loss			Investment	40,000	10,000
(1.1.2017)	20,000	16,000	(3,200 shares)		
Profit for 2018	40,000	24,000			
12% Debentures	80,000	40,000			
Creditors	40,000	20,000			
	3,00,000	1,60,000		3,00,000	1,60,000

टिप्पणी

1 जुलाई 2018 को तक्षित लिमिटेड ने अक्षित लिमिटेड के अंश क्रय किये। 1.1.2018 को सामान्य संचय का शेष 16,000 ₹ था। मार्च 2018 में अक्षित लिमिटेड का 8,000 ₹ माल नष्ट हो गया।

हानि को लाभ-हानि खाते से चार्ज किया गया है। आपको मिश्रित चिट्ठा बनाना है।

हल क्रमांक 13

1. Calculation of Capital Profit & Revenue Profit

Particulars	**Capital Profit**	**Revenue Profit**
General Reserve (1.1.2018)	16,000	
Profit & Loss A/c (1.1.2018)	16,000	
Profit for the year before transfer of Reserve & Writing off the loss of stock (24,000 + 4,000 + 8,000)	18,000	18,000
	50,000	18,000
***Less*: Loss of Stock**	8,000	—
	42,000	18,000
***Less*: Minority Interest (1/5)**	8,400	3,600
Share of holding company	33,600	14,400

2. Calculation of Capital Reserve

Amount paid for purchase of shares		40,000
***Less*: Nominal value of shares**	32,000	
Share of capital profit	33,600	65,600
Capital Reserve		(25,600)

3. Calculation of Minority Interest

Nominal value of shares	8,000
***Add:* Share of Capital profit**	8,400
Share of Revenue profit	3,600
	20,000

टिप्पणी

Consolidated Balance Sheet
(as on 31st Dec. 2018)

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital			Fixed Assets		
8,000 shares					
@ ₹ 10 each		80,000	Takshit	1,00,000	
General Reserve		40,000	Akshit	70,000	1,70,000
Profit & Loss A/c			Current Assets		
Takshit	60,000		Takshit	1,60,000	
Akshit	14,400	74,400	Akshit	80,000	2,40,000
Capital Reserve		25,600			
12% Debentures			Investment		10,000
Takshit	80,000				
Akshit	40,000	1,20,000			
Creditors					
Takshit	40,000				
Akshit	20,000	60,000			
Minority Interest		20,000			
		4,20,000			4,20,000

3.3.3 कम्पनियों के आपसी लेन-देन (Inter-Company Transactions of Companies)

सूत्रधारी कम्पनी और सहायक कम्पनी के बीच में यदि कोई लेन-देन हुआ है, तो उसे आपसी लेन-देन कहते हैं। मिश्रित चिट्ठा बनाते समय आपसी लेन-देनों का समायोजन किया जाता है। आपसी लेन-देनों का समायोजन निम्न प्रकार से होगा–

(1) **लेनदार एवं देनदार (Creditors & Debtors)**– यदि किसी एक कम्पनी ने दूसरी कम्पनी से माल उधार क्रय किया है, तब ऐसी दशा में एक कम्पनी लेनदारों में यह राशि शामिल होगी, तथा दूसरी कम्पनी के देनदारों में भी यह राशि सम्मलित होगी। अतः मिश्रित चिट्ठा बनाते समय लेनदारों एवं देनदारों की मदों से यह राशि घटाकर दिखाई जाएगी। यदि लेनदार या देनदार दोनों मदों में से कोई भी राशि ऐसी है, जिसके आधार पर समायोजन करने पर कठिनाई हो रही है, तो न्यूनतम राशि की दोनों मदों से घटाकर दिखाया जाएगा।

उदाहरण के लिए सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी से 20,000 ₹ का माल उधार क्रय किया। ऐसी स्थिति में सूत्रधारी कम्पनी के लेनदारों से एवं सहायक कम्पनी के देनदारों में से 20,000 ₹ की राशि घटाकर दिखाई जाएगी।

यदि चिट्ठे की तिथि के कुछ दिन पूर्व माल बेचा गया है तो जो चिट्ठे की तिथि तक दूसरी कम्पनी को प्राप्त नहीं हुआ है तो देनदार

की राशि लेनदार से अधिक होगी। इस दशा में अन्तर की राशि को रास्ते में माल अथवा रास्ते में रोकड़ के रूप में मिश्रित चिट्ठे में दिखाएंगे।

टिप्पणी

(2) एक दूसरे के बिलों को स्वीकार करना (Inter-Company Acceptances)– सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के मध्य लेन-देन बिलों के आधार पर हुआ है तो एक कम्पनी के लिए प्राप्य बिल एवं दूसरी कम्पनी के लिए देय बिल कहलायेगा। अतः मिश्रित चिट्ठा बनाते समय देय बिल एवं प्राप्य बिलों की राशि में से यह राशि घटाकर दिखाई जाएगी।

उदाहरण के लिए सूत्रधारी कम्पनी के 10,000 ₹ के बिल सहायक कम्पनी द्वारा स्वीकार किये गये हैं। मिश्रित चिट्ठा बनाते समय बिलों की राशि को कम्पनी प्राप्त बिल में से एवं देय बिलों की राशि से घटाकर दिखाया जाएगा। यदि बिलों की कुछ राशि भुना ली जाती है, तो चिट्ठा बनाते समय दोनों बिलों में से समान राशि ही घटाकर दिखाई जाएगी।

(3) आपसी ऋण (Mutual Loans)– सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के मध्य ऋणों का लेन-देन हुआ है तो मिश्रित चिट्ठा बनाते समय आपसी ऋण की राशि को दोनों पत्रों की मदों में से घटाकर दिखाया जाएगा।

उदाहरण– 14

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के निम्न चिट्ठे के आधार पर 31 मार्च, 2018 को एक मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Liabilities	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.	Assets	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.
Shares Capital			Goodwill	1,50,000	50,000
@ ₹ 10 each	25,00,000	10,00,000	Machinery	15,00,000	7,50,000
General Reserve	4,00,000	3,00,000	Stock	4,00,000	2,50,000
Profit & Loss A/c	4,50,000	3,50,000	Debtors	6,00,000	8,00,000
Sundry Creditors	2,50,000	2,00,000	Cash	1,00,000	50,000
Outstanding Exp.	1,00,000	50,000	Investments 80,000 in Subsidiary Co.	9,50,000	
	37,00,000	19,00,000		37,00,000	19,00,000

जिस तिथि को अंश क्रय किये गये उस तिथि पर सामान्य संचय 2,00,000 ₹ तथा लाभ 1,50,000 ₹ था। अंशों के क्रय के तत्काल बाद सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी से 80,000 ₹ का लाभांश प्राप्त किया।

सूत्रधारी कम्पनी के देनदारों में सहायक कम्पनी से प्राप्य 100,000 ₹ शामिल थे जबकि सहायक लिमिटेड के लेनदारों में सूत्रधारी कम्पनी को देय 75,000 ₹ शामिल थे। इन दोनों में अन्तर, मार्ग में चेक होने के कारण था।

हल क्रमांक 14

टिप्पणी

1.	Calculation of Capital Profit		2,00,000
	Pre-acquisition Reserve	2,00,000	
	Add: Pre-acquisition Profit	1,50,000	50,000
	***Less*:** Dividend paid	1,00,000	2,50,000
	***Less*:** Minority Interest 1/5 of 2,50,000		50,000
	Holding Company's Share		2,00,000
2.	Calculation of Revenue Profit		
	Post-acquisition Profit		
	(3,50,000 – 50,000)		3,00,000
	***Less*:** Minority Interest 1/5 of 3,00,000		60,000
	Holding Company's Share		2,40,000
3.	Calculation of Holding Company Profit		
	Balance as given in B/s		4,50,000
	***Less*:** Dividend from Subsidiary Company		80,000
			3,70,000
4.	Calculation of Consolidated Profit		
	Profit of Holding Company		3,70,000
	Post acquisition profit of Subsidiary Co.		2,40,000
	Shown in Consolidated B/s		6,10,000
5.	Calculation of Minority Interest		
	Nominal value of share capital (1/5)		2,00,000
	Share in General Reserve 3,00,000 × 1/5		60,000
	Share in P/c A/c 3,50,000 × 1/5		70,000
			3,30,000
6.	Calculation of Capital Reserve		
	Cost of shares acquired		9,50,000
	***Less*:** Dividend Received		80,000
			8,70,000
	***Less*:** Nominal value of shares		
	10,00,000 × 4/5 = 8,00,000		
	Share in Capital Profit 2,00,000		10,00,000
	Capital Revenue		(1,30,000)

टिप्पणी

Consolidated Balance Sheet
(as on 31st March, 2019)

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill 2,00,000	
2,50,000 shares		***Less***: Capital	
@ ₹ 10 each	25,00,000	Reserve 1,30,000	70,000
General Reserve		Machinery	22,50,000
Holding Co. 4,00,000		Stock in Trade	6,50,000
Subsidiary Co. 80,000	4,80,000	Sundry Debtors	13,00,000
Profit & Loss A/c	6,10,000	Cash at Bank	1,50,000
Sundry Creditors	3,75,000	Cash in Transit	25,000
Outstanding Exp.	1,50,000		
Minority Interest	3,30,000		
	44,45,000		44,45,000

3.3.4 सूत्रधारी कम्पनी की एक से अधिक सहायक कम्पनी होना (Holding Company having More than one Subsidiary)

कभी-कभी एक सूत्रधारी कम्पनी की एक से अधिक सहायक कम्पनियाँ हो सकती हैं, ऐसी स्थिति में सूत्रधारी कम्पनी का सहायक कम्पनी में हिस्से के आधार पर गणना की जाएगी। गणना करने के लिए सूत्रधारी कम्पनी का हित एवं क्रय की तारीख को ध्यान में रखना आवश्यक है।

मिश्रित चिट्ठा बनाते समय यह देखा जाएगा कि सूत्रधारी कम्पनी का हित अन्य सहायक कम्पनियों में कितना है। यदि सूत्रधारी कम्पनी का हित सहायक कम्पनी में 50% या इससे अधिक है अलग अलग सहायक कम्पनी में सूत्रधारी कम्पनी के हित की गणना भी अलग-अलग की जाएगी। इसी तरह से अल्पमतधारियों के हित की गणना भी अलग की जाएगी। मिश्रित चिट्ठा बनाते समय समस्त सहायक कम्पनियों के योग को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे लेन-देन जो अन्तर कम्पनी लेन-देन हैं, समाप्त कर दिये जाऐंगे।

उदाहरण– 15

लायन लिमिटेड ने 1 जनवरी 2019 को ऐलीफेंट लि. एवं बियर लिमिटेड पर नियंत्रण प्राप्त किया। 31 दिसम्बर 2019 को उनके चिट्ठे निम्नानुसार थे।

टिप्पणी

	Lion Ltd.	Elephant	Bear
Share Capital			
Equity shares of ₹ 10 each	9,00,000	4,80,000	3,00,000
General Reserve	60,000	—	—
Profit & Loss A/c.	2,70,000	78,000	66,000
Trade Creditors	1,80,000	1,08,000	72,000
Loan from Lion Ltd.	—	60,000	—
Bills Payable to Lion Ltd.	—	—	18,000
	2,35,000	1,21,000	76,000
Fixed Assets	1,86,000	2,16,000	1,32,000
Investments in Subsidiaries	7,50,000	—	—
Loan to Elephant Ltd.	60,000	—	—
Current Assets			
Stock	1,56,000	1,44,000	96,000
Debtors	1,68,000	2,88,000	1,62,000
Bills Receivable from Bear Ltd.	12,000	—	—
Bank	78,000	78,000	66,000
	14,10,000	7,26,000	4,56,000

अतिरिक्त जानकारियाँ
(Other Information)

(1) लायन लिमिटेड ने एलीफेंट लिमिटेड के 36,000 अंशों को 4,50,000 एवं बियर लिमिटेड के 24,000 अंशों को 3,00,000 ₹ में क्रय किया है।

(2) 1 जनवरी 2019 को लाभ-हानि खाते का शेष क्रमशः 1,56,000 ₹ 54,000 ₹ एवं 48,000 ₹ था।

(3) प्रस्तावित लाभांश 2019 के लिए क्रमशः 10%, 12% एवं 15% है।

(4) एलिफेंट लिमिटेड की स्थायी सम्पत्तियों में जून 2019 में बियर लिमिटेड से 6,000 ₹ में क्रय किया गया प्लांट सम्मलित है। बियर लिमिटेड जो प्लांट के निर्माता है प्लांट की लागत 4,500 ₹ थी और कम्पनी द्वारा लाभ क्रेडिट कर लिया गया है।

(5) 31 दिसम्बर 2019 को एलीफेंट लिमिटेड के पास लायन लि. से क्रय किया गया 1,20,000 ₹ का रहतिया है लायन लि. ने लागत पर 25% लाभ जोड़कर माल बेचा है।

(6) लायन लिमिटेड द्वारा ऋण 1 जुलाई 2019 को दिया गया। ऋण पर 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज दिया जाता है, जिसका कोई लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया है।

31 दिसम्बर 2019 को मिश्रित चिट्‌ठा बनाइये।

टिप्पणी

हल क्रमांक 15

		Elephant Ltd.	Bear Ltd.
1.	Calculation of Capital Profit		
	Profit & Loss A/c on 1.1.19	54,000	48,000
	Less: Minority Interest	13,500	9,600
	Holding Company's share	40,500	38,400
2.	Calculation of Revenue Profit		
	Profit for 2019	24,000	18,000
	Less: Interest due to Lion Ltd. on Loan	1,800	
	$(60,000 \times \frac{6}{100} \times \frac{1}{2}$	22,200	18,000
	Less: Minority Interest	5,550	3,600
	Holding Company's share	16,650	14,400

3.	Calculation of Consolidated Profit & loss		
	Profit & Loss A/c of Lion Co.		2,70,000
	Add: Interest on loan to Elephant Ltd. for		
	6 months @ 6% on 60,000		1,800
			2,71,800
	Add: Revenue Profit of Elephant Ltd.		16,650
	Revenue Profit of Bear Ltd.		14,400
			3,02,850
	Less: Proposed Dividend of Lion Ltd.	90,000	
	Stock Reserve 2400 × 3/4	1,800	
	Unrealised profit included in Plant		
	1500 × 3/4 × 4/5	900	92,700
			2,10,150
4.	Calculation of goodwill		
	Cost of shares acquired		
	Elephant Ltd. 4,50,000		
	Bear Ltd. 3,00,000		7,50,000
	Less: Nominal value of shares acquired		
	Elephant Ltd. 3,60,000		
	Bear Ltd. 2,40,000		6,00,000
			1,50,000
	Less: Capital Profits		
	Elephant Ltd. 40,500		
	Bear Ltd. 38,400		78,900
	Goodwill		71,100

5.	Calculation of Minority Interest		
	Share in share capital	1,20,000	60,000
	Share capital profit	13,500	9,600
	Share in revenue profit	5,550	3,600
		1,39,050	73,200

Consolidated Balance Sheet
As on 31st Dec. 2019

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital			Goodwill		71,100
90,000 shares					
@ ₹ 10 each		9,00,000	Fixed Assets		
General Reserve		60,000	Lion	1,86,000	
Profit & Loss A/c		2,10,150	Elephant	2,16,000	
Trade Creditors			Bear	1,32,000	
Lion	1,80,000			5,34,000	
Elephant	1,08,000		***Less***: Unrealised		
Bear	72,000	3,60,000	profit	900	5,33,100
			Stock		
Bills Payable		6,000	Lion	1,56,000	
Proposed Dividend		90,000	Elephant	1,44,000	
Minority Interest		2,12,250	Bear	96,000	
				3,96,000	
			Less Reserve	1,800	3,94,200
			Debtors		
			Lion	1,68,000	
			Elephant	2,88,000	
			Bear	1,62,000	6,18,000
			Bank		
			Lion	78,000	
			Elephant	78,000	
			Bear	66,000	2,22,000
		18,38,400			18,38,400

टिप्पणी

3.3.5 सूत्रधारी कम्पनी द्वारा अंशों का पुनः क्रय या धीरे-धीरे क्रय (Subsequent Purchase of Shares or Holding Company)

सूत्रधारी कम्पनी द्वारा यह आवश्यक नहीं है कि सहायक कम्पनी के समस्त अंशों का क्रय एक ही समय पर कर ले। सूत्रधारी कम्पनी शनैः शनैः भी अंशों का क्रय कर सकती है, लेकिन नियन्त्रण 50% या इससे अधिक अंशों के क्रय पर ही प्राप्त होगा। धीरे-धीरे अंशों के क्रय की स्थिति में भी प्रथम क्रय की तिथि को ही ध्यान में रखते हुये विभिन्न क्रयों के लिए पूँजीगत एवं आयगत लाभ की गणना की जाएगी। परन्तु अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ सर्टीफाइड पब्लिक एकाउण्टेंट्स के अनुसार यदि प्रारम्भिक शेष बहुत कम अंशों का है तो पूँजी लाभ की गणना उस स्थिति में की जाएगी, जब सूत्रधारी कम्पनी को सहायक कम्पनी पर नियंत्रण प्राप्त हो जाये।

3.3.6 सूत्रधारी कम्पनी द्वारा क्रय किये गये अंशों का विक्रय (Acquired Shares by Holding Company than Disposal of Shares)

यदि सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश क्रय करने के पश्चात् बेचे जाते हैं, तो ऐसी स्थिति में मिश्रित चिट्ठा बनाने की तिथि पर सूत्रधारी कम्पनी के पास

उपलब्ध अंशों की संख्या के आधार पर पूँजीगत एवं आयगत लाभ की गणना की जाती है। सूत्रधारी कम्पनी द्वारा जो अंश क्रय के उपरान्त बेचे जाते हैं, उन अंशों के मूल्य की गणना अल्पमत हित की तरह ही की जाती है।

टिप्पणी

अंशों के विक्रय पर लाभ या हानि का समायोजन चिट्ठे में करना पड़ता है। अंशों के विक्रय पर लाभ या हानि को पूँजीगत माना जाएगा। हानि को लाभ-हानि खाते में डेबिट करेंगे तथा लाभ को पूँजी संचय खाते में क्रेडिट किया जाएगा।

क्रय किये अंशों का विक्रय अल्पमत हित की गणना के साथ किया जा सकता है एवं विक्रय पर लाभ-हानि का समायोजन अलग से किया जा सकता है।

उदाहरण– 16

यश कम्पनी ने 1 जनवरी 2018 को हर्ष कम्पनी के 30,000 समता अंश क्रय किये। हर्ष लिमिटेड की अंश पूँजी 10 ₹ वाले 1,00,000 अंशों में विभाजित है। 1 जुलाई 2018 को यश लिमिटेड ने पुनः 50,000 अंश वर्तमान अंशधारियों से क्रय किए। हर्ष लिमिटेड के लाभ-हानि खाते का शेष 1 जनवरी 2019 को 6,00,000 ₹ था तथा वर्ष 2019 का लाभ 4,00,000 ₹ हुआ। पूँजीगत लाभ, आयगत लाभ एवं अल्पसंख्यकों के हित की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 16

Ratio 30,000 + 50,000 = 80,000

80,000 : 20,000 or 4:5

1. Calculation of Capital Profit

Profit & Loss on 1st Jan 2018	
600,000 × 4/5	4,80,000
Profit for 6 months from 1.1.2008 to 30.06.18	
4,00,000 × 1/2 = 2,00,000	
New 50,000 share purchased	
200,000 × 5/10	1,00,000
	5,80,000

2. Calculation of Revenue Profit

Profit for 6 months from 1st Jan to 30th June 2018	
4,00,000 × 1/2 × 3/10	60,000
Profit for 6 months for 1 July 2008 to 31.12.18	
4,00,000 ×1/2 × 8/10	1,60,000
	2,20,000

3. Calculation of Minority Interest

Share in Profit & Loss A/c	
10,00,000 × 2/10	2,00,000

टिप्पणी

उदाहरण– 17

नरेन्द्र लिमिटेड ने 1 जनवरी 2018 को महेन्द्र लिमिटेड के 32,000 अंश 3,60,000 ₹ में क्रय किये। इस तिथि को महेन्द्र लिमिटेड के लाभ-हानि खाते का शेष 2,40,000 ₹ था एवं अंश पूँजी 10 ₹ वाले 40,000 अंशों में विभक्त थी। 31 दिसम्बर 2018 को लाभ-हानि खाते का शेष 4,00,000 ₹ था। 1 अप्रैल 2018 को नरेन्द्र लिमिटेड ने 4,000 अंश 40,000 ₹ में बेच दिये। पूँजीगत तथा आयगत लाभ की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 17

1. Calculation of Capital Profit
   Share of Profit & Loss A/c
   2,40,000 × 7/10 — 1,68,000
2. Calculation of Revenue Profit
   Profit for 2018
   4,00,000 – 2,40,000 = (1,60,000 × 7/10) — 1,12,000
3. Calculation of Minority Interest
   Ratio = 7:3
   4,00,000 × 3/10 — 1,20,000

3.3.7 सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के अंशों का क्रय (Purchase of Shares by Subsidiary Company in Holding Company)

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 42 में इस सम्बन्ध में उल्लेख है। कम्पनी अधिनियम के अनुसार एक सहायक कम्पनी सूत्रधारी कम्पनी के अंशों का क्रय नहीं कर सकती है। लेकिन कुछ स्थितियाँ ऐसी होती हैं, जिसके अन्तर्गत सहायक कम्पनी सूत्रधारी कम्पनी के अंशों का क्रय कर सकती है। वे इस प्रकार हैं–

(1) सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के अंश उस समय क्रय किये गये हों जब वह सहायक कम्पनी नहीं थी।

(2) कम्पनी अधिनियम 1956 के प्रारम्भ होने अतः 1 अप्रैल 1956 के पहले सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के अंश क्रय किये गये तो सहायक कम्पनी ऐसे अंशों को अपने पास रख सकती है, परन्तु उसे सूत्रधारी कम्पनी की सभा में मत देने का अधिकार नहीं होगा।

(3) जब सहायक कम्पनी के पास दूसरों के ट्रस्टी के रूप में सूत्रधारी कम्पनी के अंश हों।

(4) जब सहायक कम्पनी के पास किसी मश्तक अंशधारी के प्रतिनिधि के रूप में अंश हों।

मिश्रित चिट्ठा बनाते समय एक दूसरी कम्पनी में लाभ का जो हिस्सा सम्मलित होगा, उसको ध्यान में रखकर समीकरण के तहत पूँजीगत एवं आयगत लाभ की गणना की जाएगी। पूँजीगत एवं आयगत लाभ की गणना करने के लिए उस तिथि को ही ध्यान में रखा जायगा, जिस तिथि तक सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अंश क्रय किये थे। सहायक कम्पनी के कुल लाभ में सूत्रधारी कम्पनी

के लाभ का हिस्सा भी सम्मलित होगा, साथ ही सूत्रधारी कम्पनी के लाभ में सहायक कम्पनी का लाभ भी शामिल होगा, अतः इसे एक समीकरण द्वारा हल किया जाएगा।

टिप्पणी

उदाहरण– 18

31 मार्च 2020 को एच लिमिटेड एवं एस लिमिटेड का चिट्ठा निम्नलिखित स्थिति को प्रदर्शित करता है।

Liabilities	H. Ltd.	S. Ltd.	Assets	H. Ltd.	S. Ltd.
Share Capital @ ₹ 100 each	6,00,000	2,40,000	Land & Building	6,50,000	2,00,000
			Plant & Machinery	3,46,000	88,000
Capital Profits	1,20,000	96,000	Investments		
Revenue Profit	3,60,000	60,000	1920 shares in S. Ltd	2,64,000	
Creditors	1,00,000	60,000	1200 Shares in H. Ltd.		1,80,000
Bank Loan	80,000	12,000			
	12,60,000	4,68,000		12,60,000	4,68,000

उपरोक्त विनियोगों को ध्यान में रखकर मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

हल क्रमांक 18

1. Calculation of capital profit

   Suppose capital profit of holding company is X

   & Capital profit of Subsidiary Company Y

   X = 1,20,000 + 4/5 Y

   Y = 96,000 + 1/5 X

   Y = 96,000 + 1/5 (1,20,000 + 4/5 Y)

   Y = 96,000 + 24,000 + 4/25

   Y = 4/25Y = 1,20,000 or 21/25Y = 1,20,000

   Y = 1,20,000 × 25/21 = ₹ 1,42,857

   Holding Company's share 4/5 = ₹ 1,14,286

   Minority's share in Holding Co. 1/5 = ₹ 28,571

2. Calculation of Revenue Profit

   Suppose revenue profit of H. Ltd. is X

   & revenue profit of S. Ltd. is Y

   X = 3,60,000 + 4/5 Y

   Y = 60,000 + 1/5 X

   Y = 60,000 + 1/5 (3,60,000 + 4/5 Y)

   Y = 60,000 + 72,000 + 4/25 Y

OR

21/25 Y = 1,32,000

OR

Y = 1,32,000 × 25/21 = ₹ 1,57,143

Holding Company's share = 1,57,143 × 4/5 = 1,25,714

Minority Interest 1,57,143 × 1/5 = 31,429

3. Calculation of Goodwill

Cost of shares		
held by Holding Co. in Subsidiary Co.	2,64,000	
held by Subsidiary Co. in Holding Co.	1,80,000	
		4,44,000
Less: Paid-up value of shares		
held by H. Ltd. in S. Ltd.	1,92,000	
held by S. Ltd. in H. Ltd.	1,20,000	
		3,12,000
		1,32,000
Less: Capital Profit		1,14,286
Goodwill		17,714

4. Calculation of Minority Interest

Share in share capital	48,000
Share in capital profit	28,571
Share in revenue profit	31,429
Minority Interest	1,08,000

5. Calculation of Reserves

Total profit of B Ltd.		
Capital Profit		1,42,857
Revenue Profit		1,57,143
		3,00,000
Less: Total profit of S. Ltd. as per B/s		
Capital profit	96,000	
Transfer from Holding Co.	60,000	1,56,000
Reserve		1,44,000
Total profit of H. Ltd. as per Balance Sheet		4,80,000
Less: Transfer to B. Ltd. as calculated above		1,44,000
		3,36,000
Add: Revenue Profit of S. Ltd.		1,25,714
Total Reserves		4,61,714

टिप्पणी

Consolidated Balance Sheet
(as on 31st March 2020)

Liabilities		Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital			Land & Building		
Authorised, issued &			H. Ltd.	6,50,000	
Subscribed Capital			S. Ltd.	2,00,000	8,50,000
4,800 shares of					
₹ 100 each		4,80,000	Plant & Machinery		
Minority Interest		1,08,000	H. Ltd.	3,46,000	
Reserve		4,61,714	S. Ltd.	88,000	4,34,000
Sundry Creditors					
H. Ltd.	1,00,000		Goodwill		17,714
S. Ltd.	60,000	1,60,000			
Bank Loan					
H. Ltd.	80,000				
S. Ltd.	12,000	92,000			
		13,01,714			13,01,714

3.3.8 मिश्रित लाभ-हानि खाता (Consolidated Profit & Loss Account)

सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारी सहायक कम्पनी की वित्तीय स्थिति जानने के उद्देश्य से एवं पूरे समूह की जानकारी लेने के लिए मिश्रित लाभ-हानि खाते का सहारा ले सकते हैं। मिश्रित लाभ-हानि खाता पूरे समूह के लाभ एवं हानि को प्रदर्शित करता है।

मिश्रित लाभ-हानि खाता बनाते समय निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए–

1. **स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास की व्यवस्था**– जब सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंशों को क्रय किया जाता है तब स्थायी सम्पत्तियों का पुर्नमूल्यांकन किया जा सकता है ऐसी दशा में सम्पत्तियों के ह्रास में वृद्धि या कमी हो सकती है। जैसी भी स्थिति हो ह्रास को मिश्रित लाभ-हानि खाते में समायोजित करना आवश्यक होता है। उसके उपरान्त ही समूह की आर्थिक स्थिति का सही ज्ञान प्राप्त होता है।
2. **स्थायी सम्पत्ति के विक्रय पर लाभ**– यदि समूह के बीच किसी स्थायी सम्पत्ति का विक्रय लाभ पर किया गया है तो इस लाभ की राशि को मिश्रित खाते बनाते समय समाप्त कर दिया जाएगा। एक दूसरे से जो लाभ कमाया जाता है, समूह में कार्य करने पर उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है, लेकिन अल्पमतधारियों से जो लाभ कमाया गया है, उसे पुस्तकों में रहने दिया जाएगा।
3. **आपसी लेन-देन को समाप्त करना**– मिश्रित लाभ-हानि खाता बनाते समय लाभ-हानि से सम्बन्धित मदें जैसे ब्याज, कमीशन लाभांश आदि अगर एक दूसरे से प्राप्त और भुगतान किये गये हैं तो दोनों पक्षों से इन मदों को समाप्त कर दिया जाएगा।

टिप्पणी

4. **सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के मध्य लाभ पर माल का विक्रय**– सूत्रधारी कम्पनी द्वारा यदि माल सहायक कम्पनी को लाभ पर बेचा गया हो या सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी को माल लाभ पर बेचा गया हो, दोनों ही स्थितियों में सम्पूर्ण माल या माल का कुछ भाग अभी भी सम्बन्धित कम्पनी के रहतिये में सम्मलित है तो ऐसे माल पर कमाया गया लाभ अनुपार्जित लाभ (Unrealised Profit) के नाम से घटा दिया जाता है।
5. **सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के संचालकों को पारिश्रमिक का भुगतान**– यदि सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी के संचालकों को पारिश्रमिक का भुगतान किया गया है तो इस राशि को मिश्रित लाभ-हानि खाते से समाप्त किया जाएगा। क्योंकि सूत्रधारी कम्पनी के संचालकों को सहायक कम्पनी से किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक या फीस लेने का अधिकार नहीं है। संचालकों को यह राशि सूत्रधारी कम्पनी को समर्पित करनी होगी।
6. **सहायक कम्पनी से प्राप्त लाभांश**– यदि सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी से कोई लाभांश प्राप्त किया है या प्राप्त करना है तो इसे भी मिश्रित लाभ-हानि खाते से हटा दिया जाएगा। मिश्रित लाभ-हानि खाते के नाम एवं जमा दोनों ही पक्षों से इसे समाप्त कर दिया जाएगा। यदि ऐसी कोई लाभांश की राशि जिसे सूत्रधारी कम्पनी द्वारा प्राप्त नहीं किया गया है या प्रस्तावित लाभांश की राशि, जिसे सूत्रधारी कम्पनी द्वारा लाभ-हानि खाते में क्रेडिट नहीं किया गया है तो पहले सूत्रधारी कम्पनी के लाभ-हानि खाते में लाभांश की राशि क्रेडिट करेंगे, तत्पश्चात् लाभांश की राशि को मिश्रित चिट्ठे के दोनों पक्षों से समाप्त कर दिया जाएगा। लेकिन अल्पमतधारियों के अंश को अल्पमतधारियों के हित में जोड़कर दिखाया जाएगा।
7. **सहायक कम्पनी द्वारा सामान्य संचय में हस्तांतरण**– ऐसी कोई राशि जिसे सहायक कम्पनी ने सूत्रधारी कम्पनी के अंश क्रय करने से पहले सामान्य संचय में हस्तांतरित किया है तो ऐसी राशि को पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।
8. **आयकर एवं आयकर के लिए संचय**– यदि ब्याज एवं लाभांश पर आयकर काटकर शुद्ध रकम लाभ-हानि खाते में प्रदर्शित किया गया है तो इस राशि को सकल बनाकर मिश्रित लाभ-हानि खाते से समाप्त कर दिया जाएगा।

   यदि कम्पनी द्वारा भविष्य के आयकर के भुगतान हेतु कोई संचय बनाया गया है तो इस संचय की राशि को दायित्व के रूप में चिट्ठे में दिखाया जाएगा।
9. **व्यय एवं आय की राशि**– ऐसे व्ययों एवं आयों की राशियों को मिश्रित लाभ-हानि खाते से समाप्त कर दिया जाएगा, जो दोनों कम्पनियों के लिए हैं, जैसे मिश्रण के समय के व्यय, अगर दोनों कम्पनियों द्वारा लाभ-हानि खाते में लिखे गये हैं तो इन्हें लाभ-हानि खाते से हटा दिया जाएगा।

उदाहरण– 19

31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष का सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी का लाभ-हानि खाता इस प्रकार है।

टिप्पणी

Profit & Loss Account
(for the year ended on 31st March, 2018)

Liabilities	H. Ltd.	S. Ltd.	Assets	H. Ltd.	S. Ltd.
To Raw Material	48,000	12,000	By Sales	3,00,000	60,000
To Wages	48,000	9,000			
To Production Exp.	12,000	6,000	By Stock	60,000	12,000
To Administrative Exp.	12,000	6,000			
To Selling & Distribution Exp.	12,000	3,000			
To Interest	6,000	3,000			
To Depreciation	6,000	3,000			
To Profit	2,16,000	30,000			
	3,60,000	72,000		3,60,000	72,000
To Provision for Tax	72,000	12,000	By Profit	2,16,000	30,000
To Proposed Dividend	72,000	9,000			
To Profit	72,000	9,000			
	2,16,000	1,74,000		2,16,000	1,74,000

अन्य जानकारीयाँ

(1) सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी को माल लागत में 20% जोड़कर बेचा।

(2) सहायक कम्पनी के रहतिये में 2,400 ₹ का माल सम्मलित है।

(3) सहायक कम्पनी के प्रशासन व्यय में सूत्रधारी कम्पनी को देय 2,000 ₹ सलाहकार शुल्क के रूप में सम्मलित हैं।

(4) सूत्रधारी कम्पनी के विक्रय एवं वितरण व्यय में सहायक कम्पनी को देय 3,000 ₹ कमीशन के सम्मलित हैं।

(5) सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के 80% अंश अप्रैल 2009 को क्रय किये हैं।

(6) मिश्रित लाभ-हानि खाता बनाइये।

हल क्रमांक 19

Particulars	Amt.	Adjustment	Net Amt.
Incomes			
Sales	3,60,000	-11,000	3,49,000
Stock	72,000	—	72,000
(A)	4,32,000	-11,000	4,21,000
***Less*: Expenses**			
Raw Material	60,000	-6,000	54,000
Wages	57,000	—	57,000
Production Expenses	18,000	—	18,000
Administrative Expenses	18,000	-2,000	16,000
Selling & Distribution Expenses	15,000	-3,000	12,000
Interest	9,000	—	9,000
Depreciation	9,000	—	9,000
(B)	1,86,000	-11,000	1,75,000
Profit before Tax (A-B)	2,46,000	—	2,46,000
Less: Provision for Tax	84,000	—	84,000
Profit after Tax	1,62,000	—	1,62,000
Less: Proposed Dividend	81,000	-7,200	73,800
Balance of Profit	81,000	—	88,200
Less: Minority Interest			2,200
Balance of Profit transferred to consolidated Profit & Loss A/c			86,000

Share of Minority Interest in Profit

$$9{,}000 \times \frac{20}{100} = 1{,}800$$

Share in Stock Reserve

$$2{,}400 \times \frac{20}{120} = 400$$

2,200

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

(1) सूत्रधारी कम्पनी वह कम्पनी होती हैं जो सहायक कम्पनी के अंश क्रय करती है।

(क) 25% से अधिक (ख) 50% से अधिक

(ग) 75% से अधिक (घ) उपरोस्त (ख) एवं (ग)

(2) अल्पमत हित होता है

(क) लाभ (ख) हानि

(ग) दायित्व (घ) सम्पत्ति

3.4 कम्पनियों के परिसमापन के लिए लेखांकन (Accounting for Liquidation of Companies)

टिप्पणी

3.4.1 कम्पनी के समापन की विधियाँ (Modes of Winding up of a Company)

कम्पनी अधिनियम की धारा 425(1) के अन्तर्गत कम्पनी का समापन ऐच्छिक, अनिवार्य एवं न्यायालय द्वारा किया जा सकता है। अनिवार्य एवं एच्छिक समापन की स्थिति में भी कम्पनी न्यायालय द्वारा समापन करवा सकती है, जो कि अंशधारियाँ, लेनदारों, ऋण-पत्रधारियों एवं अन्य व्यापारिक लेनदारों के दृष्टिकोण से उचित होती है। कम्पनी के समापन की विभिन्न विधियाँ इस प्रकार हैं–

(1) **अनिवार्य समापन (Compulsory Winding up)**– अनिवार्य समापन न्यायालय द्वारा किया जाता है। न्यायालय कम्पनी के समापन का आदेश निम्न परिस्थितियों में दे सकता है–

   (a) न्यायालय के समक्ष विशेष प्रस्ताव पारित करके कम्पनी द्वारा समापन किया जा सकता है।

   (b) वैधानिक सभा की वैधानिक रिपोर्ट, कम्पनी रजिस्ट्रार को प्रेषित न की जाए।

   (c) निश्चित अवधि में वैधानिक सभा न करने पर।

   (d) जब कम्पनी का व्यापार एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाए या समामेलन के बाद एक वर्ष के भीतर प्रारम्भ न किया जाए।

   (e) निजी कम्पनी की दशा में सदस्यों की संख्या दो एवं सार्वजनिक कम्पनी की दशा में सदस्यों की संख्या सात से कम होने पर।

   (f) जब कम्पनी अपने देयकों एवं ऋणों के भुगतान करने में समर्थ न हो।

   (g) न्यायालय के दृष्टिकोण से कम्पनी का समापन करना उचित एवं न्यायोचित हो।

   उपरोक्त किसी भी स्थिति में न्यायालय कम्पनी के समापन की प्रार्थना पर विचार करने के उपरान्त समापन का आदेश दे सकता है। आदेश उपरान्त न्यायालय द्वारा समापक (Liquidator) की नियुक्ति कर दी जाती है। समापक की नियुक्ति के 21 दिन के अन्दर एक स्थिति विवरण (Statement of Affairs) सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों के सम्बन्ध में समापक को भेज देना चाहिए।

(2) **ऐच्छिक समापन (Voluntary Winding up)**– ऐच्छिक समापन कम्पनी द्वारा स्वयं किया जाता है, एक निश्चित अवधि या किसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कम्पनी का निर्माण होता है। अवधि समाप्ति पर एवं उद्देश्य प्राप्ति के उपरान्त कम्पनी अपने अस्तित्व को समाप्त कर देती है। ऐच्छिक समापन में न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं होता। लेकिन यदि कम्पनी न्यायालय के समक्ष कम्पनी का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है या पूर्ण रूप से कानूनी प्रक्रिया के तहत अपना कार्य समापन करना चाहती है, तो कम्पनी न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो सकती है।

टिप्पणी

कम्पनी अधिनियम की धारा 484 के अनुसार कम्पनी का ऐच्छिक समापन निम्न प्रकार से किया जा सकता है–

(a) यदि कम्पनी की स्थापना एक निश्चित अवधि के लिए की गई है, और वह अवधि पूर्ण हो जाती है।

(b) कम्पनी की स्थापना किसी उद्देश्य या घटना के लिए की गई हो, जिसके पूर्ण होने या घटना के घटित होने पर कम्पनी का समापन हो जाता है।

(c) कम्पनी अपनी सामान्य सभा में एक विशेष प्रस्ताव पास करके ऐच्छिक समापन का निर्णय ले सकती है।

(d) सदस्यों द्वारा कम्पनी का ऐच्छिक समापन किया जा सकता है।

(e) कम्पनी की शोधन क्षमता के आधार पर कम्पनी के लेनदारों द्वारा ऐच्छिक समापन किया जा सकती है।

(f) किसी सदस्य की प्रार्थना या लेनदारों के द्वारा एक आवेदन के आधार पर कम्पनी का ऐच्छिक समापन न्यायालय के निरीक्षण में किया जा सकता है।

ऐच्छिक समापन दो प्रकार का हो सकता है–

1. सदस्यों द्वारा ऐच्छिक समापन (Member's Voluntary Winding up)– सदस्यों द्वारा ऐच्छिक समापन की दशा में कम्पनी के संचालक, कम्पनी की शोधन क्षमता के विशय में एक घोषणा करते हैं कि कम्पनी में कोई लेनदार नहीं है या कम्पनी अपने देयकों व ऋणों का भुगतान समापन प्रारम्भ होने के तीन वर्षों के अन्दर कर देगी। इसके उपरान्त कम्पनी सामान्य सभा में एक समापक की नियुक्ति करती है। समापन द्वारा सम्पत्तियों से वसूली एवं दायित्वों का भुगतान अधिनियम के अनुसार कर अपना एक विवरण प्रस्तुत करना होता है।

2. लेनदारों द्वारा ऐच्छिक समापन (Creditors Voluntary Winding up)– संयुक्त स्कन्ध कम्पनी ऐच्छिक समापन की दशा में कम्पनी की शोधन क्षमता की घोषणा करती है, यदि वह ऐसा नहीं करती, तो कम्पनी का समापन लेनदारों द्वारा समापन कहलाता है। लेनदारों द्वारा ऐच्छिक समापन की दशा में लेनदारों का कम्पनी की शोधन क्षमता एवं अन्य विवरणों पर नियन्त्रण होता है। ऐसी स्थिति में लेनदारों द्वारा एक सभा बुलायी जाती है, जिसमें कम्पनी के लिए एक निस्तारक की नियुक्ति की जाती है।

3. न्यायालय के निरीक्षण में समापन (Winding up Subject to Supervision of the Court)– किसी भी प्रकार का समापन न्यायालय के निरीक्षण में एक प्रार्थना पत्र देकर किया जा सकता है। कम्पनी का कोई भी सदस्य लेनदार या अन्य कोई जिसका कम्पनी में हित हो, प्रार्थना पत्र न्यायालय को प्रस्तुत कर कम्पनी का समापन न्यायालय के निरीक्षण में करा सकता है, यदि न्यायालय आवश्यक और उचित समझे तो कम्पनी के समापन के सम्बन्ध में कम्पनी, सदस्यधारी एवं लेनदारों को निर्देश अथवा विशेष निर्देश दे सकता है। इसके अतिरिक्त यदि न्यायालय चाहे तो पहले से नियुक्त निस्तारक के अतिरिक्त एक और निस्तारक की नियुक्ति भी कर सकता है। न्यायालय उसी दशा में विशेष निर्देश देता है जब उसे यह विश्वास होता है कि कम्पनी के अल्पमतधारियों को धोखा देकर या उन पर दबाव बनाकर समापन कर निर्णय लिया गया है, इसी बात को ध्यान में रखकर न्यायालय एक अतिरिक्त समापक की नियुक्ति करता है।

कम्पनी के समापन पर विभिन्न पक्षों की स्थिति– एक कम्पनी में विभिन्न पक्षों का योगदान होता है, उसी तरह से विभिन्न पक्षों का कम्पनी में हित होता है। जब कम्पनी का अस्तित्व समाप्त होता है उस दशा में कम्पनी के अंशधारियों, लेनदारों कर्मचारियों एवं अन्य को कम्पनी द्वारा उनकी देय राशि का भुगतान करना पड़ता है। ज्यादातर कम्पनी जब हानि की स्थिति में होती है या जब कम्पनी के दायित्व कम्पनी की सम्पत्तियों से अधिक हो जाते हैं, एवं कम्पनी को ऐसा विश्वास हो जाता है कि वह अपने दायित्वों का भुगतान करने में असमर्थ रहेगी, ऐसी दशा में कम्पनी अपने आप को दिवालिया घोषित करते हुए न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत करती है कि कम्पनी अपने अस्तित्व को समाप्त करना चाहती है, कम्पनी के समापन पर विभिन्न पक्षों के भुगतान की वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए कम्पनी के निस्तारक द्वारा कम्पनी के समस्त दायित्वों का निपटारा किया जाता है।

कम्पनी के समापन का मुख्यतः दो पक्षों पर विशेष प्रभाव पड़ता है–

1. कम्पनी के समापन पर अंशधारियों की स्थिति
2. कम्पनी के समापन पर लेनदारों की स्थिति

I. कम्पनी के समापन पर अंशधारियों की स्थिति

कम्पनी अपने व्यवसाय काल में अंशों पर पूर्ण राशि प्राप्त नहीं करती है, कुछ याचनाएं अंशधारियों पर रह जाती हैं, जब कम्पनी का समापन होता है तथा दायित्वों के भुगतान की आवश्यकता को देखते हुए कम्पनी शेष राशि की याचना अपने अंशधारियों से करती है ऐसी दशा में अर्थात कम्पनी के समापन की कार्यवाही प्रारम्भ होने पर अंशधारियों को कम्पनी सम्पत्ति में अपना योगदान देना पड़ता है अतः ऐसी स्थिति में यह अंशधारी कम्पनी के योगदायी कहलाते हैं। योगदायी दो प्रकार के होते हैं–

(a) **'अ' तालिका योगदायी ('A' List Contributories)–** अ तालिका योगदायी वे अंशधारी कहलाते हैं, जो वर्तमान में कम्पनी के अंशधारी होते हैं।

(b) **'ब' तालिका योगदायी ('B' List Contributories)–** ऐसे अंशधारी जो अपने अंशों का हस्तांतरण समापन प्रारम्भ होने के एक वर्ष के अन्दर कर देते हैं ब तालिका योगदायी कहलाते हैं। ऐसे अंशधारियों का दायित्व उसी दशा में होता है जब वर्तमान अंशधारी अपने दायित्व को पूरा करने में असमर्थ रहते हैं। योगदायी अंशधारी को ऐसे धन को समायोजित करने का अधिकार प्राप्त नहीं होता है, जो उसे लाभांश या अन्य किसी मद के सम्बन्ध में कम्पनी से प्राप्त करना हो।

II. कम्पनी के समापन पर लेनदारों की स्थिति

किसी भी कम्पनी के समापन की दशा में कम्पनी के अंशधारियों से पहले कम्पनी के लेनदारों को अपनी देय राशि प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त होता है। यदि कम्पनी दिवालिया नहीं हुयी है तो कम्पनी के समस्त लेनदारों का भुगतान कर दिया जाता है, यदि कम्पनी दिवालिया हो जाती है तो लेनदारों का भुगतान दिवालिया सिद्धान्तों के अधीन होगा।

कम्पनी में लेनदार निम्न प्रकार के होते हैं।

(a) सुरक्षित लेनदार (Secured Creditors)– सुरक्षित लेनदार वे लेनदार होते हैं, जिन्हें किसी सम्पत्ति पर यह अधिकार प्राप्त होता है कि पर्याप्त राशि न होने पर

टिप्पणी

सम्बन्धित सम्पत्ति को बेचने से प्राप्त राशि पर सबसे पहला अधिकार सुरक्षित लेनदारों का होता है।

सुरक्षित लेनदार को निम्न अधिकार प्राप्त होंगे–

(1) यदि सुरक्षित लेनदार प्रतिभूति को अपने ऋण के विरुद्ध पर्याप्त समझता है तो इस प्रतिभूति से रकम प्राप्त कर सकता है व आधिक्य की राशि समापक को सौंप देता है।

(2) यदि सुरक्षित लेनदार अपने ऋण के विरुद्ध प्रतिभूति से पर्याप्त राशि प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो शेष राशि असुरक्षित लेनदारों की तरह माँग कर सकते हैं।

(3) लेनदार अपने ऋण के विरुद्ध प्रतिभूति का समर्पण करके समस्त राशि असुरक्षित लेनदार की तरह माँग कर सकते हैं।

कम्पनी अधिनियम की धारा 529-A के अनुसार सुरक्षित लेनदारों की प्रतिभूति में कर्मचारियों को देय धनराशि का भी आनुपातिक हिस्सा रहेगा। प्रतिभूति की राशि से कर्मचारियों को भुगतान करने के कारण सुरक्षित लेनदारों को जितना कम भुगतान हो सका है वह राशि पूर्वाधिकार सुरक्षित लेनदारों की भाँति भुगतान की जाएगी।

कर्मचारियों को देय राशि– उपरोक्त वर्णित कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारियों से है जो औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत कर्मचारी माने जाते हैं। कर्मचारियों के देय राशि में निम्नलिखित मदें शामिल की जाती हैं–

(1) सभी मजदूरी व वेतन जिसका भुगतान समय या कार्य के आधार पर किया जाता है।

(2) अवकाश का पारिश्रमिक

(3) औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत देय क्षतिपूर्ति।

(4) कम्पनी के कार्यों के लिए देय कमीशन की राशि।

(5) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के अन्तर्गत देय राशि, लेकिन इसमें निम्न परिस्थितियों को सम्मलित नहीं किया जाएगा–

(a) जब कम्पनी का समापन दो कम्पनियों के मिश्रण हेतु किया जाता है।

(b) जब अधिनियम के अन्तर्गत दायित्वों का बीमा कराया गया हो एवं बीमे की राशि कर्मचारियों को हस्तांतरीय हो।

(c) कर्मचारियों के हित के लिए बनाया गया फंड जैसे ग्रेच्युटी फंड, पेन्शन फंड, प्रावीडेन्ट फंड आदि।

(b) पूर्वाधिकार लेनदार (Preferencial Creditors)– ऐसे लेनदार जिन्हें सचल प्रभाव रखने वाले एवं ऋण-पत्रधारियों व अन्य असुरक्षित लेनदारों से पहले अपनी देय राशि प्राप्त करने का अधिकार होता है, पूर्वाधिकार लेनदार कहलाते हैं।

पूर्वाधिकार लेनदारों में निम्न मदें सम्मलित होती हैं–

1. केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों को देय कर की राशि।
2. उपरोक्त देय कर की राशि निर्धारित तिथि से पूर्व 12 माह के अन्दर देय हो गई हो।

3. निर्धारित तिथि के पहले 12 माह के अन्दर अधिकतम चार माह का वेतन जो कि समय या कार्य के आधार पर देय हो।
4. अवकाश का समस्त पारिश्रमिक।
5. कर्मचारी क्षतिपूर्ति की राशि।
6. प्रावीडेन्ट फंड, ग्रेच्युटी फंड, पेन्शन फंड आदि से देय राशि जो कर्मचारी के हित में हो।
7. कम्पनी अधिनियम की धारा 235 या 237 के अन्तर्गत की गई कम्पनी की जाँच से सम्बन्धित देय व्यय की राशि।
8. उपरोक्त वर्णित (3) में देय राशि यदि ऋण लेकर भुगतान की गई तो सीमा के अन्दर भुगतान की गई राशि।

(c) असुरक्षित लेनदार (Unsecured Creditors)– ऐसे लेनदार जिन्हें न तो कोई प्रतिभूति अपनी देय राशि के विरुद्ध प्राप्त होती है और न ही वे पूर्वाधिकार लेनदार होते हैं, असुरक्षित लेनदारों की राशि में सम्मिलित किये जाते हैं। असुरक्षित लेनदारों की देय राशि का भुगतान सुरक्षित लेनदारों, ऋण-पत्रधारियों एवं पूर्वाधिकार लेनदारों के भुगतान के पश्चात् किया जाता है।

3.4.2 पूर्वाधिकार के आधार पर देय राशि का भुगतान (Compensation of dues on the basics of Priority)

कम्पनी के निस्तारक को सम्पत्तियों से वसूली करने के उपरान्त पूर्वाधिकार के आधार पर विभिन्न देय राशियों का भुगतान करना चाहिए। विभिन्न देय राशि का भुगतान निम्न क्रम में किया जाएगा–

(1) सुरक्षित लेनदार
(2) कानूनी व्यय।
(3) निस्तारक का पारिश्रमिक।
(4) समापन से सम्बन्धित लागत एवं व्यय।
(5) धारा 530 के अन्तर्गत पूर्वाधिकार लेनदार।
(6) कम्पनी की किसी भी सम्पत्ति पर चल प्रभार रखने वाले दायित्व।
(7) असुरक्षित लेनदार
(8) कम्पनी के अंशधारियों को भुगतान
  (a) पूर्वाधिकार अंशधारी
  (b) समता अंशधारी

3.4.3 समापक के खाते का अन्तिम विवरण (Liquidator's Final Statement of Account)

Profit &			of Dhruv Ltd.	32,500	
Loss A/c	10,000	5,000			
Creditors	30,000	4,000			
Bills Payable	7,500	1,000			
	1,32,500	40,000		1,32,500	40,000

सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के समस्त अंशों का क्रय 30 सितम्बर 2018 को किया गया। 31 मार्च 2019 की सहायक कम्पनी ने अपने लाभों में से 2,500 ₹ संचय खाते में हस्तांतरित किये। मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Ans.: Goodwill ₹ 1250, Consolidated B/S ₹ 1,41,250.

5. निम्न स्थिति विवरण नरेन्द्र लि. एवं महेन्द्र लिमिटेड का 31 दिसम्बर 2019 का है।

Liabilities	Narendra Ltd.	Mahendra Ltd.	Assets	Narendra Ltd.	Mahendra Ltd.
Share Capital					
Equity Share			Land & Building	2,00,000	10,00,000
Capital					
(₹ 10 each)	8,00,000	12,00,000	Plant & Machinery	1,60,000	6,80,000
Pref. share			Investment in		
Capital @			9,000 Equity		
			shares	12,00,000	
₹ 10 each)	4,00,000	1,60,000	100 Pref. Shares	1,60,000	
Reserves	1,60,000	40,000	Debtors	40,000	
Profit & Loss A/c	2,00,000	80,000			
Creditors	1,50,000	1,50,000			
Bills Payable	50,000	50,000			
	17,60,000	16,80,000		17,60,000	16,80,000

महेन्द्र लिमिटेड के अंशों का क्रय 1 जनवरी 2019 को नरेन्द्र लिमिटेड द्वारा करने के समय लाभ-हानि खाते का नाम शेष 40,000 ₹ था तथा संचय खाते में कोई शेष नहीं था। कम्पनी का मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Ans.: Goodwill ₹ 3,90,000, Minority Interest ₹ 4,20,000, Consolidated B/S ₹ 24,70,000.

टिप्पणी

6. निम्न जावेद लिमिटेड एवं अख्तर लिमिटेड के चिट्ठे से जावेद अख्तर लिमिटेड का मिश्रित चिट्ठा बनाइये। जावेद लिमिटेड ने अख्तर लिमिटेड के 4,000 अंशों का क्रय 50,000 ₹ की लागत पर 30 जून 2019 को किया।

Liabilities	Javed Ltd.	Akhtar Ltd.	Assets	Javed Ltd.	Akhtar Ltd.
Share capital (in ₹ 10 shares)	2,40,000	60,000	Plant & Machinery	70,000	25,000
Creditors	30,000	10,000	Land & Building	1,50,000	55,000
General Reserve	50,000	12,000	Investments 4,000 shares @ ₹ 125 each	50,000	
Profit & Loss A/c	24,000	18,000	Stock	27,000	75,000
			Debtors	45,000	12,500
			Bank	2,000	—
	3,44,000	1,00,000		3,44,000	1,00,000

क्रय की तिथि तक 10,000 ₹ का लाभ अवितरित था जो कि सामान्य संचय में सम्मलित है।

Ans.: Minority Interest ₹ 30,000, Total of B/S ₹ 3,97,334.

7. एक्स एवं वाई लिमिटेड का चिट्ठा 31 दिसम्बर 2019 को निम्न स्थिति प्रकट करता है।

Liabilities	X Ltd.	Y Ltd.	Assets	X Ltd.	Y Ltd.
35,000 Equity shares of ₹ 100 each full paid	35,00,000		Land & Building	7,00,000	2,80,000
			Plant & Machinery	6,00,000	3,50,000
			Stock	7,30,000	2,10,000
70,000 Equity Shares of ₹ 10 each full paid	—	7,00,000	Debtors	2,80,000	2,10,000
			Bills payable	35,000	40,000
			Bank	7,00,000	1,00,000
General Reserve	70,000	2,80,000	Cash	1,05,000	35,000
Creditors	1,00,000	2,10,000	Investments		
Bills payable	40,000	35,000	52,500 shares of Y Ltd.	5,60,000	
	37,10,000	12,25,000		37,10,000	12,25,000

एक्स लिमिटेड द्वारा वाई लिमिटेड के अंश क्रय की तिथि को वाई लिमिटेड के सामान्य संचय का शेष 70,000 ₹ था। 2019 की स्थिति में वाई लिमिटेड द्वारा किसी प्रकार का लाभांश घोषित नहीं किया गया।

एक्स लिमिटेड के सभी प्राप्त बिल, वाई लिमिटेड पर लिखे गये हैं। आपको 31 दिसम्बर, 2019 को एक्स लि. एवं वाई लिमिटेड का मिश्रित चिट्ठा बनाना है।

Ans.: Capital Reserve ₹ 17,500, Minority Interest ₹ 2,45,000, Total of Balance Sheet ₹ 6,20,000.

टिप्पणी

8. नीचे दिये गये चिट्ठे एवं जानकारियों से 31 दिसम्बर, 2019 के लिए मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Liabilities	X Ltd.	Y Ltd.	Assets	X Ltd.	Y Ltd.
Share Capital (in shares of ₹ 10 each)	45,00,000	9,00,000	Land & Building	30,00,000	5,00,000
Profit & Loss A/c	18,00,000	5,40,000	Plant & Machinery	6,00,000	40,000
Reserves	5,40,000	2,70,000	Stock	27,00,000	10,80,000
Bills payable		1,35,000	Debtors	6,50,000	7,00,000
Creditors	9,90,000	5,40,000	Bills payable	2,05,000	65,000
			Investments Shares in S Ltd. at Govt. (67,500 Shares)	6,75,000	
	78,30,000	23,85,000		78,30,000	23,85,000

अतिरिक्त जानकारियाँ

(1) एस लिमिटेड द्वारा स्वीकार किये गये समस्त बिल एच लिमिटेड के पक्ष में हैं।

(2) एच लिमिटेड के रहतिये में एस लिमिटेड से क्रय किये गये माल के 2,25,000 ₹ सम्मिलित हैं जो विक्रय के 20% लाभ पर है।

(3) एस लिमिटेड का समस्त लाभ एच लिमिटेड द्वारा अंश क्रय करने के बाद का है, लेकिन सामान्य संचय 2,70,000 ₹ क्रय तिथि के पूर्व के हैं।

Ans.: Capital Reserve ₹ 2,02,500, Minority Interest ₹ 4,27,500 Total Balance Sheet ₹ 93,60,000.

9. रमेश लिमिटेड ने 16,80,000 ₹ की कुल लागत पर 1 जुलाई 2009 को महेश लिमिटेड के समस्त अंश क्रय कर लिए। 31 दिसम्बर, 2019 को जब दोनों कम्पनियों के खाते बनाये गये, चिट्ठे निम्न प्रकार थे।

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Land & Building	15,00,000
Shares of ₹ 50 each	22,50,000	Plant & Machinery	4,95,000
Creditors	2,25,000	Debtors	4,20,000
General Reserves	14,25,000	Stock	5,10,000
Profit & Loss A/c	12,00,000	Investments	16,80,000
		Cash at Bank	4,95,000
	51,00,000		51,00,000

टिप्पणी

अतिरिक्त जानकारियाँ
Additional Information

(1) महेश लिमिटेड से खरीदे गये माल से सम्बन्धित 90,000 ₹ सम्मलित है जिस पर महेश लि. ने 22,500 ₹ का लाभ अर्जित किया है।

(2) महेश लि. से खरीदे गये 90,000 ₹ के माल से बचा हुआ 45,000 ₹ की लागत का स्टॉक सम्मलित है।

(3) महेश लिमिटेड से प्राप्त 16% प्रति वर्ष की दर से अन्तरिम लाभांश सम्मिलित है।

(4) 1 जनवरी 2019 को महेश लिमिटेड के लाभ-हानि खाते का शेष 4,20,000 ₹ था।

(5) आवश्यक समायोजन कीजिए तथा 31 दिसम्बर 2019 को मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

(6) महेश लिमिटेड का चिट्ठा 31 दिसम्बर, 2019 को निम्न स्थिति प्रकट करता है।

Balance Sheet of Mahesh Ltd.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Land & Building	4,50,000
Share of ₹ 5 each	7,50,000	Plant & Machinery	1,11,500
General Reserve		Stock	2,75,000
(1st Jan 2009)	30,000	Debtors	4,90,000
Profit & Loss A/c	5,40,000	Cash at Bank	1,55,000
Creditors	2,41,500	Cash in Hand	80,000
	15,61,500		15,61,500

Ans.: Goodwill ₹ 3,60,000

Total of Balance Sheet ₹ 52,40,250

10. 1st अप्रैल 2019 को रवि लिमिटेड ने शशि लिमिटेड के 80% समता अंश एवं 30% पूर्वाधिकार अंशों का क्रय क्रमशः 8,77,500 तथा 1,37,250 ₹ में किया। इस तिथि को शशि लिमिटेड के सामान्य संचय का शेष 1,35,000 ₹ तथा लाभ-हानि खाते का शेष 18,000 ₹ था। 31 मार्च 2019 को दोनों कम्पनियों का स्थिति विवरण निम्नानुसार है।

टिप्पणी

Liabilities	Ravi Ltd.	Shashi Ltd.	Assets	Ravi Ltd.	Shashi Ltd.
Equity share	45,00,000	9,00,000	Land & Building	22,00,000	9,00,000
capital			Plant &		
10% Pref. share			Machinery	17,50,000	3,50,000
Capital	12,15,000	4,50,000	Stock	11,45,000	92,500
General Reserve	1,35,000	1,80,000	Debtors	1,25,250	99,500
Profit &					
Loss A/c	4,50,000	1,75,500	Cash in hand	4,00,000	2,00,000
Creditors	8,10,000	4,36,500	Cash at Bank	4,75,000	5,00,000
			80% Equity share		
			in Shashi Co.	8,77,500	
			30% Pref. shares		
			in Shashi Co.	1,37,250	
	71,10,000	21,42,000		71,10,000	21,42,000

आपको 31 मार्च 2019 को मिश्रित चिट्ठा बनाना है।

Ans.: Goodwill ₹ 37,350, Minority Interest ₹ 5,88,600 Total of Balance Sheet ₹ 82,74,600.

11. सोनी कम्पनी लिमिटेड ने 32,000 समता अंश 1 जनवरी 2019 को मोनी कम्पनी लिमिटेड के क्रय किये। 31 दिसम्बर 2019 को दोनों कम्पनियों का चिट्ठा निम्न स्थिति प्रकट करता है।

Liabilities	Sony Ltd.	Mony Ltd.	Assets	Sony Ltd.	Mony Ltd.
Equity share			Land & Building	25,00,000	30,00,000
Capital @			Plant &		
₹ 100 each	80,00,000	40,00,000	Machinery	15,00,000	6,00,000
General			Debtors	4,00,000	4,80,000
Reserve			Shares in Many		
as on			Ltd. at a cost		
1st Jan 2019	16,00,000	8,00,000	of ₹ 125 each	40,00,000	—
Profit &			Bills Receivable	3,20,000	40,000
Loss A/c			Cash in hand	5,00,000	80,000
as on			Cash at Bank	15,00,000	12,00,000
1st Jan 2019	4,00,000	2,40,000	Stock	6,00,000	4,00,000
Profit &					
Loss A/c					
for 2019	8,00,000	3,20,000			
Creditors	3,00,000	3,00,000			
Bills Payable	2,20,000	1,40,000			
	1,13,20,000	58,00,000		1,13,20,000	58,00,000

अन्य जानकारियाँ
Other Information

टिप्पणी

(1) सोनी कम्पनी के 40,000 ₹ के प्राप्त बिलों को जी कम्पनी ने स्वीकार किया है।

(2) सोनी कम्पनी के देनदारों में 2,00,000 ₹ के देनदार जी लिमिटेड को देय हैं।

(3) सोनी लिमिटेड से क्रय किये गये माल का रहतिया 2,40,000 ₹ जी लिमिटेड में शामिल है जिसे सोनी लिमिटेड ने लागत पर 25% जोड़कर भेजा था।

(4) मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

Ans.: Capital Reserve ₹ 32,000, Minority Interest ₹ 10,72,000, Total of Balance Sheet ₹ 1,28,41,600.

12. निम्न जानकारियों के आधार पर मिश्रित चिट्ठा बनाइये।

1. सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के 2/3 भाग के अंशों का क्रय 1 अप्रैल 2009 को किया।
2. वर्ष के प्रारम्भ में सामान्य संचय खाते का शेष 28,000 ₹ था।
3. वर्ष के प्रारम्भ में सहायक कम्पनी के लाभ-हानि खाते का शेष 4,000 ₹ था।
4. सहायक कम्पनी की विविध सम्पत्तियों को 4,000 ₹ से अपलिखित किया जाना है।
5. सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी पर 40,000 ₹ के बिल लिखे, 24,000 ₹ के बिलों को बैंक से भुना लिया गया।
6. सहायक कम्पनी के लेनदारों में 20,000 ₹ का माल सूत्रधारी कम्पनी से क्रय किया हुआ शामिल है, जिसे सूत्रधारी कम्पनी ने 20% लाभ पर बेचा था।
7. सहायक कम्पनी के रहतिये में 4,000 ₹ का माल सूत्रधारी कम्पनी से क्रय किया हुआ शामिल है।
8. दोनों कम्पनियों के चिट्ठे निम्नानुसार हैं।

टिप्पणी

Liabilities	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.	Assets	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.
Equity share					
Capital @ ₹ 10			Sundry Assets	2,24,000	2,44,000
each	2,00,000	1,20,000	Debtors	40,000	12,000
			Investment		8,000
Reserves	80,000	40,000	8,000 shares		
Profit & Loss A/c	40,000	64,000	@ ₹ 95 each	76,000	
Creditors	45,000	25,000	Bills Receivable	50,000	6,000
Bank Loan	35,000	15,000	Cash	10,000	6,000
Bills payable	60,000	1,00,000	Stock	60,000	88,000
	4,60,000	3,64,000		4,60,000	3,64,000

Ans.: Capital Reserve ₹ 30,667, Minority Interest ₹ 73,333. Total of B/s ₹ 6,99,467.

13. सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के निम्न लाभ-हानि खाते से 31 दिसम्बर 2019 को मिश्रित लाभ-हानि खाता बनाइये।

Liabilities	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.	Assets	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.
To Interim			By Net profit	4,00,000	
Dividend	60,000	30,000	By Interim		
To Proposed	90,000	45,000	Dividend		1,50,000
Dividend		75,000	from subsidiary		
To Balance C/d	2,92,500		Ltd.	42,500	
	4,42,500	1,50,000		4,42,500	1,50,000

सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी द्वारा कुल निर्गमित पूँजी 12,000 अंशों में से 9,000 अंशों का क्रय 1 अप्रैल 2019 को किया। अंश क्रय तिथि पर सहायक कम्पनी के लाभ-हानि खाते का शेष 54,000 ₹ था।

Ans.: Profit ₹ 3,40,650.

14. 31 मार्च, 2019 को सूत्रधारी कम्पनी व सहायक कम्पनी का लाभ-हानि खाता इस प्रकार है–

Liabilities	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.	Assets	Holding Ltd.	Subsidiary Ltd.
To Opening stock	1,50,000	75,000	By Sales	12,00,000	10,50,000
To Purchases	6,00,000	4,50,000	By Closing Stock	3,00,000	22,500
To Wages	1,05,000	75,000			
To Gross Profit	6,45,000	4,72,500			
	15,00,000	10,72,500		15,00,000	10,72,500
To Sundry Exp.	1,38,000	90,000	By Gross Profit	6,45,000	4,72,500
To Depreciation	1,45,500	97,500	By Dep. Interest	4,500	
To Deb. Interest	—	9,000	By Preference		

To Net Profit	3,86,475	2,76,000	Shares Dividend	1,800	
			By Equity shares dividend	7,875	
			By Accrued dividend		
			Pref. shares	1,800	
			Equity shares	9,000	
	6,69,975	4,72,500		6,69,975	4,72,500
To Preference Divi.	—	4,500	By Net Profit	3,86,475,	2,76,000
To Interim dividend on Equity shares	—	10,500			
To Proposed dividend					
On Pref. shares		4,500			
On Equity shares	1,50,000	12,000			
To Balance C/d	2,36,475	2,44,500			
	3,86,475	2,76,000		3,86,475	2,76,000

The following further information is given–

(1) The Share capital of subsidiary company, comprised 3,000 Equity Shares of ₹ 50 each & 1,500, 15% preference shares of ₹ 50 each. It has also issued 15% debentures of ₹ 60,000.

(2) The shares in subsidiary were acquired by Holding Company on 1st July, 2009 and consisted of 75% of Equity Capital & 40% of preference share capital. Half of the debentures of subsidiary Co. were acquired by Holding Company, on 1st April 2009.

(3) After the acquisition of control, Holding Company, bought goods from subsidiary company at selling price which is cost + 25% valued at ₹ 40,000. One fourth of this purchase was still with Holding Company.

(4) Included in the fixed assets of subsidiary company is machinery which stood in books on 1st April, 2009 at ₹ 1,50,000. On which depreciation has been written off, @ 10% p.a. It was revalued at ₹ 1,80,000 on the date of acquistion of control. But the appreciation in the value of machinery remains unrecorded as yet.

Prepare a consolidated Profit & Loss a/c & Balance Sheet.

Ans.: Capital Reserve ₹ 50,062.5, Minority Interest ₹ 60,492

Total of Balance Sheet ₹ 3,65,638.5.

टिप्पणी

15. अमित लि. की पूँजी निम्न प्रकार थी– (a) प्रत्येक 100 ₹ में 4,500 X समता अंश 75 ₹ प्रति अंश दत्त (b) प्रत्येक 100 ₹ के 2,000 Y समता अंश 80 ₹ प्रति अंश दत्त तथा (c) प्रत्येक 100 ₹ के 1,500 पूर्वदत्त पूर्वाधिकार अंश (अन्तर्नियमों के अन्तर्गत, पूँजी के सम्बन्ध में ये अंश पूर्वाधिकार रखते थे)।

    विविध लेनदार (परिसमापक के 10,000 ₹ के पारिश्रमिक को शामिल करते हुए) 1,60,000 ₹ के थे। परिसमापक ने Y समता अंशों पर शेष 20 ₹ प्रति अंश की माँग की, जिसे पूर्ण रूप से चुका दिया गया। X समता अंशों पर भी 25 ₹ प्रति अंश की माँग की गई, और 500 अंशों के अपवाद के साथ इसे भी पूर्ण रुपेण चुका दिया गया। सम्पत्तियों से 6,00,000 ₹ वसूल हुए। परिसमापक का लेखा विवरण तैयार कीजिए।

16. दीपक लि. (जिसका ऐच्छिक परिसमापन हो रहा है) ने अपने लेनदारों को पूर्णरूपेण चुका दिया है, और परिसमापक अंशधारियों को पूँजी वापस करने की स्थिति में है। स्थिति निम्न प्रकार है–

    निर्गमित अंश पूँजीः प्रत्येक 10 ₹ के 20,000 पूर्वाधिकार अंश (पूर्णदत्त) प्रत्येक 10 ₹ के 30,000 समता अंश (पूर्णदत्त) तथा प्रत्येक 10 ₹ के 25,000 समता अंश (8 ₹ दत्त) कम्पनी के अन्तर्नियमों में यह व्यवस्था है कि पूँजी के पुनः भुगतान के सम्बन्ध में पूर्वाधिकार अंशों को समता अंशों पर प्राथमिकता प्राप्त होगी। परिसमापन की लागत 5,000 ₹ है। लेनदार 60,000 ₹ के हैं। सम्पत्तियों से 7,00,000 ₹ वसूल हुए। अंशतः दत्त समता अंशों पर (2 ₹ प्रति अंश की माँग 1,000) अंशों का स्वामित्व रखने वाले एक अंशधारी की स्थिति के अलावा यथाविधि चुकायी गयी। परिसमापक का अन्तिम लेखा विवरण तैयार कीजिए।

17. 1 जनवरी 2009 को, जबकि निम्नलिखित स्थिति विवरण तैयार किया गया था, कम्पनी लिमिटेड का समापन हुआ–

Liabilties	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
अंश पूँजी–		हाथ में रोकड़	40,000
प्रत्येक 1 ₹ के			
5,00,000 अंश	5,00,000	स्टॉक	1,50,000
लेनदार	50,000	देनदार	2,10,000
		लाभ-हानि खाता	1,50,000
	5,50,000		5,50,000

    लेनदारों से 10,000 ₹ के पूर्वाधिकार लेनदार शामिल हैं। परिसमापक के पारिश्रमिक की गणना वसूल हुई राशि पर 10% और आरक्षित लेनदारों में बाँटी गई राशि पर 3% की दर से की जानी है। परिसमापन के व्यय 9,000 ₹ हुए। परिसमापक का अन्तिम लेखा–विवरण तैयार कीजिए।

18. साकेत कम्पनी ने (जो ऐच्छिक समापन में है) अपने सभी लेनदारों को पूर्ण भुगतान कर दिया है और निस्तारक अंशधारियों को राशियाँ लौटाने की स्थिति में है। स्थिति निम्न प्रकार है– निर्गमित अंश पूँजी : 500 पूर्वाधिकारी अंश 100 ₹ वाले (पूर्णदत्त) 300 समता अंश 100 ₹ वाले (पूर्णदत्त) 500 समता अंश 100 ₹ वाले (प्रत्येक पर 80 ₹ चुकता किया गया है) पार्षद अन्तर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशों का समता अंशों की तुलना में पूँजी भुगतान के लिए पूर्वाधिकार प्राप्त हैं समापन के व्यय 5,000 ₹ है। लेनदार 40,000 ₹ के है। सम्पत्तियों पर 15,500 ₹ वसूल हुए। आंशिक रूप से भुगतान किये हुए अंशों पर प्रति अंश 20 ₹ की याचना की गयी। सभी अंशों पर पूर्ण राशि प्राप्त हो गयी परन्तु एक अंशधारी ने जिसके पास 50 अंश थे इसका भुगतान नहीं किया है। निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये।

19. एक सीमित दायित्व वाली कम्पनी का ऐच्छिक समापन 31 मार्च 2009 को हुआ। इसकी चुकता पूँजी 8,00,000 ₹ थी। समापन की तिथि पर उसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों के निम्नांकित विवरण थे : मशीनरी, रहतिया और देनदार 8,00,000 ₹, रोकड़ 65,000 ₹, लेनदार 3,00,000 ₹, 6% ऋण पत्र 5,00,000 ₹ जिन्हें सम्पत्तियों पर चल प्रभार है इन पर 6 माह का ब्याज अदत्त है।

    ऋण-पत्रों का भुगतान ब्याज सहित 31 दिसंबर 2019 तक कर दिया गया। इस तिथि पर लेनदारों को भी प्रथम एवं अन्तिम लाभांश का भुगतान कर दिया गया। 50,000 ₹ के पूर्वाधिकार लेनदार है, और शेष आरक्षित हैं। समापन के व्यय 15,000 ₹ है। निस्तारक को वसूल किये हुए रुपयों पर 5% कमीशन मिलता है। और 2% कमीशन उस राशि पर मिलता है जो कि पूर्वाधिकार लेनदारों को भुगतान किया जाता है। निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइए।

20. अप्सरा लिमिटेड का जिसके स्थिति विवरण में अदत्त अंश पूँजी 5,00,000 ₹ और 1,95,000 ₹ की हानि दिखायी गयी है, 31 मार्च 2019 को ऐच्छिक समापन हुआ। उक्त तारीख को उसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण निम्न प्रकार है–

    मशीनरी, स्टॉक एवं देनदार 3,00,000 ₹, रोकड़ 47,500 ₹, लेनदार 2,20,000 ₹ 6% ऋण-पत्र 1,50,000 ₹ और ब्याज की अदत्त राशि 6 माह की 4,500 ₹।

    उक्त ऋण-पत्रों का ब्याज सहित भुगतान 30 सितंबर 2009 तक कर दिया गया; इस तारीख को लेनदारों को प्रथम व अन्तिम लाभांश भी दिया। 20,000 ₹, के लेनदार पूर्वाधिकार हैं, और शेष आरक्षित हैं। समापन की लागत 4000 ₹ है। निस्तारक को सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि पर 2% का और आरक्षित लेनदारों को वितरित की हुई राशि पर 5% अपने पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त करने का अधिकार है। निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता तैयार कीजिए।

टिप्पणी

21. एक कम्पनी का ऐच्छिक समापन हुआ। इसकी सम्पत्तियों से 4,50,000 ₹ प्राप्त हुए। इसमें वह राशि शामिल नहीं है जो कि उन प्रतिभूतियों के बेचने से प्राप्त हुई जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के अधिकारों में थी। अन्य जानकारियाँ इस प्रकार हैं–

अंश पूँजी 100 ₹ वाले 2000 अंश	2,00,000
पूर्ण रक्षित लेनदार (प्रतिभूतियों पर 2,50,000 ₹ प्राप्त हुए)	20,000
पूर्वाधिकार लेनदार	45,000
आरक्षित लेनदार	2,60,000
ऋणपत्र जिनका कम्पनी की सम्पत्तियों पर फलोटिंग अधिकार हो	3,00,000
समापन व्यय	12,000
निस्तारक का पारिश्रमिक	18,000

निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये।

22. टॉप कम्पनी ऐच्छिक समापन में है। इसकी पूँजी निम्न प्रकार है – 8,000 पूर्वाधिकार अंश, 100 ₹ (पूर्वदत्त), 10,000 समता अंश 10 ₹ वाले पूर्वदत्त 15,000 समता अंश 10 ₹ वाले (प्रति अंश पर 8 ₹ चुकता किये गए)। पूँजी के भुगतान के लिए पूर्वाधिकार अंशों को समता अंशों पर प्राथमिकता है। आरक्षित लेनदार 40,000 ₹ तथा समापन की लागत जिसमें निस्तारक का पारिश्रमिक भी शामिल है। 7,000 ₹ उन सम्पत्तियों पर जो कहीं भी गिरवी नहीं है 59,000 ₹ प्राप्त हुए और रक्षित लेनदारों से 20,000 ₹ आधिक्य के प्राप्त हुए। आंशिक चुकाये गए समता अंशों पर याचना की गई इन पर पूरी राशि प्राप्त हो गई है। परन्तु 1,000 अंशों पर यह याचना की राशि प्राप्त नहीं हुई। निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये।

23. गिरधर कम्पनी लिमिटेड का 31 दिसम्बर 2018 को निम्नांकित चिट्ठा था–

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
पूँजी :			
5,000, 6% संचयी			
पूर्वाधिकार अंश 100 ₹		भूमि	2,50,000
वाले (पूर्वदत्त)	50,000	भवन	3,00,000
2,500, समता अंश		प्लाण्ट एवं मशीनरी	2,00,000
100 ₹ वाले (पूर्वदत्त)	2,50,000	रहतिया	1,00,000
3,000 समता अंश			
100 ₹ वाले		देनदार	1,50,000
प्रत्येक पर 50 ₹ चुकता	1,50,000	हस्तस्थ रोकड़	50,000

बैंक ऋण (जिसके पास रहतिया और देनदारों की प्रतिभूति है)	1,00,000	लाभ–हानि खाता	2,00,000
दायित्व	2,50,000		
अवशिष्ट पूर्वाधिकार लाभांश 60,000 ₹			
	12,50,000		12,50,000

टिप्पणी

कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश चाहे घोषित हुआ हो या न हुआ हो इन्हें पूँजी और लाभांश के लिए प्राथमिकता है। कम्पनी का ऐच्छिक समापन हुआ और इनकी स्थायी सम्पत्तियों, रहतिया और देनदार से 8,00,000 ₹ नकद प्राप्त हुए। समापन के व्यय 3,000 ₹ थे। निस्तारक ने आंशिक चुकता किये हुए 3,000 समता अंशों पर 50 ₹ प्रति अंश की दर से याचना की और यह राशि पूर्ण रूप से प्राप्त हो गयी। निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइये।

24. 31 जनवरी 2020 को अनिवार्य समापन आदेश के अन्तर्गत सोनू लिमिटेड की पुस्तकों से निम्न सूचनाए प्राप्त हुई है।

	पुस्तकीय मूल्य	**वसूल हो सकने वाली अनुमानित राशि**
हाथ में रोकड़	40,000	40,000
देनदार	1,20,000	1,00,000
भूमि एवं भवन	5,00,000	4,50,000
फर्नीचर एवं फिक्चर्स	80,000	30,000

अरक्षित लेनदार 10,000 ₹, भूमि एवं भवन द्वारा सुरक्षित ऋण-पत्र 4,00,000 ₹, ऋण पत्र 50,000 ₹, पूर्वाधिकार लेनदार 22,000 ₹, अंश–पूँजी (प्रत्येक 100 ₹ के 4,000 अंश) 4,00,000 ₹, 18,000 ₹ के भुनाये बिल पर अनुमानित दायित्व (अनुमानित राशि 18,000 ₹) अन्य सम्भाव्य दायित्व 20,000 ₹ अनुमानित राशि 20,000 ₹) अन्य सम्भाव्य दायित्व 20,000 ₹ अनुमानित राशि 20,000 ₹) कम्पनी की स्थापना 1 जनवरी 2020 को हुई थी, और इसे 1,42,000 ₹ की हानियाँ हुई हैं। अवस्था-विवरण और कमी खाता तैयार कीजिए।

टिप्पणी

3.8 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1. अग्रवाल महेश, निगमीय लेखे, रामप्रसाद एण्ड सन्स, भोपाल।
2. शर्मा शाह, मंगल अग्रवाल जैन, आर.बी.डी. पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली (जयपुर)।
3. Sharda Gangwar, Himalaya Publishing House Pvt. Ltd., Mumbai.
4. Mangal Ramesh, Company Accounts, Universal Publication, Agra.
5. Gupta R.L., Radhaswamy M., Company Account, Sultan Chand and Sons, New Delhi.
6. Maheshwari S.N., Corporate Accounting, Vikas Publishing House, New Delhi.
7. Modi, Oswal and S.K. Khatik, Corporate Accounting in Hindi and English (both), Colloge Book House, Jaipur.
8. Mehta, Brahmbhati, Corporate Accounting, Devi Ahilya Prakashan, Indore.
9. Jain and Narang, Kalyani Publishers, New Delhi.
10. Shukla S.M., Sahitya Bhavan Publication, Agara.

इकाई 4 लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन एवं आन्तरिक पुनर्निर्माण (Accounting for Amalgamation and Internal Reconstruction of a Company as per Accounting Standard 14)

संरचना (Structure)

4.0 परिचय

4.1 उद्देश्य

4.2 लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन

- 4.2.1 कम्पनियों का मिश्रण
- 4.2.2 लेखांकन प्रक्रिया
- 4.2.3 अंशों के भाग के सम्बन्ध में लेखा
- 4.2.4 कम्पनियों के आपसी सौदे
- 4.2.5 कम्पनियों के पास आपसी अंशों का होना
- 4.2.6 दो कम्पनियों का संविलयन क्यों होता है?

4.3 आन्तरिक पुनर्निर्माण

- 4.3.1 अंश पूँजी में परिवर्तन
- 4.3.2 अंश पूँजी में कमी
- 4.3.3 पूँजी की कमी का कम्पनी की पुस्तकों में लेखांकन
- 4.3.4 पूँजी पुनर्निर्माण की राशि का प्रयोग
- 4.3.5 ब्याज एवं लाभांश की दर में समायोजन
- 4.3.6 कटौती की राशि की गणना
- 4.3.7 अंशों का किसी अन्य प्रतिभूति में परिवर्तन

4.4 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर

4.5 सारांश

4.6 मुख्य शब्दावली

4.7 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

4.8 सहायक पाठ्य सामग्री

4.0 परिचय (Structure)

संविलिय से तात्पर्य एक कम्पनी द्वारा किसी अन्य कम्पनी को क्रय कर अपनी कम्पनी के साथ मिलाने से है। जब एक चालू व्यवसाय किसी अन्य व्यवसाय को क्रय करता है, तो इसे संविलियन कहा जाता है। समान व्यवसाय करने वाली कम्पनियाँ, एक दूसरे की पूरक कम्पनियाँ एवं परस्पर निर्भरता के कारण कम्पनी संविलियन को महत्व देती है। संविलियन एवं एकीकरण को एक ही अर्थ में लिया जा सकता है, अतः एक दूसरी कम्पनी में विलय हो जाने को ही एकीकरण कहा जाता है। लेखाविधि के दृष्टिकोण से इसे हम दो भागों में विभक्त कर सकते हैं–

1. हित एकत्रीकरण विधि (Pooling of Interest Method)
2. क्रय विधि (Purchase Method)

1. हित एकत्रीकरण विधि– इस विधि का प्रयोग संविलियन के रूप में एकीकरण की दशा में किया जाता है। इस विधि के अन्तर्गत विलय होने वाली कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को विलय करने वाली कम्पनी की पुस्तकों में पुस्तकीय मूल्य पर दशाई जाएगी। लाभ-हानि खाते के शेष को एकीकृत किया जाता है या सामान्य संचय खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। इसी तरह क्रय मूल्य एवं विलय होने वाली कम्पनी की अंश पूँजी के अन्तर की राशि को भी सामान्य संचय खाते में समायोजित किया जाएगा। सामान्य संचय को संविलियन के उपरान्त बनाये गये चिट्ठे में दायित्व पक्ष में दिखाया जाएगा। संविलियन के दृष्टिकोण से इस विधि का प्रयोग करना उचित है।

2. क्रय विधि– जब दो कम्पनियाँ एक साथ मिलकर कार्य करती हैं तब इस विधि ा का प्रयोग किया जाता है। क्रय विधि के अन्तर्गत क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में विक्रेता कम्पनी की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को क्रय किये गए मूल्य पर दिखाया जाता है। क्रय मूल्य का क्रय की गयी सम्पत्तियाँ के मूल्य से अधिक होने की स्थिति में अन्तर की राशि को ख्याति के रूप में दर्शाया जाता है। इस विधि के अन्तर्गत संचय खाते की राशि, जो कि विक्रेता कम्पनी के चिट्ठे में दर्शायी गयी होती है, नये चिट्ठे में नहीं ले जायी जाती है। परन्तु वैधानिक संचय, जिनका अस्तित्व बाह्य दायित्वों की भांति होता है, नये चिट्ठे में पुनः दिखाए जाते हैं।

लेखांकन प्रमाप–14 के अनुसार कम्पनी के सम्मिश्रण के समय के लेखे हित एकत्रीकरण विधि के अनुसार रखे जाते हैं। तथा कम्पनी के संविलयन को कम्पनी का मिश्रण भी कहा जाता है। अतः आगे समस्त लेखे एवं व्यवहार कम्पनियों के मिश्रण के नाम से ही किए जाएंगे।

जब कभी कम्पनी की सम्पत्तियाँ उसके वास्तविक मूल्य से ज्यादा मूल्य में कम्पनी के चिट्ठे में दिखाई देती हैं तो ऐसी स्थिति को नियन्त्रण में लाने के लिए कम्पनी का आन्तरिक पुनर्निर्माण करना आवश्यक हो जाता है, अतः सम्पत्तियों को उसके वास्तविक मूल्य पर दिखाना आवश्यक है। कम्पनी का पुनर्निर्माण मुख्यतः दो प्रकार का होता है– (1) आन्तरिक पुनर्निर्माण (2) cाह्य पुनर्निर्माण। इस इकाई के अन्तर्गत हम आन्तरिक पुनर्निर्माण की चर्चा करेंगे।

आन्तरिक पुनर्निर्माण के अन्तर्गत अंश पूँजी में कमी की जा सकती है, अर्थात् एक तरफ तो सम्पत्तियों के मूल्य को कम किया जाना है, तो दूसरी तरफ अंश पूँजी को भी कम किया जाता है।

कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार पूँजी में कमी करने के लिए निम्नलिखित प्रावधानों का पालन करना आवश्यक है–

(a) कम्पनी के अर्न्तनियम पूँजी में कमी करने की अनुमति देते हों।

(b) पूँजी में कमी करने के लिए कम्पनी द्वारा विशेष प्रस्ताव पारित किया जाए।

(c) कम्पनी द्वारा पारित विशेष प्रस्ताव का न्यायालय द्वारा पुष्टीकरण किया जाना चाहिए।

यह आवश्यक नहीं है कि कम्पनी का आन्तरिक पुनर्निर्माण अंश पूँजी को कम करके ही किया जाता है, अंश पूँजी में वृद्धि करके भी कम्पनी का आन्तरिक पुनर्निर्माण किया

जाता है, अतः हम कह सकते हैं कि अंश पूँजी में परिवर्तन द्वारा कम्पनी का आन्तरिक पुनर्निर्माण होता है।

4.1 उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिये लेखांकन से अवगत हो पाएंगे।
- आन्तरिक पुनर्निर्माण एवं पूँजी की कमी का कम्पनी की पुस्तकों में लेखांकन कर पाएंगे।
- अंशों का किसी अन्य प्रतिभूतियों में परिवर्तन सीख पाएंगे।

4.2 लेखा मानक 14 के अनुसार सम्मिश्रण के लिए लेखांकन (Accounting for Amalgamation as per Accounting Standard 14)

4.2.1 कम्पनियों का मिश्रण (Merger of Company)

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है कि एकीकरण एवं विलयन का समाहित रूप ही मिश्रण कहलाता है, कम्पनियों के मिश्रण के अन्तर्गत हस्तांतरित (Transferor) होने वाली कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों व दायित्व, मिश्रण के पश्चात् हस्तांतरिती (Transferee) कम्पनी की सम्पत्ति तथा दायित्व हो जाते हैं। हस्तांतरित होने वाली कम्पनी के अंशों का आबंटन किया जाना चाहिए। लेकिन अंशों के टुकड़ों (Fractions) के लिए नगद राशि का भुगतान किया जाता है। समस्त व्यापार का संचालन हस्तांतरिती कम्पनी द्वारा किया जाता है।

कम्पनी के मिश्रण के सम्बन्ध में लेखे करने की जो विधि अपनायी जाती है उसे 'हित एकत्रीकरण विधि' (Pooling of Interest Method) कहते हैं।

जब दो या दो से अधिक कम्पनियों का एकीकरण होता है या संविलयन होता है या फिर मिश्रण की स्थिति होती है, तो भी कुछ हमें किसी भी दशा में लेखा करने के लिए दो पक्षों की आवश्यकता होती है, अतः उपरोक्त दशाओं में भी दो पक्ष होते हैं– (1) क्रेता (2) विक्रेता जब क्रेता एवं विक्रेता किसी भी लेनदेन में शामिल होते हैं तो इसका आशय होता है, दोनों के बीच में एक प्रतिफल का तय होना, इस प्रतिफल को ही क्रय प्रतिफल कहा जाता है, क्रय मूल्य (Purchase Consideration) का भुगतान निम्न प्रकार से किया जा सकता है–

(i) **एकमुश्त राशि (Lumpsum Amount)**– इस पद्धति के अन्तर्गत क्रेता एवं विक्रेता के मध्य यह समझौता होता है कि विक्रय होने वाली कम्पनी या हस्तांतरित कम्पनी का क्या मूल्य हस्तांतरिती कम्पनी द्वारा भुगतान किया जाएगा। परस्पर बैठक में यह क्रय मूल्य तय कर लिया जाता है, और इसी आधार पर क्रय मूल्य का एकमुश्त भुगतान हस्तांतिरती कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को कर दिया जाता है। इस दशा में क्रय मूल्य की अलग से गणना करने की आवश्यकता नहीं होती है। इस क्रय मूल्य का भुगतान नकद या अंशों में किया जा सकता है।

(ii) भुगतान विधि (Payment Method)– इस विधि के अन्तर्गत विक्रेता कम्पनी के विभिन्न धारक एवं लेनदारों को भुगतान किया जाता है जैसे समता अंशधारी, पूर्वाधिकार अंशधारी, ऋण-पत्र धारी एवं लेनदार आदि। परन्तु लेखांकन प्रमाप–14 (Accounting Standard-14) के अनुसार केवल अंशधारियों को भुगतान की जाने वाली राशि को ही क्रय मूल्य के अन्तर्गत शामिल किया जाता है, इसका आशय यह भी है कि जो राशि दायित्वों के लिए भुगतान की जाती है, उस राशि को क्रय मूल्य में सम्मिलित नहीं किया जाता है। तथा इस तरह के दायित्वों का भुगतान क्रेता कम्पनी मिश्रण के पश्चात अपनी पुस्तकों से करेगी।

उदाहरण– 1

निम्नलिखित चिट्ठा भोपाल कं. लिमिटेड का है।

Following is the Balance Sheet of Bhopal Company Limited.

Liabilities	**Amt. (₹)**	**Assets**	**Amt. (₹)**
Share Capital :		Land & Building	1,00,000
20,000 share			
of ₹ 10 each	2,00,000	Plant & Machinery	1,50,000
Debentures	1,00,000	Work in progress	30,000
Sundry Creditor	30,000	Stock	60,000
		Furniture & Fitting	2,500
		Sundry Debtors	25,000
P/L Appropriation	50,000	Cash at Bank	12,000
		Cash in hand	500
	3,80,000		3,80,000

उपरोक्त कम्पनी इन्दौर कं. लिमिटेड में विलय हो गयी। क्रय प्रतिफल का भुगतान विविध लेनदारों एवं 5% प्रब्याजि ऋण-पत्रों को लेते हुए समता अंश प्रत्येक के लिए 7 ₹ नकद एवं इन्दौर कं. लिमिटेड के 5 ₹ वाले प्रत्येक एक अंश के लिए 8 ₹ प्रति अंश के हिसाब से किया गया। क्रय प्रतिफल की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 1

क्रय प्रतिफल की गणना (Calculation of Purchase Consideration).

Form of Payment	**For shareholders**	**Amt. (₹)**
Cash	20,000 × 7 (Equity Shares)	1,40,000
Shares	20,000 × 8 (Equity Shares)	1,60,000
	Purchase Price	3,00,000

उपरोक्त क्रय प्रतिफल क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को भुगतान किया जाएगा, जिसके बदले में क्रेता कम्पनी विक्रेता कम्पनी को समस्त सम्पत्तियों एवं विविध लेनदारों को ले लेगी तथा ऋण-पत्र धारियों को भुगतान कर देगी। विक्रेता कम्पनी का शुद्ध सम्पत्ति मूल्य इस प्रकार है–

टिप्पणी

कुल सम्पत्ति मूल्य		3,80,000
घटाया ऋण-पत्र	1,00,000	
प्रब्याजि (5%) 5,000	5,000	
लेनदार	30,000	1,35,000
		2,45,000

क्रेता कम्पनी द्वारा 2,45,000 ₹ के स्थान पर 3,00,000 ₹ का भुगतान विक्रेता कम्पनी को किया गया है।

क्रेता कम्पनी द्वारा 1,05,000 ₹ का भुगतान सीधे ऋण-पत्रधारियों को किया जाएगा।

लेखांकन प्रमाप–14 के अनुसार जो राशि अंशधारियों को दी जाती है, क्रय पतिफल कहलाती है। (As per As 14, amount payable to shareholder only is treated as purchase consideration)

(iii) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)– इस पद्धति के अनुसार क्रय मूल्य की गणना विक्रेता कम्पनी की ली हुई सम्पत्तियों में से लिये गये दायित्वों को घटाकर की जाती है। यदि क्रेता कम्पनी द्वारा समस्त सम्पत्तियों को तो ले लिया गया है, लेकिन उनके दायित्वों को नहीं लिया गया है तो कुल ली गयी सम्पत्तियों का मूल्य ही क्रय मूल्य कहलायेगा।

उदाहरण– 2

निम्न चिट्ठा अनुमलिक लिमिटेड का है। Following is the Balance Sheet of Anumalik.

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital :		Goodwill	4,000
2,000 share of			
₹ 10 each	20,000	Fixed Assets	16,500
P/L A/c	7,000	Current Assets	19,500
Debentures	10,000		
Creditors	3,000		
	40,000		40,000

जाबेद अख्तर लिमिटेड उपरोक्त कम्पनी को निम्न शार्तों में विलय करने हेतु सहमत हुई–

(1) समस्त सम्पत्तियों को (ख्याति) 4,000 ₹ की एक स्थायी सम्पत्ति एवं 1,000 ₹ की रोकड़ को छोड़कर) 10% कम पुस्तक मूल्य से

(2) व्यापारिक दायित्व एवं ऋण-पत्रों को लेने के लिए।

(3) ख्याति के लिए 8,000 ₹ भुगतान करने हेतु।

(4) क्रय प्रतिफल का भुगतान इस प्रकार किया जाएगा।

(5) 1,000 अंशों का प्रत्येक 10 ₹ का निगर्मन करके जिसका बाजार मूल्य 15 ₹ प्रति अंश है।

(6) शेष राशि रोकड़ में

(7) समापन व्यय 400 ₹ के हैं।

क्रय प्रतिफल की गणना कीजिए।

हल क्रमांक 2

क्रय प्रतिफल की गणना
(Calculation of Purchase Consideration)

Goodwill (at agreed value)		8,000
Fixed assets (16,500 – 4,000)	12,500	
Less**:** 10%	1,250	11,250
Current assets (19,500 – 1,000)	18,500	
Less**:** 10%	1,850	16,650
		35,900
Less**:** Trade liabilities	3,000	
Debentures	10,000	13,000
Purchases Consideration		22,900

क्रय प्रतिफल का लेखा
(Settlement of Purchase Consideration)

Shares 1,000 × 15 (market price)	15,000
Cash (Balancing figures)	7,900
Total Purchase Price	22,900

(iv) भुगतान विधि एवं शुद्ध सम्पत्ति मूल्य का समावेश (A Combination of Payment Method & Net Assets Value)– कभी-कभी शुद्ध सम्पत्ति मूल्य से गणना करने के बाद भी कुछ राशि क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता को भुगतान की जाती है, तब ऐसी दशा में शुद्ध सम्पत्ति मूल्य द्वारा गणना की गयी राशि में उसके अतिरिक्त भुगतान की राशि में जोड़ दी जाती है। लेकिन लेखांकन मानक द्वारा (As-14) अंशों के बदले में दी गयी राशि को क्रय प्रतिफल माना जाएगा।

टिप्पणी

उदाहरण– 3

निम्न चिट्ठा कानपुर लिमिटेड का है।

Liabilities	Amt. (₹)	Assets		Amt. (₹)
Share Capital	3,00,000	Sundry Assets		5,10,000
P/L A/c	20,000	Workmen		
Workmen		Compensation Fund		10,000
Compensation Fund	10,000	Debtors	1,70,000	
Bills Payable	45,000	*Less:* BDR	15,000	1,55,000
Creditors	2,00,000			
Debentures	1,00,000			
	6,75,000			6,75,000

कानपुर लिमिटेड ने अपना व्यापार मोदी लिमिटेड को बेच दिया तथा समस्त सम्पत्तियाँ पुस्तकीय मूल्य पर एवं व्यापारिक दायित्वों को ले लिया। इसके अतिरिक्त ऋण-पत्रों का भुगतान करने हेतु 10,000 ₹ 10% प्रब्याजि पर एवं 4,000 ₹ समापन के दिये। क्रय प्रतिफल का भुगतान 10 ₹ वाले 20,000 अंशों में प्रत्येक 12 ₹ व शेष राशि नगद किया गया। क्रय प्रतिफल की गणना कीजिये।

हल क्रमांक 3

क्रय प्रतिफल की गणना
(Calculation of Purchase Consideration)

Sundry Assets		5,10,000
Working Compensation Fund Investment		10,000
Debtors (Gross)		1,70,000
		6,90,000
***Less*:**		
Provision for Bad debts	15,000	
Creditors	2,00,000	
Bills Payable	45,000	
		2,60,000
Net Assets taken over		4,30,000

इसके अतिरिक्त क्रेता कम्पनी ने ऋण-पत्रों के प्रीमियम के लिए 10,000 ₹ एवं समापन व्ययों के लिये 4,000 ₹ का भुगतान किया है अतः क्रय प्रतिफल इस प्रकार से होगा–

टिप्पणी

Net Assets		4,30,000
Debentures Premium	10,000	
Liquidation Expenses	4,000	
		4,44,000

क्रय प्रतिफल का लेखा (Settlement of Purchase Consideration)

Shares 20,000 × 12	2,40,000
Cash (Balancing figures)	2,04,000
	4,44,000

उपरोक्त 4,44,000 में 10,000 ₹ ऋण-पत्रों का प्रीमियम है तथा 4,000 ₹ समापन व्यय के शामिल हैं।

लेकिन लेखांकन प्रमाप–14 के अनुसार जो राशि अंशधारियों को भुगतान की जाती है, केवल उस राशि को ही क्रय प्रतिफल में सम्मिलित किया जाता है, अतः लेखांकन प्रमाप–14 के अनुसार क्रय प्रतिफल की राशि निम्नानुसार होगी।

Total Purchase Price	4,44,000	
Less: Debentures	1,00,000	
Premium	10,000	
Liquidation Exp.	4,000	1,14,000
Actual Purchases Price (According to As 14)		4,30,000

4.2.2 लेखांकन प्रक्रिया (Accounting Procedure)

विघटित होने वाली विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखे

(Entries in the books of vendor company which goes into liquidation)

जब भी किसी कम्पनी का विघटन होता है तो एक वसूली खाता खोला जाता है। वसूली खाते में वसूली योग्य सम्पत्तियों को हस्तांतरित किया जाता है। ऐसी सम्पत्तियाँ जिन्हें क्रेता कम्पनी ने क्रय नहीं किया हो, उसे वसूली खाते में हस्तांतरित नहीं किया जाता है, इसके अतिरिक्त बनावटी सम्पत्तियाँ जैसे प्रारम्भिक व्यय, लाभ-हानि खाते का नाम शेष आदि भी वसूली खाते में हस्तांतरित नहीं करते हैं। सम्पत्तियों की तरह ही विक्रेता कम्पनी के ऐसे दायित्व जिन्हें क्रेता कम्पनी द्वारा ले लिया जाता है वसूली खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है।

क्रय मूल्य को वसूली खाते के जमा पक्ष में लिखा जाता है।

विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में खोले जाने वाले प्रमुख खाते–

(1) वसूली खाता (Realisation A/c)

(2) क्रेता कम्पनी का खाता (Purchaser's Co. A/c)

(3) क्रेता कम्पनी का अंश खाता (Shares in Purchase's Co. A/c)

(4) अंशधारियों का खाता (Shareholder's A/c)

विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ

(Journal Entries in the books of vendor company)

(1) जब वसूली खाता खोला जाता है, तब विक्रेता कम्पनी की विविध सम्पत्तियों को इस खाते में हस्तांतरण करते समय निम्न पंजी प्रविष्टि की जाती है–

Realisation A/c Dr.

To Various Assets A/c

(Individually)

(2) क्रेता कम्पनी द्वारा लिये जाने वाले दायित्वों को भी वसूली खाते में हस्तांतरित किया जाएगा एवं निम्न पंजी प्रविष्टि की जाएगी–

Liabilities A/c Dr.

To Realisation A/c

(Being Liabilities taken over by the purchaser's Co.)

(3) क्रय मूल्य की राशि के लिये निम्न प्रविष्टि की जाएगी–

Purchasing Company A/c Dr.

To Realisation A/c

(Being Purchasing price due)

(4) क्रेता कम्पनी द्वारा क्रय मूल्य के बदले रोकड़, अंश व ऋण-पत्र प्राप्त होने पर–

Cash A/c Dr.

Share in Purchasing Co. A/c Dr.

Debentures A/c Dr.

To Purchasing Co. A/c

(Being purchase price received in cash, share & debentures)

(5) (a) विघटन से सम्बन्धी व्यय विक्रेता कम्पनी द्वारा भुगतान करने पर

Realisation A/c Dr.

To Bank/Cash A/c

(Being amount of Liquidation exp. paid by vender)

(b) जिन दायित्वों को क्रेता कम्पनी द्वारा नहीं लिया जाता है, उनका भुगतान विक्रेता कम्पनी द्वारा किया जाता है, एवं निम्न पंजी प्रविष्टि की जाती है।

Liabilities A/c Dr.

To Bank/Cash A/c

(Being Payment of liabilities by the vendor company)

(6) ऐस दायित्वों को जिनका भुगतान विक्रेता कम्पनी द्वारा किया गया एवं दायित्व की पुस्तकीय राशि एवं वास्तविक भुगतान की राशि में अन्तर हो तो अन्तर की राशि को वसूली खाते में हस्तांतरित करते समय निम्न पंजी प्रविष्टि की जाती है।

Liabilities A/c Dr.

To Bank/Cash A/c

(Being the payment of liability other the value of its Bank value)

(7) ऐसी सम्पत्तियाँ जिनको क्रेता कम्पनी द्वारा नहीं लिया गया है, उन सम्पत्तियों की राशि की वसूली विक्रेता कम्पनी द्वारा की जाती है, एवं निम्न प्रविष्टि की जाएगी।

Bank/Cash A/c Dr.

To Assets A/c

(Being released the value of Assets which is not taken over by the Purchasing Co.)

(8) जिन सम्पत्तियों को विक्रेता कम्पनी द्वारा वसूला जाता है, अगर उनकी राशि पुस्तकीय मूल्य से ज्यादा वसूल होती है तो अन्तर की राशि से वसूली खाता जमा किया जाता है एवं निम्न प्रविष्टि की जाती है।

Bank/Cash A/c Dr.

To Assets A/c

To Realisation A/c

(Being released the value of Assets ovr the book value of concern assets)

(9) अंश पूँजी खाते का शेष, एकत्रित लाभों के शेष एवं संचय आदि को अंशधारी खाते में हस्तांतरित किया जाता है। इसके लिए निम्न प्रविष्टि की जाती है–

Equity Share Capital A/c Dr.

Profit & Loss A/c Dr.

Reserve Fund A/c Dr.

Share Premium A/c Dr.

Dividend Equilisation Fund A/c Dr.

To Equity Shareholder's A/c

(Being the balance & amount of Capital to shareholder's A/c.)

(10) लाभ-हानि के डेबिट शेष एवं काल्पनिक सम्पत्तियों को अंशधारियों के खाते में हस्तांतरित करने पर निम्न प्रविष्टि की जाएगी–

Equity Shareholder's A/c Dr.

To Profit & Loss A/c (dr. Bal)

To Preliminary Exp A/c

To Discount on issue of debenture/share A/c

(Being Dr. balance to sundries intansible passed are transferred to shareholder's A/c.)

(11) वसूली खाते के शेष को भी अंशधारियों के खाते में हस्तांतरित किया जाता है। वसूली खाते का डेबिट शेष भी हो सकता है एवं क्रेडिट शेष भी हो सकता है, डेबिट या क्रेडिट कोई भी शेष हो उसे

अंशधारियों के खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्न प्रविष्टियाँ की जाती हैं–

1. क्रेडिट शेष होने पर (लाभ की दशा में)

   Realisation A/c Dr.

   To Equity Shareholder's A/c

   (Being Cr. Balance of Realisation A/c is transferred to shareholder's A/c.)

2. डेबिट शेष होने पर (हानि की दशा में)

   Equity shareholder's A/c Dr.

   To Realisation A/c

   (Being Dr. Balance of Realisation A/c is transferred to shareholder's A/c.)

(12) विक्रेता कम्पनी द्वारा अंशधारियों को देय राशि का भुगतान नगद अंशों या ऋण-पत्रों के द्वारा करने पर निम्न पंजी प्रविष्टि की जाती है–

   Shareholder's A/c Dr.

   To Cash/Bank A/c

   To Share in the Purchasing Co. A/c

   To Debenture of Purchasing Co. A/c

   (Being the payment to Shareholder by Cash Share & Debenture)

टिप्पणी

क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में लेखे

(Journal Entries in the books of Purchasing Company)

जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि विलयन (Merger) की दशा में क्रेता कम्पनी द्वारा लेखे रखने की जो पद्धति अपनायी जाती है उसे हित एकत्रीकरण विधि (Pooling of Interest Method) कहते हैं।

क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में विक्रेता कम्पनी की सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों तथा संचय को पुस्तकीय मूल्य पर ही दिखाया जाता है एवं विलयन की दशा में सबसे महत्वपूर्ण बात होती है विक्रेता कम्पनी को अंश पूँजी तथा क्रय मूल्य के अन्तर की राशि विक्रेता कम्पनी के संचय में समायोजित करना। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित पूँजी प्रविष्टियाँ की जाती हैं–

1. क्रय मूल्य की राशि से

   Business Purchase A/c Dr.

   To Liquidator of Vendor Co.

   (Being Business Purchase from Vendor)

2. सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों का अधिग्रहण करने के लिए–

   Assets A/c Dr. (Individually)

   To Liabilities A/c. (Individually)

   To Reserves

   To Business Purchase A/c

   (Being Assets & Liabilities of Vendor Co. taken over)

विक्रेता कम्पनी के पूँजी संचय, पूँजी शोधन संचय, अंश प्रीमियम, ऋण-पत्रों के निर्गमन पर प्रीमियम तथा पूर्नमूल्यांकन संचय आदि को पुस्तकीय मूल्य पर ही दिखाया जाता है। इसी तरह वैधानिक संचय जैसे विनियोग छूट संचय, निर्यात लाभ संचय एवं विशेष उद्देश्य के लिए बनाये गए आयगत संचय को भी पुस्तकीय मूल्य पर दिखाया जाता है।

उपरोक्त दर्शाये गए खातों को विक्रेता कम्पनी की सम्पत्तियों तथा दायित्वों के साथ डेबिट अथवा क्रेडिट किया जाएगा। कुल डेबिट एवं क्रेडिट खातों के अन्तर को लाभ-हानि खाते या सामान्य संचय खाते में समायोजित कर दिया जाएगा।

3. क्रय मूल्य का भुगतान करते समय

Liquidation of Vendor Co. Dr.

To Share Capital A/c

To Share Premium A/c

To Bank A/c

(Being payment of Purchase price to Liquidator of Vendor Company)

4. समापन व्यय के भुगतान के लिए निम्न प्रविष्टि की जायेगी–

(a) Liquidation Exp. A/c Dr.

To Bank A/c

(b) Profit & Loss A/c Dr.

To Liquidation Exp. A/c

(Being Liquidation Exp. transferred to P/L A/c)

समापन व्यय (Liquidation Expenses) के सम्बन्ध में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि इन व्ययों का भुगतान क्रेता कम्पनी द्वारा किया जा रहा है या विक्रेता कम्पनी द्वारा। अतः इन दशाओं को ध्यान में रखकर ही क्रेता एवं विक्रेता की पुस्तकों में पूँजी प्रविष्टियाँ की जाती हैं। समापन व्यय के सम्बन्ध में निम्न पूँजी प्रविष्टियाँ की जाएंगी।

1. यदि समापन व्यय विक्रेता कम्पनी वहन करती है तो निम्न पँजी प्रविष्टि होगी–

Realisation A/c Dr.

To Cash/Bank A/c

2. यदि समापन व्यय क्रेता कम्पनी वहन करती है तो व्यय का भुगतान क्रेता कम्पनी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता है या भुगतान विक्रेता कम्पनी के माध्यम से किया जाता है। दोनों परिस्थितियों में लेखा करने की विधि निम्न प्रकार होगी–

(a) जब क्रेता कम्पनी प्रत्यक्ष रूप से भुगतान करे–

Goodwill/Capital Reserve A/c Dr.

To Cash A/c

(b) जब क्रेता कम्पनी विक्रेता कम्पनी के माध्यम से भुगतान करे अर्थात् क्रेता कम्पनी विक्रेता कम्पनी को भुगतान कर दे और विक्रेता कम्पनी व्ययों का भुगतान करे। इस सम्बन्ध में निम्न प्रकार लेखा किया जाएगा–

(i) यदि समापन व्यय की राशि क्रय मूल्य में शामिल की जाती है तो विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में निम्न लेखा किया जाएगा–

Realisation A/c Dr.
  To Cash A/c

क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में व्यय के सम्बन्ध में कोई अतिरिक्त पूँजी प्रविष्टि नहीं की जाएगी, क्योंकि क्रय मूल्य में समायोजित करने के कारण Goodwill/ Capital Reserve स्वयं समायोजित हो जाएंगे।

(ii) यदि समापन व्यय की राशि क्रय मूल्य में सम्मिलित नहीं की जाती है तो निम्न लेखा किया जाएगा।

(a) क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में–

Goodwill/Capital Reserve A/c Dr.
  To Cash A/c

As-14 के अनुसार, क्रय मूल्य में समापन व्यय में किया गया भुगतान शामिल नहीं किया जाता है।

(iii) विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में

(a) व्यय की राशि भुगतान करने पर–

Purchasing Co. A/c Dr.
  To Cash A/c

(b) व्यय की राशि प्राप्त होने पर

Cash A/c Dr.
  To Purchasing Co. A/c

4.2.3 अंशों के भाग के सम्बन्ध में लेखा (Accounting in Reference to Fraction of Shares)

क्रेता कम्पनी द्वारा जब क्रय मूल्य का भुगतान अंशों में किया जाता है, और यदि अंशधारियों को सम्पूर्ण अंश प्राप्त नहीं होता है तो ऐसे अंशों के भाग का भुगतान क्रेता कम्पनी द्वारा नकद किया जाता है। इस सम्बन्ध में अंशों के बाजार मूल्य के आधार पर नकद भुगतान की राशि ज्ञात की जाएगी।

हित एकीकरण विधि द्वारा लेखा करने में क्या अलग है–

1. वैधानिक संचय एवं अन्य संचयों की राशि पुस्तकीय मूल्य पर क्रेता कम्पनी के खाते में दिखाई जाती है।
2. यदि क्रय मूल्य एवं सम्पत्तियों के शुद्ध मूल्य में अन्तर होता है तो अन्तर की राशि को लाभ-हानि खाते में (डेबिट पक्ष में कम होने पर)

या सामान्य संचय खाते में (क्रेडिट पक्ष कम होने पर) हस्तांतरित किया जाता है।

3. इन पर व्ययों के सम्बन्ध में निम्न पंजी प्रविष्टि की जाती है।

टिप्पणी

Profit & Loss A/c Dr.

To Cash A/c

उदाहरण– 4

30 जून 2018 को निम्न चिट्ठा एक्स कं. लि. का है।

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill	35,000
2,000 Shares of		Land & Building	85,000
₹ 100 each	2,00,000	Plant & Machinery	1,60,000
		Stock	55,000
Reserve Fund	20,000	Sundry Debtors	65,000
5% Debentures	1,00,000	Cash at Bank	34,000
Loan from 'A' Director	40,000	Discount on	
Sundry Creditors	80,000	Debentures	6,000
	4,40,000		4,40,000

निम्न शर्तों के अधीन उक्त दिनांक को उपरोक्त व्यवसाय वाई कं. लिमिटेड में विलयन हो गया–

(a) वाई कं. लि. ने सभी सम्पत्तियाँ रोकड़ व ख्याति को छोड़कर पुस्तकीय मूल्य से 10% कम पर ले ली।

(b) ख्याति का मूल्यांकन, अंश पूँजी व संचय की राशि के 8% का औसत लाभ पर (पाँच साल का) अधिक्य को 4 वर्ष के क्रय के आधार पर किया जाएगा।

(c) वाई कं. लि. व्यापारिक दायित्वों को 5% छूट पर लेगी।

(d) क्रय प्रतिफल का भुगतान 1,50,000 ₹ नकद एवं शेष राशि 10 ₹ वाले पूर्णदत्त समता अंशों में प्रति अंश 12-50 ₹ पर किया जाएगा।

(e) पिछले पाँच वर्षों का औसत लाभ 30,100 ₹ था।

(f) समापन व्ययों में 4,000 ₹ का भुगतान एक्स कं. लिमिटेड ने किया, लेकिन बाद में इसे वाई कं. लिमिटेड ने भुगतान कर दिया।

एक्स कं. लि. 30 जून 2018 के पहले 40,000 ₹ का माल वाई कं. लि. को 50,000 ₹ में बेच चुकी है। जिसमें से इसी तारीख पर 15,000 ₹ का माल वाई कं. लिमिटेड के रहतिये में सम्मिलित है। एक्स लि. के देनदारों मे ंवाई लि. के 25,000 ₹ के देनदार शामिल हैं।

एक्स कं. एवं वाई कं. की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

हल क्रमांक 4

क्रय प्रतिफल की गणना

1. Computation of Purchase Consideration

Land & Building ₹ 85,000 Less 10%	76,500
Plant & Machinery ₹ 1,60,000 Less 10%	1,44,000
Stock ₹ 55,000 Less 10%	49,500
Sundry debtors ₹ 65,000 Less 10%	58,500
Goodwill (नीचे गणना की गई)	50,000
Total assets taken over	3,78,500
Total liabilities taken ₹ 80,000 less 5%	76,000
Purchase price	3,02,500

2. Purchase Price is discharged as follows

Cash	1,50,000
Shares (12,200 share of ₹ 10 each 12.50 each)	1,52,500
	3,02,500

3. Calculation of Goodwill

Average Profit	30,100
Less: 8% $\frac{2,20,000 \times 8}{100}$ = 17,600	17,600
Super Profit	12,500

Goodwill = 12,500 × 4 = 50,000

Journal Entries in the Books of X Co. Ltd.

Date	Particulars	C.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
2018				
June 30	Realisation A/c Dr.		4,00,000	
	To Goodwill A/c			35,000
	To Land & Building A/c			85,000
	To Plant & Machinery A/c			1,60,000
	To Stock A/c			55,000
	To Sundry Debtors A/c			65,000
	(Being assets taken over by Y Ltd.)			
	Sundry Creditors A/c Dr.		80,000	
	To Realisation A/c			80,000
	(Being transfer liabilities)			
	Y Co. Ltd. A/c Dr.		3,02,500	
	To Realisation A/c			3,02,500
	(Being Purchase Price due)			

टिप्पणी

	Bank A/c Dr. Shares in Y Co. Ltd. A/c Dr. To Y Co. Ltd. A/c (Being receipts of Purchaser price)		1,50,000 1,52,500	 3,02,500
	Loan from 'A' A/c Dr. 5% debenture A/c Dr. To Bank A/c (Being payment of Loan & debenture which are not taken over by Y Ltd.)		40,000 1,00,000	 1,40,000
	Y Co. Ltd. A/c Dr. To Bank A/c (Being payment of liquidation exp on behalf of Purchasing Co.)		4,000 4,000	
	Shareholder's A/c Dr. To Realisation A/c (Being loss on realisation)		17,500	 17,500
	Shareholder's A/c Dr. To discount on Debenture A/c (Being transfer of discount of debenture A/c)		6,000 6,000	
	Share Capital A/c Dr. Reserve Fund A/c Dr. To Shareholder's A/c (Being transfer of Capital & Reserve Fund to Shareholder)		2,00,000 20,000	 2,20,000
	Shareholder's A/c Dr. To Bank A/c To Shares of Y Co. Ltd. A/c (Being distribution of available Cash & Shares among shareholders)		1,96,500	 44,000 1,52,500

Journal Entries in the books of Y Co. Ltd.

Date	Particulars	C.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
2018 June 30	 Business Purchase A/c Dr. To Liquidator of X Ltd. (Being purchase consideration payable for the purchase of business)		 3,02,500	 3,02,500
	Land & Building A/c Dr. Plant & Machinery A/c Dr. Stock A/c Dr. Sundry debtors A/c Dr. Goodwill A/c Dr.		76,500 1,44,000 49,500 65,000 50,000	

	Provision on discount A/c Dr.		4,000	
	To Provision for Doubtful debts			6,500
	To Sundry Creditors A/c			80,000
	To Liquidator of X Co. Ltd.			3,02,500
	(Being in corporation of various assets & Liabilities taken over)			
	Liquidator of X Ltd. A/c Dr.		3,02,500	
	To Bank A/c			1,50,000
	To Share Capital A/c			1,22,000
	To Share Premium A/c			30,500
	(Being discharge of purchase price)			
	Goodwill A/c Dr.		3,000	
	To Stock A/c			3,000
	(Being the amount of unrealized profit on goods for ₹ 15,000) 15,000 × 1,000 50,000			
	Sundry Creditors A/c Dr.		25,000	
	To Sundry debtors A/c			25,000
	(Being elimination of ₹ 25,000 owned by Y Co. to X Co. which in turn included in Debtors of X Co. & Creditors of Y Co.)			

उदाहरण– 5

निम्न चिट्ठे के आधार पर अंकिता लिमिटेड के व्यापार का शुद्ध सम्पत्ति मूल्य ज्ञात कीजिए।

Balance sheet

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Capital		Land & Building	3,00,000
5000 Equity shares of			
₹ 100 each fully paid	5,00,000	Machinery & Plant	2,00,000
Contingency fund	10,000	Sundry Debtor	
Sundry Creditors	58,000	Less Provision	50,000
Bill Payable	42,000	Stock	25,000
		Cash at Bank	35,000
	6,10,000		6,10,000

टिप्पणी

हल क्रमांक 5

शुद्ध सम्पत्ति मूल्य की गणना
(Calculation of Net Assets Value)

Land & Building	3,00,000	
Machinery & Plant	2,00,000	
Sundry Debtors	55,000	
Stock	25,000	
Cash at Bank	35,000	6,15,000
Less: External liabilities		
Creditors	58,000	
Bills payable	42,000	
Provision for Debtor	5,000	1,05,000
Net Assets Value		5,10,000

उदाहरण– 6

निम्न स्थिति विवरण अनय कम्पनी लिमिटेड का है, आप अनय कं. लिमिटेड को बंद करने हेतु जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए।

Balance Sheet

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Share Capital		Goodwill	30,000
7500 Shares @ ₹ 10			
each, fully paid	75,000	Plant	18,300
Sundry Creditors	3,300	Land	10,000
Reserves	4,200	Stock in Trade	16,000
Profit & Loss A/c	800	Sundry Debtors	7,500
		Cash	1,500
	83,300		83,300

यह मानिऐ कि सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों को उसके पुस्तकीय मूल्य पर लिया गया है, अनय लि. को क्रय प्रति फल कितना प्राप्त होगा?

हल क्रमांक 6

क्रय प्रतिफल की गणना

Calculation of Purchase Consideration

Various Assets taken over	83,300
Less: Various liabilities taken over	3,300
Purchase Consideration	80,000

अनय कं. लिमिटेड की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ

Date	Particulars	C.F.	Amt. Dr.	Amt. Cr.
2018	Realisation A/c Dr.		83,300	
	To Goodwill A/c			30,000
	To Plant A/c			18,300
	To Land A/c			10,000
	To Stock in Trade			16,000
	To Sundry Debtor			7,500
	To Cash A/c.			1,500
	(Being transfer of various assets to Realisation A/c)			
	Sundry Creditors A/c Dr.		3,300	
	To Realisation A/c			3,300
	(Being transfer of Creditor to Realisation A/c)			
	Purchasing Company A/c Dr.		80,000	
	To Realisation A/c			80,000
	(Being the amount of purchase price due)			
	Shares in New Co. A/c Dr.		80,000	
	To New Co. A/c			80,000
	(Being the receipt of Purchase Consideration)			
	Share Capital A/c Dr.		75,000	
	Reserve A/c Dr.		4,200	
	Profit & Loss A/c Dr.		800	
	To Shareholder's A/c			80,000
	(Being the Capital, Reserves & Profit & Loss account transferred to shareholder's A/c)			
	Shareholder's A/c Dr.		80,000	
	To Share of New Company			80,000
	(Being the issue of shares of New Ltd. to Shareholders towards the amount due to them)			

उदाहरण– 7

निम्न दो कम्पनियों की स्थिति निम्नानुसार है–

टिप्पणी

Balance Sheet – One

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Nominal Capital 50,000 shares of ₹ 10 each	5,00,000	Fixed Assets	3,00,000
		Debtor	3,50,000
5% Debentures	1,00,000	Goodwill	1,00,000
Creditors	3,00,000	Profit & Loss	1,50,000
	9,00,000		9,00,000

Balance Sheet – Two

Liabilities	Amt. (₹)	Assets	Amt. (₹)
Nominal Capital 1,00,000 shares of ₹ 10 each	10,00,000	Fixed Assets	5,00,000
Issued Capital 70,000 shares of ₹ 10 each	7,00,000	Debtors	1,00,000
		Bank Balance	1,00,000
Creditors	2,00,000	Goodwill	3,50,000
Profit & Loss A/c.	1,50,000		
	10,50,000		10,50,000

पहली कम्पनी दूसरी कम्पनी में निम्न शर्तों पर विलय होने के लिए राजी हुई–

(a) पहली कम्पनी के अंशों का मूल्य 6 ₹ प्रति अंश (इसमें से एक चौथाई नकद एवं शेष दूसरी कम्पनी के अंशों में भुगतान किया जाना है) एवं दूसरी कम्पनी के अंशों का मूल्य 12-50 प्रति अंश होगा।

